CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 9 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –175 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





नफरत का जहर व घोल रही भाजपा : कांग्रेस पृष्ठ 2

■ इजराइल के समर्थन के बहाने देश में नफरत को बढ़ावा!
■ मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज पर सियासत का अड़ंगा... पृष्ठ 6

■ अब हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल पर मोर्टार दागे
■ ईडी की जांच के दायरे में 30 से ज्यादा सितारे पृष्ठ 7

भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी में रचा इतिहास, रिकर्व पर करना होगा फोकस पृष्ठ 8

# इजराइल-हमास संघर्ष में 600 से अधिक लोग मारे गए

■ हमलों में 2,000 से अधिक लोग घायल

■ इजराइल ने कहा, 8 जगहों पर लड़ाई जारी

**तेल अवीव**, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायली सेना और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच लड़ाई में 600 से अधिक लोग मारे गए हैं। बीबीसी ने फिलिस्तीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 313 लोग मारे गए हैं और 2,000 घायल हुए हैं। इज़राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से तुर्की में इजराइल के दूतावास ने कहा, इजराइल में भी 300 नागरिक मारे गए हैं और दर्जनों इजराइलियों को बंधक बना लिया गया है। अब तक के सबसे बड़े हमले में हमास ने गाजा पट्टी से यहूदी राज्य की ओर मिसाइलों की बौछारें कर दी। हमास ने मिसाइल हमलों की आड़ में इजराइल की सीमा में घुसपैठ की। इजरायली सेना ने कहा, वे पैराग्लाइडर का उपयोग कर जमीन, समुद्र और हवा से इजरायल में दाखिल हुए। इजरायली अधिकारियों ने कहा, इजराइल अभी भी युद्ध में है और हमास से इज़रायली क्षेत्र और समुदायों पर पूर्ण नियंत्रण लेने के प्रयास पूरा कर रहा है। इजराइल ने कहा कि उसके क्षेत्र के अंदर हमास आतंकवादियों के साथ आठ जगहों पर लड़ाई चल रही है।

**हमास का दावा, वेस्ट बैंक व लेबनान तक फैलेगा युद्ध**

इजराइली सेना के लगातार जवाब के बाद चरमपंथी समूह हमास का एक और चौंकाने वाला बयान सामने आया है। हमास ने घोषणा की है कि युद्ध तेज होगा और वेस्ट बैंक और लेबनान तक फैल जाएगा। हमास के हमले के बाद इजराइल डिफेंस फोर्सेज लागातार अटैक कर रही हैं। दोनों पक्षों की ओर से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इजराइली सेना के वॉर रूम में मौजूद हैं।

### एयर इंडिया ने उड़ानें 14 तक निलंबित की

**नई दिल्ली**। शनिवार को शुरू हुए हमास के हमले के जवाब में एयर इंडिया ने 14 अक्टूबर तक दिल्ली-तेल अवीव उड़ानें निलंबित कर दी हैं। हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 14 अक्टूबर, 2023 तक निलंबित रहेंगी। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, एयर इंडिया इस अवधि के दौरान किसी भी उड़ान में बुकिंग की पुष्टि करने वाले यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस बीच, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रविवार को कहा कि जो भारतीय इजराइल में हैं, वे किसी भी मदद के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

### छात्रों को वापस लाने का प्रयास कर रहा भारत

विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी सशस्त्र गुट हमास के हमले के मद्देनजर इजरायल में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें शनिवार रात इज़राइल में भारतीयों के बारे में कई संदेश मिले। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा है।

### वायु सेना के विमानों ने दिखाए करतब



**प्रयागराज**। भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज एयर शो के माध्यम से अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर ने नीले आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए। इन्हें देखने के लिए गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम के आसपास बड़ी संख्या में लोगों का जनसमूह उमड़ पड़ा। इस फ्लाई पास्ट में 100 से अधिक लड़ाकू विमानों सुखोई-30, मिराज 2000, जैगुआर, एलसीए तेजस, हॉक्स, हेलीकॉप्टर चिनूक, एमआई-17, वी 5, चेतक और एएलएच, सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को आश्चर्यचकित किया।

## सार संक्षेप

### गोवर्धन पूजा पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रायपुर**। राज्य शासन द्वारा गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार गोवर्धन पूजा के अवसर पर 13 नवंबर 2023 के पूर्व में नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालय एवं संस्थाओं के लिए घोषित स्थानीय अवकाश को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप 15 नवंबर को भाईदूज पर्व के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर तथा रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे से पहले कश्मीर में बढ़ाई गई सुरक्षा

**श्रीनगर**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की 11 अक्टूबर की यात्रा से पहले रविवार को पूरी घाटी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। राष्ट्रपति 11 अक्टूबर को कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। देश की राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली कश्मीर यात्रा होगी। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों/स्कॉलर्स को पुरस्कृत करेंगी। दीक्षांत समारोह में 400 छात्रों/स्कॉलर्स को स्वर्ण पदक, पीएचडी और एम.फिल की डिग्रियां मिलेंगी।

### बिहार में 24 घंटे में डूबने से 22 लोगों की मौत

**पटना**। बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान नदी, तालाब, पोखर सहित अन्य जलाशयों में डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें से सबसे अधिक भोजपुर जिले में पांच लोगों की मौत पानी में डूबने से हुई है। डूबने से लोगों की हुई मौत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

### बेंगलुरु में पटाखा दुकान में लगी आग, 13 की मौत

**बेंगलुरु**। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक पटाखे की दुकान-सह-गोदाम में आग लगने से कम से कम 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अनेकल तालुका के अट्टीबेले में स्थित दुकान में आग लगने से पहले ही चौदह लोग चमत्कारिक ढंग से भाग निकले। दमकल गाड़ियों के साथ आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और मृतक के परिवारों को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# भाजपा नेताओं ने प्रत्याशियों की सूची लीक कराई : भूपेश

**रायपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को दिल्ली होने से पहले कहा कि भाजपा नेताओं ने खुद प्रत्याशियों की सूची लीक कराई है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पीएससी चयनितों में मंत्री- विधायकों के एक भी रिश्तेदार नहीं हैं।



**जल्द हो जाएगा प्रत्याशी चयन**

दिल्ली में सोमवार को होने वाली कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव आज एक साथ दिल्ली रवाना हुए। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य की चुनाव समिति और कोर कमेटी ने दावेदारों के नाम पर विचार कर लिया है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कर जल्द केंद्रीय चुनाव समिति को नाम दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ छोटा राज्य है जल्द प्रत्याशी चयन हो जाएगा।

श्री बघेल ने इस तिमाही में विद्युत कंपनियों के द्वारा 262 करोड़ से अधिक लाभार्जन पर मंत्री सिंहदेव, अधिकारी कर्मचारियों के बधाई दी। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की भाजपा की मांग पर उन्होंने कहा कि पहले वे अपने कार्यकाल की जांच करा लें। हमने शिकायत मंगाई है, किसी ने नहीं दी। केवल आरोप लगा रहे।

## जातीय जनगणना

# सही आंकड़े नहीं है तो कैसे पहुंचाएंगे फायदा : सैलजा

**रायपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जाति जनगणना पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने पार्टी की स्थिति को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बिहार में हुआ है, और जैसा प्रियंका और राहुल गांधी ने कहा है, उसी तर्ज पर हमें करना चाहिए और हम करेंगे। इंडिया एलायंस में भी बात आई है कि जब तक हमें सही आंकड़े नहीं पता होंगे हम लोगों को फायदा कैसे पहुंचाएंगे।

आगामी चुनाव के मद्देनजर आहूत पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंची कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आज बैठकों का दौर चलेगा. हर बैठक महत्वपूर्ण होती है, लगातार चल रही है, और चलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का काम लगातार चल रहा है. पंचायती राज का बड़ा सम्मेलन हुआ. लोगों ने



बढ़ङ्कचढ़कर भाग लिया, प्रियंका गांधी ने भी संदेश दिया. जनता कांग्रेस को दुबारा चुनेगी और हमारी सरकार बनेगी। कांग्रेस सीईसी की बैठक पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि जब तक सीईसी उस पर ठप्पा नहीं लगाती, तब तक हमारे प्रपोजल प्रस्तावित होते हैं। कुछ दिन में जब बैठेगी सीईसी, तब प्रस्ताव सामने आ जाएगा। एआईसीसी की बैठक भी उस बीच की जाएगी। महिला वोटरों की संख्या बढ़ने पर कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार बनाने में महिलाओं का हमेशा विशेष योगदान रहता है. पिछली सरकार को गिराने में हमारी सरकार ने खास तौर पर महिलाओं पर फोकस किया था. हमें पूरा विश्वास है कि महिलाएं कांग्रेस का साथ देंगी। चर्चा के दौरान भाजपा के च्चुनावी घंटी बजने पर सब याद आता हैज्ज्वाले बयान पर कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा कुछ ना ही बोले, बल्कि अपने गिरिबान में झांक कर देखे कि किस प्रकार से उन्होंने देश को बांटने का प्रयास किया है।

## कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

# जातिगत जनगणना पर भाजपा सरकारें खामोश क्यों

**नई दिल्ली**, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में जाति आधारित जनगणना की घोषणा के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों के लिए नीतियां बनाने में सुनिश्चित करेगा। बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि इसे भगवा पार्टी शासित राज्यों में क्यों लागू नहीं किया गया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे पिछले साल राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ओबीसी के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी और जाति आधारित जनगणना की मांग की थी। पार्टी के महासचिव संचार प्रभारी रमेश ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, जब भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में थी, तो कई समुदायों के प्रतिनिधिमंडलों ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी। उस दौरान ओबीसी प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से जाति जनगणना के लिए मांग उठाई थी। राहुल गांधी ने उनकी बातों को बहुत गंभीरता से लिया।



**नीतियां बनाने में मदद मिलेगी**-उन्होंने कहा, अब राजस्थान सरकार ने उनकी भावनाओं के अनुरूप जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। यह एक स्वागत योग्य कदम है। इससे विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, सवाल यह है कि बीजेपी शासित किसी भी राज्य में ऐसी पहल क्यों नहीं की जा रही है और प्रधानमंत्री जाति जनगणना के मुद्दे पर चुप क्यों हैं? उनकी यह टिप्पणी राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में जाति सर्वेक्षण कराने का आदेश जारी करने के एक दिन बाद आई है।

# दिल्ली दंगा फैसले से सरकार नाराज क्यों थी, पता नहीं : जस्टिस मुरलीधर

**नई दिल्ली**, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा है कि उन्हें जानकारी नहीं है कि 2020 के दिल्ली दंगों को लेकर उन्होंने जो आदेश जारी किया था, उससे केंद्र सरकार क्यों नाराज हो गई। उन्होंने कहा कि मैंने जो आदेश दिया, मेरी जगह कोई भी दूसरा जज होता तो यही आदेश देता। दरअसल, जस्टिस मुरलीधर तब दिल्ली हाईकोर्ट में जज थे। उन्होंने दिल्ली में हुए दंगों में भड़काऊ बयान देने वाले तीन भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में देरी पर नाराजगी जताई थी। ये तीन नेता थे- अनुराग ठाकुर, परवेश वर्मा और कपिल मिश्रा। जस्टिस मुरलीधर ने पुलिस को आदेश दिया था कि 24 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज करने का फैसला लें। बेंगलुरु में आयोजित एक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल के कॉन्क्लेव में उनसे पूछा गया था कि ऐसी चर्चाएं हैं कि अपने आदेश से आपने सरकार को नाराज किया और इसलिए आपको सुप्रीम कोर्ट का जज बनने का मौका नहीं मिला?



**कोर्ट के दखल से बची थी कई जिंदगियां**-इसके जवाब में मुरलीधर ने कहा, 'इसमें नाराज होने वाली क्या बात थी, इसे लेकर मैं भी उतना अनजान हूं, जितना आप हैं। मेरे पास कहने को और कुछ भी नहीं है। और इससे ज्यादा किसी बात से फर्क भी नहीं पड़ता है क्योंकि कई लोगों को लगा था कि मैंने जो किया वही सही था। बल्कि मुझे बाद में बताया गया कि मामले में कोर्ट के दखल देने के बाद कई जिंदगियां बचाई जा सकी थीं।'

जस्टिस मुरलीधर 2009 में दिल्ली हाई कोर्ट की उस बेंच का हिस्सा रहे थे जिसने सबसे पहले धारा 377 को अपराध की श्रेणी से हटाया और एलजीबीटी समुदाय को अपनी सेक्सुअल पसंद की आजादी दी थी। दिलली हाई कोर्ट में रहते ही उन्होंने भीमा कोरेगाँव मामले में एक अक्टूबर 2018 को सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को घर की नज़रबंदी से रिहा करने का निर्देश दिया था। तब आरबीआई बोर्ड के सदस्य और आरएसएस विचारधारा वाले एस गुरुमूर्ति ने जज पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था।

# अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही

**हेरात**, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में बीते दिन आए भूकंप की वजह से कम से कम 2000 लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया है। ये आंकड़ा तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने दिया है. देश के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रायन ने कहा कि हेरात में भूकंप से मरने वालों की संख्या मूल रूप से बताई गई संख्या से ज्यादा है। उन्होंने तत्काल मदद की अपील करते हुए कहा कि करीब छह गांव तबाह हो गए हैं और सैकड़ों नागरिक मलबे में दब गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के दफ्तर से एक अपडेट में कहा गया है कि 465 घरों के तबाह होने की सूचना है और 135 क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के दफ्तर ने कहा, भागीदारों और स्थानीय अधिकारियों का अनुमान है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है।

**मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 हुई**

## लद्दाख में राहुल के दौरे का असर

# लोकल चुनाव में कांग्रेस का दबदबा

**लद्दाख**, 8 अक्टूबर (एजेंसी)। लद्दाख पहाड़ी स्वायत्त विकास परिषद (एलएएचडीसी) कारगिल के चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। ताजा परिणाम के मुताबिक, कांग्रेस ने 8 सीटें जीत ली हैं और फारूक अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने 11 सीटें तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के खाते में दो सीटें आई हैं। एक सीट को आजाद उम्मीदवार ने अपने किया है। शेष 4 सीटों पर नतीजे आने बाकी हैं। कांग्रेस को राहुल के दौरे का मिल रहा फायदा मिल रहा है। 25 अगस्त को राहुल गांधी ने लद्दाख का दौरा किया था जिसके बाद सियासत गर्मा गई। लद्दाख में राहुल गांधी ने दूरदराज क्षेत्रों तक आम लोगों के बीच भी पहुंचे थे। बाजारों में भी घूमे और शापिंग भी की थी।जीते भाजपा उम्मीदवार की आई प्रतिक्रिया पांचवें लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद चुनाव में चा निर्वाचन क्षेत्र से जीतने वाले भाजपा उम्मीदवार स्टैनजिन लाकपा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया इस बार एक लंबी प्रक्रिया थी और इसलिए हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। लेकिन मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने मुझे वोट दिया और मैं जीत गया। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

■ नेशनल कांफ्रेंस ने भी दिखाया दम

# मणिपुर में युवक को जिंदा जलाने का वीडियो सामने आया

**इंफाल**, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। मणिपुर में रविवार को एक युवक को जिंदा जलाने का वीडियो सामने आया है। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फ्रंट (आईटीएलएफ) के प्रवक्ता घिन्जा ने ये वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा कि वीडियो मई का है, लेकिन ये अभी सामने आया है। 7 सेकेंड के वीडियो में जिंदा युवक जलता हुआ दिखाई दे रहा है। आसपास कुछ आरोपियों के केवल पैर दिख रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड से गोलियों के चलने की आवाज भी आ रही है।

■ आईटीएलएफ ने मई की घटना बताया

**मंत्री के घर के गेट के पास ग्रेनेड फटा**

उधर, इंफाल पश्चिम के सिंगजामेई में शनिवार देर रात ग्रामीण विकास मंत्री वाई खेमचंद के घर के गेट के पास ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इस हादसे में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

# सिक्किम में बाढ़ से मारे गए 30 लोग

**गंगटोक**, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्किम में बाड़ से मारे गए 30 लोगों में 19 भारतीय सेना के जवान हैं। रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तरी सिक्किम में लोनाक झील का किनारा टूट गया और तीस्ता नदी बेसिन जलमग्न हो गया, जिसके बाद बादल फटने से 04 अक्टूबर को अचानक बाढ़ आ गई, जिससे यह त्रादसी हुई। सिक्किम सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 30 मृतकों में 19 सैन्यकर्मी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि चार अक्टूबर को तड़के आई आपदा के बाद से सेना के कम से कम 23 जवान लापता हैं। एक सैनिक को जीवित बचा लिया गया और उसी दिन उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैन्यकर्मी गंगटोक से 27 किलोमीटर दूर पूर्वी सिक्किम के पाक्योंग जिले के थे, जहां एक सैन्य शिविर है।

■ रक्षा मंत्रालय व राज्य सरकार ने दी जानकारी

## विडंबना — संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

# भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे हुए बेघर

■ प्रतिदिन 3059 बच्चों को सहना पड़ता विस्थापन का दंश

**नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में जलवायु से जुड़ी बाढ़, सूखा और तूफान जैसी आपदाओं के कारण प्रति दिन औसतन 3,059 बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ती है। यूनिसेफ के अनुसार, देश में 2016 से 2021 के बीच 67 लाख बच्चों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।**

*संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की नई रिपोर्ट 'चिल्ड्रन डिस्प्लेस्ड इन ए चेंजिंग क्लाइमेट' के मुताबिक, फिलीपीन (97 लाख बच्चे) के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है जहां इन छह वर्षों में सबसे ज्यादा बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, चीन में 64 लाख बच्चे विस्थापित हुए। इस दौरान इन तीन देशों के कुल 2.3 करोड़ बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ी। रिपोर्ट में 2020 में आए चक्रवाती तूफान अम्फान का भी जिक्र किया है, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत और म्यांमार में करीब 50 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा था, जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो दुनिया में रोजाना औसतन 20 हजार बच्चे विस्थापित हो रहे हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 2016 से 2021 के बीच 44 देशों में करीब 4.31 करोड़ बच्चों को घर छोड़कर अपने ही देश में किसी दूसरी सुरक्षित जगह शरण लेनी पड़ी। जब विस्थापित बच्चों की तुलना किसी देश में बच्चों की कुल आबादी से की जाती है तो डोमिनिका और वानुअतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में बच्चे तूफानों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इस लिहाज से बाढ़ से सबसे ज्यादा विस्थापित हुए बच्चे सोमालिया और दक्षिण सूडान के हैं।*

### 95 फीसदी तबाही का कारण बाढ़ व तूफान

*रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में बच्चों के बढ़ते विस्थापन में बाढ़ और तूफान की बड़ी भूमिका है। न छह वर्षों में जितने भी बच्चे विस्थापित हुए हैं उनमें से 95 फीसदी मामलों में बाढ़ और तूफान जैसी मौसमी आपदाएं ही जिम्मेदार थीं। 2016 से 2021 के बीच बाढ़ के कारण 1.97 करोड़ और तूफान के कारण 2.12 करोड़ बच्चों को विस्थापन की मार झेलनी पड़ी। 40 फीसदी से ज्यादा बच्चे अपने मां-बाप से बिछड़ गए।*

# देश

**उवाच**



"भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने लोगों में जागरूकता और विश्वास पैदा किया है और भाजपा की निरंकुश व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई है। उनकी बढ़ती लोकप्रियता को देखकर भाजपा घबरा गई है और उनका नाम खराब करने के लिए घटिया हथकंडे अपना रही है।"

–नाना पटोले,एमपीसीसी के अध्यक्ष

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# नफरत का जहर व घोल रही भाजपा : कांग्रेस

**भोपाल,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों की आहट के बीच राजनीतिक दलों में आरोप प्रत्यारोप का दौर तेजी पकड़ रहा है। इसी बीच कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने शिवराज सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुंह में राम–बगल में छुरी, यह तो संघी–भाजपाई पूरे देश में परिलक्षित करते रहते हैं। इंसान से लेकर भगवान तक, आम आदमी से लेकर परमात्मा तक और जनता से लेकर जर्नादन तक सबको पाखंड और भ्रष्टाचार, ठगी और चोरी का निशाना बनाने में अगर कोई राज्य नंबर वन पर है तो वह मध्य प्रदेश है। ये शिवराज सिंह सरकार ने सुनिश्चित कर दिया है। उन्होंने कहा कि धर्म को, भगवान के नाम को अपनी असफलताओं और नाकामियों की ढाल बनाते हैं। भारत माता की रगों में बहते खून में हिंसा और नफरत का जहर व घोलते रहते हैं। रागिनी ने कहा कि धर्म को निजी आस्था मानने वाले बापू के विचार की रोज हत्या करते हुए, वोट बटोरने के लिए धर्म को, ईश्वर को राजनीतिक हथियार बनाते हैं। पर जब धर्म और आस्था की कसौटी पर परखा जाता है तो राम

**मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर शिवराज सरकार को घेरा**



**मुंह में राम-बगल में छुरी यह तो संघी-भाजपाई देश में परिलक्षित करते रहते हैं : रागिनी नायक**

मंदिर के नाम का चन्दा तक खा जाते हैं। सर से पांव तक घोटालों और भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं। और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मिलता है शिवराज सिंह सरकार में।

### कांग्रेस ने गिनाए घोटाले

रागिनी नायक ने घोटाले गिनाते हुए कहा कि अभी महाकाल लोक में हुए महाघोटाले की टीस कम होना शुरू नहीं हो पाई, मात्र 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने शिवराज सिंह सरकार के भष्टाचार और निर्लज्जता की पोल खोली दी थी। कमल के फूल पर विराजमान सप्त ऋषियों की खंडित मूर्तियों की छवि से आहत देशवासियों की धार्मिक भावनाएं ठीक नहीं हो पाईं, लेकिन घोटालों के सरताज नहीं आए बाज। नायक ने कहा कि आज एक नए घोटाले की खबर सुर्खियां बटोर रही है। सतना के वेंकटेश लोक की टाइल्स 8 करोड़ रुपए में लगाई गईं। सतना की स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत इस मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का काम शुरू हुआ। हाल ही में 5 अक्टूबर को लोकार्पण हुआ और दो दिन में टाइल्स उखड़ गए। जनता की जेब तो काट ही रही है, भगवान के दरबार को भी नहीं बक्शा इस भ्रष्टाचारी कमीशनखोर सरकार ने। प्रियंका गांधी धार आई थीं, वे बता के गई थीं 250 बड़े घोटालों के बारे में, जो शिवराज सिंह जी की नाक के नीचे हो रहे हैं। जनता की जेब काटते–काटते भगवान को भी चूना लगाने की भी हिमाकत भाजपाई करते जा रहे हैं। मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसे लेकर कांग्रेस एक्टिव मोड में नजर आ रही है। इस बीच, कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने गत शनिवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों पर विचार–विमर्श किया। इस दौरान समिति ने राज्य में कांग्रेस का मुख्य एजेंडा भी तय किया। पार्टी सूत्रों की मानें तो राज्य में कांग्रेस का मुख्य एजेंडा जाति सर्वेक्षण कराना होगा। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, मध्य प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित समिति के सदस्य शामिल थे। बैठक के बाद कमलनाथ ने कहा कि नई दिल्ली में सीईसी की बैठक आयोजित की गई। हमने लगभग 140 सीटों के उम्मीदवारों के नामों पर विस्तार से चर्चा की। आने वाले कुछ दिनों में नामों को अंतिम मुहर लगा दी जाएगी। हालांकि, सुरजेवाला और जितेंद्र सिंह का कहना है कि चर्चा सभी सीटों के उम्मीदवारों पर हुई है। फैसला बाद में लिया जाएगा। वहीं प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बताया कि बैठक में तय हुआ है कि मध्य प्रदेश में जाति जनगणना कराना पार्टी का मुख्य एजेंडा रहेगा। जाति जनगणना कांग्रेस का महत्वपूर्ण एजेंडा है। हम चाहते हैं कि हम अपने ओबीसी, एससी, एसटी भाई–बहनों को न्याय दिलाएं। जाति जनगणना ही कांग्रेस का प्राथमिक एजेंडा है। राज्य में कांग्रेस के चेहरे के सवाल पर सुरजेवाला ने कहा कि कमलनाथ मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और जो भी नेता प्रदेशाध्यक्ष होता है, वही कांग्रेस का चेहरा होता है। सुरजेवाला का कहना है कि बैठक में शिवराज सरकार की नाकामियों पर भी चर्चा हुई है, जिसमें भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध मुख्य विषय रहे।

### धर्म की आड़ में हो रहा भ्रष्टाचार : कांग्रेस

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि अभी कुछ समय पहले ही ओरछा के राम–राजा मंदिर में धर्म की आड़ में किस प्रकार भ्रष्टाचार किया जा रहा है। किस प्रकार काली करतूतों में लिप्त है शिवराज सरकार, इसका खुलासा करते हुए मंदिर के पुजारी का वीडियो बहुत वायरल हुआ। करोड़ों के गुप्तदान की हेरा–फेरी का आरोप लगाया–वर्तमान सरकार सिर्फ पैसे का खेल है। कोई गैरकानूनी काम ऐसा नहीं है जो यहां नहीं हो रहा है। पुलिस की भी संलिप्तता है। ये सब ऑन रिकार्ड कहा है। एक लोकल आरटीआई कार्यकर्ता रामनरेश दास ने ये भंडाफोड़ किया 2017 में। एफआईआर की गई पर उस पर कार्रवाई नहीं हुई। नए एसपी के आने के बाद पुन: मामला चर्चा में आया है, लेकिन मामले को रफा–दफा करने का दबाव लोकल विधायक अनिल जैन डाल रहे हैं। उनके पीछे कैलाश विजयवर्गीय का पूरा सहयोग और समर्थन है। एक तरफ तो घपले, गबन, भ्रष्टाचार का मामला है, तो दूसरी तरफ राम राजा सरकार से आयकर विभाग ने नोटिस भेजकर एक करोड़ 22 लाख का हिसाब मांगा है, इस आय का रिटर्न भरने को कहा है। वो कहते हैं ना कि 'विनाश काले विपरीत बुद्धि,' जब अधर्मी शासक के कुशासन का अंत निकट होता है, तब उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

# राष्ट्रीय स्तर पर जल गुणवत्ता निगरानी में जम्मू-कश्मीर दूसरे स्थान पर

## राष्ट्रीय स्तर पर की उपलब्धि हासिल

**श्रीनगर,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर में, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने जम्मू–कश्मीर जल जीवन मिशन (जेजेएम) के साथ एक और उपलब्धि हासिल की है, जिसमें नल कनेक्शन के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति के मामले में 70 फीसदी ग्रामीण घरों का कवरेज हासिल किया गया है। जम्मू–कश्मीर ने जल गुणवत्ता निगरानी और निगरानी के मामले में भी राष्ट्रीय स्तर पर नंबर दो का स्थान प्राप्त किया है। मिशन के तहत अब तक, 18.68 लाख ग्रामीण परिवारों में से 13.16 लाख (70 प्रतिशत) ने नल जल कनेक्शन के तहत कवरेज हासिल कर लिया है, जिससे संतृप्ति प्राप्त करने में तेजी से प्रगति हो रही है। जल जीवन मिशन यूटी का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को परिसर के भीतर कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान करना है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर के न्यूनतम सेवा स्तर पर पानी की आपूर्ति करने में सक्षम है और गुणवत्ता की पुष्टि करता है। विभाग के एक प्रेस हैंडआउट के अनुसार, 6600 कार्य घटकों में से, 5000 से अधिक घटक (76 प्रतिशत) जैसे ट्यूबवेल, बोर वेल्स, रैपिड सैंड फिल्ट्रेशन प्लांट, ओवर हेड टैंक, ग्राउंड सर्विस जलाशय और पाइप नेटवर्क शुरू हो गए हैं। इसी प्रकार, केंद्र शासित प्रदेश के सभी जिलों में 3000 से अधिक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनमें कार्यों को



निष्पादित करने वाले लगभग 1700 ठेकेदार शामिल हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी हुआ है। समवर्ती रूप से, इस पैमाने और गति पर कार्यों को निष्पादित करते समय, जिला स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाइयों (डीपीएमयू), सलाहकारों/विशेषज्ञों की यूटी स्तरीय टीमों और तीसरे पक्ष के रूप में विभिन्न स्तरों पर एक मजबूत प्रबंधन और निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। निगरानी एजेंसियां (टीपीआईए) जो बुनियादी डिजाइन और सेवाक्षमता आवश्यकताओं को प्रभावित किए बिना समयबद्ध तरीके से वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए कुशल योजना, गुणवत्ता आश्वासन, प्रयासों के समन्वय, उचित/वैकल्पिक निर्माण प्रौद्योगिकी और सामग्रियों के उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सलाहकारों की यूटी स्तरीय टीम की मदद से और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन (एनजेजेएम) के विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई तकनीकी सलाह से, विभिन्न लागत प्रभावी और तकनीकी रूप से व्यवहार्य समाधान अपनाए गए हैं।

## सार संक्षेप

### राजौरी में एलओसी के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि गत शनिवार को राजौरी के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास कलाल इलाके में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए, जिनकी पहचान अश्वनी कुमार और राज कुमार के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों घायल पोर्टर मंगोटे गांव के हैं। उन्हें गहरे जख्म हो गए हैं और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। आतंकियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सेना द्वारा एलओसी के पास बारूदी सुरंगें लगाई जाती हैं।

### मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, तीन की मौत

**बड़वानी।** मप्र के बड़वानी जिले के ठीकरी थाना क्षेत्र में आज मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली एक जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान और दो नाबालिग मजदूरों की मृत्यु हो गई और तीन नाबालिग समेत पांच अन्य घायल हो गए। खेत में मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली कुंआं-कपालिया खेड़ी रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान अमित पाटीदार व दो मजदूर अनिल तथा सजन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना में ममता, बायली, रविता, कविता और खेल सिंह घायल हुए हैं। समस्त मजदूर जिले के निवाली थाना क्षेत्र के निवासी थे।

### नीतीश ने जयप्रकाश नारायण को दी श्रद्धांजलि

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकनायक स्व. जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को यहां गांधी मैदान के दक्षिण-पश्चिम छोर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### तेलंगाना में 20 लाख रुपए की नकदी जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने दो हजार व पांच सौ रुपए नोट 20 लाख नकदी जब्त की है। एसआई एम महेश आईएस सदन पुलिस कर्मचारियों के साथ यहां शुक्रवार की शाम वाहनों की तलाशी ले रहे थे और इस दौरान उन्होंने एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका। कार की तलाशी के दौरान एक थैला मिला जो नोटों से भरा था। जब नकदी के बारे में पूछताछ की गई, तो कार में सवार व्यक्तियों में से एक (विट्ठल), संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाया।

# पुतिन के पदचिह्नों पर चल रही है भाजपा : अखिलेश प्रसाद

**पटना,** 8 अक्टूबर (आईएएनएस)। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने रविवार को कहा कि भाजपा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पदचिह्नों पर चल रही है। सिंह भाजपा अध्यक्ष नड्डा की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में सभी क्षेत्रीय दल जल्द ही समाप्त हो जाएंगे। सिंह ने पटना के सदाकत आश्रम में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह की जयंती मनाने के लिए आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से नड्डा ने कहा कि भाजपा सभी क्षेत्रीय दलों को खत्म कर देगी और जिस तरह से भाजपा देश पर शासन कर रही है, ऐसा लगता है कि भाजपा व्लादिमीर पुतिन के पदचिह्नों पर चल रही है। जातीय जनगणना पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंह ने कहा कि अगर गिनती के दौरान कोई गलती हुई होती तो राज्य सरकार उसे सुधार लेती। सिंह ने कहा भाजपा और एनडीए नेता जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट पर चिंता जता रहे हैं। भाजपा शुरू से ही जाति आधारित सर्वे के खिलाफ थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले साल पीएम मोदी से मुलाकात कर देश में जाति आधारित जनगणना कराने का अनुरोध किया था। हालांकि, उस अनुरोध को ठुकरा दिया गया और बिहार सरकार ने अपने खर्च पर सर्वेक्षण किया था। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को ऊंची जाति के लोगों को उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर आरक्षण देना चाहिए।



# लोकतंत्र के लिए भाजपा ने किया खतरा पैदा : अखिलेश

## वंचितों, शोषितों, पिछड़ों व दलितों को अधिकारों से वंचित करने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है। यहां समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ.राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी बाबा साहब वाहिनी और समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलने की तैयारी में है। वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों को अधिकारों से वंचित कर रही है। आउटसोर्सिंग करके नौकरियों को खत्म कर रही है। भाजपा सामाजिक न्याय के पक्ष में भी नहीं है। वह जातीय जनगणना नहीं चाहती है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के एनडीए को पीडीए–(पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हराएगा। यादव का समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती तथा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती ने स्वागत किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज की बैठक में समाजवादी पार्टी के विधायकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं के मिले सुझावों को लेकर बहुजन समाज के बीच जाएंगे और समाजवादी पार्टी को मजबूत करेंगे। जातीय जनगणना होने से ही सभी को हक और सम्मान मिल पाएगा। जातीय जनगणना से सभी सम्मान के साथ जी सकेंगे। जातीय जनगणना के बिना सामाजिक न्याय संभव नहीं है। यादव ने कहा कि हम समाजवादी लोग बहुत लम्बे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया ने पहले ही यह मांग उठाई थी। अब केंद्र की सरकार हो या अन्य सरकारें उन्हें जातीय जनगणना कराना ही पड़ेगा। भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार ने सात साल में सड़कों के गड्ढ़ामुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ खर्च कर दिए। लेकिन कोई सड़क गड्ढ़ा मुक्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार जब–जब गड्ढ़ा मुक्त करने की घोषणा करती है तब इंजीनियर और ठेकेदार सबसे ज्यादा खुश हो जाते हैं। जो सरकार सड़कों से सांड़ नहीं हटा पा रही है वह गड्ढ़ामुक्त सड़कें क्या कर पाएगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने नई संसद इसलिए बनाई, ताकि जिस संसद भवन में बैठकर बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने संविधान बनाया उस इतिहास को सफाई से मिटाया जा सके।



**लोकसभा चुनाव में भाजपा के एनडीए को पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक हराएगा : अखिलेश यादव**

### लोगों को डराने के लिए छापे डलवा रही भाजपा

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, और इनकम टैक्स से जितने छापे डलवाएगी ,जनता उतनी ज्यादा नाराज होगी। भाजपा लोगों को डराने के लिए छापे डलवा रही है लेकिन लोकतंत्र में कोई डरता नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। अब तो अन्याय भी चरम पर है। देश की सौ करोड़ से ज्यादा जनता भाजपा से नाराज है। भाजपा लोकसभा चुनाव बुरी तरह से हारेगी। सभी ने देखा कि घोसी में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों और प्रशासन ने कोई कसर छोड़ी नहीं उसके बाद भी जनता ने भाजपा को करीब पचास हजार वोटों से हरा दिया। खतौली और मैनपुरी में भी भाजपा को जनता ने आईना दिखाया। मैनपुरी में दलित समाज ने पूरी तरह समाजवादी पार्टी का साथ देकर लोकतंत्र को बचाया।

# तेलंगाना में देश की पहली कानून प्रवर्तन सीआईएसओ परिषद लॉन्च

## प्रमुख सचिव आईटी जयेश रंजन ने की समारोह में शिरकत

**हैदराबाद,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना पुलिस ने उद्योग और शिक्षा जगत के सहयोग से शनिवार शाम को कानून प्रवर्तन सीआईएसओ (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी) परिषद की शुरुआत की, जो भारत में इस तरह की पहली पहल है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार और तेलंगाना के प्रमुख सचिव (आईटी) जयेश रंजन ने यहां साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय में आयोजित एक समारोह में साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रवेंद्र, एससीएससी सचिव रमेश काजा और उद्योग के दिग्गजों की उपस्थिति के बीच इसका अनावरण किया। विमोचन के बाद सभा को संबोधित करते हुए अंजनी कुमार ने कहा कि जो लोग इस विषय को संभालते हैं वे इसे लापरवाही से लेते हैं। यह मामला सिर्फ पुलिस का ही नहीं बल्कि हर पेशे का है। अपराध की परिभाषा तेजी से बदल रही है। साइबर अपराध में कोई क्षेत्राधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अब यह पुलिस के लिए बहुत सारी चुनौतियां खड़ी कर रहा है। जिस दर से साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, उस पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पहले वक्ता ने बताया था कि 2023 के अंत तक साइबर अपराधों से आठ ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होगा। माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल ग्रुप मैनेजर, गवर्नेंस निदेशक अभिषेक कुमार ने कहा कि वे पूरी ताकत लगाएंगे और दशकों के सामूहिक अनुभव को सक्षम करने में योगदान देने का प्रयास करेंगे। सीओई के तकनीकी निदेशक रमेश गणेश ने कहा कि टीम साइबर हमलों को रोकने, कम करने पर काम करेगी। इस अवसर पर सीआईएसओ उद्योग के कुछ दिग्गज सिंधु श्रीधर और सुवब्रत सिन्हा ने भी सभा को संबोधित किया।



# तमिलनाडु ने इज़रायली प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ाई

**चेन्नई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हमास और इजराइल के बीच चल रही झड़पों के मद्देनजर तमिलनाडु सरकार ने इजराइली प्रतिष्ठानों और यहूदी बस्तियों में सुरक्षा बढ़ाई। तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक शंकर जिवाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि डिंडीगुल के पास पहाड़ियों में एक यहूदी बस्ती और राज्य में अन्य इजरायली प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इजरायली पर्यटक हर साल सितम्बर से फरवरी के दौरान कोडाइकनाल के करीब एक बस्ती वट्टाकनाल का दौरा करते हैं और पुलिस इस क्षेत्र में अधिक सुरक्षा प्रदान करेगी। सूत्रों ने बताया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए इलाके में पहले से ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राज्य में इजरायली व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस हाल के दिनों में चेन्नई और राज्य के अन्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उतरे इजरायली नागरिकों की संख्या का पता लगाने और सुरक्षा इंतजाम के तहत उनके स्थानों को ट्रैक करने के लिए आव्रजन अधिकारियों के संपर्क में है। सूत्रों ने यह भी कहा कि अन्य देशों में इजरायलियों पर संभावित हमले की रिपोर्ट के बाद इजरायली व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आवाजाही को प्रतिबंधित करते हुए पहुंच नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं।

# सिक्किम में मानव जीवन को बचाना प्राथमिकता : अजय कुमार

**गंगटोक,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने सिक्किम में बाढ़ की स्थिति को एक बड़ी त्रासदी बताते हुए कहा है कि मानव जीवन को बचाना अब प्राथमिकता है। मिश्रा ने एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। ताशिलिंग सचिवालय में विचार–विमर्श के दौरान मुख्य सचिव वीबी पाठक और राज्य सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सीमा सड़क संगठन, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस, भारतीय सेना और राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मिश्रा ने अक्टूबर के बाद से राहत और पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी ली और मुख्य सचिव पाठक ने उन्हें जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य की मांगें तुरंत पूरी की जाएंगी। मंत्री मिश्रा ने कहा कि सामान्य जीवन बहाल करने के लिए हमें (केंद्र और राज्य) मिलकर काम करना होगा। हम प्राथमिकताओं की पहचान पर काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि जनता की आवश्यकताएं पूरी हों। उन्होंने स्थिति की देखभाल करने और प्रभावितों तक पहुंचने में सीएम पीएस तमांग के उत्साह और समर्पण की सराहना की। मिश्रा ने कहा कि अचानक आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने और जहां भी आवश्यक हो सहायता प्रदान करने के लिए गठित एक अंतर मंत्रालयी समिति रविवार से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने जा रही है।



■ **राज्य में बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा**

**पहचान** — *राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही महाकाल की नगरी उज्जैन*

# महाकाल लोक के लोकार्पण के साथ विकास को मिली रफ्तार

**उज्जैन, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाकाल नगरी उज्जैन के विकास के लिए महाकुंभ के बाद ही मध्य प्रदेश सरकार ने एक ऐसा मॉडल खड़ा करने की शुरुआत कर दी थी जो राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धर्म, संस्कृति, आस्था के साथ-साथ रोजगार के नए रास्ते भी खोले। आज वही तस्वीर साकार रूप में दिखाई देने लगी है। मध्य प्रदेश की पावन महाकाल नगरी उज्जैन।**

को आज महाकाल लोक के नाम से राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। महाकाल लोक के पहले चरण का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया तो दूसरी तस्वीर गत गुरुवार को सामने आई, जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 242 करोड़ से अधिक के महाकाल लोक के दूसरे चरण का लोकार्पण किया। 11 अक्टूबर 2022 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण किया एवं उपरोक्त लोकार्पण समारोह एवं महाकाल लोक राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अचानक सुर्खियों में आ गया। महाकाल की नगरी उज्जैन की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत अटल एवं अमिट है परंतु धर्म संस्कृति के साथ–साथ महाकाल लोक के लोकार्पण के पश्चात ऐतिहासिक रूप से उज्जैन नगरी लगभग आठ गुनी रफ्तार में विकास के साथ–साथ व्यापार से जुड़ती चली गई।



■ **भक्तों की संख्या व दान की तीन गुना रफ्तार**

उज्जैन नगरी में महाकाल लोक के निर्माण के साथ प्रॉपर्टी की कीमतों में एक तरफ जहां चार गुना प्रगति हुई वहीं दूसरी ओर स्थानीय रोजगार में भी 200 प्रतिशत से अधिक प्रगति सामने आई। वर्ष 2020 में महामारी काल के दौरान एक तरफ जहां महाकाल की नगरी उज्जैन में भक्तों के दर्शन का प्रतिशत 15 से 18 प्रतिशत पर आ गया था वहीं दूसरी ओर 2021 के बाद भक्तों की संख्या दोगुनी हो गई। परंतु 2022 में महाकाल लोक के निर्माण के बाद भक्तों की संख्या में 2021 की तुलना में लगभग तीन गुना प्रगति हुई। महाकाल मंदिर समिति को वर्ष 2021 में 22 करोड़ 13 लाख रुपए का दान प्राप्त हुआ , वहीं वर्ष 2022 में यह दान बढ़कर 46 करोड़ 51 लाख पर पहुंच गया । इसी तरह स्थानीय व्यापार में लगभग 200 प्रतिशत अधिक प्रगति हुई, नवीन रोजगार एवं प्रॉपर्टी के दामों में भी चार से 10 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ।

कुल मिलाकर वर्ष 2022 में महाकाल की नगरी को ऐतिहासिक गति और व्यापार में शानदार प्रगति प्राप्त हुई। महाकाल मंदिर का परिसर 2.87 हेक्टेयर से बढ़कर 47 हेक्टेयर हो चुका है। 856 करोड़ की श्री महाकाल मंदिर परिसर विस्तार योजना के प्रथम चरण में 351 करोड़ रुपए के कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। 242 करोड़ 35 लाख रुपए लागत से दूसरे चरण के विकास कार्य किए गए। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने 284 करोड़ रुपए की लागत के यूनिटी मॉल और 250 करोड़ रुपए की लागत के मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया।

## राम चरण ने नहीं की कोई भी बॉलीवुड फिल्म साइन, अटकलों को किया खारिज

**मुंबई।** तेलुगु स्टार राम चरण ने अयप्पा मंदिर के दर्शन किए। मुंबई की उनकी यात्रा ने अफवाहों को हवा दी, कि वह सुपरस्टार निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ एक संभावित बॉलीवुड प्रोजेक्ट में भी काम कर सकते हैं। हालांकि, यह पुष्टि हो गई है कि उन्होंने कोई भी बॉलीवुड प्रोजेक्ट साइन नहीं किया है। एक सूत्र ने खुलासा किया कि 'आरआरआर' एक्टर की फिलहाल बॉलीवुड में काम करने की कोई प्लानिंग नहीं है और वह अन्य प्रोजेक्ट में बिजी हैं। सूत्र ने कहा कि राम चरण के बॉलीवुड प्रोजेक्ट साइन करने की कोई खबर नहीं है। वह फिलहाल अपने काम में बिजी हैं और उनकी अन्य प्राथमिकताएं भी हैं। अभिनेता मुंबई यात्रा पर है, जहां उन्हें अयप्पा दीक्षा पूरी करने के लिए नंगे पैर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेकते हुए देखा गया।

स्लीप एपनिया को लेकर एम्स के शोधकर्ताओं का अध्ययन

# 10.4 करोड़ भारतीय ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया से हो सकते हैं पीड़ित

■ महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक खतरा

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) एक वैश्विक स्वास्थ्य बोझ बन गया है। भारतीय वयस्कों में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की व्यापकता की एक व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण से पता चला है कि कामकाजी उम्र के लगभग 104 मिलियन (10.4 करोड़) भारतीय इस बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, लगभग 11 प्रतिशत भारतीय वयस्क ओएसए से पीड़ित हैं, जिनमें महिलाओं (5 प्रतिशत) की तुलना में पुरुषों (13 प्रतिशत) को अधिक खतरा है। स्लीप मेडिसिन रिव्यूज जर्नल में प्रकाशित स्टडी में कहा गया है कि ओएसए एक कॉमन स्लीप डिसऑर्डर है जो मोरबिडिटी से जुड़ा है। एम्स में पल्मोनोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. अनंत मोहन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने कहा कि ओएसए प्रसार की वैश्विक समीक्षाओं में भारत और अन्य विकासशील देशों के डेटा का कम प्रतिनिधित्व है। इस व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण ने भारत में ओएसए की व्यापकता की जांच की।



एम्स नई दिल्ली के अन्य रिसर्च टीम के सदस्य तेजस मेनन सूरी, तमोघना घोष, सौरभ मित्तल, विजय हड्डा और करण मदान थे।

टीम ने उन लेखों के लिए मेडलाइन, एम्बेस और स्कोपस डेटाबेस की खोज की, जिनमें स्लीप स्टडी का इस्तेमाल करके सामान्य भारतीय वयस्क आबादी में ओएसए की व्यापकता की जानकारी दी गई थी। आठ स्टडीज को शामिल किया गया, जिसमें 35.5 से 47.8 वर्ष की औसत आयु वाले 11,009 विषय शामिल थे और रेंडम-इफेट्स मॉडल का इस्तेमाल कर मेटा-एनालिसिस किया गया।

## आस्था शर्मा ने डांस सीखने के लिए की 16 घंटे तक अभ्यास

**मुंबई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'नीरजा एक नई पहचान' में नीरजा की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस आस्था शर्मा को नॉन-डांसर होने के चलते लगातार 16 घंटे प्रैक्टिस करनी पड़ी। शो में अपने परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए आस्था ने कहा कि मुझे डांस प्रैक्टिस की जरूरत थी। जब आप अच्छे डांसर नहीं हैं तो कैमरे पर ग्रेट डांसर के रूप में खुद को पेश करना आसान नहीं होता है। जो लोग डांसर नहीं हैं उनके लिए डांस मूव्स बहुत चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन मुझे इस अवसर पर खरा उतरना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपना फोन बंद कर लिया था और मुझे लगातार 16 घंटे तक सीक्वेंस की रिहर्सल करनी पड़ी। मुझे हैरानी है कि मुझे डांस करना मजेदार लग रहा था, और मैं बेवजह डर रही थी। मुझे खुशी है कि इस शो के माध्यम से मैंने एक नया स्किल हासिल किया। मैं कोरियोग्राफर को मेरे साथ धैर्य रखने और मूव्स सीखने के दौरान सहज महसूस कराने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। जिस दिन मैंने इस सीक्वेंस की शूटिंग की, वह दिन एक परीक्षा की तरह लगा।



## सांस्कृतिक संध्या में कुलदीप शर्मा की नाटियों ने बांधा समां

**सोलन,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल उत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में कुलदीप शर्मा की नाटियों का जादू दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला। कुलदीप ने अपनी नई नाटियों से जैसे ही कार्यक्रम की शुरूआत की तो ठोडो ग्राउंड में नाच रहे युवाओं के पैरों से उड़ती धूल नाटियों की हिमाल उत्सव में लोकप्रियता का बखूबी बयान कर रही थी। कुलदीप ने अपनी नई पुरानी नाटियों से ऐसा समां बांधा की सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो कार्यक्रम का आनंद लेते दिखे। इससे पहले संध्या में आए ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक हरिदत्त भारद्वाज के बांसुरी वादन ने खूब वाहवाही बटोरी। सातवीं संध्या में आकर्षण के तौर पर पंजाब के गायक देवेंद्र गिल का कार्यक्रम हुआ। जूनियर गुरदास मान के नाम से मशहूर देवेंद्र गिल की अपने साजिंदों के साथ जबरदस्त जुगलबंदी से हिमाचल उत्सव पंजाब की समृद्ध संस्कृति से सराबोर हो गया। सोलन के पुरस्कार विजेता लोक गायक जिया लाल ठाकुर की अगुवाई में सरगम कला मंच के कलाकारों ने पारंपरिक हिमाचली नाटियों को पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पेश कर बेहतरीन प्रस्तुति दी।

इसके अलावा आनी से आए पहाड़ी गायक विनेश जोशी ने भी हिंदी गीतों और नाटियों से खूब रंग जमाया। कुल्लू के लोक गायक अमर राठौर और राजगढ़ की गायिका रीना ठाकुर और सुनिता शांडिल की नाटियों पर भी युवा खूब नाचे। सातवीं सध्या में कामेडियन प्रिस गर्ग ने अपनी शानदार कामेडी और मिमिक्री पेश कर अपने हुनर का लोहा मनवाया। प्रिंस ने कॉमेडी के साथ साथ पक्षियों की तरह तरह की आवाजें निकाल कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। संध्या में एसजे डांसिंग जोन, नृत्यांगना एकडेमी, रूद्रम डांस एकेडमी, युवल शर्मा और संगीता शर्मा का डांस भी खूब पसंद किया गया। सातवी संध्या में मुख्य अतिथि के तौर पर हिमाचल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉक्टर धनीराम शांडिल और विशेष मेहमान के तौर पर मेरेडियन मेडिकेयर के चेयरमैन विनोद गुप्ता अपनी धर्मपत्नी के साथ मौजूद थे।

## इजरायल-फिलीस्तीन जंग पर गौहर खान ने कहा, 'दमन करने वाला कब से पीड़ित हो गया?'

**मुंबई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। गाजा के आतंकवादी समूह हमास की ओर से किए गए रॉकेट हमलों के बाद इजरायल और फिलीस्तीन के बीच जंग जारी है। तमाम हस्तियां युद्ध को लेकर अपना गुस्सा जाहिर कर रही हैं। इसी कड़ी में एक्ट्रेस गौहर खान ने बढ़ते तनाव पर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने रविवार को एक्स पर अपना रुख साझा किया और लिखा, 'दमन करने वाला कब से पीड़ित हो गया?' गौहर खान के अलावा, एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने अपने इंटाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रतिक्रिया दी और लिखा कि अगर किसी ने इजरायल की पूर्व में आलोचना नहीं की है तो अब उसे हमास के हमले पर दुखी नहीं होना चाहिए।



बता दें कि इजराइल और हमास के बीच जंग तेज हो रही है। हमास द्वारा रात भर किए गए रॉकेट हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने गाजा पर हमला करना शुरू कर दिया है। इजराइल ने हमास के ठिकानों पर बुलडोजर चला दिया है। फिलिस्तीन आतंकवादी समूह हमास ने इजराइल पर हमला बोलते हुए कई मिसाइलें दागी, जिसके चलते इजराइल के 300 से अधिक नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, वहीं 1,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके अलावा, दर्जनों लोगों का अपहरण कर लिया गया।

## मौसम: जरा सी लापरवाही डाल सकती है परेशानी में

बदलता मौसम कर रहा बेहाल, रखें ख्याल

**बुलंदशहर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बदलते मौसम में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है । सरकारी और निजी अस्पतालों में भी बुखार और सर्दी जुकाम के मरीज पहुंच रहे हैं। अक्टूबर माह में मौसम में तेजी के साथ परिवर्तन होने लगा है। मौसम में उतार-चढ़ाव से बच्चों और बुजुर्गों को वायरल बीमारियां भी तेजी से जकड़ने लगी है। बच्चों को डायरिया वायरल फीवर निमोनिया का खतरा बढ़ा है तो बुजुर्ग को सबसे अधिक सांस फूलने की बीमारी हो रही है। इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बच्चों की सेहत पर असर डाल रही है। दिन में गर्मी सुबह-शाम ठंडा मौसम हो जाता है। सरकारी चिकित्सालयों समेत निजी अस्पतालों में बुखार, सर्दी जुखाम, और अन्य बीमारियों से पीड़ित उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक बदलते मौसम में खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सतर्कता बरतने के लिए परिजनों को सलाह दे रहे हैं जरा सी लापरवाही बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। मौसम में आए परिवर्तन के चलते लोगों को बीमारियों ने चपेट में लेना शुरू कर दिया है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मलेरिया वायरल खांसी जुखाम एलर्जी टाइफाइड जैसे खतरनाक बुखारो के मरीज पहुंचने शुरू हो गए हैं। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से मौसम के बदलते मिजाज के चलते लोगों की सेहत बिगड़ रही है। प्रीति दिन हो रहे मौसम में परिवर्तन से लोगों को परेशानी भी बढ़ रही है।



## भारत-बांग्लादेश सीमा पर नो मैन्स लैंड में हिंदू, मुस्लिम दुर्गा पूजा के लिए तैयार

**करीमगंज (असम),** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। असम के करीमगंज जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित गोबिंदपुर गांव के 44 परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी सामान्य नहीं है क्योंकि यह गांव दोनों देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के बीच नो मैन्स लैंड जोन में कांटेदार तार की बाड़ द्वारा मुख्य भूमि से अलग किया गया है। असम के बराक घाटी इलाकों में 124 किलोमीटर लंबी कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम 1994 में शुरू हुआ। हालांकि गोबिंदपुर गांव के निवासियों को मतदान का अधिकार है, वे भारतीय नागरिक हैं, फिर भी गांव वालों को कई नियमों का पालन करना पड़ता है। बाड़ के गेट सुबह खोले जाते हैं और शाम होने से पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा बंद कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों को इस समय के भीतर अपने घरों को लौटना होगा। इसके अलावा, बाहरी लोग अधिकारियों की उचित अनुमति के बिना गांव में प्रवेश नहीं कर सकते।



हालांकि, गांव पूरे उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाता है। गोबिंदपुर गांव में दुर्गा पूजा के आयोजन का इतिहास 100 साल से भी अधिक पुराना है। गांव में एक छोटा सा मंदिर है जहां हर साल पूजा का आयोजन किया जाता है। इस साल भी दुर्गा पूजा मनाने के लिए गांव में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्रामीणों में से एक, बीरेंद्र नामसुद्र ने बताया कि विभाजन के कारण हम भारतीय मुख्य भूमि से अलग हो गए थे। हालांकि, हम अपना पुश्तैनी घर नहीं छोड़ना चाहते थे। सीमा पर कई नियम हैं। बीएसएफ की ओर से दी गई पॉलिसी के मुताबिक हमें शाम होने से पहले गांव लौटना है परिणामस्वरूप, हमें दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में घूमने का अवसर नहीं मिलता है। ग्रामीणों के मुताबिक इस गांव में 100 साल से भी ज्यादा समय से देवी दुर्गा की पूजा होती आ रही है. उन्होंने दावा किया कि उन्हें देवी दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त है और इसीलिए वे पूजा जारी रख सकते हैं। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान पूरे गांव को सजाया जाता है और शाम को मंगल आरती भी होती है। अष्टमी और नवमी की रात को छोटी-छोटी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। चार दिनों तक ग्रामीणों के बीच प्रसाद बांटा जाता है।

एक अन्य ग्रामीण, बिपुल दास ने दावा किया कि हालांकि सीमा सुरक्षा बल कुछ हद तक सख्त हैं, लेकिन वे ही हैं जो पूजा के आयोजन में मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के जवान वित्तीय दान, पीने के पानी की व्यवस्था, पंडालों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और विभिन्न सामग्री प्रदान करके मदद के लिए आगे आते हैं।

## एआईडीएटी 2023 : रचनात्मक भविष्य को आकार देने के लिए अखिल भारतीय डिजाइन एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑल इंडिया डिज़ाइन एप्टीट्यूड टेस्ट (AIDAT) 2023 देश भर के इच्छुक डिजाइनरों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बनने की तैयारी कर रहा है। 28 अक्टूबर, 2023 को होने वाली प्रवेश परीक्षा रचनात्मक संभावनाओं की दुनिया के द्वार खोलेगी। AIDAT परीक्षा का परिणाम 3 नवम्बर 2023 को आएगा।

AIDAT

CODE की फाउंडर डॉ. स्वेता चौधरी ने कहा, डिजाइन शिक्षा परिदृश्य में एक गेम-चेंजर है। यह छात्रों को सफलता के लिए एक व्यापक टूलकिट प्रदान करता है, जिसमें अध्ययन सामग्री, उद्योग अंतर्दृष्टि और व्यक्तिगत करियर मार्गदर्शन शामिल है। मंच न केवल डिजाइन योग्यता का मूल्यांकन करता है बल्कि ज्ञान के साथ उम्मीदवारों को सशक्त भी बनाता है। सफल होने के लिए उन्हें जिन संसाधनों की आवश्यकता है। AIDAT डिज़ाइन शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है।

स्नातक (यूजी) डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों के लिए : संभावित उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से 10+2 की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करनी होगी। यह आवश्यकता उन युवा प्रतिभाओं के पोषण की नींव तैयार करती है जो डिज़ाइन की जीवंत दुनिया में प्रवेश करने की इच्छा रखते हैं।

स्नातकोत्तर (पीजी) डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों के लिए- स्नातकोत्तर स्तर के लिए लक्ष्य रखने वाले उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थानों या कॉलेजों से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। यह मानदंड डिज़ाइन में उन्नत अध्ययन करने के लिए तैयार व्यक्तियों की शैक्षणिक कौशल को स्वीकार करता है।

AIDAT 2023 तकनीकी नवाचार की दिशा में एक साहसिक कदम है जो पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। यह प्रगतिशील कदम उम्मीदवारों को अपने पसंदीदा डिजिटल उपकरणों से परीक्षा में भाग लेने में सक्षम बनाता है, चाहे वह मोबाइल फोन, लैपटॉप या डेस्कटॉप हो। यह लचीला दृष्टिकोण न केवल उम्मीदवारों की एक विस्तृत श्रृंखला को समायोजित करता है बल्कि डिजिटल युग की मांगों और सुविधा के साथ मेल खाता है।

## कृष चौहान का शो 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई' होगा बंद, एक्टर ने की पुष्टि

**मुंबई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई' में मुख्य भूमिका निभाने वाले एक्टर कृष चौहान ने पुष्टि की कि टीवी शो बंद हो रहा है। इस शो में रानी अहिल्याबाई की भूमिका में एक्ट्रेस एतशा संसगिरी हैं। शो का फाइनल एपिसोड 27 अक्टूबर को प्रसारित होगा और टीम वर्तमान में अंतिम एपिसोड की शूटिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अविश्वसनीय शो को अलविदा कहना मेरे लिए वास्तव में मुश्किल है, जो पिछले कुछ सालों से मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। जब मैं यहां बिताए गए सफर के बारे में सोचता हूं, तो मैं खुद को यहां से जुड़ा पाता हूं और इस बात से मायूस हो जाता हूं कि अब यह बंद हो रहा है। लेकिन मायूसी के बीच, मैं उन अविस्मरणीय अनुभवों और अवसरों के लिए कृतज्ञता से भरा हुआ हूं जो यह शो मेरे जीवन में लाया है। एक अभिनेता और एक व्यक्ति दोनों के रूप में यह विकास की एक अविश्वसनीय यात्रा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे बेहद प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है, जो मेरा दूसरा परिवार बन गई। साथ में, हमने स्क्रीन पर जादू पैदा किया है, जो हमारे दर्शकों के दिलों को छू गया है। शो ने न केवल मुझे अपने एक्टिंग स्किल्स को प्रदर्शित करने के लिए एक प्लेटफॉर्म दिया है, बल्कि मुझे दृढ़ संकल्प और कहानी कहने की शक्ति के बारे में मूल्यवान सीख भी दी है। शो में कृष ने दो अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने 2001 के दौरान युवा खंडेराव होल्कर (अहिल्याबाई के पति) की भूमिका निभाई और वर्तमान में अहिल्याबाई के बेटे माले राव होल्कर की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस शो में मैंने जो किरदार निभाए हैं, वे मेरे बहुत करीब हैं और हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह रखेंगे और मेरे लिए हमेशा सबसे यादगार और प्यारे किरदार रहेंगे। इन किरदारों ने मुझे प्यार और ताकत की भावना सिखाई है। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई शो बंद हो सकता है, लेकिन इसका प्रभाव और इसकी प्रतिभाशाली टीम का प्रदर्शन हमेशा हमारे दिलों में रहेगा।

जन्मदिवस के अवसर पर

## दमदार अभिनय से राजकुमार ने दर्शकों के दिलों पर किया राज

**मुंबई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। संवाद अदायगी के बेताज बादशाह कुलभूषण पंडित उर्फ राजकुमार का नाम फिल्म जगत की आकाश गंगा में ऐसे धुव्रतारे की तरह है, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज किया। राजकुमार का जन्म पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में आठ अक्टूबर 1926 को एक मध्यम वर्गीय कश्मीरी बाह्मण परिवार में हुआ था। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजकुमार मुंबई के माहिम पुलिस स्टेशन में बतौर सब इंस्पेक्टर काम करने लगे। राजकुमार मुंबई के जिस थाने में कार्यरत थे वहां अक्सर फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एक बार पुलिस स्टेशन में फिल्म निर्माता कुछ जरूरी काम के लिए आए हुए थे और वह राजकुमार के बातचीत करने के अंदाज से काफी प्रभावित हुए। और उन्होंने राजकुमार से अपनी फिल्म 'शाही बाजार' में अभिनेता के रूप में काम करने की पेशकश की। राजकुमार सिपाही की बात सुनकर पहले ही अभिनेता बनने का मन बना चुके थे। इसलिए उन्होंने तुरंत ही अपनी सब इंस्पेक्टर की नौकरी से इस्तीफा दे दिया और निर्माता की पेशकश स्वीकार कर ली।



शाही बाजार को बनने में काफी समय लग गया और राजकुमार को अपना जीवनयापन करना भी मुश्किल हो गया। इसलिए उन्होंने वर्ष 1952 मे प्रदर्शित फिल्म 'रंगीली' में एक छोटी सी भूमिका स्वीकार कर ली। यह फिल्म सिनेमा घरों में कब लगी और कब चली गई। यह पता ही नहीं चला। इस बीच उनकी फिल्म 'शाही बाजार' भी प्रदर्शित हुई। जो बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।शाही बाजार की असफलता के बाद राजकुमार के तमाम रिश्तेदार यह कहने लगे कि तुम्हारा चेहरा फिल्म के लिये उपयुक्त नहीं है। और कुछ लोग कहने लगे कि तुम खलनायक बन सकते हो।

वर्ष 1952 से 1957 तक राजकुमार फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। 'रंगीली' के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली राजकुमार उसे स्वीकार करते चले गए। इस बीच उन्होंने 'अनमोल', 'सहारा', 'अवसर', 'घमंड', 'नीलमणि' और 'कृष्ण सुदामा' जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई। महबूब खान की वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म 'मदर इंडिया' में राजकुमार गांव के एक किसान की छोटी सी भूमिका में दिखाई दिए। हालांकि यह फिल्म पूरी तरह अभिनेत्री नर्गिस पर केन्द्रित थी। फिर भी वह अपने अभिनय की छाप छोड़ने में कामयाब रहे। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति भी मिली और फिल्म की सफलता के बाद वह अभिनेता के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गए। अभिनय में एकरूपता से बचने और स्वयं को चरित्र अभिनेता के रूप में भी स्थापित करने के लिए उन्होंने स्वयं को विभिन्न भूमिकाओं में पेश किया।राजकुमार ने शायद यह महसूस कर लिया था कि मौत उनके काफी करीब है। इसीलिए अपने पुत्र पुरू राजकुमार को उन्होंने अपने पास बुला लिया और कहा कि देखो मौत और जिंदगी इंसान का निजी मामला होता है। मेरी मौत के बारे में मेरे मित्र चेतन आनंद के अलावा और किसी को नहीं बताना। मेरा अंतिम संस्कार करने के बाद ही फिल्म उद्योग को सूचित करना।'अपने संजीदा अभिनय से लगभग चार दशक तक दर्शकों के दिल पर राज करने वाले महान अभिनेता राजकुमार 3 जुलाई 1996 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

# पुनपुन नदी घाट पर पिंडदानियों का तांता

■ पितृपक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों को प्रथम पिंडदान ■ करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का केन्द्र

**औरंगाबाद,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। पितृपक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों को प्रथम पिंडदान अर्पित करने के लिए इन दिनों औरंगाबाद जिले के सिरिस स्थित पुनपुन नदी घाट पर पिंडदानियों का तांता लगा हुआ है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पुनपुन नदी को पितृ तर्पण की प्रथम वेदी के रूप में स्वीकार किया गया है। परंपरा के अनुसार पितृपक्ष के दौरान पितरों के मोक्ष दिलाने हेतु गया में पिंडदान के पूर्व पितृ-तर्पण की प्रथम वेदी के रूप में मशहूर पुनपुन नदी में प्रथम पिंडदान का विधान है।

पुराणों में वर्णित 'आदि गंगा पुनः पुनः' कहकर पुनपुन को आदि गंगा के रूप में महिमामंडित किया गया है और इसकी महत्ता सर्वविदित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस स्थल पर गयासुर राक्षस का चरण है। गयासुर राक्षस को वरदान प्राप्त था कि सर्वप्रथम उसके चरण की पूजा होगी। उसके बाद ही गया में पितरों को पिंडदान होगा। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर पिंडदान करने के बाद ही गया में किया गया पिंडदान पितरों को स्वीकार्य होता है।



सिरिस स्थित पुनपुन नदी के पिंडदान की प्रथम वेदी पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तरांचल, झारखंड, बिहार, राजस्थान आदि प्रान्तों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंच चुके हैं और अपने पितरों को पिंडदान अर्पित कर चुके हैं। पौराणिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होने के बावजूद इस स्थल पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा बिजली, पानी, सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा, धर्मशाला आदि की कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे सिरिस पुनपुन घाट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद यह देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का केन्द्र बना हुआ है। बहरहाल, आवश्यक सुविधाओं की कमी का दंश झेल रहे सिरिस पुनपुन नदी घाट के विकास की जरूरत महसूस की जा रही है। पौराणिक महत्व वाले इस स्थल के विकास से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, बल्कि सरकारी राजस्व में भी भारी वृद्धि होगी।

पुजारी कमलेश मिश्रा ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार इस पुनपुन घाट पर ही भगवान श्रीराम ने माता जानकी के साथ अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पहला पिंड का तर्पण किया थे, इसलिए इसे पिंड दान का प्रथम द्वार कहा जाता है। इसके बाद ही गया के फल्गु नदी तट पर पूरे विधि-विधान से तर्पण किया गया था।

प्राचीन काल से पहले पुनपुन नदी घाट पर पिंडदान तर्पण करने के बाद फिर गया के 52 वेदी पर पिंडदान तर्पण की परंपरा है तभी पितृपक्ष में पिंडदान को पूरा तर्पण संपन्न माना जाता है । यहां वर्ष भर में तीन बार पिंडदान किया जाता है लेकिन यह आश्विन माह वाला पिंड दान का विशेष महत्व है।

रायपुर, सोमवार 9 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## रोकना होगा इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध

लगभग पौने दो वर्षों से दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के रुकने का बेसब्री से इंतज़ार कर ही रही है, वहीं उसके सामने एक और बड़ी लड़ाई आकार लेती हुई नज़र आ रही है। फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा शनिवार के तड़के केवल 20 मिनटों में इजराइल पर पांच हजार रॉकेट दाग दिये गये। इससे इजराइल व गाजा पट्टी में 500 लोगों के मरने की खबर है, जिनमें 26 इजराइली सैनिक हैं। दक्षिणी इजराइल के बिर्शेबा नामक शहर में 750 इजराइली नागरिक घायल हुए हैं। अनेक बेहद गम्भीर है। इसका जवाब देते हुए इजराइल ने गाजा पट्टी के 17 फिलिस्तीनी मिलिट्री शिविरों और चार सेना मुख्यालयों पर बड़ा हमला बोल दिया। दक्षिणी लेबनान पर उसने बम बरसाए हैं। इससे करीब 200 फिलिस्तीनियों की मौत हुई तथा डेढ़ हजार से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ऐलान किया है कि 'उनका देश युद्ध में शरीक हो गया है।' अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के साथ यूरोपियन यूनियन ने इजराइल का समर्थन किया है। दूसरी तरफ ईरान ने हमास को इस हमले के लिये बधाई देते हुए उसे आश्वस्त किया है कि इजराइल के खिलाफ लड़ाई में वह फिलिस्तीन व यरूशलम की आजादी तक उसका साथ देगा।

अरब देशों के साथ इजराइल की लड़ाई का इतिहास करीब एक सदी पुराना है, यानी इजराइल को स्वतंत्र देश बनने के भी पहले से। अनेक बार इजराइल अपने मुस्लिम बहुल 8 पड़ोसी मुल्कों से उलझता रहा है जिस दौरान इनके बीच कई जंगें हो चुकी हैं। हालांकि 1978 के मध्य में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निमंत्रण पर तब के इजराइली पीएम मेनाकेम बेगिन एवं एक युद्धरत देश मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात के बीच कैंप डेविड में शांति समझौता हुआ था लेकिन अन्य देशों के साथ ऐसा कोई माहौल कभी नहीं बन पाया। इन देशों के साथ इजराइल के हुए अनेक छोटे-बड़े संघर्षों ने फिलिस्तीन को अपनी जमीन खोने पर मजबूर ही किया। जहां तक ताज़ा लड़ाई की बात है, तो इसके आसार इस साल के अप्रैल से बनने लगे थे जब इजराइली पुलिस ने अल अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंककर इसे अपवित्र किया था। इस धर्म स्थल पर दोनों (इजराइल-फिलिस्तीन) अपना हक जताते हैं। यहूदी इसकी पश्चिमी दीवार को यहूदी मंदिर का अंतिम अवशेष मानते हैं तो वहीं फिलिस्तीनियों की मान्यता है कि यह अल बराक मस्जिद की दीवार है। उनके लिहाज से मक्का व मदीना के बाद यह मुस्लिमों के लिये सबसे पवित्र स्थान है। 1970 के दशक में एक समझौता हुआ था कि गैर मुस्लिम यहां आ सकते हैं परन्तु वे कोई धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर सकेंगे। पिछले दिनों इसलिये विवाद भड़का क्योंकि यहां आकर कुछ यहूदियों ने पूजा करने की कोशिश की थी। हमास ने यह आक्रमण ऐसे दिन पर (शनिवार को) बोला जब यहूदियों का पवित्र त्यौहार सिमचैट टोरा मनाया जा रहा था। इजराइल इन दिनों अपने अंदरूनी विवादों में भी व्यस्त है। सरकार द्वारा न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती करने वाले कदमों के खिलाफ वहां जन आंदोलन जारी हैं। इतना ही नहीं, 6 अक्टूबर को 1973 के युद्ध की 50वीं वर्षगांठ भी थी।

वैसे तो युद्ध की स्थिति तक पहुंचने के कई कारण हैं लेकिन इसके सम्भावित परिणामों पर विचार किये जाने की आवश्यकता है। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध में नाटो के तहत जो तमाम पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं वे इजराइल के भी साथ हैं। इसके कारण एक बार फिर से दुनिया के देश ईसाई और मुस्लिम खेमों में बंट जायेंगे। ईसाई देशों का समर्थन स्वाभाविकत: इजराइल के साथ है तो वहीं मुस्लिम देश फिलिस्तीन के साथ हैं। इसमें भी जिस प्रकार से ईरान ने खुलकर हमास द्वारा किये गये हमलों का स्वागत किया है, अगर वह फिलिस्तीन के समर्थन में बाकायदे लड़ाई के मैदान में उतर आता है तो स्थिति विकट हो सकती है। तुर्किए भी फिलिस्तीन को समर्थन दे सकता है तो वहीं चीन का झुकाव भी फिलिस्तीन की ही ओर होगा। भारत ने इजराइल के साथ एकजुटता दिखलाई है। मध्य पूर्व के इन देशों के पास खतरनाक हथियारों के ज़खीरें हैं। स्वयं हमास, जिसकी गतिविधियां संचालित करने का केन्द्र गाजा पट्टी है, ड्रोन और रॉकेटों से हमले करने में सक्षम है।

यूक्रेन की लड़ाई बहुत लम्बे समय तक न चलने के अनुमान लगाए गए थे लेकिन अब इस लड़ाई को पौने दो वर्ष होने को आए हैं, तो भी कोई संकेत दिखलाई नहीं पड़ रहे हैं कि यह थमेगा। इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कैसा पड़ा है- यह सभी देख रहे हैं। ऐसे में अगर दुनिया को एक और युद्ध झेलना पड़े तो वह उसे झेल नहीं पाएगा। युद्ध केवल परस्पर विरोधी देशों के सैनिकों के बीच का ही मसला नहीं होता बल्कि इससे निर्दोष नागरिकों को ज्यादा तकलीफें उठानी पड़ती हैं। हमास के व इजराइली हमलों में जनसामान्य को जान-माल की हानि उठानी पड़ी है। हमास की अंधाधुंध फायरिंग में कई लोग मारे गये तथा महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें पैरों से रौंदा गया है। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। उनमें से कई जीवन भर के लिये अपाहिज हो सकते हैं या आजीवन शारीरिक तकलीफों से गुजरेंगे। विकास के लिये शांति ज़रूरी है और युद्ध विकास का अवरोध है। यह समग्र मानवता के खिलाफ है। युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं वरन अपने आप में समस्या है। दुनिया के सभी शांतिप्रिय देशों व नागरिकों को चाहिये कि वे इस लड़ाई को रुकवाएं। राष्ट्र संघ को तत्काल आवश्यक कदम उठाते हुए युद्धरत दोनों देशों को वार्ता की टेबल तक लाना चाहिये।

# इजराइल के समर्थन के बहाने देश में नफरत को बढ़ावा!

देश की सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा सिर्फ इजराइल का इकतरफा समर्थन ही नहीं कर रही है बल्कि इस बहाने देश में नफरत और विभाजन को और बढ़ावा भी दे रही है। उसने एक वीडियो जारी किया है। जिसमें वह घटनाओं को इस तरह दिखा रही है जिससे राजनीतिक रूप से कांग्रेस के खिलाफ माहौल बने और धार्मिक रूप से मुसलमानो के खिलाफ।

इजराइल के मामले में नेहरू से लेकर इन्दिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी की भी एक ही नीति थी कि इजराइल ने अरब देशों की जमीन पर अवैध कब्जा किया है जो उसे खाली करना होगा। अभी तक मोदी सरकार भी फिलिस्तीन का समर्थन करती थी। वहां के मामले में संतुलित रूख अपना रही थी।

मगर अब जातिगत जनगणना के बाद पिछड़ों में आए फिर से उभार के बाद उसने अचानक अपनी नीति बदल ली। प्रधानमंत्री मोदी ने खुल कर इजराइल का समर्थन कर दिया। और उनकी पार्टी भाजपा ने इसके बहाने मुस्लिम विरोध का नया अभियान शुरू कर दिया।

इजराइल-फिलिस्तीन समस्या अलग है मगर इसके बहाने भाजपा और दूसरे साम्प्रदायिक लोगों की राजनीति अलग। अन्ना हजारे के साथ झूठ का एक आन्दोलन चला भाजपा को सत्ता में लाने वाले कुमार विश्वास जैसे लोग अन्तरराष्ट्रीय स्थिति के बहाने सीधे भारतीय मुसलमानों पर सवाल उठाने लगे। आश्चर्यजनक रूप से ओबीसी की राजनीति कर रहे कुछ लेखक पत्रकार सोशल मीडिया के इनफ्लूएंसर (प्रभावित करने वाले) भी मुसलमानों को टारगेट करने लगे। यह लोग देवरिया में तो प्रेमचंद यादव के परिवार के साथ हैं। मगर दूसरी तरफ अडानी के भी, मणिपुर के मामले में सरकार की चुप्पी के भी, ब्रजभूषण शरण सिंह के भी और वहां इजराइल के साथ भी हैं।

जातिगत जनगणना करवाने की सबसे जोरदार मांग राहुल गांधी की थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उसे करवा भी दिया। जाहिर है यह ओबीसी के राजनीतिक सशक्तिकरण में सबसे ज्यादा फायदेमंद होगी। लेकिन फिलहाल तो ओबीसी के तथाकथित बुद्धिजीवी लोग- आएगा तो मोदी ही- का माहौल बनाने में लगे हुए हैं। उनके लिए मुसलमान से नफरत सबसे जरूरी चीज है। यही भाजपा के लिए भी है। इसलिए उसने महिला बिल में ओबीसी महिलाओं को जगह नहीं दी क्योंकि वह जानती है कि मुसलमान विरोध के चलते ओबीसी अपनी महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण पर ध्यान नहीं देगा। बल्कि इजराइल-फिलिस्तीनियों को कैसे मारे इस पर ही ध्यान लगा कर रखेगा।

नफरत और विभाजन की राजनीति ने देश में किस तरह जहर भर दिया है यह रोज-रोज नए -नए रूपों में सामने आ रहा है। मगर कोई सोचने वाला नहीं है। हर चीज को मुस्लिम विरोध की तरफ मोड़ दो यही सोच बना हुआ है। मगर यह समस्या का हल नहीं है। नफरत और विभाजन के जहर का प्रवाह आप नियंत्रित नहीं कर सकते।

अभी देवरिया में जो हुआ और उसके बाद जिस तरह जातीय विभाजन हुआ उसमें आप मुसलमान एंगल चाहकर भी नहीं जोड़ सकते। मणिपुर में बहुत कोशिश की मगर वहां कोई मुस्लिम एंगल नहीं है। ब्रजभूषण शरण सिंह के मामले में नहीं है। किसान आंदोलन में नहीं था। वास्तव में यह कहीं नहीं है। मगर मुसलमान के खिलाफ माहौल बनाकर 80 प्रतिशत लोगों को एक करने की राजनीति के लिए यह बनाया जाता है।



शकील अख्तर

**प्रेम, भाईचारे, मेल-मिलाप से ही इतनी विविधताओं वाला यह देश एक रहा है। आगे बढ़ा है। अभी जातिगत जनगणना में देखा कि कितनी जातियां हैं! याद रखना मुश्किल है। इनके बीच समानता बराबरी के अधिकार देने से ही बात बनेगी। देवरिया जैसा विभाजन करने से तो नहीं! अगर हर जगह राहुल के शब्दों में इतना केरोसिन नहीं छिड़का होता तो देविरया में और उसके बहाने पूरे प्रदेश और उसके बाहर भी जातिगत ध्रुवीकरण नहीं हो रहा होता।**

अब जब जातिगत जनगणना 80 बनाम 20 का झूठा नरेटिव (कहानी) तोड़ रही है तो इजराइल-फिलिस्तीन के बहाने फिर ओबीसी और दलितों को धर्म की राजनीति की तरफ खींचा जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी दलित आदिवासी मिलकर 84 प्रतिशत होते हैं। यह सच्चाई है। उन्होंने यह नहीं कहा कि यह 84 प्रतिशत किसी एक गठबंधन के साथ आएंगे। हां यह जरूर कहा कि अपनी आबादी के हिसाब से अपना हक लेंगे।

इसी बात ने भाजपा की सारी राजनीति को गड़बड़ा दिया। और वह सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को वापस धर्म के मैदान में खींचने में जुट गई। ताजा फिलिस्तीन-इजराइल युद्ध उसे इसके लिए बहुत मौजूं लगा। सरकार ने अपनी पुरानी सारी विदेश नीतियों को भूलते हुए अरब देशों का हमेशा पाकिस्तान के मामले में भारत का समर्थन भूलते हुए और यहां तक कि फिलिस्तीन के नेता यासेर अराफात को हर मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने को भूलते हुए इजराइल का समर्थन कर दिया। यह विदेश नीति नहीं है। घरेलू राजनिति में वोट का जुगाड़ है।

भारत का मुसलमान पिछले साढ़े 9 साल से यह सब देख और भुगत रहा है। अब तो लोकसभा के अंदर तक मुसलमानों को गालियां दी जा रही हैं। 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद सबसे पहले घर वापसी के नाम पर उन्माद फैलाया गया। फिर लव जिहाद लाया। और उसके बाद तो लीचिंग और खुल कर हमें मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए। केन्द्रीय मंत्रियों के कथन पाकिस्तान चले जाओ, गोली मारो, जुमे के दिन सड़कों पर कब्जा हो जाता है और प्रधानमंत्री तक के श्मशान-कब्रिस्तान, कपड़ों से पहचानो जैसे एक से बढ़कर एक साम्प्रदायिक बयान आने लगे। वोट और सिर्फ वोट! इसके लिए गिरने की कोई सीमा नहीं। न ही यह चिंता कि यह नफरत और विभाजन की राजनीति कहां जाकर रुकेगी। हिन्दू-मुसलमान कब तक चलेगा?

देवरिया में देख ही लिया कि जब चारों तरफ केरोसिन छिड़का हुआ था तो वहां किस तरह हत्याकांड हुए और उसके बाद तत्काल मामला जातिगत विभाजन में बदल गया। राहुल की मोहब्बत की दुकान का मतलब ही यही है कि नफरत का बाजार बंद करो। यह नफरतें तुम्हें कहीं नहीं ले जाएंगी। और यह बात तो रोहित वेमुला को आत्महत्या करने पर मजबूर करने, गुजरात में दलितों को नंगा करके खंबे से बांधकर पीटने, मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी के सिर पर पेशाब करने से लेकर देवरिया में एक पक्ष प्रेमचंद यादव के मकान पर नोटिस चिपकाकर उसे बुलडोजर चलाकर गिराने की कोशिशों से साबित हो ही गई कि यह नफरत केवल मुसलमान तक सीमित नहीं रहेगी। नफरत की आग सबको जलाएगी। अगर हिन्दू-मुसलमान की राजनीति नहीं रोकी तो जाति की राजनीति भी नहीं रुकेगी। अगर हिन्दू-मुसलमान में केवल फर्क ही बताते रहे तो फिर जातियों में क्या और कितना फर्क है यह रोक पाओगे?

प्रेम, भाईचारे, मेल-मिलाप से ही इतनी विविधताओं वाला यह देश एक रहा है। आगे बढ़ा है। अभी जातिगत जनगणना में देखा कि कितनी जातियां हैं! याद रखना मुश्किल है। इनके बीच समानता बराबरी के अधिकार देने से ही बात बनेगी। देवरिया जैसा विभाजन करने से तो नहीं! अगर हर जगह राहुल के शब्दों में इतना केरोसिन नहीं छिड़का होता तो देविरया में और उसके बहाने पूरे प्रदेश और उसके बाहर भी जातिगत ध्रुवीकरण नहीं हो रहा होता।

अभी भी समय है। मुसलमानों, यादवों, ब्राह्मणों, दलित आदिवासी, मणिपुर की पीड़ित महिलाओं किसी के खिलाफ भी नफरत फैलाने से बाज आओ। यह दुनिया नफरत से नहीं चल सकती। देश की राजनीति के लिए विदेश नीति को मत बदलो। वहां भारत का जो सम्मान है वह उसकी न्यायप्रियता के लिए है। वहां हम हमेशा कहते रहे हैं कि कितने फिलीस्तिनियों को मारा गया। हजारों तो बच्चे हैं।

पहली बार हमास ने हमला किया है इतना बड़ा। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार बहुत बुरा है। महिला की डिग्निटी चाहे जीवित या मृत किसी भी अवस्था में रखना चाहिए। नग्न इजराइली महिला के शव पर नारे लगाते हुए हमास के लोगों की जितनी निंदा की जाए कम है। मगर अफसोस यही होता है कि सही सोच समझ वाले सब ने उस वीडियो की निंदा की। मगर मणिपुर में महिलाओं के साथ नग्न परेड निकालते हुए हरकत करते हुए, पहलवान लड़कियों के साथ यौन दुर्व्यवहार के मामले जिसे अब कोर्ट में पुलिस ने भी मान लिया है, बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जमानत देने, स्वागत करने के मामले में वह लोग चुप रहे जो इजराइल के मामले पर बोल रहे हैं।

दो पैमाने भी यह पिछले साढ़े 9 साल की ही देन है। नहीं तो पहले देश की मानसिकता में इतना जहर नहीं भरा हुआ था। निर्भया के समय पूरा देश एक हो गया था। लेकिन अब भाजपा विधायक सेंगर के मामले से लेकर हाथरस महिला पहलवानों और मणिपुर की महिलाओं तक पीड़िताओं पर ही सवाल उठाए गए, उन्हीं पर जुल्म हुए और आरोपियों को समर्थन मिला।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज पर सियासत का अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों?

पिछले सप्ताह मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर दखल देने को लेकर दायर याचिकाओं की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यक्ष तौर पर हस्तक्षेप करने से मना कर दिया है। फ्री बीज मुद्दे (चुनाव से पहले की जाने वाली लोक लुभावनी घोषणाओं) पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा है कि 'राजनीतिक दलों को चुनावी वादे करने से नहीं रोक सकेते हैं।' चुनाव पूर्व सभी राजनीतिक दल चुनावी वादे करते हैं, जिस पर अदालतें रोक नहीं लगा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस मसले पर पहले तो राज्यों के हाईकोर्ट में याचिका लगाई जानी चाहिए थी। इसके बाद मामले को यहां तक आना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के मुख्यमंत्री कार्यालयों को पार्टी कार्यालय की तरह उपयोग किए जाने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री आवास सह कार्यालयों को 'मुख्यमंत्री ऑफिस-सीएमओ' की जगह 'राज्य सरकार कार्यालय' लिखें। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों के नवंबर-दिसंबर में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जमकर हो रही चुनावी घोषणाओं से सुप्रीम कोर्ट भी हरकत में आती दिखती है। याचिकाकर्ताओं के तर्क है कि हर बार सरकारें चुनावी घोषणाएं करती हैं, इससे अंतत: करदाताओं पर बोझ बढ़ता है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि चुनाव से पहले सरकार का लोगों को पैसे बांटना प्रताड़ित करने जैसा है। यह हर बार होता है और इसका भार टैक्स चुकाने वाली जनता यानि करदाताओं पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

ज्ञातव्य है कि इसके पहले भी याचिका में चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्री बीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की गई है। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों की मान्यता रद्द करनी चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्री बीज की परिभाषा तय करने की अपील की है। केंद्र ने कहा कि अगर फ्री बीज का बंटना जारी रहा तो यह देश को 'भविष्य की आर्थिक आपदा' की ओर ले जाएगा, लेकिन यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि क्या स्वयं केन्द्र सरकार भी यही नहीं कर रही है?

मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार अपनी कुल कर कमाई का 35 फीसदी हिस्सा फ्री बीज पर खर्च करते हैं। आरबीआई की 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्ट में सामने आया है कि मप्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य टैक्स की कुल कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा फ्री की योजनाओं पर खर्च कर देते हैं। पंजाब सरकार 35.4 फीसदी के साथ सूची में शीर्ष पर है। मप्र में यह हिस्सेदारी 28.8 फीसदी, राजस्थान में 8.6 फीसदी है। आंध्रप्रदेश अपनी आय का 30.3 फीसदी, झारखंड 26.7 फीसदी और बंगाल 23.8 फीसदी फ्री बीज के नाम कर रहे हैं। इसमें केरल 0.1 फीसदी हिस्सा फ्री बीज को देता है।

इससे सरकारों का बजट घाटा बढ़ता है, जिससे राज्य ज्यादा कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में आय का बड़ा हिस्सा ब्याज अदायगी में चला जाता है। पंजाब, तमिलनाडु और पं. बंगाल अपनी कमाई का 20 फीसदी, मप्र 10 फीसदी और हरियाणा 20 फीसदी से ज्यादा ब्याज भुगतान पर खर्च कर रहे हैं। राजस्थान, पंजाब, बंगाल में 35 फीसदी हिस्सा लुभावनी योजनाओं में खर्च हो रहा है। इस समय पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का 48 फीसदी, राजस्थान पर 40 फीसदी, मध्यप्रदेश पर 29 फीसदी तक कर्ज है, जबकि यह 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मप्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने पिछले सात सालों में करीब 1.39 लाख करोड़ की फ्री बीज दीं या घोषणाएं कीं है। पंजाब का घाटा 46 फीसदी बढ़ चुका है, और सबसे खराब स्थिति में है। पंजाब में बिजली सब्सिडी 1 साल में 50 फीसदी बढ़कर 20,200 करोड़ रूपए हो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्री बीज मुद्दे पर फैसले के लिए एक समिति गठित की जानी चाहिए। इसमें केंद्र, राज्य सरकारें, नीति आयोग, फाइनेंस कमीशन, चुनाव आयोग, आरबीआई, सीएजी, और राजनीतिक पार्टियां शामिल हों। इस मसले पर सुको कह चुका है कि 'गरीबों का पेट भरने की जरूरत है, लेकिन लोगों की भलाई के कामों को संतुलित रखने की भी जरूरत है, क्योंकि फ्री बीज की वजह से इकानॉमी पैसे गंवा रही है। हम इस बात से सहमत हैं कि फ्री बीज और वेलफेयर के बीच अंतर है।' कुछ लोगों का कहना है कि राजनीतिक पार्टियों को वोटर्स से वादे करने से नहीं रोका जा सकता, पर अब ये तय करना होगा कि फ्री बीज क्या है? क्या सबके लिए हेल्थकेयर, पीने के पानी की सुविधा...मनरेगा जैसी योजनाएं, जो जीवन को बेहतर बनाती हैं, क्या उन्हें फ्री बीज माना जा सकता है? कोर्ट ने इस मामले के सभी पक्षों से अपनी राय देने को कहा है।



डॉ. लखन चौधरी

**सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर सियासत या अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों लगाया जाता है? यह सवाल केन्द्र सरकार के लिए क्यों नहीं है? क्या केन्द्र सरकार मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज की सियासत नहीं कर रही है? यदि इन पर रोक लगाने की बात आती है, तो सबसे पहले केन्द्र सरकार पर रोक लगनी चाहिए, इसके बाद राज्य सरकारों की बारी आनी चाहिए।**

सुप्रीम कोर्ट केंद्र से पूछ चुका है कि इस मसले पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाते हैं? राजनीतिक दलों को ही इस पर सब कुछ तय करना है। सुनवाई के दौरान कहा कि कमेटी बनाई जा सकती है, लेकिन क्या कमेटी इसकी परिभाषा सही से तय कर पाएगी? इस केस में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस मसले पर चुनाव आयोग ने कहा कि फ्री स्कीम्स की परिभाषा आप ही तय करें। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्री बीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्री बीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट ही तय करे कि फ्री स्कीम्स क्या हैं और क्या नहीं। इसके बाद हम इसे लागू करेंगे।

इस मामले पर सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर सियासत या अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों लगाया जाता है? यह सवाल केन्द्र सरकार के लिए क्यों नहीं है? क्या केन्द्र सरकार मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज की सियासत नहीं कर रही है? यदि इन पर रोक लगाने की बात आती है, तो सबसे पहले केन्द्र सरकार पर रोक लगनी चाहिए, इसके बाद राज्य सरकारों की बारी आनी चाहिए।

## गुरवाणी विचार

### हरि जस रे मन गाये ले जो संगी है तेरो

जिनी ऐसा हरिनाम नूं चेतियो से काहै जग आये रामराजे।
ऐ मानस जनम दुर्लभ है, नाम बिना बिरथा सब जाये।
हुन वते हरिनाम नूं बीजियो-अगे भुखा किया खाये।
मनमुखा नूं फिर जनम है- नानक हरि भाये।।

यह शब्द भासा दी वार से लिया गया है। इसमें गुरु देव मानव मन को न केवल समझा रहे हैं बल्कि ताड़ना भी दे रहे हैं। हम इस संसार में हमारे किसी पूर्व जन्म के किए गए अच्छे सतकर्मों के कारण मानुष जनम प्राप्त हुआ है क्योंकि चौरासी लाख योनियों में मानव जनम सर्वश्रेष्ठ है, इसे पाने के लिए बड़े-बड़े देवतागण भी तरसते रहते हैं बिना मानुष जीवन पाए सिमरन, भजन, बंदगी भी नहीं हो सकती और जब हमें बड़े भाग से मानव योनि की प्राप्ति हो ही गई है तो फिर हमें चाहिए कि अपने सिरजनहार को हमेशा याद करते रहें इसे हम न बिसारें नहीं परन्तु यहां आकर हम सांसारिक नुमायमान पदार्थों के मोह में फंसकर उस असली कार्यों को भूल गए हैं जिसके लिए प्रभु परमात्मा ने हमें यहां भेजा है और हम हैं कि अपना कीमती जीवन ऐसे ही गंवा रहे हैं-

प्राणी तूं आयो लाहा लैन,
लगाकित कुफकड़े सब मुकट्टी चली रैन।।

इन पंक्तियों में गुरदेव फरमा रहे हैं कि ऐसे मनुष्य जो प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। वे इस संसार में आये ही क्यों? क्योंकि नाम सिमरन किए बिना यह जीवन व्यर्थ ही बीता जा रहा है। हमें मानव जीवन मिला ही इसलिए है कि हम अपना मानव जनम संवार सकें। जिसने इस जनम में हरिनाम का सिमरन नहीं किया उसका मानव जन्म पाना ही व्यर्थ है। जिस तरह एक किसान बीज ही नहीं बोना चाहता और फसल काटने की आस रखता है तो क्या वह फसल काट सकेगा। असंभव है। अतएव हमें मानव जनम को सार्थक बनाते हुए प्रभु सिमरन बंदगी में मन रमाए रखना चाहिए।

गुरवाणी द्वारा बार-बार इस बात को समझाया गया है कि-
हरि जस रे मन गाये ले जो संगी है तेरो।
अवसर बीतियो जात है, कहा मान लियो मेरो।।

हर वक्त प्रभु परमात्मा की सिमरन भक्ति में लगे रहो ऐसा न हो कि हमने सारी उमर यह अपनी मानवदेही जो हमें बड़े भाग्य से प्राप्त हुई है को ऐसे ही विषय विकारों में गवां दें फिर इतना पछताना पड़ेगा कि जिसका बयान ही नहीं किया जा सकता। इसीलिए हर वक्त प्रभु परमात्मा की भक्ति में लगे रहना चाहिए। फिर हमारी निंदा करने वाले लोग भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। निंदा करने वाले तो हमारा भला ही करते हैं। इससे हमारे पाप धुलते जाते हैं और निंदा करने वाले के खाते में चढ़ते जाते हैं तभी तो कबीर दास जी ने समझाया है कि-

निंदओ निंदओ मोको लोग निंदओ।
निंदा करे सो हमरा मीत-निंदक मोह हमारा चीत।
जन कबीर को निंदा सार,निंदक डूबा हम उतरे पारि।।

इन निंदकों के गले में यम की फांसी लटकती रहती है। इसलिए इंसान को प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। प्रभु सिमरन करते रहने से यमराज भी हमें सजा नहीं दे पाएंगे। तभी तो गुरवाणी में हमें समझाया गया है कि-

मेरे राय राय तूं संता का संत तेरे।
तेरे सेवक को भओ किछ नाहीं जम नहीं आवे नेड़े।।

जो ना भजते नरायणा-तिनका है न करौ दरसना। इसलिए इस संसार समुंद्र से पार उतर कर प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त करने का एक मात्र तरीका है प्रभु नाम सिमरन करते रहें। प्रभु हमें अपने लोक में जगह देते हैं जहां आनंद ही आनंद की अनुभूति हमें मिलती रहेगी।

चंगिआइयां बुरिआइयां वाचे धरम हदूर।
करमी आपो आपनी किया नेड़े किया दूर।।

जिस जिस ने भी प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन किया है वही उजले मुख से प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में गया है और उसी का मानव जीवन पाना सार्थक हुआ है। अतएव हर वक्त सिमरन भजन में हमें लगे रहना चाहिए तभी हम भवसागर से पार उतर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### कुदरत की मार से सहम उठा सिक्किम, बादल फटने से सिक्किम की तबाही

कहावत है कुदरत की लाठी में आवाज नही होती है, वो किस रूप में आती है इसका कोई जवाब नही है। सिक्किम में बादल फटने की घटना से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। सैन्य कैम्प तबाह हुआ है तथा जवानों और 82 लोग लापता हुए है। फंसे पर्यटकों को बचाया जा रहा है। दो घण्टे में उत्तर सिक्किम में पानी-पानी हो गया। ग्लोबल वार्मिंग के असर के कारण नमी के कारण बारिश का आना स्वाभाविक है। अखबार ग्लोबल वार्मिंग के लिए सरकार को हमेशा चेतावनी देते रहते हैं। जलवायु पर सरकार और अन्य देश बातचीत के दौरान तालियां पीटने के बाद हमेशा के लिए भुला दिया जाता है। मोदीजी ने जी-20 के दौरान जलवायु पर लम्बी बात की थी। आफत घेरने लगती है तब उपाय सुझाया जाता है लेकिन उस समय बहुत देर हो जाती है। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को दुनिया कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो ग्लेशियरों के पिघलने से आने वाले खतरे को हम नजरअंदाज कैसे कर सकते हैं। सैनिकों के लापता होने और गांव पानी के बहाव में बर्बाद होने के बाद प्रशासन राहत कार्य मे लग गया है। बाढ़ का अलर्ट जारी करने के बाद भी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। ग्लेशियरों के निचले इलाकों में बनी झीलें बड़ी आपदाएं ला सकती है। बादल फटने के बाद आई बाढ़ ने पूरे गांव को पानी में डूबो दिया। कुदरत के रौद्ररूप को हम नजरअंदाज कैसे कर सकते हैं। गंगटोक का देश के बाकी हिस्से से संपर्क टूटने की इस आपदा को निपटने में कई दिन लग जाएंगे। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। सड़कें पल पानी में बहने के बाद सरकार की परेशानियां बढ़ती गई है जो आहत हुए हैं उनके लिए सरकार मदद की राशि मुहैया करवाई जाए। अचानक आई बाढ़ ने लोगों को खतरे में डाल दिया है। चीन सीमा पर बादल फटने से तबाही मची हुई है। चीन का बॉर्डर होने के कारण सामरिक रूप से इलाका काफी अहम है और लापता सैनिकों की। युद्धस्तर पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। 120 लोग लापता हुए है जिसकी तलाश जारी है। केंद्र द्वारा एनडीआरएफ की टीम भेजी गई है। संदेश व्यवहार का आदान प्रदान रुक गया है। सिक्किम में स्कूलों की छुट्टियां घोषित की गई है। तीन हजार लोगों को एयरलिफ्ट कर बचाया जा चुका है। कुदरत के इस रूप से सिक्किम की हालत खराब हो गई है। सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा देकर उनकी मदद करे जिनका बाढ़ के बहाव में सब कुछ बह गया है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## इजराइल में 12 नेपाली नागरिक लापता : एनपी सऊद

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मामलों के मंत्री एनपी सऊद ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा गाजा पट्टी से इजरायल पर आक्रमण शुरू करने के बाद इजरायल में कम से कम 12 नेपाली नागरिक लापता हो गए हैं। उन्होंने संसद में एक बयान देते हुए कहा, ऐसा संदेह है कि उनमें से कुछ को मार दिया गया होगा। सऊद ने कहा, नेपाली नागरिकों के बारे में पता लगाने के लिए, हमने सभी राज्य तंत्रों को सक्रिय कर दिया है।



# अब हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल पर मोर्टार दागे

## हिजबुल्लाह ने हमास के हमले के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए दर्जनों रॉकेट और गोले दागने का दावा किया

**बेरूत,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने रविवार सुबह लेबनान सीमा के पास इजरायली सैन्य स्थलों पर मोर्टार दागे। उधर, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आतंकवादी समूह के हमले के मद्देनजर दक्षिणी इजरायल में लड़ाई जारी है। इजरायली मीडिया ने ये जानकारी दी।



टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने हमास के हमले के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए माउंट डोव क्षेत्र में तीन इजरायली ठिकानों पर दर्जनों रॉकेट और गोले दागने का दावा किया है। हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि ये हमला, फिलिस्तीनी प्रतिरोध के साथ एकजुटता के लिए था। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, दावा किया गया है कि इजरायली ठिकानों पर सीधा हमला किया गया।


सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए फुटेज में उस पल को दिखाया गया जब मोर्टारों में से एक ने सीमा पर इजरायली सैन्य स्थल पर हमला किया। इज़राइल रक्षा बलों ने किसी के घायल होने की सूचना नहीं दी है, और कहा कि उसने हिज़बुल्लाह बुनियादी ढांचे के खिलाफ ड्रोन हमले कर जवाब दिया है। एक सैन्य सूत्र के अनुसार, ड्रोन हमले में जिस स्थान को निशाना बनाया गया वह एक तंबू था जिसे आतंकवादी समूह ने महीनों पहले इजरायली क्षेत्र में स्थापित किया था। लेबनान में हताहतों के बारे में फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल ने कहा कि वह स्थिति को नियंत्रित करने और अधिक गंभीर होने से बचने के लिए दोनों पक्षों के संपर्क में है। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने इजरायल और फिलिस्तीनी समूहों के बीच पिछले दौर की लड़ाई में भाग नहीं लिया था, हालांकि इसने स्थानीय फिलिस्तीनी गुटों को दक्षिणी लेबनान में अपने क्षेत्र से बाहर काम करने की अनुमति दी थी।

## इजराइल-सऊदी समझौते को खत्म कर सकता है हमास को ईरान का समर्थन



**वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शीर्ष सैन्य सलाहकार ने कहा है कि तेहरान इजरायल के खिलाफ हमास के हमलों का समर्थन करता है और फिलिस्तीन और यरूशलेम की मुक्ति तक इस्लामी लड़ाकों का समर्थन जारी रहेगा। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के पूर्व कमांडर याह्या रहीम सफवी की टिप्पणी से यह संदेह पैदा होगा कि तेहरान ने सुनियोजित हमलों में अपने पारंपरिक सहयोगी हमास का समर्थन करने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई है। पोलिटिको ने बताया, रहीम सफ़वी और अन्य वरिष्ठ ईरानी नीति निर्माताओं के हस्तक्षेप को ईरान के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी सऊदी अरब द्वारा एक धमकी भरे संकेत के रूप में देखा जाएगा कि तेहरान रियाद को इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य करने से रोकने के लिए क्षेत्रीय संघर्ष को भड़काने के लिए तैयार है, जैसा कि अमेरिका चाहता है। हाल के हफ्तों में, ईरान के नेताओं ने इज़राइल और सऊदी अरब के बीच अमेरिका समर्थित प्रस्तावित समझौते का विरोध किया है। खामेनेई ने 3 अक्टूबर को कहा था कि इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का लक्ष्य रखने वाले देश एक बड़ा जोखिम उठा रहे हैं। ईरान से जुड़ा एक अन्य आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह भी हमास की हिंसा को सऊदी मेल-मिलाप से जोड़ता हुआ दिखाई दिया। उसने एक बयान में कहा कि यह हमला इज़राइल के निरंतर कब्जे के लिए एक निर्णायक प्रतिक्रिया और इज़राइल के साथ सामान्यीकरण चाहने वालों के लिए एक संदेश है।

## इजराइल के लड़ाकू विमानों ने हमास खुफिया प्रमुख को बनाया निशाना



**गाजा।** इजरायली वायु सेना का कहना है कि उसके लड़ाकू विमानों ने हमास आतंकवादी संगठन के खुफिया विभाग के प्रमुख के परिसर पर हमला किया है। शनिवार को हमास के फाइटरों के इजरायल में घुसने के बाद से इजरायली विमानों ने गाजा पट्टी के कई ठिकानों पर हमले किए हैं। फ़िलिस्तीनी अधिकारियों का कहना है कि 250 से अधिक लोग मारे गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा सिटी में लगातार धमाकों की आवाजें आ रही हैं। इज़राइल की सेना का कहना है कि उसके क्षेत्र के अंदर हमास के आतंकवादियों के साथ अभी भी आठ जगह लड़ाई चल रही है, हालांकि उसका दावा है कि उसने देश के दक्षिण में 22 स्थानों पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है। उधर हमास ने कहा, भीषण लड़ाई जारी है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 9 अक्टूबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष -अत्यधिक संवेदनशीलता के कारण किसी की बातें आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकती हैं। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय न लेना ही हितकर होगा।

वृषभ -आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन -आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आप थकान, चिंता एवं प्रसन्नता का मिला-जुला अनुभव करेंगे। निर्धारित काम को समय पर पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। धन के मामले में आपको नुकसान हो सकता है।

कर्क -आज आपका दिन हर प्रकार से आनंदित रहेगा। तन और मन दोनों दृष्टि से आप स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजन, स्नेहीजन एवं मित्रों से सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। उनकी ओर से उपहार मिलेंगे।

सिंह -आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा। स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे। चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। व्यर्थ के वाद-विवाद को टालें।

कन्या -आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। विविध क्षेत्रों से यश, कीर्ति तथा लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए आज का दिन शुभ है। मित्रों से लाभ होने के संकेत हैं। प्रियजनों के साथ मुलाकात आनंददायी रहेगी।

तुला -आज का दिन शुभफलदायी है। आपके घर तथा कार्यालय में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। गृहस्थ जीवन में माधुर्य छाया रहेगा।

वृश्चिक -आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे। व्यापार में बाधा खड़ी होगी। संतान से मतभेद रहेगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आज विरोधियों से वाद-विवाद न करें। अनावश्यक खर्च बढ़ेगा।

धनु -आज के दिन आपको अत्यंत सावधानी से रहने की सलाह दी जाती है। आज कोई भी नए काम एवं बीमारियों का उपचार शुरू ना करें। अत्यंत संवेदनशीलता के कारण आपकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। पानी से संभलकर चलें।

मकर -आपके विचार तथा व्यवहार में इमोशन बहुत अधिक रहेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ खुशी से समय व्यतीत कर सकेंगे। शारीरिक, मानसिक ताजगी का अनुभव होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। विविध स्रोतों से इनकम में वृद्धि होगी।

कुंभ -काम की सफलता के लिए आज शुभ दिन है। आज किए गए कामों की वजह से आप खुश रहेंगे। परिजनों के साथ वक्त अच्छा गुजरेगा। घर का वातावरण अच्छा रहेगा। तन-मन से प्रफुल्लित रहेंगे।

मीन -कल्पना के लोक में विचरण करना पसंद करेंगे। साहित्य लेखन में आपकी सृजनात्मकता प्रकट कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त कर सकेंगे। कामुकता रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका खुफिया जानकारी साझा करने सहित इजराइल का समर्थन करना रखेगा जारी

**वाशिंगटन,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गाजा में तनाव के बीच अमेरिका इजरायल को करीबी और गहरी खुफिया जानकारी साझा करना जारी रखेगा। अमेरिकी अधिकारी ने एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान शनिवार को कहा, हम इस महत्वपूर्ण समय के दौरान इज़राइल को करीबी, गहन खुफिया जानकारी साझा करने सहित सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। इजराइल पर शनिवार सुबह गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला हुआ। इज़रायली सेना ने कहा कि हमास ने 3,000 से अधिक रॉकेट दागे, साथ ही कहा कि दर्जनों हमास सैनिकों ने दक्षिणी इज़राइल में सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की। तब से इज़रायली सेना ने फ़िलिस्तीनी बलों से दक्षिणी क्षेत्रों पर कब्ज़ा करने के लिए सेनाएँ भेज दी हैं। इज़रायली मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि फ़िलिस्तीनी-इज़राइली संघर्ष के बढ़ने के परिणामस्वरूप इज़रायल में 300 से अधिक लोग मारे गए और 1,500 से अधिक अन्य घायल हो गए। वहीं, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में 195 से अधिक लोग मारे गए हैं और 1,600 से अधिक घायल हुए हैं।

## भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन युद्ध में भारत को अमेरिका से हाथ मिलाने पर दिया जोर

**वाशिंगटन,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी सांसद यूक्रेन को सैन्य सहायता के मुद्दे पर बंटे हुए हैं, लेकिन वे रूस के साथ अपने लंबे और ऐतिहासिक संबंधों के बजाय भारत को अमेरिका के साथ जुड़ने के आह्वान पर कुछ हद तक एकजुट हैं। प्रतिनिधि सभा के चार भारतीय-अमेरिकी सदस्यों में से एक रो खन्ना ने मार्च 2022 में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस या पुतिन की तुलना में नियंत्रण रेखा पर चीनी आक्रामकता के खिलाफ कहीं अधिक खड़ा होगा और हमें वास्तव में भारत पर दबाव डालने की जरूरत है कि वह रक्षा सौदों के लिए रूस पर निर्भर न रहे और यूक्रेन में पुतिन की आक्रामकता की निंदा करने के लिए तैयार रहे जैसे हम नियंत्रण रेखा से परे चीनी आक्रामकता की निंदा करते हैं। तब से भारत ने यूक्रेन के सभी चुनावों में भाग नहीं लिया है। एक अन्य भारतीय-अमेरिकी सांसद अमी बेरा अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रतिबंधों की अनदेखी कर भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से निराश थे। उन्होंने एक बयान में कहा, इससे भी बुरी बात यह है कि भारत अब अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार कर भारी रियायती दर पर रूसी तेल खरीदना चाह रहा है, जिससे संभावित रूप से पुतिन को ऐसे समय में आर्थिक जीवनदान मिलेगा जब रूसी अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से जूझ रही है। सभी पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा की है और यूक्रेन को अपनी रक्षा में मदद करने के लिए सैन्य सहायता का समर्थन किया है।



■ **सभी पांच भारतीय अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा की**

# नेपाल, भारत ने सुरक्षा और सैन्य मुद्दों पर की चर्चा

**काठमांडू,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुरक्षा मुद्दों पर नेपाल-भारत द्विपक्षीय सलाहकार समूह (बीसीजीएसआई) की 15वीं बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।




काठमांडू में भारतीय दूतावास ने कहा कि चर्चा में आपसी सुरक्षा, रक्षा आपूर्ति, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, संयुक्त सैन्य अभ्यास और दौरों सहित आदान-प्रदान से संबंधित कई मुद्दे शामिल हैं। नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (दक्षिण एशिया) भृगु धुंगाना ने किया और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (उत्तर) अनुराग श्रीवास्तव ने किया।

प्रतिनिधिमंडल में संबंधित रक्षा, विदेशी मामलों और गृह मामलों के मंत्रालयों और भारतीय सेना तथा नेपाली सेना के निदेशालयों के अधिकारी शामिल थे।

वर्ष 2003 में स्थापित बीसीजीएसआई द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण संस्थागत तंत्र है। इसी तरह, श्रीवास्तव ने शनिवार को भारतीय अनुदान सहायता से नेपाल में शुरू की गई तराई सड़क परियोजनाओं पर 5वीं संयुक्त परियोजना निगरानी समिति की बैठक की भी सह-अध्यक्षता की। नेपाल सरकार के भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव अर्जुन जंग थापा ने नेपाली पक्ष का नेतृत्व किया था। भारतीय दूतावास ने कहा कि दोनों पक्षों ने नोट किया कि परियोजना संतोषजनक ढंग से पूरी हो गई है। इसमें कहा गया कि इस बात पर भी सहमति हुई कि नेपाल सरकार द्वारा परियोजना को अपने हाथ में लेने की औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी की जाएंगी।

## राजनाथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए इटली फ्रांस का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 से 12 अक्टूबर तक इटली और फ्रांस का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। अपने दो देशों की यात्रा के पहले चरण के दौरान राजनाथ सिंह का रोम में इटली के रक्षा मंत्री गुइदो क्रिसेटो से मुलाकात का कार्यक्रम है। मंत्रालय ने कहा कि मार्च में इटली के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान भारत और इटली के बीच संबंध साझेदारी तक बढ़ गए थे। दूसरे और अंतिम चरण के दौरान सिंह पेरिस में अपने समकक्ष, फ्रांसीसी सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वें वार्षिक रक्षा वार्ता का संचालन करेंगे। भारत और फ्रांस ने हाल ही में 25वें साल का जश्न मनाया। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक और व्यापक रक्षा संबंध हैं, जिनमें महत्वपूर्ण औद्योगिक सहयोग भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि रोम और पेरिस के स्थानों पर रक्षा मंत्री औद्योगिक सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए रक्षा उद्योग के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेंगे।



## आज का इतिहास

1876 - पहली बार टेलीफ़ोन पर आउट वायर के जरिए दो तरफा बातचीत हुई थी।

1947 में चलती हुई कार और प्लेन में बैठे दो लोगों ने बातचीत की।

1959 में ऑटोरिक्शा और प्लेन में चलते हुए लोगों ने बात की।

1962 - अफ्रीकी देश युगांडा गणतंत्र बना।

1967 - अर्जेंटीना के प्रसिद्ध मार्क्सवादी क्रांतिकारी चे ग्वेरा की हत्या।

1997 - इटली के अभिनेता और लेखक डारियो फो को साहित्य का नोबल पुरस्कार दिया गया।

1998 - पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने इस्लामी शरीयत क़ानून को देश के सर्वाच्च क़ानून के रूप में अनुमोदित किया।

2002 - वर्ष 2002 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के रैमण्ड डेविस और जापान के कोषिबा को संयुक्त रूप से देने की घोषणा की गई।

2005 - यूरोपीय उपग्रह %क्रायोसेट% का प्रक्षेपण विफल।

2006 - गूगल ने यू-ट्यूब के अधिग्रहण की घोषणा की। उत्तर कोरिया ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।

2007 - चीन ने भारत पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया।

2008 - केन्द्र सरकार ने तेल को माफ़िया से बचाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई।

2012 - लड़कियों की शिक्षा के प्रचार में अहम भूमिका अदा करने वाली मलाला को स्कूल जाते वक्त तालिबान ने समय गोली मारी।

**जांच** महादेव गेमिंग ऐप मनी लॉन्ड्रिंग मामला में कसता शिकंजा

# ईडी की जांच के दायरे में 30 से ज्यादा सितारे

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। महादेव ऑनलाइन बुक (एमओबी) मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई मशहूर हस्तियों सहित 30 से ज्यादा बॉलीवुड स्टार्स की पहचान की है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में और इस साल फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात में कंपनी प्रमोटरों के दो इवेंट्स में हिस्सा लिया था।

ईडी के सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने एमओबी के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को नए समन जारी किए, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हैं, उसी दिन उन्होंने कॉमेडियन कपिल शर्मा, अभिनेत्री हुमा कुरेशी और हीना खान को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। ईडी ने बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को भी पूछताछ के लिए बुलाया है।

सूत्र ने कहा कि बॉलीवुड, टेलीविजन इंडस्ट्री और साउथ फिल्म इंडस्ट्री सहित 30 से ज्यादा मशहूर हस्तियों को गवाह के रूप में अपना बयान दर्ज करने के लिए तलब किए जाने की संभावना है।

सूत्र ने कहा कि उनमें से कई लोग पिछले साल सितंबर में एमओबी की सक्सेस पार्टी में शामिल हुए थे, जबकि कई अन्य इस साल फरवरी में दुबई में चंद्राकर की शादी की पार्टी में शामिल हुए थे।



■ **संयुक्त अरब अमीरात में कंपनी प्रमोटरों के दो इवेंट्स में लिया था हिस्सा**

सूत्र ने बताया कि इन हस्तियों से सितंबर 2022 में दुबई के एक होटल में आयोजित इवेंट में शामिल होने के बदले उन्हें दिए गए कथित भुगतान के बारे में पूछा जाएगा।

सूत्र ने कहा कि यूएई में एमओबी के इवेंट्स में भाग लेने वाले मशहूर हस्तियों के बयान दर्ज करने के बाद, एजेंसी यह तय करने के लिए उनके दावों को वेरिफाई करेगी कि उन्हें उनके खिलाफ आगे बढ़ने की जरूरत है या नहीं।

सूत्र ने कहा कि एजेंसी ने जांच के दौरान तीन से चार मशहूर हस्तियों के समूह की पहचान की है जो इवेंट्स में भाग ले रहे थे, अपने मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन को प्रोमोट कर रहे थे और अपने प्रोडक्ट का प्रचार भी कर रहे थे।

सूत्र ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी को पिछले महीने की गई तलाशी के दौरान होटल्स की पेमेंट्स और ट्रांसपोर्ट डिटेल्स मिली थी।

आरोप है कि एमओबी ने दुबई में मैरिज सेरेमनी प्रोग्राम पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें परिवार के सदस्यों को नागपुर से संयुक्त अरब अमीरात तक ले जाने के लिए प्राइवेट जेट किराए पर लिए गए।

## सुडोकू 6341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6341

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. अनुशंसा (उर्दू)
३. कोंपल, नवपल्लव
५. गर्भ (उर्दू)
६. रसीला
७. किसी पद पर बने रहने या काम करने का समय
८. पक्षपात (उर्दू)
१३. अच्छा-बुरा
१५. हिंसक पशु (उर्दू)
१६. तकलीफ, झंझट (उर्दू)
१७. भेद, फर्क, फासला
१८. अनुचर, नौकर, खिदमतगार
२०. देखने योग्य
२२. पथिक, बटोली (उर्दू)
२३. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजनीति (उर्दू)
२. रईस की हुकूमत, छोटा राज्य (उर्दू)
३. बच्चों या बंदरों के मुंह से निकलने वाली एक तरह की आवाज
४. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जाने वाली चुनौती
५. शपथ (उर्दू)
९. श्रृंगार रस, पारा
१०. विदेश (उर्दू)
११. स्वयं, निज (उर्दू)
१२. चीरने वाला धारा के मध्य में स्थित वृक्ष या चट्टान
१४. आय (उर्दू)
१७. अंधकार
१९. वाणी, वाद्य
२०. द्वार, दरवाजा
२१. कीर्ति

### वर्ग पहेली-6340

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ शु | भा | २ रं | भ | ■ | ■ | 3 ह | ड्डा | ४ क | ड्डा |
| भ | ■ | च | ■ | ५ प्र | णा | म | ■ | रा | ■ |
| ६ प्र | ति | मा | ■ | मा | ■ | ७ रा | ज | धा | नी |
| द | ■ | ८ त्र | ९ यो | द | शा | ह | ■ | न | ■ |
| ■ | १० बि | ■ | गा | ■ | ■ | ■ | ११ सु | ■ | १२ रो |
| १३ का | रा | वा | स | ■ | १४ मु | ■ | १५ धा | र | क |
| ■ | द | ■ | १६ न | फ | र | त | ■ | ■ | था |
| १७ कु | री | ति | ■ | ■ | लि | ■ | १८ कु | १९ सु | म |
| श | ■ | ■ | २० से | वा | का | २१ ल | ■ | ब | ■ |
| २२ ल | ड्डू | हो | ना | ■ | ■ | २३ त | ल | ह | टी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### कनाडा की मौसम सेवा ने जारी की दिवाली की एडवाइजरी

**टोरंटो,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने दिवाली की आतिशबाजी के कारण पिछले अक्टूबर में खराब हुई वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए इस साल एक एडवाइजरी जारी की है। कनाडाई प्रेस द्वारा प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, पर्यावरण कनाडा ने दो मौसम विज्ञानियों की चेतावनी के बावजूद सलाह प्रकाशित की, इसमें कहा गया कि इसे भेदभावपूर्ण माना जा सकता है। गौरतलब है कि एडवाइजरी प्रकाशित करने की प्रक्रिया नवंबर 2021 के दिवाली समारोह के बाद शुरू हुई, जब एक वायु गुणवत्ता मॉनिटर ने ब्रैम्पटन और मिसिसॉगा सहित ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के कुछ हिस्सों में वायु प्रदूषण में एक वृद्धि देखी और इसके कारण में आतिशबाजी सामने आई। अक्टूबर 2022 में दिवाली से चार दिन पहले चेतावनी जारी करने की चर्चा शुरू हो गई नेशनल पोस्ट अखबार ने कनाडाई प्रेस का हवाला देते हुए बताया कि मौसम विज्ञानियों ने कहा कि चेतावनी जारी करने का कोई भी निर्णय मौसम संबंधी स्थितियों पर आधारित होना चाहिए, न कि केवल इस तथ्य पर कि दिवाली हो रही है।

# खेल जगत

## नीदरलैंड के खिलाफ विलियमसन बाहर, फर्ग्यूसन-साउथी के फिट होने की संभावना

**हैदराबाद,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन सोमवार को नीदरलैंड के खिलाफ विश्व कप-2023 मैच में नहीं खेलेंगे। विश्व कप-2023 के छठे मैच में न्यूजीलैंड का सामना नीदरलैंड से सोमवार को होगा। इससे पहले, न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने जो अपडेट दिया है वो शायद न्यूजीलैंड क्रिकेट फैंस को निराश कर सकता है। टीम के नियमित कप्तान केन विलियमसन नीदरलैंड के खिलाफ मैच में भी नहीं खेलेंगे। कोच ने कहा, केन बहुत अच्छी प्रगति कर रहे हैं। हालांकि, मुझे लगता है कि फील्डिंग के दौरान उन्हें थोड़ी दिक्कत आ सकती है। मगर वह जल्द प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे। 33 वर्षीय विलियमसन इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में अनुपस्थित थे और अब 13 अक्टूबर को चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड के तीसरे मैच के दौरान वापसी करने का लक्ष्य बना रहे हैं। जहां विलियमसन पूरी फिटनेस हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं।



## जडेजा-कुलदीप ने स्पिन का जाल बुन कर ऑस्ट्रेलिया को 199 रन समेटा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





■ ऑस्ट्रेलिया का एक भी बल्लेबाज अर्द्धशतक तक नहीं जड़ पाया
■ भारत को जीत के लिए मिला 200 रन का लक्ष्य

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के लेग स्पिनर रवींद्र जडेजा (3/28), लेग स्पिनर कुलदीप यादव (2/42) और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (1/34) की त्रिमूर्ति द्वारा मिल कर बुने स्पिन के जाल तथा अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (2/35) की गेंद से रफ्तार के साथ दिखाई धार की बदौलत मेजबान भारत ने पांच बार चैंपियन रहे ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी वन क्रिकेट विश्व कप के अपने पहले मैच में रविवार को चेन्नै में 49.3 ओवर में 199 रन पर समेट दिया। भारतीय गेंदबाजों ने गेंदबाजी इकाई के रूप में चेपॉक की पिच पर बेहतरीन प्रदर्श किया।

चेन्नै सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में लंबे समय खेलने वाले रवींद्र जडेजा ने अपने दूसरे घर' चेन्नै के चेपॉक मैदान पर उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन किया। रवींद्र जडेजा ने तीनों विकेट 21 से 30 वें ओवर के बीच चटकाए। ऑस्ट्रेलिया का एक भी बल्लेबाज अर्द्धशतक तक नहीं जड़ पाया और उसके लिए गेंदबाजी करने वाले सभी छहों गेंदबाजों ने विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ((46 रन, 71 गेंद, पांच चौके) और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (41 रन, 52 गेंद, छह चौके) अर्द्धशतक तक पहुंचे। भारत हार्दिक पांडया (1/28) ने एडम जम्पा (6) को मिड ऑफ पर विराट कोहली के हाथों कैच करा पहली कामयाबी पाई और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 189 कर दिया। मोहम्मद सिराज ने अपने सातवें और पारी के 50 वें व अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर मिचेल स्टार्क ( 28 रन, 35 गेंद, एक छक्का और दो चौके) श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कर ऑस्ट्रेलिया की पारी समेटी। ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का पहला छक्का कुलदीप यादव के दसवें और पारी के 40 वें ओवर में कप्तान पैट कमिंस ने डीप स्कवॉयर लेग के उपर से उड़ा कर लगाया हालांकि अगली ही गेंद को कमिंस ने कट करने की कोशिश लेकिन पहली स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा इसे लपकने से चूक गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का दूसरा छक्का मिचेल स्टार्क ने जसप्रीत बुमराह के आखिरी और पारी के 47 ओवर में उनकी गेंद को लॉन्ग ऑन के उपर से उड़ा लगाया।

भारत की स्पिन त्रिमूर्ति -जडेजा, कुलदीप यादव और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की तारीफ करनी होगी कि जिन्होंने शुरू से रफ्तार के साथ धार भी दिखा सही वक्त पर विकेट चटकाए ही उसके बल्लेबाजों को स्ट्राइक %रोटेट' करने और एक-एक और दो रन भी नहीं दौडने् दिए। रवींद्र जडेजा ने सबसे पहले अपने पांचवें ओवर में जम कर खेल रहे स्टीव स्मिथ और अगले ओवर में मरनस लबुशेन(27 रन,41 गेंद, एक चौका) और अलेक्स कैरी (0) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट मात्र 9 रन पर निकाल कर बीच के ओवर में ऑस्ट्रेलिया की पारी ऐसी बिखेरी की वह संभल ही नहीं पाई। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने पहले स्पैल में जम कर खेल रहे डेविड वॉर्नर को अपनी ही गेंद लपका और अपने दूसरे स्पैल में खतरनाक ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ((15 ) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 140 कर उसकी संघर्ष की रही सही उम्मीद भी खत्म कर दी।

भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने बीच के ओवर में स्पिन का ऐसा जाल बुना की ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ जैसे स्पिन के माहिर बल्लेबाज भी उसमें उलझ कर रह गए। कुलदीप ने सही वक्त पर डेविड वॉर्नर को रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बीच के ओवर में पूरी तरह बांध दिया। डेविड वॉर्नर ने पारी के 17 और कुलदीप यादव के तीसरे ओवर की तीसरी गेंद को टर्न के लिए खेले और गेंद ऑफ स्टंप पर गिर बाहर की ओर निकली और उसे ड्राइव करने की कोशिश की और गेंद उनके बल्ले की जद को लेकर उछली और खुद कुलदीप ने कैच लपक उनकी और स्मिथ की खतरनाक होती दूसरे विकेट की 68 रन की भागीदारी को तोड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने ड्रिंक ब्रेक के बाद लंगर डाल कर खेल रहे स्पिन के माहिर स्टीव स्मिथ को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 28 वें ओवर में 110 कर दिया। जडेजा की यह गेंद मिडल ऑफ स्टंप पर पड़ तेजी से घूमी और स्मिथ का ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इस पर वह हैरान से अपना विकेट और गिल्लियां उड़ते देख रह गए। जडेजा ने अपनी पहली कामयाबी अपने पांचवें ओवर में हासिल की। स्मिथ ने आउट होने से पहले लबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन की भागीदारी की। जडेजा की गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर जरा घूमी और लबुशेन ने इसे स्वीप करने की कोशिश की और गेंद उनके बल्ले का हल्का सा किनारा लेकर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों में जा पहुंची और ऑस्ट्रेलिया ने चौथा विकेट 119 रन पर खोया। जडेजा ने दो गेंद बाद ही अलेक्स कैरी(0) एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया। ऑस्ट्रेलिया 30 ओवर में पांच विकेट 119 रन पर गंवा कर गहरे संकट में फंस गया। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के दूसरे स्पैल में उनकी गेंद को बैकफुट पर जाकर कट करने की कोशिश में ग्लेन मैक्सवेल(15 रन, 25 गेंद, एक चौका) बोल्ड हो गए और ऑस्ट्रेलिया ने छठा विकेट 140 रन पर खो दिया। ऑस्ट्रेलिया अगले ओवर में अपने स्कोर बिना कोई रन जोड़े कैमरून ग्रीन (8) का भी विकेट गंवा दिया। चेन्नै में अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कैमरून ग्रीन (8) को बैकवर्ड पाइंट पर उपकप्तान हार्दिक पांडया के हाथों कैच कराया।

## 40 साल बाद मुंबई में होगा आईओसी सत्र



**नई दिल्ली,** 8 अक्तूबर (एजेंसियां)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई 15 से 17 अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र की मेजबानी करेगी। इसे ओलंपिक खेलों को भारत लाने के प्रयासों से जोड़ कर देखा जा रहा है।

आईओसी सत्र, ओलंपिक खेलों पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च बॉडी है। जिसमें ओलंपिक चार्टर को अपनाना या संशोधित करना, आईओसी सदस्यों और पदाधिकारियों का चुनाव करना और ओलंपिक के मेजबान शहर का चुनाव शामिल है। जैसे क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने की चर्चा जोरों पर है और अगर इसे 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल करने का फैसला होता है, तो इसकी घोषणा मुंबई के आईओसी सत्र में ही होगी। इस सत्र के दौरान भारत आने वाली दुनिया की जानी मानी खेल हस्तियों में इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के प्रेसिडेंट थॉमस बाख, फुटबॉल की दुनिया की सबसे बड़ी संस्था, फीफा के प्रेसिडेंट जियानी इन्फैनटिनो, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन के प्रेसिडेंट सेबस्टियन को, मोनाको के राजकुमार अल्बर्ट द्वितीय और पोल वॉल्ट चैंपियन येलेना इसिनबायेवा इस लिस्ट में शामिल हैं। पिछले वर्ष फरवरी में नीता अंबानी जब बीजिंग में ओलंपिक सत्र की मेजबानी के लिए बिडिंग कर रही थी तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि भारत के पक्ष में इतनी जबर्दस्त वोटिंग होगी। इस वोटिंग में कुल 76 वोटों में से 75 भारत को मिले।

आईओसी की पहली भारतीय निजी महिला सदस्य नीता अंबानी ने कहा था, खेल हमेशा दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए आशा और प्रेरणा का प्रतीक रहा है। हम आज दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक हैं और मैं भारत के युवाओं को ओलंपिक के जादू रूबरू कराने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। आने वाले वर्षों में भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना हमारा सपना है!

इससे पहले 1983 में नयी दिल्ली ने आईओसी सत्र के 86वें संस्करण की मेजबानी की थी। ओलंपिक भारत आए, इसकी उम्मीद में खिलाड़ियों की कई पुश्तें बीत गईं, लेकिन ओलंपिक भारत में आयोजित नहीं हो सका। वजह थी कि ओलंपिक कमेटी में भारत के लिए आवाज उठाने वाला कोई निजी सदस्य नहीं था। छह वर्ष पहले नीता अंबानी आईओसी की पहली भारतीय निजी महिला सदस्य बनीं। उनकी मेहनत रंग लाई और 141वें आईओसी सत्र की मेजबानी भारत को सौंप दी गई। नीता अंबानी भारत के खेल जगत कि तस्वीर बदल रहीं हैं। आज दो करोड़ 15 लाख से अधिक युवा खिलाड़ी उनकी खेल योजनाओं से जुड़े हैं। खेल जगत में की गई उनकी अनोखी पहल का फायदा एशियाई खेलों में देखने को मिला। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में से 10 फीसद से अधिक रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े हैं।

## पेनल्टी कॉर्नर में फ्लॉप शो भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए बनी मुसीबत



हांगझोऊ, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय महिला हॉकी टीम हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों से कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटी। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर में टीम की नाकामी और कमजोरी की चर्चा तेज हो गई है। टीम न केवल बड़ी संख्या में अर्जित पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में विफल रही, बल्कि उसने पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से कुछ गोल भी खाए। एशियाई खेलों में खेले गए छह मैचों में, भारत ने 69 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और 23.18 प्रतिशत की सफलता दर के साथ उनमें से 16 को गोल में बदलने में सफल रही। कुल मिलाकर भारत ने हांगझोऊ में खेले गए छह मैचों में 35 गोल किए। जिनमें से 17 फील्ड गोल, 16 पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से और दो पेनल्टी शॉर्ट के जरिए।

इसकी तुलना में स्वर्ण पदक विजेता चीन ने 77 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और उनमें से 20 को लगभग 26 प्रतिशत की थोड़ी बेहतर सफलता दर के लिए परिवर्तित किया। भारत के लिए मेजबान चीन के खिलाफ सेमीफाइनल में समस्या और बढ़ गई जब उसने छह पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन किसी को भी भुना नहीं सका। जापान के खिलाफ कांस्य पदक मैच में भारत को केवल एक के मुकाबले 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच जेनेके शॉपमैन ने स्वीकार किया कि पेनल्टी कॉर्नर को गोल में न बदलना चिंता का विषय है, लेकिन उन्होंने कहा कि महिलाओं की हॉकी में भारतीयों की सफलता अंतर्राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा दूर नहीं है। भारतीय महिला हॉकी टीम 19वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने और अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने की बड़ी उम्मीदों के साथ पहुंची थी। हालांकि, खिलाड़ियों के सपने साकार नहीं हुए और उन्हें कांस्य पदक के साथ घर लौटना पड़ा।

## दीप ग्रेस एक्का के लिए 50 लाख रुपये नकद पुरस्कार का ऐलान



भुवनेश्वर, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को चीन के हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य और हॉकी स्टार दीप ग्रेस एक्का को 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने एक्का के उल्लेखनीय प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए उन्हें राज्य के युवाओं के लिए रोल मॉडल बताते हुए हार्दिक बधाई दी।

पटनायक ने रविवार को कहा, दीप ग्रेस एक्का देश में महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए आशा और गर्व का प्रतीक बन गई हैं। दीप ने कुछ आश्चर्यजनक प्रदर्शनों के साथ अपनी दृढ़ता साबित की है और मुझे यकीन है कि वह भारत को गौरवान्वित करना जारी रखेगी और दृढ़ता और उत्कृष्टता की भावना का प्रदर्शन करेगी, जो वह प्रदर्शित कर रही है। सुंदरगढ़ जिले के लुलकिडीही गांव की रहने वाली 28 वर्षीय हॉकी स्टार ने 2011 में अर्जेंटीना में चार देशों के टूर्नामेंट के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। उन्होंने 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरे कर लिए हैं। वह रियो ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं।

वह उस टीम का भी अभिन्न हिस्सा थीं, जिसने महिला एशिया कप 2013 में कांस्य पदक, 2016 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण, 2017 में एशिया कप में स्वर्ण, 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 18वें एशियाई खेलों में रजत पदक, जकार्ता-पालेमबांग और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। शीर्ष डिफेंडर ने 2022 में स्पेन में उद्घाटन एफआईएच महिला राष्ट्र कप में भारत की स्वर्ण पदक जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी ने जीता कांस्य



स्पोकेन (अमेरिका), 8 अक्टूबर (आईएएनएस)। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी ने अपना अभियान और शानदार प्रदर्शन रविवार को कांस्य पदक के साथ समाप्त किया।

एक करीबी मुकाबले में आयुष का सामना टूर्नामेंट के चौथे वरीय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से हुआ। पहले गेम में भारतीय और उनके प्रतिद्वंद्वी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और स्कोर 16-16 से बराबर रहा। हालांकि, अंतिम क्षणों में उनके प्रतिद्वंद्वी ने बढ़त हासिल कर ली और आयुष 18-21 के स्कोर के साथ गेम हार गए। आयुष बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले 10वें भारतीय और ऐसा करने वाले 8वें पुरुष एकल शटलर बने।

भारत ने प्रतियोगिता में 11 पदक जीते हैं, जिसमें साइना नेहवाल ने क्रमश: 2006 और 2008 में रजत और स्वर्ण पदक का योगदान दिया था। भारत के एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने 2022 में स्पेन में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में पुरुष एकल में रजत पदक जीता था।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट हराया



**ब्रिस्बेन** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज की महिला टीम को रिकार्ड 83 रनों पर ढ़ेर करने के बाद एकतरफा अंदाज में 14.5 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान अलिसा हीली 36 गेंदों में 38 रन और उनकी साथी ओपनर फ़ीबी लिचफ़ील्ड 16 ने अच्छी शुरुआत की। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के 10.1 ओवर में 57 रन बनाये। हीली को फ्रेजर ने विलियम्स के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद दूसरे विकेट के रूप में फ़ीबी लिचफ़ील्ड को रामहैरक की गेंद पर कैंपबेल ने कैच आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एलिस पेरी ने 13 गेंदों पर नाबाद 20 रनों तथा बेथ मूनी नाबाद छह रन ने ऑस्ट्रेलिया को 15 ओवर में टीम का स्कोर 87 रन कर उसे जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने 121 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीता है।

वेस्टइंडजी की ओर फ्रेजर और रामहैरक को एक-एक विकेट मिला। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों ने सात-सात रन अतिरिक्त के रूप में दिये। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उत्तरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 6.3 ओवर में महज पांच रन पर तीन विकेट गवां दिये। ओपनर जायडा जेम्स तीन रन को शूट की गेंद पर गार्डनर ने कैच आउट किया। उसके बाद गार्थन ने जेनाबा जोसेफ़ शून्य पर अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। गार्थ ने रशादा विलियम्स शून्य को पेरी के हाथों कैच आउट कराया। वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाली आलिया ऑलेन 39 गेंदों में 35 रन को गार्थ ने हीली के हाथों स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। इससे पहले स्टेफ़ानी टेलर 12 रन का ब्राउन की गेंद पर हीली ने स्टंप के पीछे कैच पकड़ा। कप्तान शमैन कैंपबेल 14 रन को गार्डनर ने वेयरहम के हाथों कैच आउट कराया। वेस्टइंडीज की ओर से चार खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल सके और केवल तीन खिलाड़ी ही दहाई अंक से ऊपर स्कोर कर सके। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 27.3 ओवर में 83 रन पर ढ़ेर हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से किम गार्थ ने आठ रन देकर तीन विकेट, एश्ली गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने दो-दो विकेट तथा डार्सी ब्राउन और मेगन शूट ने एक-एक बल्लेबाज का आउट किया।

## सार संक्षेप

### सीरी ए : जेनोआ पर 1-0 की जीत के बाद टॉप पर एसी मिलान

**रोम।** एसी मिलान ने रोमांचक मैच में जेनोआ को 1-0 से हराकर सीरी ए तालिका में शीर्ष पर कब्जा जमाया। एसी मिलान ने लगातार तीन घरेलू जीत के साथ शनिवार के खेल में प्रवेश किया। यह मैच दोनों टीमों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन अंतिम क्षणों में रोमांच चरम पर पहुंच गया। एसी मिलान के लिए क्रिश्चियन पुलिसिक ने 87वें मिनट में गोल का सूखा खत्म करते हुए अपनी टीम का खाता खोला और ड्रॉ की ओर बढ़ते हुए मैच का नतीजा अपनी टीम के पक्ष में किया। एक अन्य मैच में इंटर मिलान ने बोलोग्ना के खिलाफ 2-0 की बढ़त को गंवाते हुए मैच 2-2 पर खत्म किया।

### ब्लैटर ने छह देशों में फुटबॉल विश्व कप आयोजित किये जाने के फैसले की आलोचना की

**बर्न।** फीफा के पूर्व अध्यक्ष सेप ब्लैटर ने अगला फुटबॉल विश्वकप तीन महाद्वीपों के छह देशों में आयोजित किये जाने के संचालन समिति के फैसले की आलोचना की है। ब्लैटर ने स्विस अखबार सोनटैग्सब्लिक से कहा, इस तरह से टूर्नामेंट को छिन्न-भिन्न करना बेतुका है। उन्होंने कहा कि विश्व कप फाइनल एक संक्षिप्त आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन की पहचान, संगठन और आगंतुकों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अखबार से कहा, ऐतिहासिक कारणों से 2030 का विश्व कप विशेष रूप से दक्षिण अमेरिका में होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ब्लैटर 1998 से 2015 तक फीफा अध्यक्ष रहे थे। फीफा ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि मोरक्को, स्पेन और पुर्तगाल को 2030 टूर्नामेंट का मेजबान नामित किया गया है, जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे भी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों की मेजबानी करेंगे।

### धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई टीम पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के चौथे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### सुडोकू 6341 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |

## भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी में रचा इतिहास, रिकर्व पर करना होगा फोकस



**हांगझोऊ,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। सभी पांच वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर, भारत ने शनिवार को हांगझोऊ में एशियाई खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी में बदलाव का संकेत दिया, जिससे एशियाई खेलों में कोरिया गणराज्य का दबदबा खत्म हो गया।

शनिवार को भारत की ज्योति और ओजस प्रवीण ने महिला और पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। कुछ दिन पहले, भारत ने पुरुष और महिला टीम प्रतियोगिताओं में भी स्वर्ण पदक जीते थे। गुरुवार को महिला टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को 159-158 से हराया जबकि पुरुष टीम ने फाइनल में कोरिया को हराया।

शनिवार को, देवतले ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में अपने वरिष्ठ साथी अभिषेक वर्मा को हराया, जबकि ज्योति ने फाइनल में दक्षिण कोरिया की सौ चौवन को हराकर महिला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच स्वर्ण पदकों के अलावा, भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी में एक रजत और एक कांस्य पदक भी जीता।

मगर, देश रिकर्व के व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीतने में असफल रहा। अतनु दास और धीरज बोम्मादेवरा धीमी शुरुआत करने और कम स्कोर बनाने के कारण शूट-ऑफ में क्वार्टर फाइनल में हार गए। हालांकि, यह कंपाउंड तीरंदाज ही थे जिन्होंने वास्तव में हांगझोऊ में 2022 एशियाई खेलों में भारतीय तीरंदाजी को एक बड़े मुकाम पर पहुंचाया। उनकी सफलता ने कंपाउंड तीरंदाजी में कोरिया गणराज्य के वर्चस्व के अंत का भी संकेत दिया, जिसने 2014 में ही एशियाई खेलों में पदार्पण किया था और पिछले दोनों संस्करणों में महिला टीम प्रतियोगिता जीती थी।

कंपाउंड तीरंदाजी पेरिस 2024 के ओलंपिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है, लेकिन 2028 में लॉस एंजिल्स में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में इस इवेंट के जुड़ने की बहुत संभावना है। एशियाई खेलों के कंपाउंड तीरंदाजी वर्ग में भारत का दबदबा कई लोगों के लिए हैरानी कि बात नहीं थी क्योंकि भारत ने कुछ महीने पहले बर्लिन में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिताब जीते थे।

कंपाउंड तीरंदाजी में भारत का दबदबा टीम के विदेशी कोच इटली के सर्जियो के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। भारतीय तीरंदाजी टीमों के उच्च-प्रदर्शन निदेशक, संजीव कुमार सिंह ने कहा कि यह सफलता 2004 में शुरू किए गए विकास कार्यक्रम का फल है। यह पहली बार है कि हमने किसी एक इवेंट में पांच स्वर्ण पदक जीते हैं, जिसे हमने सितंबर 2004 में शुरू किया था। एशियाई खेलों के इतिहास में यह पहली बार है कि हमने कंपाउंड तीरंदाजी में सभी पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। संजीव सिंह ने कहा, खेलो इंडिया गेम्स योजना के कारण, लगभग 150 तीरंदाजों को लगातार खेलने का मौका मिला, हमारी संख्या बढ़ी और हम शीर्ष पर पहुंच गए। अब बस यही उम्मीद है कि भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) रिकर्व सेक्शन के लिए भी इसी योजना को दोहराने में सक्षम है। वही वास्तव में असली क्रांति होगी।

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## यदि युद्ध पश्चिम एशिया तक फैला, तो भारत के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति व मुद्रास्फीति का जोखिम

**चेन्नई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। वरिष्ठ अर्थशास्त्री इजराइल-हमास युद्ध के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर प्रतीक्षा और निगरानी की स्थिति में हैं, जबकि इस बात पर सहमत हैं कि अगर युद्ध पूरे पश्चिम एशिया में फैल गया, तो कच्चे तेल की आपूर्ति में चुनौती हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रभाव पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी, हालांकि स्थिति पर नजर रखनी होगी।

सुमन चौधरी, मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान प्रमुख, एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड ने आईएएनएस को बताया, सबसे बुरी स्थिति में, इस संघर्ष के पूरे पश्चिम एशिया में फैलने और इसमें कई देशों के शामिल होने की भी संभावना है। इससे कच्चे तेल की आपूर्ति में और चुनौतियां पैदा हो सकती हैं, जहां ओपेक प्लस (पेट्रोलियम निर्यातक देशों और अन्य तेल उत्पादक देशों का संगठन) द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण पहले से ही वैश्विक कीमतों में वृद्धि हुई है।

चौधरी ने कहा कि भू-राजनीतिक संघर्ष में वृद्धि के साथ, वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापार को मुद्रास्फीति के जोखिमों के पुनरुत्थान और वैश्विक बाजारों में उच्च अस्थिरता के साथ और मंदी का सामना करना पड़ सकता है, इसके परिणामस्वरूप रुपये पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। चौधरी ने कहा, हालांकि, संघर्ष का प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित होने जा रहा है क्योंकि भारत के साथ इजरायल का व्यापार 10 बिलियन डॉलर से थोड़ा अधिक है, वित्त वर्ष 2023 में इजरायल को निर्यात 8.5 बिलियन डॉलर और आयात 2.3 बिलियन डॉलर है।



बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने आईएएनएस से कहा, आर्थिक प्रभाव पहले तेल की कीमत और उसके बाद मुद्रा के माध्यम से देखा जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की संभावित कार्रवाई पर चौधरी ने कहा कि वह केवल उभरते परिदृश्य पर नजर रखेगा और इस समय कोई कार्रवाई करने की संभावना नहीं है।

सबनवीस ने कहा, जैसे-जैसे आरबीआई अधिक सतर्क होगा, बांड पैदावार ऊंची रहेगी। महंगाई का असर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर नहीं बल्कि थोक मूल्य सूचकांक पर दिखेगा. चूंकि खुदरा ईंधन की कीमतों में बदलाव नहीं किया जाएगा, अगर सरकार इसे अवशोषित करती है तो कच्चे तेल की ऊंची कीमतें तेल विपणन कंपनियों या राजकोषीय पर दिखाई देंगी।

चौधरी ने कहा, हालांकि, यह (आरबीआई) ओएमओ (खुले बाजार परिचालन) बिक्री जैसे उपकरणों के माध्यम से सिस्टम में तरलता को सख्त बनाए रखने का प्रयास करेगा, जिसका बांड पैदावार पर असर पड़ सकता है। चौधरी ने कहा, अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल जाता है और नई आपूर्ति बाधाएं सामने आती हैं तो भारत सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को कम करने के लिए कदम उठा सकती है। दूसरी ओर युद्ध के कारण सोने की कीमतें बढ़ने की आशंका है। मद्रास ज्वैलर्स एंड डायमंड मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और चैलेंजी ज्वेलरी मार्ट के पार्टनर जयंतीलाल चैलेंजानी ने आईएएनएस को बताया कि युद्ध के कारण शनिवार को कीमत बढ़ गई।

## मुफ्त डिलीवरी के साथ सभी प्रोडक्ट पर 150 रुपये तक की छूट देता है पेटीएम से ओएनडीसी नेटवर्क

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (पीईपीएल) ने रविवार को पेटीएम से ओएनडीसी नेटवर्क पर सुपर सेवर वीकेंड ऑफर की घोषणा की। इसके तहत यूजर्स ऑर्डर देते समय डिस्काउंट और एक्सक्लूसिव डील्स पा सकते हैं। कंपनी ओएनडीसी नेटवर्क पर एक अग्रणी खरीदार ऐप है और विभिन्न श्रेणियों में 200 से ज्यादा ब्रांडों की पेशकश करते हुए तेजी से आगे बढ़ रही है। पेटीएम ओएनडीसी फूड पर कंपनी 150 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दे रही है जिसमें फ्री डिलीवरी भी शामिल है। इसी तरह किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और एक्सेसरीज और होम एंड किचन एसेंशियल पर, यूजर 250 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर पर 125 रुपये की छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर पूरे भारत में लागू है और 31 अक्टूबर तक वैध है। इसके अलावा, कंपनी 1,000 रुपये और उससे अधिक मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक्स पर 10 प्रतिशत की छूट दे रही है। पेटीएम ओएनडीसी नेटवर्क पर लाइव होने वाली पहली कंपनी है और उसने पीईपीएल द्वारा संचालित पेटीएम ऐप पर पेटीएम से ओएनडीसी नेटवर्क लॉन्च किया। पीईपीएल के प्रवक्ता ने कहा, ओएनडीसी नेटवर्क पर सबसे लोकप्रिय खरीदार ऐप के रूप में हम यूजर्स को शीर्ष ब्रांडों पर अद्भुत ऑफ़र के साथ उनके ऑनलाइन खुदरा अनुभव को नया रूप देते हुए, निर्बाध रूप से खरीदारी करने में सक्षम बनाते हैं। इस सुपर सेवर वीकेंड डिस्काउंट सेल के साथ, हमारा लक्ष्य अपने उपयोगकर्ताओं को किफायती कीमतों पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद पेश करना है। सरकार द्वारा समर्थित, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) देश के मौजूदा ईकॉमर्स ईकोसिस्टम को लोगों तक पहुंचाने के लिए बनाया गया है। बेंगलुरु में लॉन्च होने के बाद से, ओएनडीसी ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, कांचीपुरम, हैदराबाद, बागलकोट और लखनऊ तक अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है।




## विदेशी मुद्रा भंडार 3.8 अरब डॉलर घटकर 586.9 अरब डॉलर पर



**मुंबई** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.13 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 520.24 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 57.6 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 43.7 अरब डॉलर पर आ गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.94 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

## बिहार के मर्चा धान को मिला जीआई टैग, किसानों की आय बढ़ने की उम्मीद

**बेतिया,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के एक और उत्पाद को अब अंतराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिलेगी। बिहार के पश्चिम चंपारण के उत्पाद मर्चा धान को शनिवार को केंद्र सरकार ने जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग दे दिया है। जीआई टैग मिलने से यहां के किसानों को अब काफी लाभ मिलने को संभावना है।



किसानों को अब मर्चा धान का बेहतर दाम मिल पाएगा। इससे पहले बिहार के पांच कृषि उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है, जिसमें मुजफ्फरपुर की लीची, भागलपुर का जर्दालु आम, कतरनी चावल, मिथिला का मखाना शामिल है। अब मर्चा धान को जीआई टैग मिलने के बाद बिहार के कृषि उत्पादों की संख्या पांच से बढ़ कर छह हो गई है। केंद्र सरकार के जीआई रजिस्ट्रार, चेन्नई की ओर से जारी प्रमाण पत्र को शनिवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मर्चा धान उत्पादक सहयोग समिति के अधिकारियों एवं सदस्यों को प्रदान किया गया। वहीं, जीआई रजिस्ट्रार ने जिला प्रशासन को भी इसका प्रमाण पत्र प्रेषित किया है, जिसे जिलाधिकारी को समर्पित किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि मर्चा धान बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में स्थानीय रूप से पाए जाने वाले चावल की एक किस्म है। यह काली मिर्च की तरह दिखाई देता है, इसलिए इसे मिर्चा या मर्चा राइस के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इसे स्थानीय स्तर पर मिर्चा, मचया, मारीची आदि नामों से भी जाना जाता है। मर्चाधान के पौधे, अनाज और गुच्छे में एक अनूठी सुगंध होती है, जो इसे अलग बनाती है। इस चावल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र पश्चिमी चंपारण जिले के चनपटिया, मैनाटांड़, गौनाहा, नरकटियागंज, रामनगर एवं लौरिया है।

## सार संक्षेप

### भारत के साथ एफटीए वार्ता का अगला दौर आज शुरू करेगा ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन का 30 सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भारत से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के शेष मुद्दों पर सोमवार से यहां भारतीय दल के साथ इसके अगले दौर की बातचीत शुरू करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों ने हाल ही में 13वें दौर की वार्ता संपन्न की है। वार्ता को गति देने के लिए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल के नेतृत्व में एक दल पिछले सप्ताह लंदन गया था। निवेश संबंधी मामलों से निपटने वाला ब्रिटेन का दल पहले से ही यहां है। उसकी वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत तेज गति से बढ़ रही है। अधिकारी ने कहा, 30 सदस्यीय दल कल यहां होगा। दोनों पक्ष उत्पत्ति के नियम सहित शेष मुद्दों को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। सब कुछ अंतिम चरण में है। उत्पत्ति के नियम के प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि एफटीए देश में न्यूनतम प्रसंस्करण होना चाहिए ताकि अंतिम निर्मित उत्पाद को उस देश में उत्पन्न होने वाले सामान के रूप में बताया जा सके। इस प्रावधान के तहत, कोई भी देश जिसने भारत के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किया है, वह सिर्फ एक लेबल लगाकर किसी तीसरे देश के माल को भारतीय बाजार में नहीं भेज सकता है। भारत को निर्यात करने के लिए उसे उस उत्पाद में एक निर्धारित मूल्यवर्धन करना होगा। इसके मानदंड माल की डंपिंग को रोकने में मदद करते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच एक अलग समझौते के रूप में निवेश संधि पर बातचीत चल रही है। ये निवेश संधियां एक-दूसरे के देश में निवेश को बढ़ावा देने में मदद करती हैं।

### एअर इंडिया ने इजरायल के लिए रोकी उडान

**नई दिल्ली।** इजरायल और फिलिस्तीन के बीच भीषण संघर्ष जारी है. हमास आतंकवादी समूह के हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया है. भीषण जंग के बीच भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एक बड़ा फैसला किया है. कंपनी ने 14 अक्टूबर तक इजराइली शहर तेल अवीव से आने-जाने वाली फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है. इससे पहले शनिवार को नई दिल्ली से तेल अवीव के लिए फ्लाइट संख्या एआई 139 और वापसी की फ्लाइट एआई 140 को रद्द कर दिया गया था। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तेल अवीव जाने वाली और वहां से आने वाली सभी फ्लाइट्स 14 अक्टूबर तक रद्द कर दी गई हैं. एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, टिकट बुक कर चुके यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार पूरा सहयोग दिया जाएगा। बता दें कि एयर इंडिया तेल अवीव के लिए हर हफ्ते 5 बार फ्लाइट्स संचालित करती है. ये फ्लाइट्स-सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को होती हैं।

## एक्स यूजर्स क्लिकबैट विज्ञापन से हुए परेशान, ब्लॉक और रिपोर्ट करने का नहीं हैं ऑप्शन

**सैन फ्रांसिस्को,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। एलन मस्क के स्वामित्व वाले एक्स कॉर्प ने कथित तौर पर क्लिकबैट विज्ञापन लॉन्च किए हैं, जिन्हें यूजर्स न तो ब्लॉक कर सकते है और न ही रिपोर्ट। ऐसे में वे प्लेटफॉर्म पर पैसे कमाने के नए तरीके से परेशान हो गए हैं। मिसरेबल ने बताया कि एक्स यूजर्स के सामने स्क्रॉल करते समय अपने फीड में बिना लेबल वाले विज्ञापन आ रहे हैं।




- जब यूजर्स उन विज्ञापनों पर टैप करते हैं तो वे उन्हें थर्ड-पार्टी वेबसाइट्स पर ले जाते हैं, जहां उन्हें ब्लॉक करने या रिपोर्ट करने का कोई तरीका नहीं होता है
- नए विज्ञापनों से यह भी पता नहीं चलता कि विज्ञापनदाता कौन है या वे विज्ञापन भी हैं

जब यूजर्स उन विज्ञापनों पर टैप करते हैं तो वे उन्हें थर्ड-पार्टी वेबसाइट्स पर ले जाते हैं, जहां उन्हें ब्लॉक करने या रिपोर्ट करने का कोई तरीका नहीं होता है। रिपोर्ट में कहा गया है, नए विज्ञापनों से यह भी पता नहीं चलता कि विज्ञापनदाता कौन है या वे विज्ञापन भी हैं। पिछले कुछ दिनों में कई एक्स यूजर्स ने अपने फॉर यू फीड में एक नए प्रकार के विज्ञापन को देखने की रिपोर्ट करने के लिए मैशेबल से संपर्क किया है, जो पहले प्लेटफॉर्म पर उनके सामने नहीं आया था। ये नए एक्स विज्ञापन यूजर्स को विज्ञापन पोस्ट को लाइक या रीट्वीट करने की अनुमति नहीं देते हैं। नए विज्ञापन प्रारूप से यह भी पता नहीं चलता कि विज्ञापन के पीछे कौन है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विज्ञापनों में प्रमोट किए जा रहे कंटेंट का प्रकार स्पैमयुक्त, लो क्वालिटी चुमबॉक्स विज्ञापन में पाए जाने वाले एडवरटाइजिंग के अनुरूप प्रतीत होता है। ये विज्ञापन अब एक्स मोबाइल ऐप्स पर यूजर्स को दिखाए जा रहे हैं। विज्ञापन राजस्व में गिरावट से निपटने के लिए, एक्स ने थर्ड-पार्टी के विज्ञापनदाताओं के साथ साझेदारी की है। सामान्य विज्ञापनों के विपरीत, जो केवल एक्स खातों से पोस्ट होते हैं और उन पर विज्ञापन लेबल होता है, इन नए विज्ञापनों में उनके साथ कोई खाता संबद्ध नहीं होता है। एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो ने पिछले महीने कहा था कि कंपनी 2024 की शुरुआत तक लाभदायक होगी, उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म पर अब 200-250 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स हो सकते हैं। याकारिनो ने कहा कि शीर्ष 100 विज्ञापनदाताओं में से 90 प्रतिशत अकेले पिछले 12 हफ्तों में प्लेटफॉर्म पर लौट आए हैं। उनके अनुसार, लगभग 1,500 विज्ञापनदाता प्लेटफॉर्म पर लौट आए हैं। एक्स ने अभी तक अपने 13 वर्षों में वार्षिक लाभ की घोषणा नहीं की है, और मुनाफा बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है।

## चीन के स्मार्टफोन बाजार में 2023 के पहले आठ महीनों में गिरावट : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, चीन में स्मार्टफोन बाजार में इस साल के पहले आठ महीनों में गिरावट देखी गई है, जनवरी से अगस्त तक केवल 679 मिलियन डिवाइस का निर्माण हुआ, जो 2022 की इसी अवधि से 7.5 प्रतिशत कम है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, काउंटरपॉइंट रिसर्च का कहना है कि देश में स्मार्टफोन की बिक्री भी धीमी हो गई है, 2023 के पहले आठ महीनों में 4 प्रतिशत (साल दर साल) की गिरावट आई है।



जून तिमाही में, चीन की स्मार्टफोन खपत 2014 के बाद से दूसरी तिमाही की सबसे कम बिक्री के आंकड़े पर गिर गई, क्योंकि व्यापक आर्थिक प्रतिकूलताओं ने उपभोक्ता भावनाओं पर असर डाला। हालांकि, 2023 के शेष समय में बाजार के परिदृश्य में सुधार की उम्मीद है।

अपकमिंग विंटर सेल्स सीजन के साथ-साथ हुवाई और एप्पल द्वारा नए 5जी स्मार्टफोन जारी करने से इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हुआवेई के मेट 60 प्रो सीरीज 5जी हैंडसेट ने विशेष रूप से चीनी स्मार्टफोन बाजार का आत्मविश्वास बढ़ाया है। काउंटरप्वाइंट के अनुसार, साल के अंत तक हुआवेई के लेटेस्ट 5जी स्मार्टफोन की कुल बिक्री पांच से छह मिलियन यूनिट के बीच होगी।

हुआवेई का बड़ा घरेलू हार्मोनीओएस यूजर बेस इस ऑप्टिमिस्टिक फोरकास्ट में योगदान देने वाला एक फैक्टर है। कंपनी के नए 5जी डिवाइस से नए कस्टमर्स को आकर्षित करने और अन्य ब्रांडों पर स्विच करने वाले पूर्व यूजर्स को वापस लौटने के लिए आकर्षित करने की उम्मीद है। पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल के पहले आठ महीनों में हुआवेई के स्मार्टफोन की बिक्री 41 प्रतिशत बढ़ी है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9750-9850, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## स्थानीय और वैश्विक ग्राहकों के लिए भारत में विस्तार कर रहा है एस्सार का ब्लैक बॉक्स

**बेंगलुरु,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रौद्योगिकी और खुदरा क्षेत्र में एक प्रमुख निवेश के रूप में एस्सार के ब्लैक बॉक्स ने हाल ही में बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सलेंस स्थापित किया है। यह सेंटर वैश्विक ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है और ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, कमांड सेंटर, सर्विस डेस्क और कस्टमाइज्ड डिलीवरी ऑपरेशन से सुसज्जित है।

ब्लैक बॉक्स कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजीव वर्मा ने कहा, भारत हमारे लिए एक बाजार के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो भारतीय समूहों और वैश्विक ग्राहकों दोनों को सेवा प्रदान करता है। भारत में हमारी विकास क्षमता पर हमारा सकारात्मक दृष्टिकोण है और हम यहां निवेश करना जारी रखेंगे। भारत सरकार द्वारा चल रही डिजिटलीकरण पहल और डेटा सेंटर की मजबूत मांग ऐसे क्षेत्र हैं जिनका हाइपर-स्केल ग्राहकों के साथ काम करने में हमारी विशेषज्ञता को देखते हुए हम मूल्यांकन करना चाहते हैं।

कंपनी विकास को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यबल का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और 500 नई नौकरियों को जोड़कर अपने बेंगलुरु सेंटर ऑफ एक्सलेंस को बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट योजना की रूपरेखा तैयार की है।




भारत में ब्लैक बॉक्स की 37 वर्षों से अधिक समय से मौजूदगी है, जो पहले एजीसी नेटवर्क्स के नाम से संचालित होता था। 35 से अधिक देशों तक फैले वैश्विक फुटप्रिंट के साथ, कंपनी भारत में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, बीमा, विनिर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)/आईटी-सक्षम सेवाएं सहित विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। वर्मा ने कहा, इनमें से कई ग्राहकों ने अच्छी ग्रोथ का अनुभव किया है और कई क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार किया है। उन्होंने हमारे मजबूत रिश्तों और हमारे द्वारा लगातार दिए जाने वाले ठोस परिणामों से प्रेरित होकर ब्लैक बॉक्स के साथ साझेदारी करना चुना है। ब्लैकबॉक्स संयुक्त राज्य अमेरिका में बैंकिंग, बीमा, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, वितरण, ऊर्जा और यूटिलिटीज सहित उद्योग क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला के ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।

वर्मा ने कहा, हमारा सबसे बड़ा बाजार, कई अन्य प्रौद्योगिकी कंपनियों की तरह, संयुक्त राज्य अमेरिका है। अमेरिका में, हम प्रबंधित विस्तारित पहचान और प्रतिक्रिया सेवाओं, एंडपॉइंट पहचान और प्रतिक्रिया सेवाओं और भेद्यता प्रबंधन सेवा सहित कई सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं। हम राजस्व और मुनाफा बढ़ाने पर फोकस करते हुए अमेरिका में सक्रिय रूप से विस्तार और निवेश कर रहे हैं। हम अपने मजबूत बैकलॉग और पाइपलाइन के कारण दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने की उम्मीद करते हैं।

ब्लैक बॉक्स भारत सरकार द्वारा निर्धारित डिजिटल इंडिया पहल का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता अत्याधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे समाधान प्रदान करने के लिए व्यवसायों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने तक फैली हुई है, चाहे वे भारत में स्थित हों या विश्व स्तर पर संचालित हों।

# औषधीय पौधों की खेती से छत्तीसगढ़ के किसानों में जगी नई आस



■ प्रति एकड़ 75 हजार से डेढ़ लाख तक की आमदनी

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा महत्वपूर्ण औषधीय पौधे- सैलेशिया, नन्नारी, मिल्क थिसल, पुदीना, यलंग-यलंग, सिट्रोडोरा एवं गुड़मार आदि पौधे का छत्तीसगढ़ में कृषिकरण को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। इन प्रजातियों के कृषिकरण से किसान प्रति एकड़ 75 हजार से डेढ़ लाख रूपए तक की आमदनी प्राप्त कर सकते है।

इस संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य में औषधीय प्रजातियों का कृषिकरण किए जाने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेती के अतिरिक्त अन्य फसल के वाणिज्यिक कृषिकरण को बढ़ावा देकर स्थानीय कृषकों के आर्थिक लाभ को बढ़ाना एवं कृषिकरण के प्रति उनका मनोबल बढ़ाना है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में औषधि पादप बोर्ड द्वारा किसानों को दी जा रही सहुलियत के फलस्वरूप इनकी खेती के लिए भरपूर प्रोत्साहन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 108 एकड़ में प्रायोगिक तौर पर बच की खेती तथा 800 एकड़ से अधिक रकबा में लेमन ग्रास की खेती की जा रही है।

राज्य औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने बताया कि छत्तीसगढ़ की जलवायु औषधीय प्रजातियों के लिए बहुत उपयुक्त है। बोर्ड का यह प्रयास है कि किसानों को उपरोक्त प्रजातियों के फायदे एवं कृषिकरण की जानकारी देकर इसके लिए प्रोत्साहित किया जाना। उक्त प्रजातियों के कृषिकरण का प्रयास बोर्ड द्वारा जा चुका है, जो सफल हुआ है। ये औषधीय पौधे कई बीमारियों में उपयोग किये जाने के कारण इनका बाजार मांग अधिक होने के साथ-साथ अत्यधिक मूल्य वाले प्रजातियॉ है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड श्री जे.ए.सी.एस. राव ने जानकारी दी कि इसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना एवं पलायन करने वाले युवाओं को भी बेहतर भविष्य की तरफ ले जाना है। उक्त प्रजातियों के कृषिकरण हेतु नि:शुल्क पौधे एवं मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा दिया जा रहा है एवं बोर्ड द्वारा मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है।

सैलेशिया बहुवर्षीय काष्ठीय लता वाली झाड़ी है इसके जड़ औषधीय महत्व के होते है, जिनका उत्पादन किया जाता है। इसके जड़ का उपयोग मोटापा कम करने व मुख्य रूप से डायबिटिस रोग में किया जाता है। साथ ही इसके तने में भी औषधीय गुण सैलेषिलॉन मैंजीफेरीन पाये जाते है, जिसका बाजार मांग है। इसकी खेती बीज एवं तने के कटिंग से की जाती है। एक एकड़ में रोपण हेतु 3000 पौधे की आवश्यकता होती है। एक एकड़ से सालाना 2.00 लाख रूपये प्राप्त होता है। इसे प्रत्येक 4 वर्षो में संग्रहण किया जाता है।

अन्य सुगंधित पौधे के रूप में सिट्रोडोरा, जो ऊंचा वृक्ष है। यह छत्तीसगढ़ के जलवायु में आसानी से उगाया जा सकता है। इसके लिए अच्छी धूप, जल निकासी क्षेत्र व बंजर भूमि में भी लगाया जा सकता है। इसे 4 से 5 वर्ष में जमीन से 5 फीट छोड़ कर तने को काट देने के उपरांत आये पत्तियों का संग्रहण किया जाता है। इसकी पत्तियों से नींबू की सुगंध आती है। इसका तेल एंटीसेप्टिक व जीवाणुरोधी है। इसका उपयोग खांसी और गले में खराश व अन्य संक्रमण में राहत के लिए किया जाता है। इसके तेल का बाजार मूल्य 1200 प्रति लीटर है एवं किसान इसकी खेती कर एक एकड़ से एक लाख रूपए सालाना आय प्राप्त कर सकते हैं।

# बिरनपुर आगजनी मामला में आठों आरोपी बरी

## कोर्ट ने पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बेमेतरा जिलान्तर्गत बिरनपुर गांव मे दो समुदायों केद्र बीच हुए विवाद के बाद आगजनी की घटना हुई थी। जिसमें पुलिस नें 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसको लेकर शनिवार को जिला न्यायलय मे पंकज कुमार सिन्हा प्रथम सत्र न्यायधीश ने मामले की सुनवाई की। पुलिस द्वारा बनाए गए सभी 8 आरोपियों को निर्दोष पाया गया। सभी आरोपियों को न्यायधीश पंकज कुमार सिन्हा नें बरी कर दिया।



वहीं इस घटनाक्रम मे कोर्ट ने पुलिस प्रशासन, जिले के एसपी, आई कल्याण इलेसला और वर्तमान एडिशनल एसपी की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए जमकर फटकार लगाई है। फैसले में न्यायधीश पंकज सिन्हा नें लिखा है कि बेमेतरा के अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक पंकज पटेल तथा इस मामले मे विवेचना कार्रवाई करने वाली टीम का नेतृत्व करने वाले बेमेतरा जिले के एसपी, आई कल्याण एलेसेला के द्वारा किये गए कार्य घोर उपेक्षा एवं लापरवाही है। विवेचना के कारण इस प्रकरण मे अभियुक्तों को काफी दिनों तक न्यायिक अभिरक्षा मे भी रहना पड़ा है।

वहीं न्यायधीश नें फैसले मे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए लिखा है कि उपरोक्त दोनों पुलिस अधिकारी के द्वारा इस प्रकरण मे किये गए विवेचना सम्बंधि घोर उपेक्षा एवं लापरवाही के लिए उनके विरुद्ध अलग से जांच किए जाने आवश्यकता है। जिससे दोनों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके।

बेमतरा में दो पक्षों में विवाद के चलते हिंसा भड़क गई थी। क्षेत्र में आगजनी भी हुई थी। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में धारा 144 लगाई गई थी। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया था।

# मध्यान्ह भोजन में अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में सात जिलों के स्कूली बच्चों को मिलेगा अण्डा

■ अण्डा वितरण के लिए हुआ एमओयू

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के 7 जिलों - बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, सूरजपुर, नारायणपुर और कोण्डागांव में संचालित सभी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यांह भोजन) के तहत अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में अण्डा दिया जाएगा। अण्डा वितरण करने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय अनुमोदन कर आवश्यक कार्यवाही के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ एमओयू पर हाल ही में हस्ताक्षर किया गया है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इन जिलों में संचालित समस्त स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यान्ह भोजन) से लाभान्वित सभी छात्र-छात्राओं को प्रत्येक शाला दिवस में मध्यान्ह भोजन में अण्डा प्रदाय किया जाएगा। अण्डा प्रदान करने की प्रक्रिया और इसके लेखा संधारण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। मध्यान्ह भोजन के साथ ही अण्डा वितरण शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी 7 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना संचालित स्कूलों में 30 सितम्बर 2023 की स्थिति में दर्ज संख्या की अद्यतन जानकारी की प्रविष्टि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कर ली जाए।

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह

# जनजागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के दौरान लोगों में जनजागरूकता व जनभागीदारी सुनिश्चित कर वन्यजीवों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवा रायपुर स्थित नंदनवन जू एवं सफारी में वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के दिशा-निर्देशन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन्य बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) श्री सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम जंगल सफारी प्रबंधन द्वारा आयोजित किए गए।



वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नंदनवन जू एवं सफारी, नवा रायपुर में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के दौरान 02 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता रैली, 03 अक्टूबर को वन्यजीवों की पारिस्थितिकी तंत्र में भूमिका, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा 04 अक्टूबर को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी तरह 05 अक्टूबर को वाद-विवाद प्रतियोगिता, 06 अक्टूबर को निबंध प्रतियोगिता, 7 अक्टूबर को फोटोग्राफी प्रतियोगिता, जंगल सफारी/बॉटनिकल गार्डन से संबंधित और 08 अक्टूबर बर्ड वाचिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# अंकों में विसंगति होने पर अभ्यर्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ पीएससी में प्रस्तुत कर सकते हैं अभ्यावेदन

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि विगत कुछ दिनों से आयोग द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रियाओं पर कुछ सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाएं (प्रश्न के आधे-अधूरे उत्तरों को स्क्रीनशॉट इमेज क्लिप तैयार कर) वायरल किए जा रहे हैं कि प्रश्न के अनुरूप उत्तर न होने पर भी अंक प्रदान किए गए हैं, यदि ऐसा किसी अभ्यर्थी के साथ घटित हुआ हो तो उक्त संबंध में आयोग कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अवर सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 में कुल 2661 अभ्यर्थी शामिल थे। अत: सोशल मीडिया में प्रसारित उत्तर पुस्तिकाओं के 1 या 2 पृष्ठ (प्रश्न के आधे-अधूरे उत्तरों के स्क्रीनशॉट इमेज क्लिप) के आधार पर उक्त उत्तर पुस्तिका किस अभ्यर्थी के है, यह आयोग स्तर पर पहचान किया जाना संभव नहीं है और न ही उक्त तथ्यों की जाँच किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अत: मीडिया में प्रसारित उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठ से संबंधित अभ्यर्थी अपने उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के साथ आयोग कार्यालय में अभ्यावेदन प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

# महिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप का रायपुर भिलाई और दल्लीराजहरा में होगा आयोजन

## खिलाड़ियों को बांटे गए किट

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में रायपुर, भिलाई एवं दल्लीराजहरा में 8 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2023 तक चौथी राज्य महिला फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. इस लीग में चयनित 60 बालिका खिलाड़ियों को आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में खेल किट वितरित किए.



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष सह रायपुर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अली प्रधान खिलाड़ियों के साथ उपस्थित थे. इस राज्य लीग चैम्पियनशिप में चालिफाई करने वाली टीम भारतीय महिला लीग चैम्पियनशिप में भाग लेंगी.

राज्य विमेन फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की 50 बालिका खिलाड़ियों का भी चयन हुआ है. सिन्हा ने सभी बालिका खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए लीग चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दी. इस अवसर पर खेल विभाग की वरिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक सरिता कुजूर टोप्पो, सहायक प्रशिक्षक कुमारी सरिता यादव, टीएन रेड्डी भी उपस्थित थे.

# तखतपुर से संभावित नाम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घेरा अरुण साव का बंगला

**तखतपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर हंगामा जारी है. भाजपा के संभावित प्रत्याशियों के नाम चर्चा में आने के बाद से पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने विरोध का बिगुल फूंक दिया है. इसी कड़ी में रविवार को तखतपुर विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के सरकारी बंगले का किया घेराव कर दिया.



■ धर्मजीत सिंह को टिकट देने के खिलाफ कार्यकर्ता

बाहरी प्रत्याशी उतारे जाने के खिलाफ पदाधिकारी और कार्यकर्ता लामबंद हो गए हैं. घेराव के दौरान कार्यकर्ताओं ने बाहरी प्रत्याशी वापस जाओ-वापस जाओ के नारे लगाए. दरअसल, भाजपा की संभावित वायरल सूची में जोगी कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह के नाम की चर्चा चल रही है. इस पर भाजपा कार्यकर्ता विरोध जता रहे हैं.

इसे लेकर कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजयंत पांडा को भी ज्ञापन सौंपकर संभावित प्रत्याशी को टिकट दिए जाने का विरोध किया है.

### रायपुर पहुंचे पदाधिकारी और कार्यकर्ता

इधर बाहरी प्रत्याशी को टिकट देने को लेकर 150 की संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे. जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, भाजपा के संगठन प्रभारी अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय से मुलाकात कर अपना विरोध जताया. उनका कहना है कि तखतपुर विधानसभा में जो कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं उन्हीं को टिकट दिया जाए. ना कि अन्य जिले के पैराशूट नेता को प्रत्याशी बनाया जाए. जिसमें संगठन के नेता ने इस बात को पार्टी फोरम में रखने सहित उचित प्रत्यशी को टिकट देने का आश्वाशन दिया है.

# अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरी खाई में गिरी बाइक

## पिता की मौत और बेटा घायल

**कोरबा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत चुइया मोड़ के पास एक अनियंत्रित बाइक 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई और बेटा घायल बताया जा रहा है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक के बेटे संतोष ने बताया कि वे दोनों बाइक से शनिवार की शाम 5 बजे कोरबा टीपी नगर आए हुए थे। वापस गांव कोसगाई लौट रहे थे कि इस दौरान ये हादसा हुआ है। उनकी बाइक में ब्रेक कम था, उसने पिता को बाइक चलाने मना भी किया, लेकिन वो नहीं माने और बाइक चलाते आ रहे थे कि चुइया मोड़ के पास बाइक में ब्रेक नहीं लग रहा था। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर नीचे खाई में जा गिरी।

NECC

| 09.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.28 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 543 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# मदिरा दुकान में लगी आग, लाखों की शराब जलकर खाक



**महासमुंद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबकारी विभाग की प्रीमियम मदिरा दुकान में बीती रात आग लग गई. आगजनी की इस घटना में लाखों की शराब जलकर खाक हो गई. गार्ड के मुताबिक रात दो बजे शॉट सर्किट होने की वजह से आग लगी है।

रात में गार्ड ने घटना की सूचना आबकारी विभाग के अमले को दी. लेकिन फिर भी टीम मौके पर नहीं पहुंची. जिसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया।

# सुपेबेड़ा में 9 गांव के 2074 घरों तक पहुंचेगा फिल्टर पानी

**गरियाबंद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। किडनी की बीमारी से जूझ रहे जिले के सुपेबेड़ा में तेल नदी का साफ पानी लोगों तक पहुंचाने के लिए सामूहिक जल प्रदाय योजना बनाई गई थी. जिसका काम आखिरकार शनिवार को शुरू हो ही गया. ग्राम सरपंच चंद्रकला मसरा, पंच पूरित राम नायक समेत ग्राम प्रमुखों की मौजूदगी में पीएचई विभाग के ईई पंकज जैन ने 8 करोड़ 45 लाख की लागत से बनने वाली समूह जल प्रदाय योजना का काम शुरू करवाया. पहले दिन 10 लाख लीटर पानी स्टोरेज करने वाले 21 मीटर ऊंची पानी टंकी की नींव के खनन का काम हुआ. जल जीवन मिशन के तहत जिले की ये पहली ऐसी स्कीम है, जंहा एक साथ कई गांव को शुद्ध जल पहुंचाया जाएगा.

पंकज जैन ने ग्रामीणों से कहा की योजना को 8 से 10 महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस अनुबंधित कार्य में पानी की टंकी के अलवा तेल नदी के किनारे इंटक वेल बनेगा, जो सीधे रिमूवल प्लांट को पानी की सप्लाई देगा और 10 लाख लीटर क्षमता वाले टैंक में पानी इकट्ठा होगा. जहां से सुपेबेड़ा के 430 घरों के अलावा, निष्टीगुड़ा, सेनमूड़ा, ठीरलीगुड़ा, सागौनभाड़ी, खम्हारगुड़ा, खोकसरा,परेवापाली, मोटरापारा के कूल 2074 घरों को पीने का साफ पानी उपलब्ध होगा. उल्लेखित अन्य गांव में जेजेम के तहत 70 हजार लीटर क्षमता वाले पानी टंकी का निर्माण पहले से शुरू कर दिया गया है. जिसमें सुपेबेड़ा के इसी टैंक से सप्लाई की जाएगी. हेड वर्क के इस काम में 16 किमी लंबी मुख्य पाइप लाइन, स्टाफ चॉटर और सीसी सड़क का काम भी शामिल है.

### 48 मौत से शुरू हुई थी योजना की रूपरेखा

2011 में सुपेबेड़ा में जब किडनी की बीमारी से 48 लोगों की मौत हुई थी, तब से साफ पानी उपलब्ध कराने की मांग उठ रही थी. योजना का सर्वे और डीपीआर भाजपा के दूसरे शासनकाल तक बना लिया गया था. भाजपा के तीसरे कार्यकाल में मौत का आंकड़ा 60 पार हो चुका था. लेकिन साफ पानी की योजना केवल फाइलों में थी. सरकार बदली तो कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और पीएचई मंत्री गुरु रुद्र ने राज्य सरकार के मद से जल आवर्धन योजना के नाम से 10 करोड़ की मंजूरी का एलान कर दिया. टेंडर लगने की प्रकिया शुरू हो ही रही थी, लेकिन 2019 में केंद्रपोषित जल जीवन मिशन लागू हो गया. सरकार ने पहले चली फाइलों को समेट कर, जल जीवन मिशन के मद में शामिल कर इसे समूह जलप्रदाय योजना का नाम दे दिया. राज्य मद के समय 3 और फिर मिशन में शामिल होने के बाद 3 टेंडर अलग-अलग कारणों से फेल होता गया. इसलिए एलान के 4 साल बाद काम शुरू नहीं हो सका. इस सरकार के अंतिम राज्य स्तरीय कमेटी में आखिरकार किसी तरह सुपेबेड़ा सामूहिक जल प्रदाय योजना के लिए टेंडर लगा कर काम शुरू करा लिया गया.

### आचार सहिंता से पहले शुरु हुआ काम

2018 में एलान के बाद इस योजना की बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स राजधानी के चौराहे से लेकर सरकारी वेबसाइट में नजर आती रही. विधानसभा में उठाए गए सवालों के जवाब में भी सरकार इस सुविधा का हवाला देकर सुपेबेड़ा मुद्दे में विपक्ष का मुंह बंद करा दिया करती थी. ऐसे में सुपेबेड़ा के लोगों को तेल नदी का पानी पिलाना राजकीय मुद्दा बन गया था. कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के आखरी समय में काम ना होता देख भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दे में प्रमुख रूप से शामिल कर लिया था. लेकिन आचार संहिता से ठीक पहले इस पर काम शुरु हो गया.

# चेकिंग के दौरान 4 लाख का चांदी जब्त

## तस्कर पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार



**कोरबा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान लाखों के चांदी जब्त किए है। बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर चांदी की पोटली फेंककर भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दर्री थाना अंतर्गत गोपालपुर के पास पुलिस को सूचना मिली कि, सड़क किनारे बाइक सवार कुछ पोटली फेंक कर भाग गया है। इसके बाद पुलिस सतर्क हो गई और मौके पर पहुंची। जब पोटली खोलकर देखा तो चांदी के पायल भारी मात्रा में पोटली में बंधा हुआ था। जिसकी कीमत लगभग 4 लाख बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

अगर कोई सबह-सुबह उठने में नखरें दिखाए, तो बस एक तरीका आजमाना है, वह अपने आप उठ जाएगा, उसके कान में जाकर धीरे से कह दो, तेरे पापा तेरा मोबाइल चेक कर रहे हैं।

देशबन्धु | रायपुर, सोमवार, 9 अक्टूबर 2023 



संपादकीय

## अवैध रेत उत्खनन करती ट्रकें रोकने का उदाहरण

राज्य भर में शायद ही ऐसा कोई शहर, कस्बा या गांव होगा जहां की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन न होता हो। छोटे-मोटे सैकड़ों माफिया सक्रिय हैं जो छत्तीसगढ़ सरकार की कोशिशों के बावजूद नियंत्रण से बाहर हैं। इससे जहां नदियों का स्वरूप बिगड़ रहा है वहीं सड़कें बर्बाद हो रही हैं और किनारों पर हादसे होते रहते हैं। तेज गति होते शहरीकरण के कारण रेत की बहुत मांग है। इसकी खपत में भरपूर फायदा है। इसके कारण कई कारोबारी इस व्यवसाय में हैं। वे छोटे ठेकेदारों की मदद से इस काम को अंजाम देते हैं। इससे राजस्व का नुकसान तो होता ही है, नदियों के किनारे बसी बस्तियों या गांवों में स्थानीय लोगों के साथ टकराव की स्थिति बनी रहती है। रेत निकालने के नाम पर अलग-अलग गुटों के बीच भी टकराव देखने को मिलते हैं जो कई बार हिंसक हो जाते हैं। चूंकि इन माफियाओं को स्थानीय नेताओं का संरक्षण एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग प्राप्त रहता है, इनके खिलाफ कार्रवाई कराना तो दूर आवाज़ उठाना भी सम्भव नहीं होता।

बहुत ही कम गांवों में इनके विरूद्ध लोग सामने आते हैं। वे अपनी जीवनदायिनी नदियों को बर्बाद होते देखते रहते हैं। ऐसे में पलारी के भवानीपुर गांव के लोगों ने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्रामीणों ने रेत माफिया की एक-दो नहीं बल्कि 7 ट्रकों को रोक लिया जो गांव में रेत की ढुलाई के लिये पहुंचे थे। ग्राम पंचायत के सदस्यों से लेकर आम नागरिक भी उसमें शामिल हुए। गांव वालों द्वारा माफियाओं के ट्रकों को घंटों तक न छोड़ने से पलारी के तहसीलदार रात को भवानीपुर पहुंचे और उन्होंने उन्हें जब्त कर थाने भिजवाया।

गांव वालों का आरोप है कि हर रोज 100 से अधिक ट्रक स्थानीय बम्हनी घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। यह ज्यादातर बगैर रॉयल्टी चुकाए निकालकर बेची जाती है। इससे शासन को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन ट्रकों की आवाजाही से गांव की सड़कें बर्बाद हो गई हैं और दुर्घटनाओं का अंदेशा हमेशा बना रहता है। इनमें हाईवा तक चलते हैं। रेत के कारण इनका वजन इतना बढ़ जाता है कि सड़कें बहुत जल्दी टूट जाती हैं। गांव वालों का आरोप है कि हर रोज तकरीबन एक हजार घनमीटर रेत की चोरी होती है। रेत उत्खनन करने वालों के द्वारा इस कृत्य को लम्बे समय से और निरन्तर अंजाम देने के कारण गांव वाले इस कदर क्षुब्ध थे कि उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। आशा की जाये कि भवानीपुर का यह संदेश प्रदेश के सभी ओर जायेगा और लोग अपने गांवों-शहरों में होने वाले अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाएंगे ताकि उनकी नदियां सुरक्षित बची रहें।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने जगदलपुर, चित्रकोट व बस्तर विधानसभा कोर कमेटी की सिलसिलेवार ली बैठकें

## कहा, माहौल अनुकूल, एकजुटता के साथ कांग्रेस को उखाड़ फेंकने करें परिश्रम

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दो दिनी बस्तर प्रवास पर आये केन्द्रीय राज्यमंत्री विश्वेश्वर टूडू ने आज दूसरे दिन जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर, चित्रकोट एवं बस्तर विधानसभा की कोर कमेटी की अलग-अलग बैठकें ली और चुनाव के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली, साथ कोर कमेटी के सदस्यों से बेहतर काम करने सुझाव-सलाह भी मांगे। श्री टूडू ने कहा कि बस्तर की समस्त सीटों में जीत सुनिश्चित कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनानी है। जनता का संपूर्ण समर्थन भाजपा के साथ है, कार्यकर्ता एकजुटता के साथ कांग्रेस को उखाड़ फेंकने परिश्रम करें।



भाजपा जिला कार्यालय में सुबह 11 बजे से सिलसिलेवार जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा कोर कमेटी की बैठक हुई और करपावण्ड में बस्तर विधानसभा कोर कमेटी की बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री टूडू शामिल हुये। बैठकों में श्री टूडू ने ज़ोर देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व हमें मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की आमसभा ऐतिहासिक रही। बस्तर में अपार जनसमर्थन मिला, जो साफ तौर पर बताता है कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। सभी कार्यकर्ता भाजपा की जीत का लक्ष्य बना कर दो महीने निरंतर प्राणप्रण से कार्य करें। कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने का समय आ गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने भी बैठक को संबोधित किया। विधानसभा कोर कमेटी की बैठकों में प्रमुख रूप से किरण देव, डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, लच्छूराम कश्यप, शिवनारायण पाण्डेय, विद्याशरण तिवारी, कमलचंद भंजदेव, समुंदसाय कच्छ, मनीराम कश्यप, नवीन विश्वकर्मा, श्रीधर ओझा, वेद प्रकाश पाण्डेय, नरसिंह राव, संजय पाण्डेय, सुब्रतो विश्वास, सुरेश गुप्ता, विनायक गोयल, नरसिंह ठाकुर, सतीश सेठिया, फूल सिंह सेठिया, परिस बेसरा, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, गोदावरी साहू, ललिता बघेल, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# रोटरी क्लब एवं नारायणा हेल्थ एमएमआई रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब जगदलपुर एवं नारायणा हेल्थ एम एम आई रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन स्थानीय चैंबर कॉमर्स सभागार में जगदलपुर विधायक रेख चंद जैन के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। चिकित्सा शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गौनियाल, कैसर रोग विशेषज्ञ डॉ भारत भूषण, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक जैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज पटेल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. भंवर शर्मा एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता थॉमस द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर, ईसीजी की निशुल्क जांच की गई। शिविर में 300 से अधिक रोगियों ने अपना पंजीयन कराया। शिविर के माध्यम से नेत्र के 74, हार्ट के 55, हड्डी के 70, कैंसर के 10 एवं पेट आंत के 60 मरीजों ने नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श लिया।



इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों तथा चिकित्सकों को संबोधित करते हुए विधायक रेख चंद जैन ने कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में जिले में अग्रणीय संस्था है रोटरी क्लब द्वारा समय-समय पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम संपन्न, बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के आकांक्षी विकासखंड तोकापाल के अंतर्गत विगत दिवस समस्त संकुलों में शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम के तहत डिजिटल साक्षरता पर निबंध प्रतियोगिता, पढ़ेगी बेटी-बढ़ेगी बेटी पर वाद विवाद प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, कहानी वाचन तथा पाककला प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विकासखंड के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में शिक्षा समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार का वितरण किया गया। यह आयोजन ब्लॉक के 31 संकुल में 181 प्राथमिक शाला, 64 मिडिल स्कूल और 16 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में किया गया, जिसमें 13718 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों के पालकगण एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बच्चों के लिए उत्साहवर्धक रही और जिले से आए हुए अधिकारियों का भी विकासखंड के विभिन्न संकुल में जाकर शिक्षा संकल्प मेला में शामिल होना बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए उत्साहवर्धक रहा।



# गंगानगर वार्ड में 35 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन एवं महापौर सफीरा साहू इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने शहर के गंगानगर वार्ड क्रमांक 23 में 35 लाख 11 हजार रुपए के बी टी सड़क नवीनीकरण, आर सी सी नाली निर्माण एवं सी सी सड़क निर्माण कार्य का भुमि पूजन किया। वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों, मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सफाई कर्मचारियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मलेरिया, डेंगू एवं मच्छर जनित बिमारियों से बचाव के लिए मच्छरदानी वितरित किया गया।



इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप शहर के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। शहर के हर वार्ड में लाखों रुपए के आधारभूत संरचना के कार्य किए जा रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार में जहां शहर का विकास कुछ विशेष वार्डों तक सीमित था आज हर वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास हो रहा है। उन्होंने वार्ड पार्षद एवं एम आई सी सदस्य राजेश राय की तारीफ करते हुए कहा कि आपके जुझारू पार्षद वार्ड के विकास के लिए लगातार संघर्षशील रहते हैं तथा वार्ड विकास के लिए उनकी लगन का ही परिणाम है की आपके वार्ड में करोड़ों रुपए के कार्य किया गया है। महापौर सफीरा साहू ने कहा कि गढबो नवा छत्तीसगढ़ की अवधारणा अनूरूप गढबो नवा जगदलपुर को साकार किया जा रहा है। शहर विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वार्ड की लगातार उपेक्षा से लामबंद हुए वार्डवासी, निगम का करेंगे घेराव : सुरेश गुप्ता

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम की कांग्रेस सरकार के द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 20 ऑटो नया खरीदा गया। सभी ऑटो को कांग्रेस पार्षद को दे दिया गया और जिन वार्डो में भाजपा के पार्षद है। हमेशा की तरह उन वार्डों के साथ पक्षपात किया गया है। इन 20 ऑटो में 1 ऑटो -मदर टेरेसा वार्ड को भी देकर - यहां की पुरानी ऑटो को निकालकर दीनदयाल वार्ड में दिया गया है। मदर टेरेसा वार्ड की आबादी 2000 के लगभग है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की आबादी लगभग 4000 है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड व्यावसायिक क्षेत्र भी है। ऐसे में वार्ड के साथ लगातार हो रहे भेदभाव से नाराज वार्ड वासियों ने रविवार को मां काली चौक में एकत्र होकर नगर निगम के महापौर सफिरा साहू के द्वारा वार्ड की अनदेखी से के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया। वार्डवासी निगम में ज्ञापन देकर दो दिवस में नया ऑटो नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



**कांग्रेसी पार्षदों को नया ऑटो और उनके पुराने ऑटो को भाजपा पार्षदों को देना अत्यंत निंदनीय : संजय पाण्डेय**

पार्षद सविता सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में वार्ड वासियों की बैठक हुई और बैठक में समस्त वार्ड वासियों को यह जानकारी दी गई की, वार्ड के साथ कैसे भेदभाव किया जा रहा है। सुरेश गुप्ता ने बताया कि चार माह से ऑटो के बगैर ट्रैक्टर से गिला सूखा कचरा एक साथ संकलन हो रहा था और, दो दिन पूर्व ही महापौर से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा था कि आपके वार्ड में एक-दो दिन में आपको ऑटो मिल जाएगा इसके बावजूद वार्ड के साथ धोखा हुआ है। वार्ड वासियों के साथ धोखा किया गया है यही नहीं बीजेपी नित् समस्त वार्डवासी के साथ लगातार भेदभाव करते हुए ऑटो के वितरण में भी भेदभाव किया गया। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने महापौर से और विधायक रेखचन्द जैन से सवाल करते हुए कहा है कि, क्या जगदलपुर के भाजपानीत पार्षद के वार्डों में निवास करने वाले वार्डवासी इस शहर के निवासी नहीं है? जिन वार्डों के पार्षद बीजेपी है क्या वहां के निवासरत परिवार लोकतंत्र के हिस्सा नहीं है क्या? उन्हें मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा जाएगा? पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से पुराना ऑटो वापस मंगवाकर वार्ड के लोगों की सुविधा के लिए नई ऑटो दी जाएगी? इसके साथ ही भाजपा के उन वार्डों में जहां नए ऑटो के नितांत आवश्यकता है वहां भी तत्काल ऑटो उपलब्ध कराएंगे। शीघ्र ही निराकरण नहीं होने पर आंदोलन का रास्ता अपनाकर जनता के बीच जाकर महापौर के कृत्य को उजागर करेंगे, जिसमें मुख्य रूप से विद्याशरण तिवारी, राजपाल कसेर, निर्मल पाणिग्रही, नीलम यादव, ममता पोटाई, पार्षदों के साथ प्रेम यादव, आशु आचार्य एवं अन्य के साथ वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय उद्यान में गुलेल व चित्रकला प्रतियोगिता के साथ वन्य जीव सप्ताह का समापन

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत में 07 अक्टूबर को हाई स्कूल मावलीपदर में गुलेल प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता के साथ वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हाई स्कूल मावलीपदर के छात्र छात्राओं के साथ आस पास के स्कूलों के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गुलेल प्रतियोगिता में कुल 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे बालक वर्ग में बलदेव नाग प्रथम, गुलशन नाग द्वितीय एवं लखमू नाग तृतीय ने स्थान प्राप्त किया वही बालिका वर्ग में कु. दिव्या नाग ने प्रथम, कु. कला नाग ने द्वितीय तथा कु. सरस्वती कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया चित्रकला प्रतियोगिता में ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनो माध्यम से रखा गया था जिसका निर्णय कल घोषित किया जावेगा।



**गुलेल को शिकार से छोड़कर खेल से जोड़ने का प्रयास:** निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान धम्मशिल गणविर ने बताया कि गुलेल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को गुलेल से पक्षियों तथा वन्य जीवों को न मारकर खेल की दिशा में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम नज़र आ रहे हैं। इससे ग्रामीण युवाओं के इस कौशल को नई पहचान मिलेगी और वन्यजीव संरक्षण में मदद मिलेगी।

**मावलीपदर हाई स्कूल में समापन कार्यक्रम:** समापन कार्यक्रम में सप्ताह भर चले विविध प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल मावलीपदर के प्राचार्य पार्वती बघेल एवं स्कूल के समस्त शिक्षक गण, युवोदय वन मितान एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के सहायक वन संरक्षक श्री सोरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बस्तर विधानसभा के करपावण्ड में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रविवार को बस्तर विधानसभा क्षेत्र के करपावण्ड में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नारी शक्ति वंदन मोदी जी अभिनंदन कार्यक्रम के तहत नई संसद में महिला आरक्षण बिल निर्विघ्न पारित करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। महिला मोर्चा के सम्मेलन में केन्द्रीय राज्यमंत्री विश्वेश्वर टूडू भी सम्मिलित हुये।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई संसद में निर्विघ्न पारित कराया महिला आरक्षण विधेयक : विश्वेश्वर टूडू**

करपावण्ड के मण्डी प्रांगण में संपन्न भाजपा महिला मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुये केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री टुडू ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि देश की नई संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक बिना अवरोध के पारित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में यह महती कार्य पूर्णता पाया है। भाजपा सदैव मातृशक्तियों का वंदन व सम्मान करती है। कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक को बीते 30 साल से लटकाये रखा था। श्री टूडू ने कहा कि नौ साल के कार्यकाल में केन्द्र की मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाओं में मातृशक्तियों के लिये विशेष ध्यान दिया गया। उज्ज्वला गैस योजना, जन धन योजना, बेटियों को अग्रणी बनाने की योजना आदि शामिल हैं। आसन्न विधानसभा चुनाव में बस्तर की माता, बहनों और बेटियों का आशीर्वाद भाजपा को मिलेगा। प्रदेश में कांग्रेस के कुशासन में महिलाओं के खिलाफ निरंतर अपराध-अत्याचार के मामले बढ़ रहे हैं जिसे समाप्त करने का समय आ गया है। सम्मेलन को डा. सुभाऊ कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, मनीराम कश्यप, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा मिश्रा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लक्ष्मी कश्यप, ममता सिंह राणा, बिजली वैद्य, स्नेहलता बैस, ललिता बघेल, परेश बेसरा, वनवासी मौर्य, अरुण परिहार, अन्नपूर्णा नायडू, डाकेश्वरी पांडे, अलका सेंगर, संग्राम सिंह राणा, धनवती बेसई, बंजती कश्यप, ललिता बघेल, चमेली बघेल, रेवती पटेल, सविता कविराज, झरना सिंह ठाकुर, पदमनी, नीलेंद्री, कौशल्या दामोदर, नरेश जोशी, पुरषोत्तम जोशी, विषम ठाकुर, चंदन झा, रोहित त्रिवेदी, योगेश टाक, आशीष करमचंदानी, रेवती पटेल, शीला पटेल, चमेली साहू, लीलेन्द्री कश्यप, धनमती बिसाई, जयमनी भारती, वैजयंती कश्यप आदि उपस्थित थे।

# अवैध शराब परिवहन करने वाला तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भानपुरी पुलिस को मिली मुखबिर से सूचना पर एक सफेद रंग के डस्टर वाहन क्र0 सीजी 10 एई 5944 से तस्करों द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री करने के लिए परिवहन किया जा रहा है। गठित टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान सिवनी चौक, देवड़ा के पास वाहन चेकिंग के दौरान वाहन को घेराबंदी कर रोककर वाहन चालक को नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल सोनी पिता नंदकिशोर सोनी जाति सोनार उम्र 27 साल निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई जिला दुर्ग (छ0ग0) का होना बताया। वाहन की तलाशी के दौरान वाहन में अंग्रेजी शराब गोवा व्हीस्की का 10 पेटी प्राप्त हुआ तथा उसके निशानदेही पर अन्यंत्र स्थान पर उसके द्वारा छुपाये गये 05 पेटी सहित कुल 15 पेटी गोवा व्हीस्की, अंग्रेजी शराब 180 एम एल वाली, एक पेटी में 50 नग, कुल 750 नग कुल शराब मात्रा 135 लीटर कीमती 75,000 /- रूपये तथा डस्टर वाहन क्र0 सीजी 10 एइ 5944 को >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**750 नग, कुल शराब मात्रा 135 लीटर कीमती 75,000 रुपए जप्त**

# प्रथम रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी



**जगदलपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा रविवार को कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों हेतु मतदान दलों के प्रथम रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी संरक्षण में रेत के अवैध कारोबार से मालामाल हो रहे कांग्रेसी : बालसिंह बघेल



**यह सरकार ऑफ द माफिया, फॉर द माफिया व बाय द माफिया है**

**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रेत का अवैध उत्खनन सरकारी संरक्षण में बेरोकटोक जारी है। रेत का संकट बताकर इसके अवैध कारोबार में लगे कांग्रेसी प्रदेश भर में मालामाल हो रहे हैं और जनता लुट रही है। यह दावा करते हुए जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल ने कहा कि कोयला घोटाले में प्रदेश के शेडो सीएम सौम्या चैरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित और भी कुछ लोग या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। राज्य के खनिज से जुड़ा यह घोटाला हजारों करोड़ का था, इसलिए ईडी की नजर इनपर पड़ गई। लेकिन रेत, मुरुम, गिट्टी आदि गौण खनिजों की तस्करी में लिप्त दूसरे शेडो सीएम के खनिज माफिया गुर्गे अभी भी बेखौफ प्रदेशभर में अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। इनके सत्ता की धौंस और बाहुबल का भय के आगे प्रशासनिक अधिकारी भी नतमस्तक हैं।

भूपेश सरकार पर भ्रष्टाचार और अवैध कारोबारों में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए बालसिंह बघेल ने कहा कि पिछले दिनों रेत माफियाओं द्वारा अरपा नदी में खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो बहनों सहित तीन की मौत हो गई थी। राजनांदगांव जिले में नदी से निकाले गए अवैध रेत के साथ एक शव का भी परिवहन हो गया था। राजिम में खनिज विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया गया। सारंगढ़ के टिमरलगा में रायगढ़ के तत्कालीन सहा.कलेक्टर को कुचलने का प्रयास किया गया, लेकिन इस सरकार में दुर्भाग्य यह है कि ऐसे मामलों की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की जरूरत तक भूपेश बघेल ने महसूस नहीं की। ऐसा इसलिए कि मुख्य मंत्री जानते हैं कि इन करतूतों के पीछे उनके ही लोगों का हाथ है। रेत माफियाओं ने प्रदेश की नदियों का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है, जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। नदियों की दिशा बदलने लगी है और बांध, स्टापडेम में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में सिंचाई और उद्योगों के लिए पानी की समस्या तो खड़ी होगी ही, कुछ साल बाद लोगों को पेयजल के लिए भी तरसना पड़ सकता है। प्रदेश में प्रतिबंध के बाद भी रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बलौदाबाजार जिले में हाल ही में ग्रामीणों ने रेत से भरे कई हाइवा को 30 घंटे तक रोके रखा, लेकिन अवैध कारोबारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे मामले रोज प्रदेश भर में सामने आ रहे हैं। सरकार और जिला प्रशासन अवैध उत्खनन रोकने कुछ नहीं कर रहे हैं। प्रदेश में जो रेत का ट्रक एक महीने पहले 8000 रुपए का मिलता था वो अब 20 हजार का हो गया और आम आदमी की पहुंच से बाहर चला गया है। इससे निर्माण कार्य रुक गए हैं। अवैध खनन बिना किसी रोक-टोक जारी है। सरकार क्या कर रही है ? अब पूरा छग अवैध उत्खनन का गढ़ बन चुका है। प्रदेश में रेत और पत्थर के अवैध खनन और कारोबार ने माफिया का रूप ले लिया है।

ऐसा लगता है कि इन माफियाओं पर प्रशासन और खनिज विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। जहां अनुमति नहीं है, वहां अवैध उत्खनन बेरोकटोक जारी है, वहां संगठित गिरोह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने लगे हैं। खनन नियमों का पालन कराने और अवैध खनन रोकने में शासन-प्रशासन प्रभावी कार्यवाही नहीं कर पा रहा है, जिससे माफिया के हौसले बुलंद हैं। कुल मिलाकर छत्तीसगढिया अस्मिता को बचाने का ढोंग रचने वाले के नियंत्रण में चल रही भूपेश सरकार छग के प्राकृतिक संसाधनों की लूट में लगी हुई है और यह छग के लिए खतरे की घंटी है। यहां की सरकार अवैध खनन रोकने में नाकाम है और यहां खनन रोकने वालों की सांस रोक दी जाती है। यह सरकार ऑफ द माफिया, फॉर द माफिया एवं बाय द माफिया है।

# नवोदय के पूर्व छात्रों ने अबूझमाड़ में की ग्रामीणों की सेवा

- **नि:शुल्क नेत्र शिविर व स्वास्थ्य परीक्षण में उमड़े ग्रामीण**
- **ढाई सौ से ज्यादा छात्रों के आंखों की जांच, चश्मा भी बांटा**



**दंतेवाड़ा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर डिवीजन जेएनवी एलुमनी एसोसिएशन बस्तर संभाग अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा अबूझमाड़ के सुदूर ग्राम ओरछा में स्कूली बच्चों और वृद्ध जनों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप भंडारी ने आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामाजिक योगदान के लिए ओरछा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया है। ओरछा की सरपंच श्रीमती सुदई उसेंडी ने शिविर आयोजन के लिए एसोसिएशन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा यह बेहद ही भावुक एवं गौरवान्वित करने वाला पल है, जब डॉ. सुखराम दोरपा जैसे माटी के लाल अबूझमाड़ जैसे पिछड़े क्षेत्र से निकलकर अच्छी शिक्षा प्राप्त कर स्थानीय लोगों के बेहतरी के लिए नेक काम करते हैं। उपाध्यक्ष एवं नारायणपुर जिला प्रभारी डॉ. दीपेश रावटे ने स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामवासियों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की। इस नेत्र जांच शिविर में 250 से अधिक स्कूली बच्चों और सैकड़ों ग्रामवासियों की नि:शुल्क जांच की गई और आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। जांच पश्चात ज़रूरतमन्दों को चश्मा बनवाकर नि:शुल्क वितरण करने का निर्णय लिया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखराम दोरपा ने प्रशासन एवं हॉस्पिटल के समस्त टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर आयोजन में संरक्षक एवं महिला अध्यक्ष डॉ. शकुन मरकाम ने सुदूर अंचल ओरछा में शिविर आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्रवासियों के लिए लाभकारी बताया। समस्त कार्यक्रम के दौरान सचिव के. बेनीशिव, संयुक्त सचिव उदेश भवानी, उपाध्यक्ष (कांकेर) शेषमणी द्विवेदी, उपाध्यक्ष (दंतेवाड़ा) चिन्मय सरकार, भूतपूर्व छात्र किरण देव नाग, बंशीलाल दर्रो, देवेन्द्र ध्रुव, नरेश नाग, दुलसाय कश्यप, हर्षवर्धन, विकास नाथ सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# जिपं अध्यक्ष ने होनहेड से मातेंगा मार्ग का किया भूमिपूजन

**22.81 करोड़ लागत की 14.25 किमी लंबी सड़क का होगा निर्माण**




**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम द्वारा केशकाल विकास खंड की सुदूर अंचल में बसे ग्राम होनहेड को मातेंगा से जोड़ने वाली 14.25 किलोमीटर लंबी सड़क का भूमिपूजन किया। 22.81 करोड़ रुपए लागत से बनने वाली इस सड़क के बन जाने से होनहेड से मातेंगा की दूरी बहुत कम हो जाएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मातेंगा मेरा स्वयं का गृह गांव है। मुझे इस मार्ग पर सड़क न होने के कारण विकास खंड मुख्यालय से इसकी दूरी बढ़ जाती थी और विभिन्न कार्यों के लिए बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पहाड़ी दुर्गम रास्तों के होने से खड़ी चढ़ाई में केवल दो पहिया वाहन बड़ी मुश्किल से जा पाते थे और आए दिन ग्रामीण हादसों का शिकार होते थे, अब यह मार्ग जल्द बन कर तैयार हो जाएगा, जिससे अब विकास खंड मुख्यालय केशकाल आने जाने में सुविधा होगी और गांव के लोगों को रोजगार के नए साधन भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर गांव के सरपंच, पंच, गायता, पुजारी, पटेल सभी उपस्थित रहे। जहां परंपरागत रूप से विधि विधान से पूजन कर मार्ग का भूमिपूजन का कार्य किया गया। इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

# विस निर्वाचनों को लेकर पंप संचालकों को सुरक्षित स्टॉक रखने के निर्देश



**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को खाद्य विभाग द्वारा कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2023 के संपादन में डीजल एवं पेट्रोल की अतिरिक्त आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश 1980 की कड़िका 10 के तहत समस्त पेट्रोल एवं डीजल अनुज्ञप्तिधारियों को नियमानुसार स्टॉक सुरक्षित (डेड स्टॉक सीमा को छोड़कर) रखने को दिए गए आदेश के अनुपालन में सभी ऑइल कम्पनी के अनुज्ञप्ति धारक डीजल-पेट्रोल विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में सभी पेट्रोल एवं डीजल विक्रेताओं को नियमानुसार प्रतिदिन डीजल 2000 लीटर एवं पेट्रोल 1000 लीटर का स्टॉक सुरक्षित रखने हेतु जिले में स्थित सभी ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया। इसके साथ ही सुरक्षित स्टॉक के डीजल एवं पेट्रोल का वितरण आवश्यकतानुसार प्रोटोकाल अधिकारी, खाद्य अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार के निर्देशानुसार वितरित करने को कहा एवं बताया कि इस आदेश का उल्लंघन दण्डनीय होगा। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी दिनेश्वर प्रसाद, सहायक खाद्य अधिकारी नवीन चन्द्र श्रीवास्तव, समस्त ऑइल कम्पनी के पम्प संचालक एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

## भगवान की लीलाओं से मिलती है प्रेरणा : अदिति

**बलौदाबाजार,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम केवतरा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के प्रवचनकर्ता पं रामकुमार शर्मा मजरकटा (गरियाबंद) का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक है। जिस प्रकार हर गांव में भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है इससे हमारे सनातन धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी है। ऐसे आयोजन होने से हमारे युवा पीढ़ियों को संस्कार तथा नेक कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। वहीं धर्म-अधर्म, नीति-अनीति इन सभी बातों का वर्णन भागवत कथा के माध्यम से हम सभी तक पहुंचती है। उन्होने सभी से अनुरोध किया की स्कूल के बाद अपने बच्चो को जरूर भगवत कथा सुनने के लिए लेकर जाएं ताकि उन्हें अपने धर्म के प्रति जुड़ाव रहे। इस आधुनिक युग के दौर में हमारे आंतरिक विकास के लिए भौतिक ज्ञान के साथ साथ आध्यात्मिक समरसता की भी मुख्य भूमिका रहती है जो हमे ऐसे आयोजनों के माध्यम से श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता हैं। अदिति बघमार ने आयोजनकर्ता चंद्रिका प्रसाद वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एसपी ने संवेदनशील क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**एसपी ने संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, दुर्गम रास्तों से गुजरकर नक्सल संवेदनशील क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों तक पहुंचे और सभी मतदान क्रेंद्रों का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. द्वारा 7 अक्टूबर 2023 को आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर थाना उरन्दाबेड़ा क्षेत्र के ग्राम भोंगापाल, बड़गई, बारदा, थाना धनोरा क्षेत्र के ग्राम कोनगुड, बोकराबेडा, चनीयागांव, बनियागांव, थाना बड़े डोंगर क्षेत्र के ग्राम आलोर, मोहपाल, दिगनार तथा थाना केशकाल क्षेत्र के अरण्डी, तेंदुभाटा के अतिसंवेदनशील क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा सफलतापूर्वक निर्वाचन कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के पालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस के कर्तव्य एवं उनके कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों को मतदान के पूर्व और मतदान के बाद क्या करें और क्या नहीं करें ? की जानकारी दी गई। चुनाव हेतु चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव दौलतराम पोर्ते, एसडीओपी केशकाल भूपत धनेश्री, एसडीओपी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी बड़ेडोंगर, उरांदाबेड़ा, धनोरा, केशकाल उपस्थित थे।

# प्रियंका गांधी के स्वागत में कांग्रेस ने किया बस्तर की संस्कृति का अपमान

**कांग्रेस के लिए बस्तर नहीं, गांधी परिवार है प्रिय : लता उसेंडी**



**कोण्डागांव** , 8 अक्टूबर (देषबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने प्रियंका गांधी के स्वागत में गौर सिंग मुकुट पहनाए जाने पर तीखी आपत्ति करते हुए कहा कि बस्तर की संस्कृति में गौर सिंग कभी भी महिलाओं को नहीं पहनाया जाता, न ही वह धारण करती हैं। लेकिन गांधी परिवार की पूजा में जुटे कांग्रेसियों ने गौर सिंग प्रियंका गांधी को परंपराओं के विरुद्ध पहनाकर बस्तर की संस्कृति का अपमान किया है। इसके लिए बस्तर के जनमानस से मांफी मांगना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस हमेशा अपने परम पुज्य पोलिटिकल परिवार के लिए कुछ भी करने को तैयार होती है, उन्हें लोक मान्यता व संस्कृति का जरा भी ध्यान नहीं होता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री उसेंडी ने कहा कि बस्तर में वनवासी समाज की महिलाएं नृत्य उत्सव के दौरान कौड़ी व पितल की बनी मुकुट धारण करते हैं, लेकिन कांग्रेस को बस्तर के जनमानस के भावनाओं का ख्याल कभी नहीं रहा है, इसलिए प्रियंका गांधी को खुश करने संस्कृति के विरूद्ध जाकर गौर सिंग पहनाकर स्वागत किया गया, जो बस्तर की संस्कृति व जनमानस का अपमान है। जिसके लिए मुख्य मंत्री सहित कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को माफी मांगना चाहिए।

## निधन

### पुष्पा साहू



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 8 अक्टूबर। ग्राम अमेरा निवासी पुष्पा साहू का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में हुआ। वे भागवत साहू की पत्नी, रवि की मां, खोरबाहरा साहू की बहु थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने जगदलपुर...

सुधा मिश्रा, जयराम दास, बाबुल नाग, राजपाल कसेर, रैतु बघेल, रामबती भण्डारी, मालती मण्डावी, सीता नाग, रूक्मणी बघेल, बसंत कश्यप, महेन्द्र सेठिया, जानकी राव, नारायण सिंह ठाकुर, चंद्रभान कश्यप, देवी प्रसाद बेंजाम, शिव नंदन पेगड़, सावेन्द्र सेठिया, मंगतू राम कश्यप, जीतेन्द्र सेठिया, बलदेव मण्डावी, संतोष ठाकुर, चंद्रकांत भण्डारी, कमल सिंह ठाकुर, लच्छिन यादव, चंद्रकांत जोशी, बलीराम बघेल,वनवासी मौर्य, नारायण बिसाई,जोगेंद्र चंद्राकर, रोहित त्रिवेदी, पुरषोत्तम जोशी, अरूण परिहार, नरेंद्र जोशी, दामोदर बघेल, पुलकेश्वर पाण्डेय, योगेश टाक, मोहन मौर्य, विजय ठाकुर, आशीष करमचंदानी आदि उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब एवं नारायणा हेल्थ ...

जाता है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर शहर वासियों के लिए लाभकारी साबित होगा और एक ही छत के नीचे सभी रोग विशेषज्ञ का शहर वासी लाभ ले सके। कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन भंवर बोथरा ने कहा कि रोटरी क्लब की यह बहुत ही सराहनीय पहल है। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से लोगों को बहुत सहूलियत होती है तथा जिन डॉक्टरों से मिलने के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था क्लब द्वारा एक ही छत के नीचे वह सारे नारायणा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ उपलब्ध कराकर जिले वासियों के लिए एक बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने रोटरी क्लब को इसके लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन ने किया। अंत में रोटरी क्लब सचिव रोटेरियन डॉ मनोज थॉमस द्वारा शिविर में भाग ले रहे सभी चिकित्सकों का रोटरी क्लब की तरफ से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया एवं नर्सिंग स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। विशेष सहयोग के लिए रो. मदन पारख को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त रोटेरियन, इनर व्हील क्लब के सदस्य गण, रोटरेक्ट,इंटरेक्ट सहित नागरिक गण उपस्थित थे।

### गंगानगर वार्ड में 35 लाख ...

वरिष्ठ पार्षद एवं एम आई सी सदस्य यशवर्धन राव,राजेश राय, पार्षद सुखराम नाग, सूर्या पाणी मनोनीत पार्षद सुरेंद्र झा ,अम्मा जी राव, वरिष्ठ नेता अंगद प्रसाद त्रिपाठी,ओमकार सिंह जशवाल, परमजीत सिंह जशवाल, जगजीत सिंह बेनीपाल, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक बृजबिहारी झा,बटोही शर्मा,भोगी झा,सूरज महंत,रियाज खान,रमजान बेग,प्रेमलाल यादव,लोकेश यादव,मोटम बेसरा,आयूष मोहंती,गोलू यादव,हिरा यादव समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### अवैध शराब परिवहन करने...

मौके पर जप्त किया गया। आरोपी को अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारी / कर्मचारी-निरीक्षक चन्द्रशेखर श्रीवास थाना प्रभारी भानपुरी उप निरीक्षक दिलीप ठाकुर, प्र0आर0 1011 संतोष रत्नम 502 राधेलाल कोर्राम, 977 मयाराम कश्यप, 1124 राजेश राजपूत आर0क्र0-759 श्याम लाल कश्यप, 624 देवेन्द्र सिन्हा, 636 फूलसिंग मांझी, 411 प्रदीप मरकाम, 1136 संदीप सलाम, 399 अंजय बंजारे, एमटी आरक्षक 122 प्रेमू लाल वर्मा।

# मतदान के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

**मतदान दल के अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**



**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देश्बन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान मतदान हेतु पीठासीन सहित अन्य मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभागार में ट्रेनरों को ईवीएम, वीवी पैट आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। ये मास्टर ट्रेनर अब मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे। वहां पहुंचे ट्रेनरों को ईवीएम, वीवी पैट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि वे मतदान अधिकारियों की प्रशिक्षण के दौरान क्या-क्या सिखाएंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिए आवश्यक है कि सभी मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण बेहतर हो। मतदान अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने वाले सभी प्रशिक्षकों का भी दायित्व है कि वे यहां दी गई सभी जानकारियों को बेहतर ढंग से समझें।

**मतदान कर्मियों को बतानी होंगी चुनाव की बारीकियां**

मास्टर ट्रेनरों को बताया गया कि उन्हें मतदान कार्मिकों को मतदान के एक दिन पहले बूथों के लिए प्रस्थान करने से पहले बरती जाने वाली सावधानियां, ईवीएम और वीवीपैट की बारीकियां बतानी होंगी। ईवीएम और वीवी पैट को मतदान के पहले बूथों पर कैसे संचालन के लिए तैयार करना है। पीठासीन अधिकारी की ओर से मतदान शुरू होने से पूर्व मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में कैसे माकपोल कराया जाएगा, इस बात की भी जानकारी दी गई। चैलेंज वोट, टेंडर मत, दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर ही वोट देने की सुविधा, मतदान शुरू होने के पहले और समाप्ति पर पीठासीन अधिकारी की ओर से की जाने वाली घोषणाएं, मतदाताओं के रजिस्टर आदि को पूरा किया जा रहा है या नहीं, इसकी भी जानकारी दी गई। मतदान खत्म होने के बाद स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही डाक मतपत्र तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बार निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र में ही मतदान की सुविधा दी गई है। इसके लिए मतदान प्रशिक्षण केन्द्र में मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे तथा मतदान कराया जाएगा।

# कांग्रेसी नेता को धमकी, गाली गलौज, बंद रहा दंतेवाड़ा

- व्यापारियों को भी असामाजिक तत्वों ने धमकाया
- पुलिस कार्रवाई में देरी के बाद बिगड़ा माहौल
- जिपं अध्यक्ष तुलिका और प्रशासन ने दोनों पक्षों को दी समझाईश

**दंतेवाड़ा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में कांग्रेसी नेता राज कुमार तामो और कुछ व्यापारियों से फोन पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के बाद आज दंतेवाड़ा बंद रहा। व्यापारियों ने इस मामले में असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग पुलिस से की। इस दौरान जन प्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए मामले को सुलझाने की कोशिश की, ताकि शहर का माहौल शांत रहे। विवाद के चलते दिन भर जिला मुख्यालय बंद रहा।

गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान एक गुट ने कांग्रेसी नेता और केबिनेट मंत्री तथा दंतेवाड़ा प्रभारी कवासी लखमा के खास समर्थक राजकुमार तामो और उनके पुत्र के साथ गाली-गलौज की। इसकी शिकायत थाने में की गई। इसके बाद एक बार फिर फरसपाल चौक में इसी घटनाक्रम को लेकर दोनों गुटों में विवाद हुआ। इसकी भी शिकायत थाने में की गई। शनिवार को इस मामले पर राजकुमार तामो के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने गाली-गलौज की, फोन में जान से मारने की धमकी दी। इसकी जानकारी श्री तामो ने पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने गाली-गलौज करने वालों पर कार्रवाई नहीं की, इससे मामला बिगड़ गया। श्री तामो के साथ रहने वाले पार्षद एन. नागराज को भी इसी तरह धमकी दी। यही नहीं एक अन्य व्यापारी को भी धमकाया गया। पुलिस ने जब कार्रवाई नहीं की तो इससे व्यापारियों का गुस्सा बढ़ गया और विरोध में आज दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय बंद करा दिया गया। बंद के दौरान दंतेवाड़ा, आंवराभाटा, कारली तक सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें बंद रहीं। सभी व्यापारी



बस स्टैण्ड में इकट्ठे हो गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। इसी बीच जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा, एसडीएम शिवनाथ बघेल, एडिशनल एसपी राहुल उइके और टीआई विजय पटेल, तहसीलदार के साथ व्यापारियों के बीच पहुंचे। दूसरे पक्ष को भी बुलवाया गया। यहां पर व्यापारियों ने कहा कि आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जो शहर के माहौल को खराब कर रही है। व्यापारी संघ की ओर से मनोज सुराना, प्रमोद गुप्ता, मनु वर्गीश, कैलाश मिश्रा, मनोज मालवीय आदि ने कहा कि पुलिस अगर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करती तो बंद की नौबत नहीं आती, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका ने कहा कि दंतेवाड़ा धर्म नगरी है, यहां सभी मिल जुलकर सौहार्द्रता के साथ रहते हैं, अगर कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी तरह का विवाद होता है तो इसके लिए पुलिस है, प्रशासन है, जन प्रतिनिधि हैं, कोई कानून को अपने हाथ में ले यह भी ठीक नहीं है। गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले लोगों की ओर शेखर व अन्य लोग मौजूद थे। इन लोगों ने भविष्य में किसी भी तरह के विवाद नहीं होने की गारंटी दी। वहीं एडिशनल एसपी और टीआई ने कहा कि विवाद करने वालों पर कानूनी कार्रवाई जरूर होगी। विवाद करने वाले लोग बख्शे नहीं जायेंगे। दूसरे पक्ष ने लिखित में भविष्य में कोई विवाद नहीं होने की बात लिखकर दी। इसके बाद ही मामले का पटाक्षेप हुआ। देर शाम तक दुकानें खुल गई थीं।

# विधायक ने फरसगांव क्षेत्र में किया 15 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा उपाध्यक्ष व केशकाल विधायक संतराम नेताम ने रविवार को लगातार दूसरे दिन भी फरसगांव विकास खंड क्षेत्र के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्रामों में जाकर आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। साथ फरसगांव विकास खंड के अलग अलग गांव में वर्षों से चली आ रही मांगों पर मुहर लगाते हुए लगभग 14 करोड़ 60 लाख रुपए के दर्जन भर विकास कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण कर के ग्रामीणों को विकास कार्यों को दिया है। विधायक संतराम नेताम सर्वप्रथम फरसगांव विकास खंड के ग्राम गोड़मा, फुफगांव, चांदाबेड़ा पहुंचे। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ विधायक संतराम का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रमुखों की मौजूदगी में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन भी किया है।



**मिले ये विकास कार्य-**

विधायक द्वारा किए गए भूमिपूजन कार्यों में मुख्य रूप से पत्थरी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, कोरई में नवीन पुलिया निर्माण हेतु भूमिपूजन लागत 8.65 लाख रुपए, चांदाबेड़ा से घोटियामुड़ा मार्ग में बहुप्रतीक्षित पुलिया निर्माण हेतु भूमिपूजन लागत 4 करोड़ 60 लाख रुपए, चांदाबेड़ा के घोटियामुड़ा सामुदायिक भवन का भूमिपूजन लागत 6.50 लाख रुपए, टीन शेड लोकार्पण, कैटपदर पुलिया निर्माण एवं फरसगांव में कर्मचारी पेंशन भवन का भूमिपूजन किया गया। कुल 14 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है। क्षेत्र में एक साथ इतने विकास कार्यों की शुरुआत होने से ग्रामीणों में अत्यंत हर्ष व्याप्त रहा। ग्रामीणों ने एक स्वर में विधायक संतराम नेताम को आशीर्वाद देते हुए उन्हें धन्यवाद भी दिया। इस दौरान मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष शीश कुमारी चनाप, लखन राणा, दुलम नाग, हुकुम सेट्टी, जयलाल नाग, ललित सलाम, प्रेम मांडवी, सोमनाथ पोटाई, शिव पात्र, संदीप पांडे, सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपरसपंच, ग्राम प्रमुख एवं समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# जनपद उपाध्यक्ष ने समझाया सफाई का महत्व

## सभी घरों में डस्टबीन का वितरण



**दंतेवाड़ा**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नकुलनार पंचायत में 15 वे वित्त मद से उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुआकोंडा श्रीमती पुष्पा अवधेश गौतम द्वारा स्वच्छता के तहत सभी घरों में डस्टबिन का वितरण कराया गया। इस दौरान ग्राम के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अवधेश गौतम, सरपंच, पंच अन्य नागरिक पोड़ियाराम, सुखलाल, जगमोहन, राम, उषा, पंकज, मनोज, संजय, छन्नू राम आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# आयुष्मान भव: कार्यक्रम का राज्य सलाहकार ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला कोण्डागांव के अंतर्गत आयुष्मान भव: अभियाान के तहत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक रा.स्वा.मि. भावना महलवार के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत शुक्रवार को योजना के राज्य सलाहकार चिनमय दास के द्वारा जिला के फरसंगाव विकास खण्ड का भ्रमण किया गया, जिसमें उन्होंने विकास खण्ड अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य मेलों में पहुंच कर व्यवस्थाओं की जांच की।

ज्ञात होगी आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विकास खण्डों में स्वास्थ्य मेलों, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, ऑर्गन ड़ोनेशन कैंप लगाए जा रहे हैं, जिसके तहत फरसंगाव विकास खण्ड की 32 स्वास्थ्य संस्थाओं में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया था। इन मेलों में बीपी, सुगर, गर्भवती महिला, कुपोषित बच्चे, मलेरिया इत्यादि विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों का उपचार किया जा रहा है। राज्य सलाहकार चिनमय दास के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लंजोड़ा, बड़ेडोंगर, उप स्वास्थ्य केंन्द्र जैतपुरी, भूमका का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मलेरिया टेस्ट करने एवं मच्छरदानी के प्रयोग करने पर विशेष जोर दिया। मलेरिया जांच किट एवं दवाईयों की उपल्बधता एक्सपायरी आदि का भी उन्होंने निरीक्षण किया।

# चारामा में गरबा आयोजन के लिए बैठक

**चारामा,** 8 अक्टूबर। लगातार 20वें वर्ष भी जय अम्बे मां गरबा समिति के द्वारा नवरात्र पर्व पर गरबा के आयोजन के लिए रविवार को गायत्री मंदिर में समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन की तैयारियों की रूप रेखा तैयार की गई। समिति के पदाधिकारियों को आयोजन के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। वही इस वर्ष समिति की और से आयोजन स्थल को बड़ा करते हुए गरबा का आयोजन बड़े रूप में करने,नई लाइट,और डेकोरेशन को बढ़ाने का फैसला लिया गया।प्रतिदिन आरती,प्रसाद वितरण,गरबा नृत्य के गीतों, वेश भूषा, शांति, सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई और आय व्यय पर चर्चा हुई।15 अक्टूबर को माता की स्थापना के साथ ही रात्रि में गरबा नृत्य प्रारंभ हो जाएगा।



## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने की मक्का प्रोसेसिंग प्लांट के प्रगति की समीक्षा



**कोण्डागांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा कोकोड़ी में निर्माणाधीन मक्का आधारित एथेनॉल निर्माण संयंत्र के प्रगति की समीक्षा किया गया और प्रोसेसिंग प्लांट परिसर में मक्का खरीदी हेतु काउंटर स्थापित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर द्वारा प्रशासनिक भवन, मुख्य द्वार, आंतरिक सड़कें, ग्रेंड हैण्डलिंग, मिलिंग सेक्शन, लिचिफिकेशन, फर्मेंटेशन, डिस्टीलेशन, ड्रायर, एथेनॉल स्टोरेज सहित विभिन्न इकाईयों के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा संयंत्र के निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के लिए आवश्यकतानुसार मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही उपकरणों की आपूर्ति में शीघ्रता लाने के निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग इकाई के प्रबंध संचालक के.एल.उईके सहित परियोजना प्रबंधन सलाहकार एजेंसी तथा अन्य निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भाजपा के 25 कार्यकर्ता हुए कांग्रेस में शामिल

**खरोरा,** 7 अक्टूबर। क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के कुशल नेतृत्व एवं आरंग विधानसभा क्षेत्र हो रहे जन विकास के कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम कोसरंगी के 25 कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से पृथक होकर मंत्री डॉ. डहरिया एवं कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग के समक्ष कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। इस अवसर पर मंत्री डॉ. डहरिया ने कांग्रेस में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया।

# रक्तदान के साथ दिया जीवन रक्षा का संदेश

- जावंगा कॉलेज में छात्र व समाजसेवियों की पहल
- यूथ रेड क्रास सोसायटी के तत्वावधान में शिविर
- 50 यूनिट रक्त का संग्रहण

**दंतेवाड़ा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। रक्त दान ही मानव सेवा को अपनाते हुए दंतेवाड़ा जिले के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित शासकीय आदर्श आवासीय महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।



शासकीय आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण दीक्षित ने विद्यार्थियों एवं रक्तदाताओं को सेवाभाव से समाज सेवा करने को प्रेरणा देते हुए शुभकामनाएं दिया। महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस यूनिट के अध्यक्ष सुरेश यादव के निर्देशन पर रक्तदान शिविर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस रत्कदान शिविर में डॉ. कपिल देव सिविल सर्जन, डॉ. राजेश रॉय डीपीएम, डॉ. देश दीपक नोडल मनोचिकित्सा, अंकित सिंह जिला संगठक रेड क्रॉस सोसाइटी दंतेवाड़ा, राजू खाटेकर पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन, अमुजुरी विश्वनाथ डायरेक्टर ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया ने अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। महाविद्यालय आईक्यूएसी समन्वयक सुशांत ठाकुर ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

शिविर के दौरान डॉ. श्रुति प्रसार ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में पीपीटी के माध्यम से हेल्थ टिप्स जानकारी दी। ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजुरी विश्वनाथ ने स्वयं रक्तदान देकर मानव सेवा ही माधव सेवा तथा किसी का जीवन बचाने का संदेश दिया। इस शिविर में 100 लोगों को रक्त ग्रुप परीक्षण किया गया एवं स्वैच्छिक रूप से रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। कुल 50 यूनिट रक्त स्वास्थ्य विभाग टीम ने सावधानी से संग्रह किया। कालेंद्री ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से निभाते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वैच्छिक रक्तदान देकर जन बचाने सेवा में आगे आने वाले रक्तदाताओं एवं जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के चिकित्सा दल को राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रोग्राम अधिकारी सुरेंद्र महाला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अंत में शासकीय आदर्श महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय, रेड क्रॉस सोसाइटी दंतेवाड़ा द्वारा रक्तदाताओं को जूस, फल, बिस्किट वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, कर्मचारीगण, विद्यार्थी एवं समाज सेवी शामिल रहे।

# नारायणपुर के फुटबॉल खिलाड़ी संतोष ट्रॉफी खेलने गोवा रवाना

**नारायणपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन की अगुवाई में नारायणपुर के खिलाड़ियों से सुसज्जित छत्तीसगढ़ की सीनियर मेंस फुटबॉल टीम संतोष ट्रॉफी में अपना जौहर दिखाने गोवा के लिए रवाना हुई। 22 सदस्यीय टीम के साथ हेड कोच श्री शांतनु घोष, टीम मैनेजर लामा सरगुजा एवं फिजियो बिरजू रात्रे भी गये है।



छत्तीसगढ़ के संतोष ट्रॉफी टीम सिलेक्शन हेतु 4 सितंबर से 13 सितंबर तक राज्यस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट बिलासपुर सीपत में एनटीपीसी के सहयोग से आयोजित किया गया था जहां पर 17 जिलों की टीमों से 30 खिलाड़ियों का चयन कर उनका प्रशिक्षण कैम्प रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में 15 सितंबर से 4 अक्टूबर तक रखा गया था। इसी कैम्प से चयनित 22 खिलाड़ियों में से नारायणपुर के आरकेएम फुटबाल एकेडमी के 7 खिलाड़ीयों सुरेश ध्रुव, सुरसिंह नुरेटि, रमेश नुरेटि, मेहतर कोर्राम, जयराम वड्डे, प्रणव मंडावी एवं अमित नाग का चयन संतोष ट्रॉफी के लिए किया गया है। छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. गांधी, सहायक जनरल सेक्रेटरी श्री मोहन लाल रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज ,सह सचिव स्वामी अनुभवानंद , स्वामी वसुदानंद ,प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानंद , नारायणपुर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष अशोक उसेंडी सचिव अजीत मेनन ने छत्तीसगढ़ फुटबाल टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# मद्यपान निषेध सप्ताह व मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

## साढ़े तीन सौ मतदाताओं को वोट डालने की शपथ




**दंतेवाड़ा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग एवं कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी दंतेवाड़ा की ओर से मद्यपान निषेध सप्ताह मनाये जाने एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश प्राप्त थे। जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत हल्बारास, बड़े कारली, हीरानार, नागुल, कटुलनार, गुटोली, धुरली में मद्यपान निषेध दिवस रैली निकाल कर मनायी गयी। उपस्थित लगभग 350 मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने हेतु शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, संतोष टोप्पो- उपसंचालक, लुकेश कुमार वर्मा- वरिष्ठ लिपिक, सन्नाराम कुंजाम- सहायक वर्ग तीन, मनोज मिश्रा, कु. कविता नायक, संपत ठाकुर उपस्थित रहे।

# संलग्नीकरण खत्म किया तो स्कूल बदहाल

- पोटाकेबिन सहित कई संस्था शिक्षक विहीन
- छात्रों भविष्य के साथ खेल रही कांग्रेस सरकार

**दंतेवाड़ा**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने कांग्रेस सरकार को घेरा है। उन्होंने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि दंतेवाड़ा जिला एजुकेशन हब के नाम से जाना जाता था, भाजपा शासन काल में विश्वस्तरीय ख्याति प्राप्त एजुकेशन सिटी जावंगा , पोटा केबिन, लक्ष्य ,छू लो आसमान, नन्हे परिंदे, दिव्यांग बच्चों के लिए सक्षम स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल जैसी संस्थाओं का निर्माण बच्चो की भविष्य के लिए किया गया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार जब से सत्ता में आई है शिक्षा को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है।



उन्होंने आगे कहा है कि लगातार शिक्षकों की कमी से जिला सहित पूरा प्रदेश जूझ रहा है। आत्मानंद स्कूल कांग्रेस की सरकार ने जगह-जगह खोलने का ढोंग तो जरूर कर रही है,लेकिन मूलभूत जरूरत शिक्षकों की भी व्यवस्था नहीं कर पा रही है। आत्मानंद स्कूल को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया गया है। बच्चों को अपने भविष्य के लिए आज सड़कों में उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि,ना तो कांग्रेस के विधायक को इसकी चिंता है,ना कांग्रेस के नेताओं की चिंता है,कांग्रेस के नेताओं को राजनीति करने से फुर्सत मिले तो कृपया इन बच्चों की जरूरत को देखने के लिए स्कूलों का भ्रमण करें । उन्होंने कहा कि, भाजपा के शासनकाल में जगह-जगह शैक्षणिक संस्था को खोला गया था ताकि हर बच्चे को उनके शिक्षा हक मिल सके। अपने पैरों में खड़े होकर के अपना भविष्य बना सके। गीदम जावंगा एजुकेशन सिटी में हजारों अनाथ, नक्सल पीड़ित, गरीब बच्चे आवासीय परिसर में रहकर पढ़ाई कर रहे है पर कांग्रेस की सरकार ने इस संस्था को गर्त में लेकर चले गया है आवासीय परिसर में खिड़की दरवाजे की पल्ले टूटे पड़े हुए हैं पंखों की व्यवस्था नहीं , पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं किया जा रहा है । भाजपा शासन काल में बच्चो के बेहतर शिक्षा के लिय जो फंड संस्था को दिया जाता है उस फंडिंग को भी समय से नही दिया जा है, जिस वजह से बदहाल स्थिति बनी हुई है। पोटा केबिन के माध्यम से आवासीय व्यवस्था में प्रत्येक परिसर में 500 से अधिक गरीब बच्चों को पढ़ाया जा रहा है, पर आज इस पोटाकेबिनो की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है। शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की जा रही है। नियमित शिक्षकों की व्यवस्था भाजपा शासन काल में की गई थी। उन शिक्षकों को भी संलग्नकरण के नाम से पोटा केबिन से हटा दिया गया है, जो अनुदेशक इन स्कूलों में विगत 12 से 15 सालों से सेवाएं दे रहे हैं उन अनुदेशकों का वेतन 12 हजार से घटा करके 5 हजार कर दिया गया। श्री मुड़ामी ने कहा कि अभी हाल ही में शासन ने एक दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय बीच शिक्षा सत्र के दौरान लिया है कई शिक्षकों को संलग्नीकरण खत्म करने के नाम से हटा दिया गया है। इस निर्णय से भी शिक्षा व्यवस्था में बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है बच्चे आज बिना शिक्षकों के अध्ययन करने को मजबूर हो रहे हैं।

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अब 6 सौ में सिलेंडर

## भाजपा प्रदेश मंत्री ओजस्वी ने मोदी कैबिनेट का जताया आभार



**दंतेवाड़ा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की कैबिनेट ने करोड़ों उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलने वाले गैस, सिलेंडर पर सब्सिडी में बढ़ोतरी करते हुए 300 रू कर दिया है। अब उज्ज्वला योजना के तहत महिला उपभोक्ताओं को 600 रु की दर पर उज्जवला गैस सिलेंडर मिलेगी।

प्रदेश मंत्री श्रीमती मंडावी ने इस फैसले के लिए मोदी कैबिनेट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुधवार को हुए मोदी केबिनेट की बैठक के समापन होने के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि श्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें भाजपा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने रक्षाबंधन एवं ओणम के अवसर पर रसोई गैस में 200 रु की कटौती की थी, जिससे 1100 रु में मिलने वाला गैस सिलेंडर 900 रू में मिलने लगा एवं उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 700 रू में गैस मिलने लगा था। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों बहनों की सब्सिडी को अब 200 रू से बढ़ाकर 300 रुपए की गई है, जिससे उज्ज्वला योजना की लगभग 9 करोड़ 60 हजार बहनों को 600 रू में गैस सिलेंडर मिलेगा।

**उल्टा पुल्टा**

मच्छर ने आपको काटा ये उसका जूनून था।
अपने खुजाया, ये अपका सुकून था।
आप चाहकर भी उसे मार न सके
क्योंकि-उसकी रगो में आपका ही खून था।

## संपादकीय

### अवैध रेत उत्खनन करती ट्रकें रोकने का उदाहरण

*राज्य भर में शायद ही ऐसा कोई शहर, कस्बा या गांव होगा जहां की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन न होता हो। छोटे-मोटे सैकड़ों माफिया सक्रिय हैं जो छत्तीसगढ़ सरकार की कोशिशों के बावजूद नियंत्रण से बाहर हैं। इससे जहां नदियों का स्वरूप बिगड़ रहा है वहीं सड़कें बर्बाद हो रही हैं और किनारों पर हादसे होते रहते हैं। तेज गति होते शहरीकरण के कारण रेत की बहुत मांग है। इसकी खपत में भरपूर फायदा है। इसके कारण कई कारोबारी इस व्यवसाय में हैं। वे छोटे ठेकेदारों की मदद से इस काम को अंजाम देते हैं। इससे राजस्व का नुकसान तो होता ही है, नदियों के किनारे बसी बस्तियों या गांवों में स्थानीय लोगों के साथ टकराव की स्थिति बनी रहती है। रेत निकालने के नाम पर अलग-अलग गुटों के बीच भी टकराव देखने को मिलते हैं जो कई बार हिंसक हो जाते हैं। चूंकि इन माफियाओं को स्थानीय नेताओं का संरक्षण एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग प्राप्त रहता है, इनके खिलाफ कार्रवाई कराना तो दूर आवाज़ उठाना भी सम्भव नहीं होता।*

*बहुत ही कम गांवों में इनके विरूद्ध लोग सामने आते हैं। वे अपनी जीवनदायिनी नदियों को बर्बाद होते देखते रहते हैं। ऐसे में पलारी के भवानीपुर गांव के लोगों ने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्रामीणों ने रेत माफिया की एक-दो नहीं बल्कि 7 ट्रकों को रोक लिया जो गांव में रेत की ढुलाई के लिये पहुंचे थे। ग्राम पंचायत के सदस्यों से लेकर आम नागरिक भी उसमें शामिल हुए। गांव वालों द्वारा माफियाओं के ट्रकों को घंटों तक न छोड़ने से पलारी के तहसीलदार रात को भवानीपुर पहुंचे और उन्होंने उन्हें जब्त कर थाने भिजवाया।*

*गांव वालों का आरोप है कि हर रोज 1` से अधिक ट्रक स्थानीय बम्हनी घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। यह ज्यादातर बगैर रॉयल्टी चुकाए निकालकर बेची जाती है। इससे शासन को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन ट्रकों की आवाजाही से गांव की सड़कें बर्बाद हो गई हैं और दुर्घटनाओं का अंदेशा हमेशा बना रहता है। इनमें हाईवा तक चलते हैं। रेत के कारण इनका वजन इतना बढ़ जाता है कि सड़कें बहुत जल्दी टूट जाती हैं। गांव वालों का आरोप है कि हर रोज तकरीबन एक हजार घनमीटर रेत की चोरी होती है। रेत उत्खनन करने वालों के द्वारा इस कृत्य को लम्बे समय से और निरन्तर अंजाम देने के कारण गांव वाले इस कदर क्षुब्ध थे कि उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। आशा की जाये कि भवानीपुर का यह संदेश प्रदेश के सभी ओर जायेगा और लोग अपने गांवों-शहरों में होने वाले अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाएंगे ताकि उनकी नदियां सुरक्षित बची रहें।*

# रायपुर उत्तर, धरसीवा सहित दर्जन भर विधायकों की टिकट खतरे में

## अधिकांश सीटों पर कांग्रेस चुनाव समिति ने सिंगल नाम तय किए

## सूची लेकर सैलजा दिल्ली रवाना, स्क्रीनिंग कमेटी में आज होगी चर्चा

**विस चुनाव 2023**

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन करने रविवार को मुख्यमंत्री निवास में कांग्रेस चुनाव समिति की करीब 5 घंटे तक चली बैठक में बाकी बची सीटो पर सिंगल नाम तय किए गए। करीब दर्जन भर वर्तमान विधायकों सहित कुछ अन्य सीटों नेताओ के बीच सहमति नहीं बन पाई है। विधायको को टिकट देना है या नहीं इस पर केंद्रीय नेतृत्व फैसला लेगा। जिन सीटों पर सहमति नहीं बन पाई है। उनमें रायपुर उत्तर व रायपुर दक्षिण सीट भी शामिल है। सूत्रों की माने तो प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को सूची लेकर दिल्ली रवाना हो गए। दिल्ली में सोमवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद अजय माकन की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी।जिसमे प्रत्याशी चयन पर रायशुमारी कर अंतिम रूप दिया जाएगा।जिसने अधिकांश नामो पर मुहर लग सकती है।मगर प्रत्याशियो की अधिकृत घोषणा नवरात्रि के पहले दिन होने की संभावना है।

बताया जाता है कि हाईकमान ने प्रदेश के नेताओ को सिंगल नाम का पेनल बनाने के लिए कहा था।इसी सिलसिले में आज मुख्यमंत्री निवास में कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक हुई। करीब दो दर्जन से अधिक ऐसी सीटे है जिन पर पार्टी नेताओं के बीच सहमति नहीं बन पाई है।करीब दर्जन भर विधायको की टिकट कटने पर विचार चल रहा है। यहां भी दिग्गज नेता एक राय नहीं है। ऐसे में सर्वे को आधार बनाकर पैनल बनाया गया है।कई सीटों पर 4 नाम है वहां दो नामों का पैनल बनाया गया है। रायपुर उत्तर, धरसीवा, धमतरी, भाटापारा, बिलाईगढ़, अहिवारा, संजारी बालोद, पंडरिया, मनेंद्रगढ़, रामानुजगंग, सामरी, कसडोल व जांजगीर विधानसभा में रायशुमारी नहीं बन पाई है।

रायपुर उत्तर में विधायक कुलदीप जुनेजा की टिकट खतरे में है।उनके नाम पेनल में रखा गया है। धरसीवा सीट से वर्तमान विधायक अनिता शर्मा, कसडोल विधायक शकुंतला साहू, पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, रामानुजगंज से विरहस्पत सिंह, सामरी से चिंतामणि महराज की टिकट काटने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव रामानुजगंज व सामरी विधायक को टिकट देने के पक्ष में नहीं है। जिसके चलते इनका नाम पेनल में रखा गया है। हाईकमान को इस पर फैसला लेना है।धमतरी में पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा के साथ ही मोहन लालवानी का नाम पेनल में रखा गया है।जातीय समीकरण के तहत सिंधी समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए लालवानी का नाम जोड़ा गया है। बताया जाता है कि किसी अन्य सीट से सिंधी समाज से प्रत्याशी बनाया जाता है तो धमतरी से गुरमुख सिंह को टिकट मिल सकती है। विधायको की जगह नए चेहरों को पार्टी मौका देगी।

मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्रियों व वरिष्ठ विधायको का नाम उनकी सीट से अकेले पैनल में रखा है। अभनपुर से धनेद्र साहू, रायपुर पश्चिम विकास उपाध्याय, बसना देवेंद्र बहादुर, कर्वधा से मो अकबर, साजा से रविन्द्र चौबे, दुर्ग से अरुण वोरा, दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, खरसिया से उमेश पटेल, बिलासपुर सैलेश पाण्डे, भरतपुर से गुलाब कमरों, सीतापुर से अमरजीत भगत, कोंटा से कवासी लखमा, चित्रकोट से दीपक बैज, बस्तर से लखेश्वर बघेल, कोंडागांव से मोहन मरकाम, केशकाल से संतराम नेताम व अन्य विधायकों का सिंगल नाम। पैनल में रखा गया है। इन सभी के नाम पहली सूची में घोषित कर दिए जाएंगे।

दिल्ली में सोमवार को होने वाली कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव आज एक साथ दिल्ली रवाना हुए। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य की चुनाव समिति और कोर कमेटी ने दावेदारों के नाम पर विचार कर लिया है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कर जल्द केंद्रीय चुनाव समिति को नाम दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ छोटा राज्य है जल्द प्रत्याशी चयन हो जाएगा।

श्री बघेल ने इस तिमाही में विद्युत कंपनियों के द्वारा 262 करोड़ से अधिक लाभार्जन पर मंत्री सिंहदेव, अधिकारी कर्मचारियों के बधाई दी। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की भाजपा की मांग पर उन्होंने कहा कि पहले वे अपने कार्यकाल की जांच करा लें। हमने शिकायत मंगाई है, किसी ने नहीं दी। केवल आरोप लगा रहे।

### कांग्रेस-भाजपा ने पितृ पक्ष के चलते रोकी सूची

पार्टी सूत्रों की मानें तो राजनीतिक दलों ने पितृ पक्ष में शुभ काम नहीं होने की धार्मिक मान्यता के चलते प्रत्याशियों की सूची रोक दी है। कांग्रेस ने अब तक एक भी सूची जारी नहीं की है। मुख्यमंत्री बघेल और उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने संकेत दिए हैं कि पितृ पक्ष के बाद सूची जारी होगी। भाजपा ने भी अभी तक दूसरी सूची नहीं जारी की। प्रदेश के 90 विधानसभा सीटों में से अब तक 21 विधानसभा में भाजपा ने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं।

# सूची लीक होने के बाद भाजपाई एक दूसरे के कपड़े फाड़ रहे : कांग्रेस

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रत्याशी की सूची लीक होने के बाद भाजपा में मचे अंर्तकलह और बवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सूत न कपास जुलाहों में लठ्म लठ्ठा की स्थिति भाजपा में देखने मिल रही है। भाजपा की पहली अधिकृत सूची जारी होने के बाद सभी 21 स्थानों पर घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ बगावती तेवर भाजपा के कार्यकताओं ने दिखाया, घोषित प्रत्याशियों के विरोध में धरना आंदोलन प्रदर्शन तक हुआ। अब भाजपा की दूसरी सूची जारी हुई है जिसका कि अभी तक भाजपा की तरफ से अधिकृत खंडन नही आया है। इस सूची के बाद तो भाजपा के सारे अनुशासन के दावे खोखले साबित हो गये।वरिष्ठ नेताओं के कपड़े फाड़ने तथा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय नेताओं के पोस्टरों में कालिख तक पोती गयी है। भाजपा के चुनाव प्रभारी में मनसुख मंडाविया तक से अभद्रता की नारे बाजी की गयी।

■ **भाजपा में सूत न कपास जुलाहों में लठ्म लठ्ठा वाले हालात**

श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा मे लोकतंत्र समाप्त हो गया, प्रत्याशी चयन के लिये कार्यकताओं से रायशुमारी नही की गई।क्षेत्र में बाहरी प्रत्याशियों को थोपा गया है। भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व भी स्थानीय नेतृत्व के साथ सामंती व्यवहार कर रहा है। जिसके कारण वरिष्ठ नेता भी खुद का उपेक्षित महसूस कर रहे है। दिल्ली के नेता, छत्तीसगढ़ के बड़े नेताओं और कार्यकताओं को अपमानित कर रहे है जिसके कारण प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा में बगावत देखने को मिल रही है।

कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सिर फुटौव्वल की अभी शुरूआत हुई है जैसे ही पूरे 90 प्रत्याशी घोषित हो जायेंगे पार्टी में बड़ा बगावती बम पूरे 90 विधानसभा क्षेत्रों मे फूटेगा। प्रदेश चुनाव प्रभारी मनसुख मंडाविया का यह बयान की अभी तो वायरल सूची है। अधिकृत सूची के बाद क्या होगा भाजपा के अंदरूनी हालात को बयान करने के लिये काफी है।

# रेलवे के विशेष अभियान में लंबित फाइलों को तेजी से निपटाने कवायद

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कार्यालयों में स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए 'विशेष अभियान 3.0' चलाया जा रहा है। अभियान की शुरुआत एक प्रारंभिक चरण से हुई, जिसे अभियान अवधि के दौरान प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्यों की पहचान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर 2023 को शुरू किया गया था।




मुख्य अभियान 2 अक्टूबर, 2023 से शुरू हुआ और 31 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रत्येक विभाग और कार्यालय चयनित श्रेणियों में लंबित मामलों की पहचान करेंगे और अभियान स्थलों को अंतिम रूप देंगे। यह पोर्टल 31 अक्टूबर, 2023 तक खुला रहेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक शिकायतों का प्रभावी निपटान, संसद सदस्यों के संदर्भ, संसद के आश्वासन, स्वच्छता अभियान, स्क्रैप का निपटान फाइलों की छंटाई और अन्य स्वच्छता संबंधी गतिविधियों पर है। इस विशेष अभियान 3.0 को सफल बनाने के लिए जोनल मुख्यालय, प्रत्येक विभाग, मंडल, कार्यालयों में नोडल ऑफिसर नामित किये गए हैं। विशेष अभियान 3.0 के लिए मंडलों और विभागों में स्वच्छता के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों और दूरवर्ती स्थानों की पहचान की गई और समीक्षा के लिए फाइलें और ई-फाइलों की पहचान की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नियमित आधार पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में स्क्रैप की पहचान की जा रही है। विशेष अभियान से जुड़ी सभी आवश्यकताओं को समय से पहले ही पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे सुनिश्चित करने के लिए नियमित आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जा रही है। इस अभियान में अभी तक फाइल रिकॉर्ड मैनेजमेंट के अंतर्गत 4700 से अधिक फाइलों की समीक्षा की गई, वीडिंग के लिए 3100 से अधिक फाइलों को चिन्हित किया गया, 470 से अधिक ई- फाइलों का निपटारा किया गया। स्वच्छता अभियान और कार्यालयों से स्क्रैपके निपटारा के तहत 466 साईट की सफाई की गई, इसके अतिरिक्त 418 कार्यालयों की सफाई की गई, इससे अभी तक 7300 किलोग्राम से अधिक के स्क्रैप का निपटारा किया गया जिससे कि 870 वर्ग मीटर की जगह खाली हुई। रेलवे स्टेशन तथा अन्य 196 स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

विशेष अभियान 3.0 के प्रारंभिक चरण के दौरान कार्यालय परिसर में सभी चिन्हित स्वच्छता स्थलों का निरीक्षण किया गया और सभी कार्यालय प्रमुखों को अभियान अवधि के दौरान लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का निर्देश दिया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सभी अधिकारियों को स्वच्छ और कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाई गई। एक समर्पित टीम द्वारा दैनिक प्रगति की निगरानी की जा रही है और प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा बनाए गए एससीपीडीएम पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। सभी कार्यालयों, मंडलों, विभागों द्वारा इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है और इसे स्वच्छता उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया की सहायता से इस अभियान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# एनएसयूआई में प्रवक्ता बनने हुआ साक्षात्कार

## प्रदेश, संभाग, ज़िला स्तर पर नियुक्त होंगे प्रवक्ता



**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश एनएसयूआई द्वारा राजीव भवन में आयोजित बोल छत्तीसगढ़िया बोल कार्यक्रम का ग्रैंड फिनाले रखा गया। प्रवक्ता चयन कार्यक्रम को पिछले दो महीने से मुख्य चयनकर्ता संजीव शुक्ला एवं मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा प्रदेश के सभी संभागों में प्रेसवार्ता कर पोस्टर विमोचन किए थे।

मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पोस्टर विमोचन कर प्रवक्ता चयन कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। आज प्रवक्ता चयन कार्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं सभी प्रतिभागियों को तीन-तीन मिनट मंच पर बोलने का मौका दिया गया। साथ ही उनका साक्षात्कार कर प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ की 5 साल की सरकार की जनकल्याणी योजनाओं के बारे में बताना था।साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की 9 साल की विफलतियों को सभी के सामने रखना था।

मुख्य चयनकर्ता संजीव शुक्ला ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में लड़ाई 15 साल कुशासन बनाम 5 साल सुशासन के बीच होगी।15 साल के कुशासन में जब प्रदेश में रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब प्रदेश में नान घोटाला, आँख फोड़वा कांड, गर्भाशय कांड, प्रियदर्शनी बैंक घोटाला, पूरे प्रदेश में चिट् फण्ड कंपनी का जाल, झलियामारी काण्ड, नक़ली दवाई,, झिरम नरसंहार ऐसे अनगिनत कारनामे भाजपा सरकार के कुशासन में हुए। दूसरी तरफ प्रदेश में जब कॉंग्रेस सरकार आई भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने और बनते ही किसानो का कर्जा माफ़, बिजली बिल हाफ, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, आदिवासियों की अधिगृहित जमीन वापस देने का कार्य, व्यापम के परीक्षा फार्म निशुल्क करने सहित अनेको जनकल्याणकारी काम किए हैं।

मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने कहा हमने पिछले दो महीना से छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में जाकर प्रेसवार्ता कर लोगों को बोल छत्तीसगढ़िया बोल कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया था। सभी प्रतिभागियों को मोदी सरकार की विफलता एवं कांग्रेस की 5 साल की जनकल्याणी योजनाओं के बारे में 3 मिनट का समय दिया गया था। इस कार्यक्रम में प्रदेश के छह प्रवक्ता दो संभाग प्रवक्ता एवं तीन- तीन जिला प्रवक्ताओं की नियुक्ति होगी। प्रवक्ता चयन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चयनकर्ता संजीव शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महामंत्री संगठन हेमंत पाल, युवा कांग्रेस के प्रदेश संयोजक तुषार गुहा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष संकल्प मिश्रा, मौजूद थे।

# सीएम बघेल को विद्युत मंडल अभियंता संघ ने भेंट किया स्मृति चिन्ह

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए जताया आभार

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल अभियंता संघ के अधिकारी-कर्मचारियों ने मुलाकात कर राज्य पॉवर कंपनियों के कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा पर धन्यवाद ज्ञापित किया।



मुख्यमंत्री बघेल से चर्चा के दौरान अभियंता संघ के अध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि इस ऐतिहासिक घोषणा से विद्युतकर्मी खुश हैं और अब उन्हें राज्य के अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री बघेल को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार जताया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 6 अक्टूबर को कांकेर जिले में आयोजित नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनियों में एक अप्रैल 2004 और इसके उपरांत नियुक्त कर्मियों के लिए नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा की थी। इससे राज्य के विद्युत कंपनियों में कार्यरत लगभग 10 हजार अधिकारी-कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल अभियंता संघ के इंजीनियर मनोज वर्मा, आरके शर्मा, आर के बंछोर, आशीष हटवार, विनय चंद्राकर, मधु मिंज, करुणेश यादव, आशीष अग्निहोत्री, ओमकार चंद्राकर, सुशील यदु, नीरज वर्मा सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सरकार बहुसंख्यक हिन्दू समाज के खिलाफ षड्यंत्र पूर्वक कार्रवाई कर रही : अरूण साव

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बिरनपुर मामले में सत्र न्यायालय के शनिवार को आए फैसले के मद्देनजर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर बहुसंख्यक हिन्दू समाज के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण कार्रवाइयों के लिए जमकर लताड़ लगाई। श्री साव ने बताया कि भुनेश्वर साहू की हत्या के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं करके प्रदेश की भूपेश सरकार जिस प्रकार अन्य मामलों में हिन्दू युवकों के खिलाफ झूठे मामले कायम करके उन्हें प्रताड़ित कर रही थी, सत्र न्यायालय ने उन सभी 8 आरोपियों के दोषमुक्त करके पूरी जाँच प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं और तात्कालिक एसपी कल्याण एलेसेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व विवेचना अधिकारी भानु प्रताप पटेल पर घोर उपेक्षा व लापरवाही के लिए जांच की अनुशंसा भी की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गत 8 अप्रैल को बिरनपुर में एक निर्दोष युवक भुनेश्वर साहू की बेदर्दी से हत्या कर दी गई थी। लगातार उस क्षेत्र में लव जिहाद की घटनाएँ हो रही थीं, यही भुनेश्वर साहू की हत्या की वारदात की पृष्ठभूमि थी। इस घटना के बाद मृतक भुनेश्वर साहू का दाह संस्कार किन परिस्थितियों में हुआ, यह भी पूरा प्रदेश जानता है। 10 अप्रैल को वह (श्री साव स्वयं) भुनेश्वर साहू के परिजनों से मिलने जा रहे थे, लेकिन मिलने देने के बजाय सरकार ने उन्हें (श्री साव को) 6 घंटे हिरासत में रखा और लगातार भूपेश सरकार ने इस मामले में इकतरफा कार्रवाई की। अनेक अवसरों पर भाजपा ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार बहुसंख्यक हिन्दू समाज के खिलाफ इकतरफा कार्रवाई कर रही है। श्री साव ने कहा कि एक तरफ मृतक भुनेश्वर के परिजनों ने 40-41 अभियुक्तों का नाम दिया, उनमें से सिर्फ 11 लोगों की गिरफ्तारी हुई, शेष अभियुक्तों की आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सरकार ने कभी आगजनी के मामले को लेकर अपराध दर्ज किया तो कभी धारा 302 का मामला कायम किया और हिन्दू समाज के लोगों को लगातार प्रताड़ित किया, परेशान किया, पुलिस उनके घरों में पहुँची। ऐसा करके बहुसंख्यक हिन्दू समाज में दहशत और दबाव का माहौल बनाने का काम किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने सत्र न्यायालय के फैसले को पढ़कर सुनाते हुए कहा कि मात्र 6 माह के अल्प समय में न्यायालय ने बिरनपुर की परिस्थितियों में हुई आगजनी की घटना में शासन द्वारा झूठे फंसाए गए बहुसंख्यक वर्ग के निर्दोष लोगों को बाइज्जत बरी किया। यह सत्र न्यायालय का जो फैसला आया है, उससे भाजपा के कथन और आरोपों की पुष्टि हुई है कि किस प्रकार सरकार ने बहुसंख्यक हिन्दू समाज के खिलाफ इकतरफा कार्रवाई की? और दूसरी तरफ भुनेश्वर के पिता व भाई ने जो अभियुक्त बताए थे, संख्या बताई थी, आज तक उनकी



गिरफ्तारी नहीं हुई है और न उनसे पूछताछ की गई। वे अभियुक्त आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निरपराध हिन्दू समाज के नौजवानों को झूठे मुकद्दमे में फँसाकर उनको जेल में डाला गया। सत्र न्यायालय ने अपने फैसले में जो कहा है, वह इस बात को आईने की तरह साफ करता है कि बहुसंख्यक हिन्दू समाज के खिलाफ कांग्रेस की इस भूपेश सरकार ने किस तरह अन्याय किया! भाजपा ने लगातार इस मामले में जो कहा, वह इस फैसले से प्रमाणित हो गया है। श्री साव ने कहा कि यह फैसला बताता है कि राज्य की सरकार किस प्रकार बहुसंख्यक हिन्दू समाज के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और मूल आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। आज भी प्रदेश सरकार ने भुनेश्वर साहू की हत्या के मामले में बताए गए आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था के हालात को इस पूरी घटना और उससे संबंधित सत्र न्यायालय के फैसले के परिप्रेक्ष्य में आसानी से समझा जा सकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि भाजपा लगातार इस बात को कहती और इस मुद्दे को लेकर लड़ती रही है कि सरकार पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर बहुसंख्यक हिन्दू समाज को दबाने व तोड़ने का काम करके तुष्टीकरण के अपने राजनीतिक एजेंडे को अमल में ला रही है। चाहे वह कबीर धाम की घटना हो, बिरनपुर की घटना हो, खुर्सीपार की घटना हो, नारायणपुर में धर्मांतरण की विरोध कर रहे लोगों के खिलाफ झूठा मामला बनाने का काम हो, लगातार ऐसी घटनाएँ सामने आई हैं जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश की यह भूपेश सरकार बहुसंख्यक हिन्दू समाज के प्रति दुर्भावना का परिचय दे रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता द्वय केदारनाथ गुप्ता व अमित साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित थे।

# बिरनपुर मामले में अदालत के फैसले के बाद भाजपाध्यक्ष साम्प्रदायिक रोटी सेंक रहे : कांग्रेस

बिरनपुर मामले मे कुछ आरोपियों के संबंध मे अदालत के फैसले पर भाजपा अध्यक्ष अरुण साव का बयान बेहद दुर्भाग्य जनक और निंदनीय है। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला नें कहा की अदालत के फैसले का भाजपा अपनी साम्प्रदायिक सोच के आधार पर व्याख्या कर रही। बिरनपुर की दुर्भाग्य जनक घटना के बाद भी भाजपा राजनैतिक गिद्ध वाला आचरण दिखाया था और लाशो पर राजनीति करने का पूरा प्रयास किया था। भाजपाई वहा पर साम्प्रदायिक दंगा भड़काने गए थे स्वयं भाजपा के अध्यक्ष की मंशा भी कुछ वैसी थी। पुलिस नें बिरन पुर मे तनाव को नियंत्रित करने के लिए हरसम्भव कदम उठाया था दोनों ही पक्ष के संदिग्ध और संलिप्त लोगो के खिलाफ कार्यवाही की गयी थी। घटना के समय की संलिप्तता और उसको अदालती फैसले से जोड़ कर बयानबाजी भाजपा की अवसरवदिता है। अभी और लोगो की गिरफ्तारी और चार्जशीट दाखिला अदालत का फैसला आना सभी कुछ बाकी है।

कांग्रेस संचार प्रमुख नें कहा क़ानून सभी के साथ समान व्यवहार करता है।भाजपा के लिए हिन्दू सिर्फ मतदाता है उनको अल्पसंख्यको का भय दिखा कर राजनैतिक रूप से ध्रुवकरण करना भाजपा की पुरानी फ़ितरत रही है। भाजपा जहाँ पर राजनैतिक रूप से पतन की स्थिति मे रहती है वहा वह साम्प्रदायिक दंगे करवाती है। बिरन पुर मे भी हुआ तनाव भाजपा की साजिश का परिणाम था। भाजपा के विधानसभा की वायरल सूची मे बिरनपुर की घटना से जुड़े व्यक्ति का नाम इस बात का स्पष्ट प्रमाण है की भाजपा नें वहा पर हुए तनाव को फैलाया और राजनैतिक रोटी सेंकने मे लगी है।

# अग्रसेन जयंती पर साइकिलिंग व दौड़ कार्यक्रम

## पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने फिट रहने के बताए फायदे



**रायपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर रविवार को मरीन ड्राइव में अग्रवाल समाज के बहुचर्चित कार्यक्रम साइकिलिंग और दौड़ के कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल युवा मंडल द्वारा संपन्न हुआ. जयंती प्रभारी मनीष अग्रवाल और प्रचार प्रसार प्रमुख आयुष मुरारका ने बताया कि, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतनलाल डांगी पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर और विशिष्ट अतिथि एस. के. मीणा आयकर आयुक्त के द्वारा फ्लैग ऑफ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि रतन लाल डांगी ने कार्यक्रम को सफल बताते हुए युवा मंडल की सर्वसमाज को मतदान के लिए जागरुक करने के उद्देश्य की सराहना करते हुए रायपुरवासियों को फिट रहने के फ़ायदे भी बताए. विशिष्ट अतिथि एस.के. मीना ने कार्यक्रम की सराहना की और इस वर्ष सात लाख नए मतदाताओं को कार्यक्रम के उद्देश्य होप फॉर टुमारो, वोट फॉर टुमारो का ज़िक्र करते हुए अपने मतदान के अधिकार को पूर्ण करने का आह्वान किया।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि, इस कार्यक्रम में सभी समाज के क़रीब दो हजार लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इसमें छात्र-छात्राओं सहित महिला वर्ग, पुरुष वर्ग एवं सीनियर सिटीजंस आदि ने भाग लेकर आकर्षक नगद पुरस्कार ट्रॉफी सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में कई संस्था का सहयोग रहा जिसमें इनफिनिटी राइडर्स, येलो आर्मी, साइकस जुंबा क्लास प्रमुख है।

यह कार्यक्रम सर्व समाज के लिए था इसलिए इस प्रतियोगिता में ओपन केटेगरी ,सीनियर सिटीजन,अग्रवाल समाज के लिए भी अलग कैटेगरी थी. सभी कैटेगरी में बॉयज़ गर्ल्स को 1ह्यह्न, 2ठ्ठस्त्र और 3ह्म्स्त्र प्राइज दिया गया. लकी ड्रॉ के माध्यम से 25 सिल्वर कॉइन्स भी प्रतिभागियों को बांटा गया. इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के संरक्षक चतुर्भुज अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल, युवा मंडल के अध्यक्ष राम अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, महामंत्री युवा मंडल सौरभ अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक विनीत अग्रवाल, शोभा यात्रा प्रभारी आनंद गोयल, उपाध्यक्ष अकांश गोयल, सलाहकार आयुष अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, अभिषेक टेकरीवल, वेदान्त अग्रवाल, अमर अग्रवाल, सिए गोपाल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विकास सिंघाल, संस्कार अग्रवाल और सभा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही इस कार्यक्रम के सभी स्पॉन्सर्स भी उपस्थित थे. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग का विशेष सहयोग रहा।

# खैरागढ़ युनिवर्सिटी को बचाने रानी विभा देवव्रत सिंह ने राज्यपाल-मुख्यमंत्री से की फरियाद

**रायपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। रानी विभा देवव्रत सिंह ने बीते दिन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से सौजन्य मुलाकात कर एक निवेदन पत्र राज्यपाल को सौंपा है। निवेदन पत्र में मुख्यत: इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ का रायपुर में आफ कैंपस स्टडी सेंटर रायपुर में अलग से खोलने पर कड़ा एतराज जताया है साथ ही उक्त सेंटर को पूरी तरह से बन्द करने हेतु निवेदन किया है।रानी विभा सिंह ने एक वीडियो जारी करते हुए मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से एशिया के एकमात्र विश्वविद्यालय खैरागढ़ विश्वविद्यालय को खैरागढ़ से कहीं नहीं ले जाने की मांग कीरानी विभा देवव्रत सिंह कमल विलास पैलेस खैरागढ़ ने अपने आवेदन पत्र में निवेदन करते हुए कहा है कि एशिया का प्रथम प्रसिद्ध संगीत विश्वविद्यालय देश व विदेश में अलग पहचान रखता है, जिसके चलते खैरागढ़ में इसकी स्थापना से खैरागढ़ की विशेष पहचान है।



हमारे राजपरिवार ने इस वि.वि. की स्थापना के लिये अपना राजमहल व जमीन दान किया था। जिससे आज खैरागढ़ की खास पहचान के चलते हमें व हमारे राजपरिवार सहित खैरागढ़ विधानसभा की जनता को गर्व की अनुभूति होती है। वर्तमान में विश्वविद्यालय का आफ कैंपस स्टडी सेंटर रायपुर में एक सेंटर खोलने की पहल से आमजनता की जनभावनाओं के साथ-साथ हमारी भी भावनाओं को ठेंस पहुंचते हुए विपरीत की गयी है। इस केन्द्र को प्रारंभ कराने के लिये न तो हमसे अथवा दिवंगत राजा देवव्रत सिंह जी के सुपुत्र आर्यवत अथवा शताक्षी सिंह के अलावा शहर के किसी भी गणमान्य नागरिकों से राय विमर्श करने की जहमत नहीं उठायी गयी है। आननफानन में की गयी यह पहल विभिन्न शंकाओं को जन्म दे रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी पत्र में आफ कैपंस स्टडी सेंटर को आगामी निर्णय तक सिर्फ स्थगित करने का उल्लेख कर और संशय की स्थिति उत्पन्न कर दीया गया है। उनके द्वारा पहल कर स्टडी सेंटर के निर्णय को स्थगन नहीं बल्कि अविलंब किये निरस्त करना चाहिए। शासन के उच्चशिक्षा मंत्रालय व विवि प्रशासन की सहमति से ऐसे निर्णय जनहित मे तत्काल लेना चाहिये। इस बाबत हमारी आप महानुभाव से मांग है कि आप इस सम्बन्ध में तत्काल पहल कर आम जनता के मन में स्टडी सेंटर के फिर खुलने अथवा वि.वि. के स्थानान्तरण आदि को लेकर जो संशय की स्थिति खैरागढ़ विधानसभा की जनता व अन्य के मन में बन रही है। उसे जनहित में दूर कर स्पष्ट, आदेश जारी करना उचित होगा।

# कटोरा तालाब के व्यापारियों को मिला स्मार्ट टॉयलेट

## वर्षों से लंबित मांग पूरी



**रायपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटोरा तालाब के सैकड़ों व्यापारी एवं उनके यहाँ आने वाली महिलाओं को वाशरूम नही होने के कारण अनेक असुविधाओ का सामना करना पड़ता था इसे दृष्टि गत रखते हुए नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने 25 लाख की लागत से 16 सीटर स्मार्ट टॉयलेट का शनिवार को लोकार्पण किया। इसमें 8 महिलाओं तथा 8 पुरुषों के अलावा दिव्यांग जनों के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है।इसके साथ साथ मदर फीडिंग रूम का भी निर्माण किया गया है। संत कंवर राम स्कूल की छात्राओं के लिए भी अलग गेट लगाकर व्यवस्था की गई है। ज्ञात हो कि पूरे कटोरा तालाब छेत्र में एक भी बड़े टॉयलेट नहीं होने के कारण वर्षों से उस क्षेत्र के व्यापारी सभी जनप्रतिनिधियों से कह कर थक चुके थे लेकिन अब मांग पूरी होने पर कटोरा तालाब के व्यापारीयो ने महापौर एज़ाज़ ढेबर के साथ प्रमोद दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष तेज कुमार बजाज,जगदीश कलश,संत सिंह कोहली,सुरेंद्र सहगल,राजेश चौबे,नवीन लार्जरस,बाक़र अब्बास,प्रदीप सिहानी,रिक्की जुड़ानी,चंद्र कुमार दोड़वानी,धनेश मतलानी ,राहुल पंजवानी,अरुण पंजाबी संहित कटोरा तालाब के सभी प्रमुख व्यापारी गण उपस्थित थे।

# भूपेश बहुरुपिया चरित्र के नेता, ऐसा नेता कांग्रेस में ही हो सकता है : लक्ष्मी वर्मा

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने कहा है कि आज का युवा नशे में पूरी तरह डूब चुका है। शनिवार को आधी रात जोरा, तेलीबांधा के पास नेशनल हाई-वे पर नशे में धुत्त युवकङ्क्युवतियों के बीच हुई जमकर झड़प की घटना से जाहिर है कि पूरे प्रदेश में नशे का जाल फैला हुआ है और प्रदेश में 24 घंटे नशा उपलब्ध है। ऐसी ही एक घटना रायगढ़ की भी है। आज रायगढ़ में भी नशे के इंजेक्शन जप्त हुए हैं छत्तीसगढ़ में शराब के साथ-साथ सुखा नशा भी अपना पैर पसार रहा है युवाओं को अपने शिकंजे में ले चुका है।श्रीमती वर्मा ने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार आखिर चाहती क्या है?

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की बहन बेटियां समझ नहीं पा रही हैं!अवैध शराब सरकार के संरक्षण में बिक रही है। मुख्यमंत्री के खास मेयर के भाई अनवर और ढिल्लन की याचिका को आज कोर्ट ने खारिज किया है। इससे स्पष्ट है कि ईडी ने पुख्ता प्रमाण दिया है कि छत्तीसगढ़ में अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे यहां की जनता परेशान है। इन लोगों ने कोरोना काल में भी शराब को घर-घर पहुंचाने का काम किया है। श्रीमती वर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार ने पूरी संजीदगी के साथ छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति को हाथ में गंगाजल लेकर विश्वास दिलाया था कि सरकार में आएंगे तो शराब बंद कराएंगे, लेकिन सत्ता मिलते सरकार अपने वादे से मुकर गई। इतना ही नहीं, सरकार में आने के बाद शराब के साथ अन्य नशे का कारोबार सरकार के संरक्षण में चलाया जा रहा है ताकि यहां के युवा नशे की गिरफ्त से बाहर न हों और उनको



**प्रदेश सरकार चाहती है कि युवा नशे की गिरफ्त से बाहर न हों और उनको जो रोजगार देने का वादा किया है, वह न देना पड़े**

जो रोजगार देने का वादा किया है, वह न देना पड़े। श्रीमती वर्मा ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक चारों ओर व्यापक पैमाने पर नशे का गोरखधंधा चल रहा है। अवैध शराब का कारोबार गाँव-गाँव में फल-फूल रहा है। सिमगा के एक ढाबे में अवैध शराब बनाकर पैकिंग कर उसे सरकारी शराब दुकानों में बेचा जा रहा था। क्या ये सरकार के संज्ञान में नहीं था? कहीं-न-कहीं इस प्रकार सरकार के द्वारा अवैध शराब को वैध शराब के साथ 800 दुकानों पर बेचा जा रहा है। इस तरह 2,000 करोड़ रुपए का जो सरकार ने घोटाला किया है, वह आम जनता के सामने है। श्रीमती वर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल बहुरुपिया चरित्र के नेता हैं और ऐसा नेता कांग्रेस में ही हो सकता है। भूपेश ने सदन में आरक्षण देने का दिखावा करते हुए कहा था कि इसका आधार चॉंटिफिएबल डाटा आयोग की रिपोर्ट है, भाजपा भी चाहती थी कि वंचित वर्ग को उसका अधिकार मिले इसलिए उसने सदन में आरक्षण का समर्थन किया परंतु भूपेश बघेल नहीं चाहते हैं कि आरक्षण मिले इसलिए उन्होंने आरक्षण का आधार चॉंटिफिएबल डाटा आयोग की रिपोर्ट उन्होंने प्रस्तुत नहीं की और आज जातिगत जनगणना का राग अलाप रहे हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा के हालिया छत्तीसगढ़ दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूँ' की जुमलेबाजी करने वाली प्रियंका वाड्रा की घमंडिया कंपनी के जितने भी नेता हैं, कई सालों तक देश में राज किए लेकिन इन्होंने कभी ओबीसी, आदिवसियों के हितों की बात नहीं की और आज आरक्षण के मुद्दे पर झूठ बोलकर वे प्रदेश को गुमराह कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण में समुदाय की भूमिका पर कार्यशाला

**रायपुर**, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में, नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण में समुदाय की भूमिका के ऊपर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को सर्किट हाउस सिविल लाइंस के मीटिंग हॉल में संपन्न हुआ। उक्त कार्यशाला में समुदाय के धार्मिक संगठन के सह्योग से नियमित टीकाकरण को बेहतर बनाने के लिए सभी धार्मिक गुरुओं के विचार और सुझाव से नियमित टीकाकरण को बेहतर बनाने के लिए प्रयाश संभव हो सके। डॉक्टर अंजन चटोराज (एस पी एम) जे एस आई, एम राइट प्रोजेक्ट यू एस एड के द्वारा नियमित टीकाकरण से सम्बंधित जानकारी दिया गया जिसमे वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया । जिला कार्यालय से टीकाकरण अधिकारी डॉ संजीव मेश्राम, टीकाकरण की बारे में जानकारी और समुदाय की सहभागिता एवं उनके सहयोग के बारे में जानकारी दिया गया ।डॉ कमलेश जैन ( नोडल आफिसर के द्वारा बताया गया कि नियमित टीकाकरन को बेहतर बनाने में समुदाय के धार्मिक गुरु किस तरह से इसको बेहतर बना सकते है।

# पट्टा मिलने पर खिले हर चेहरे, विकास उपाध्याय के साथ मिल मनाई खुशियां

**रायपुर,** 8 अक्टूबर। भूपेश बघेल सरकार द्वारा कुछ समय से पट्टे का वितरण किया जा रहा है, जिस सपने को क्षेत्र की जनता ने कई दशकों से अपने दिलों में संजोया था। आज वह पूरा हो रहा है। क्षेत्र की जनता जो अपना आशियाना बसाने का सपना देखा करते थे, उसको अब राज्य की भूपेश बघेल सरकार पट्टा देकर च्राजीव गाँधी आश्रय योजनाज्ञ के माध्यम से उनको आवास बनाने में भी आर्थिक मदद प्रदान कर रही है। काँग्रेस पार्टी ने लगभग हर व्यक्ति को उनके जमीन का अधिकार ( पट्टा ) देने का काम किया है।



**वर्षों का सपना हुआ साकार**

प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गाँधी हो या स्व. राजीव गाँधी हो या अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह हो या दिग्विजय सिंह हो ।सबने समाज के हर वर्गों को उनके अधिकार पट्टा देने का काम किया है मध्यप्रदेश विभाजन के बाद सन 2000 में जब छत्तीसगढ़ प्रदेश का गठन हुआ तब छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजित जोगी ने राज्य में सभी को पट्टा देकर उनके विश्वास को जीता था ।आज पट्टा वितरण के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय ने अपने क्षेत्रों के विभिन्न वॉर्डों में जाकर पट्टा वितरण किया। आज जब पट्टा वितरण का कार्य चल रहा था तब क्षेत्र की जनता का उत्साह देखने लायक था, जो सपना उन्होंने सालों पहले देखा था। अब वह पूरा हो रहा है। जिस जमीन पर वह बसे थे। अब वह उनकी होगी। पट्टा मिलने से अपनी जमीन और घर का सपना पूरा होते ही क्षेत्र की जनता अपने विधायक के सामने खूब पटाखे फोड़े, साथ ही आतिशबाज़िया कर पूरा दीपावली का माहौल बना दिया था।

इस दौरान विधायक विकास उपाध्याय ने विरोधियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जो पट्टे के नाम पर लोगों को झूठा तथ्य देकर बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। गरीब और जरूरतमंद लोगों को भी ऐसे भ्रामक बातें फैलाने वालों से सचेत रहना चाहिए। उनकी बातों को अनसुना करने में ही समझदारी है।

# देश का भविष्य है युवा : आदित्यनाथ

## सिंधी कार्उंसिल सम्मेलन में छह हस्तियों का सम्मान




**रायपुर,** 8 अक्टूबर। सिंधी कार्उंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बबोधन में कहा पांच सौ वर्ष की प्रतिक्षा के बाद राम मंदिर बन रहा है। सभी अतिथि जो इस आयोजन में आए है आप अयोध्या जाकर राममंदिर का दर्शन करे एवम साथ में काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा सिंधी समाज इस कॉन्क्लेव में आए उनका धन्यवाद ।आप सभी उत्तर प्रदेश की पावन धरा में कदम रखे साथ में सिंधी समाज की छह हस्तियों का सम्मान किया। ब्रिलियर्ड्स प्लेयर पंकज आडवाणी का सम्मान किया।

इंदौर सांसद शंकर लालवानी का भी समान किया। सिंधी कार्उंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा सिंधी समाज के इतिहास को पढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा मुझे रायपुर में शदाणी दरबार तीर्थ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुझे बहुत आयोजन सिंधी समाज के जाने का अवसर मिला। सिंधी कार्उंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ,सिंधी एकेडमी अध्यक्ष राम गिडलानी,युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी,गौरव मंधानी,सुनील वाधवा,गौतम रेलवानी,नरेश पंजवानी उपस्थित थे।

## निधन

### पुष्पा साहू



**अमेरा/बलौदाबाजार**, 8 अक्टूबर। ग्राम अमेरा निवासी पुष्पा साहू का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में हुआ। वे भागवत साहू की पत्नी, रवि की मां, खोरबाहरा साहू की बहु थी।

### आशकरण पींचा



**महासमुंद,** 8 अक्टूबर। स्थानीय गांधी चौक निवासी शांतिविजय क्लाथ स्टोर्स के संचालक आशकरण पींचा 80 वर्ष का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जसवंत उर्फ गोलू, राजकुमार के पिता,पुखराज, मनोहर, पूनम पींचा के बड़े भाई व विजय, मनीष, जयंत, प्रिंस, प्रखर पींचा के बड़े पिता थे।

### कुसुम पालंदुरकर



**दुर्ग**, 8 अक्टूबर। न्यू दीपक नगर निवासी कुसुम पालंदुरकर (74 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश पालुंदरकर व दीपक पालुंदरकर की माता जी थी।

# डूंडा में 3.50 करोड़ के लागत से बनेगा अंबेडकर भवन

## ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत तीन स्कूलों का हुआ उन्नयन



**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर ग्रामीण विधानसभा में इन दिनों विकास कार्यों की सौगातों की झड़ी सी लग गई है ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा द्वारा निरंतर विभिन्न स्थानों पर भूमि पूजन एवं लोकार्पण का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में आज डूंडा में जहां 3.50 करोड़ के अंबेडकर भवन का भूमि पूजन किया गया ।वहीं लांभाडी में शासकीय शाला जो 75 लाख की लागत से बनकर तैयार हुई है उसका भी लोकार्पण किया गया ।साथ ही विभिन्न स्थानों पर स्कूलों के उन्नयन की सौगातें भी मिली हाई स्कूल सरोरा का उन्नयन करते हुए हायर सेकेंडरी किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला रावा भाठा का हाई स्कूल में उन्नयन व पूर्व माध्यमिक शाला सोन डोंगरी का हाई स्कूल में उन्नयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि स्कूलों के उन्नयन से छात्रों को पढ़ाई के लिए जहां दूर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल पाएगी। इन स्कूलों के उन्नयन के लिए लगातार मांगे आ रही थी जिसे पूरा किया गया है ।जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत डूंडा में आज एक बड़ी सौगात लोगों को मिली है 3.50 करोड़ के अंबेडकर भवन के लिए भूमि पूजन किया गया है जो क्षेत्र के लिए मिल का पत्थर साबित होगा ।इसके निर्माण के बाद लोगों को जहां बेहतर सुविधा मिल पाएगी ।वही बड़े-बड़े आयोजन आसानी से इस भवन में पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार जहां लोगों के मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने का काम कर रही है वहीं स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# तनुश्री ने लगातार 5 घंटे तैरकर वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम



**प्रदेश की नन्हीं जलपरी ने रचा इतिहास**

**रायपुर**, 8 अक्टूबर। दुर्ग जिले के खेल गांव पुरई के फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी की नन्ही तैराक तनुश्री कोसरे ने तैराकी के क्षेत्र में वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है ।इस उपलब्धी को हासिल करने के लिए नन्ही जलपरी तनुश्री प्रतिदिन 7 से 8 घंटे गांव के ही तालाब में तैरकर कोच ओम कुमार ओझा, ईश्वर ओझा, निशा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी। आखिरकार आज तनुश्री की मेहनत रंग लाई और उसने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। महज 9 साल की तैराक तनुश्री ने वो कारनामा कर दिखाया है जिसे करने में बड़े-बड़ों के पसीनें छूट जाते हैं ।तनुश्री ने लगातार 5 घंटे तक पानी में तैरने का गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया हैं। तनुश्री के तैराकी के इस जुनून और जज्बे को देखने के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम के साथ ही दुर्ग-भिलाई और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या लोग पहुंचे थे। तनुश्री सुबह 11 बजे तालाब में उतरी और 4 बजे तक लगातार 5 घंटे तक तैरती रहीं और वर्ल्ड रिकॉर्ड बना कर ही तालाब से बाहर निकली ।तनुश्री ने इस कारनामें को कर छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारत का नाम विश्व में रौशन किया हैं।

**दुनिया में ऐसा करने वाली पहली बच्ची बनी तनुश्री**

गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम के सदस्य आलोक कुमार ने बताया कि आप गूगल करके भी देख सकते हैं की पूरी दुनिया में किसी ने भी 9 साल की उम्र में लगातार 5 घंटे तैरने का रिकॉर्ड नहीं बनाया है जो रिकॉर्ड आज इस गांव की नन्ही जलपरी तनुश्री ने बनाया है।

महज 9 साल की तैराक तनुश्री ने लगातार 5 घंटों तक तैर कर गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद अब तनुश्री 12 घंटे तक लगातार तैरने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करना चाहती हैं।

### इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला

# तीन महीने बाद भी अभियोग पत्र पेश नहीं

## 20 अक्टूबर को करें दाखिल : हाईकोर्ट



**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। 17 साल पुराने रायपुर के बहुचर्चित इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला प्रकरण में कोर्ट ने पुलिस को 20 अक्टूबर को आरोप पत्र पेश करने का आदेश दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भूपेश कुमार बसंत ने कहा है कि हाई कोर्ट के आदेश पर केस की नए सिरे से जांच का आदेश देने के तीन महीने से अधिक समय हो चुका हैए लेकिन जांच एजेंसी की आगे की गई जांच के संबंध में कोई अभियोग पत्र कोर्ट में पेश नहीं किया गया है। प्रकरण की परिस्थितियों को देखते हुए जांच एजेंसी और विशेष लोक अभियोजक को निर्देश दिया जाता है कि जांच पूरी कर आरोप पत्र पेश करें या फिर कार्रवाई के स्तर से अवगत कराएं। महाधिवक्ता संदीप दुबे ने बताया कि इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक में हुए करोड़ों के घोटाला मामले में अब तक आरोपित कारोबारियों ने 2.43 करोड़ रुपये बैंक में जमा कराए हैं। अब तक की जांच में घोटाले की रकम 35 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

### महाधिवक्ता ने कोर्ट में पेश की पूरी रिपोर्ट

कारोबारियों से शेष रकम की वसूली सख्ती से कराई जा रही है। इसके लिए सिटी कोतवाली पुलिस कारोबारियों को नोटिस भी जारी कर चुकी है। पिछले दिनों न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत ने मामले की सुनवाई करते हुए अभियोजन को पूरी रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया थाए जिस पर महाधिवक्ता संदीप दुबे ने शनिवार को पूरी रिपोर्ट पेश की। दरअसल बैंक घोटाले के आरोपी किसी न किसी बहाने कोर्ट पेशी में नहीं आ रहे हैं। इसके कारण मामला लंबा खिंच रहा है। महाधिवक्ता की इस शिकायत पर अब न्यायाधीश ने भी आरोपितों की जमानत निरस्त करने के संकेत दिए हैं। नार्को टेस्ट और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के आधार पर अब तक जांच चल रही है। इस घोटाले से जुड़े कुछ भाजपा नेताओं को आरोपित बनाने की चर्चा है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विनीत दुबे ने कहा, इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला मामले की जांच में कुल 19 आरोपियों को नामजद किया गया है। कोर्ट के आदेश पर 20 अक्टूबर को आरोप पत्र पेश किया जाएगा।

# पूरक के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी करने मिलेंगे ढाई महीने

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की तरफ से जारी वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के मुताबिक एक मार्च से बीए.ए बीएससी, बीकामए बीसीए जैसी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू होगी। पूरक परीक्षाओं में हुई देरी के वजह से अब छात्रों को वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी महज ढाई महीने में ही करनी होगी। इन ढाई महीनों में लगभग 15 से 20 दिन का अवकाश होने की वजह से कालेज भी नहीं खुलेंगे। इस बार पूरक परीक्षा का नियम बदला गया है। अब दो विषयों में फेल छात्रों को भी पूरक की पात्रता दी जाएगी। पूरक परीक्षा के नियम बदलने की वजह से पूरक परीक्षाओं में भी देरी हुई है। अभी दो विषयों में फेल छात्रों से पूरक परीक्षा के लिए फार्म भरवाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन पूरक परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। घोषित तिथि के अनुसार पूरक परीक्षाएं 27 अक्टूबर से शुरू हो रही है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नए नियम लागू होने की वजह से पूरक छात्रों की संख्या भी बढ़ गई है। विश्वविद्यालय की बीएए बीएससीए बीकाम, बीसीए समेत अन्य कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा लगभग सवा लाख छात्रों ने दी है। जिमसें 50 हजार छात्र पास और 50 हजार छात्र फेल घोषित हुए हैं। 25 हजार छात्र.छात्राएं पूरक है। जो छात्र फेल हुए है उनमें से करीब 25 हजार छात्र ऐसे हैं जो दो विषयों में फेल है। इस वजह से अब लगभग 50 हजार छात्र पूरक परीक्षा में शामिल होंगे।



## घोषित तिथि के अनुसार 27 से शुरू हो रही पूरक परीक्षाएं

**22 नवंबर तक चलेंगी पूरक परीक्षाएं:** विश्वविद्यालय की तरफ से जारी समय.सारणी के मुताबिक पूरक परीक्षाएं 27 अक्टूबर से शुरू होकर 22 नवंबर तक चलेंगी। पूरक परीक्षा में छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से परीक्षा परिणाम आने में भी 15 से 20 दिन का समय लगेगा। पूरक परीक्षाओं का परिणाम दिसंबर के दूसरे सप्ताह तक आएगा। पूरक परीक्षाओं में पास हुए छात्रों के पास वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए लगभग ढाई महीने का समय रहेगा। उन्हें अभी से ही अपनी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

**पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन शुरू:** नए नियम के अनुसार कालेजों में पूरक परीक्षाओं के आवेदन शुरू हो गए हैं। दो विषयों में फेल छात्र.छात्राएं कालेज में जाकर आवेदन कर रहें हैं। पूरक परीक्षाओं के लिए 16 अक्टूबर तक छात्र आवेदन कर सकते हैं।दो विषयों में फेल छात्रों को पूरक की पात्रता इसी सत्र के लिए मिली है। कोरोना के कारण तीन वर्ष तक छात्रों ने आनलाइन परीक्षा दी थी। इस वर्ष आफलाइन परीक्षा होने के कारण बड़ी संख्या में छात्र अनुत्तीर्ण हुए थे। छात्र संगठन और राजनीतिक संगठन के लोगों ने दो विषयों में फेल छात्रों को पूरक की पात्रता देने की मुख्यमंत्री से मांग की थी। पीआरएसयू कुलसचिव डा शैलेंद्र पटेल ने कहाए पूरक नियम बदलने की वजह से परीक्षाएं देरी से शुरू हो रही है। वार्षिक परीक्षाओं की समय.सारणी पहले से तय है। छात्रों को भी पता हो गया था दो विषय में फेल होने के बाद भी पूरक परीक्षाओं में मौका मिलेगा। छात्रों को अभी से वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। वार्षिक परीक्षाओं की तिथि पर किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा।

# आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1270 बच्चों का कराया गया स्वर्णप्राशन



## हर पुष्य नक्षत्र तिथि में 0–16 वर्ष के बच्चों को कराया जाता है स्वर्णप्राशन

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में शनिवार को 1270 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। जनसामान्य को इसके प्रति जागरूक करने आज पाम्पलेट वितरण, आईक्यू मूल्यांकन और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ निःशुल्क औषधि का वितरण भी किया गया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 9 जनवरी को 831, 4 फरवरी को 1124, 3 मार्च को 1137, 29 मार्च को 1290, 27 अप्रैल को 860, 24 मई को 835, 20 जून को 1012, 18 जुलाई को 1145, 14 अगस्त को 1188 और 10 सितम्बर को 1140 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया

# दो हार्डवेयर दुकान का ताला टूटा, 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रार्थी हनुमान कुमावत ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कृष्णा नगर रायपुर में रहता है तथा टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत एच.पी पेट्रोल पंप के बाजू देवपुरी पवित्रा ग्रेनाईट नामक दुकान का संचालन करता है। 4 अक्टूबर की रात 8 00 बजे प्रार्थी अपने दुकान को बंद कर बाहर शटर में ताला लगाकर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह करीबन 09.00 बजे अपने भाई के साथ दुकान गया तो देखा कि दुकान का शटर खुला हुआ था शटर में लगा ताला कटा हुआ था दुकान के अंदर जाकर देखा तो कांच का दरवाजा टुटा हुआ था एवं दुकान का समान बिखरा पड़ा हुआ था। प्रार्थी द्वारा दुकान के सामान को चेक करने पर पता चला कि दुकान के अंदर रखा हुआ 20 नग वरमोरा कंपनी का नल नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के दुकान का शटर का ताला कांटकर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। इस प्रकार . प्रार्थी अमित घोड़ासरा ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कमल विहार में रहता है तथा धरम नगर में आदर्श सेल्स टाईल्स नाकम दुकान का संचालन करता है। दिनांक 29सितंबर को रात्रि करीबन 9.00 बजे प्रार्थी अपनी दुकान को बंद कर बाहर दरवाजा में ताला लगाकर अपने घर चला गया। दूसरे दिन को सुबह 9.00 बजे दुकान गया तो देखा कि दुकान के बाहर दरवाजा में लगा ताला टुटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था तथा सामान को चेक करने पर पता चला कि दुकान में रखा हुआ 41 नग फेबल कंपनी का नल नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के दुकान के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी टिकरापारा को आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्हीण् फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त डीण्डीण्नगर निवासी राहुल यादव एवं लक्ष्मीनारायण साहू उर्फलक्ष्मी की पतासाजी कर पकड़ा गया। चोरी की घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा चोरी की उक्त घटनाओं को अंजाम देना बताया गया है। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नल एवं टोटी तथा घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एनबी 2446 जुमला कीमती लगभग 1,00 000ध. रूपये जप्त किया गया है। आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन को थाना कोतवाली क्षेत्र से चोरी करना बताया गया है जिसमें आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध है।

# चुनाव के दौरान सतर्क रहें सभी अधिकारी-कर्मचारी : आईजी डांगी

## आईजी–एसएसपी ने ली अधिकारियों की बैठक



**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक आर.एल डांगी और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने रविवार को सिविल लाईन स्थित सी 4 के सभाकक्ष में सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक ली। आईजी डांगी और एसएसपी अग्रवाल ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनावी रैलियों वीआईपी व्यक्तियों के प्रवासए प्रदर्शन इत्यादि के दौरान कानून व्यवस्था ड्यूटी को अलर्ट रहकर संयम पूर्वक करने कहा। चुनावी आमसभाओं व चुनाव से संबंधित हर छोटी.छोटी घटनाओं को ध्यान रखते हुए हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शराब नशीले पदार्थ और चुनाव से संबंधित अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन को रोकने व कार्यवाही करने के निर्देश दिये। चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारी.कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान देने कहा गया। इस संबंध में प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा पोस्टल बैलेट का उपयोग कैसे करें डेमो देकर समझाया गया। गुण्डा.निगरानी बदमाश असमाजिक तत्वों के विरूद्ध अधिक से अधिक धारा 109,110, 107 116, 151 जा फौ के तहत कार्यवाही करने के निर्देश देने के साथ ही किसी प्रकार की घटना घटित होने पर तत्काल कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये। रात्रि गश्त में थाना क्षेत्रों में प्वाईन्ट बढ़ाने तथा गश्त को और अधिक मुस्तैदी पूर्वक करने निर्देशित किया गया।

# क्रिप्टो करेंसी के नाम पर महिला से लाखों की ठगी




**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्रिप्टो करेंसी में निवेश पर दोगुना रिटर्न का झांसा देकर 20.25 लाख रूपए की धोखाधड़ी की। तेलीबांधा पुलिस ने धारा 420,120 बी का अपराध दर्ज किया है। शांति नगर राम मंदिर के पास रहने वाली कुमारी ललिता सोना; 34 वर्ष के साथ यह ठगी हुई। ललिता की पिछले वर्ष 1 सितंबर को तेज कुमार पुरीए समीर मिश्र और सत्यवत दुबे ने होटल ट्रीटोन तेलीबांधा में मुलाकात हुई थी। इन्होंने ललिता को क्रिप्टो करेंसी नेटवर्क मार्केटिंग में निवेश करने का ऑफर दिया। इन लोगों ने अभी निवेश करने पर छ माह में रकम दोगुना वापसी वाली स्कीम बताई। इसे अच्छा ऑफर मान कर ललिता ने निवेश का फैसला किया। तेज समीर और सत्यवत ने दिसंबर.22 तक चार महीने में ललिता से 20 लाख 25 हजार रूपए वसूले । एक वर्ष बाद भी रिटर्न नहीं आया तो ललिता को ठगी समझ आई ।उसने शनिवार शाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई । पुलिस ने साइबर सेल की मदद से पतासाजी शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। टाटीबंध चौक में एक ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दीए जिससे स्कूटी पर पीछे बैठे युवक के नाना की मौके पर मौत हो गई। युवक के शरीर में भी चोटें आई हैं जिसका एम्स में इलाज किया गया। आमानाका पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। युवक दुर्गा प्रसाद ने थाने में थ्स् दर्ज कराई कि वो वेस्ट सिंहभूम जिला झारखंड का रहने वाला है। 7 अक्टूबर की सुबह वह अपने नाना जगनमोहन राव के साथ भिलाई से रायपुर स्कूटी से आया था। उसे रायपुर में बैंकिंग की परीक्षा देनी थी। युवक ने बताया कि रायपुर में परीक्षा देकर दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब भिलाई वापस लौट रहा था। स्कूटी में पीछे उसके नाना बैठे हुए थे। टाटीबंध चौक से कुछ दूर आगे बढ़े ही थ तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी। दोनों गाड़ी समेत सड़क किनारे गिर गए। आमानाका टीआई एसआर सोनी ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही मौके पर 112 की टीम पहुंची। इस मामले में आरोपी ट्रक ड्राइवर राजू करधारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक को जब्त किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी की 10 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की सीज

## 9 को होने वाली नीलामी स्थगित

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओडिशा की चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की 36 एकड़ संपत्ति की नीलामी स्थगित कर दी गई है। कंपनी की अभनपुर के खिलौरा गांव में यह जमीन हैए जिसकी सोमवार को नीलामी की जानी थीए लेकिन इस भूमि को ईडी ने पहले ही सीज कर लिया है। नौ अक्टूबर को जिला प्रशासन ने उक्त संपत्ति की नीलामी का आदेश जारी किया। वहीं मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने चिटफंड फर्म माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के चीफ दुर्गा प्रसाद मिश्रा की तकरीबन 215 करोड़ की संपत्ति सीज कर दी है। इसमें अभनपुर के खिलौरा की जमीन अभनपुर खसरा नंबर 36 कुल रकबा 14.620 हेक्टेयर 36.13 एकड़ जमीन भी ईडी की सूची में शामिल है। ईडी की सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली नीलामी पर रोक लग गई। वहीं उक्त कंपनी के खिलाफ कई राज्यों में छह कंपनियां बनाकर निवेशकों से 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। जिला प्रशासन से उक्त भूमि की कीमत का आकलन कर 10 करोड़ के बेस रेट से नीलामी का आदेश जारी कर दिया था।

**छह माह पहले ही न्यायालय ने नीलामी का दिया था आदेश:** दो प्रतिभागियों ने इसके लिए आवेदन भी कर दिया था। ऐन मौके पर जिला प्रशासन को जानकारी मिली कि पहले ही उक्त संपत्ति ईडी ने सीज कर रखी है। बता दें कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में रायपुर के 2,700 निवेशकों समेत प्रदेशभर के 35 हजार लोगों के 80 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की है और लगभग छह माह पहले ही न्यायालय ने जमीन की नीलामी आदेश दिया था।

**पहले भी रद हो चुकी थी नीलामी:** इसी कंपनी की प्रापर्टी की नीलामी 14 जुलाई को करने के लिए तिथि निर्धारित की गई थीए लेकिन ऐन मौके पर वह भी रद कर दी गई थी। माइक्रो फायनेंस की अभनपुर में स्थित जमीन की नीलामी की जानी थी। प्रशासन ने इसकी सूचना पहले ही जारी कर दी थीए लेकिन बाद में यह नीलामी रद कर दी गई। तकनीकी कारणों की वजह से नीलामी रद की गई थी।

**खिलौरा स्थित जमीन को ईडी ने किया सीज:** माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की अभनपुर के खिलौरा गांव स्थित जमीन को ईडी ने सीज कर लिया है। इसकी नीलामी की प्रक्रिया पूरी भी कर ली गई थीए लेकिन जानकारी मिलने के बाद फिलहाल इस नीलामी को स्थगित कर दिया गया है।


# छत्तीसगढ़ में गौरवशाली पत्रकारिता और उसके उच्च आदर्शों को मिला संरक्षण : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार की शाम राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कौशल्या माता विहार योजना अंतर्गत सेक्टर-12 में 832 एलआईजी बहुमंजिलीय भवनों का वर्चुअल भूमिपूजन किया। आरडीए द्वारा कौशल्या माता विहार योजना में प्रस्तावित बहुमंजिलीय भवन सभी लोगों के लिए आवास की जरूरत पूरा करेगा। इस योजना में मकान लेने के इच्छुक पत्रकारों को मकान खरीदने पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

बहुमंजिलीय भवन निर्माण की योजना में सभी लोगों के साथ-साथ पत्रकारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार आवश्यक प्रावधान रखा गया है। इस योजना के प्रथम चरण में प्राक्कलन के अनुसार वर्तमान में 309 पत्रकारों को दी जाने वाली छूट की राशि 6 करोड़ 37 लाख 20 हजार 450 रुपए रायपुर विकास प्राधिकरण को स्वीकृत की गई है। जो पत्रकार इस योजना का लाभ उठाने जा रहे हैं, मैं उन सभी को बधाई देता हूं। आप लोगों को यह खुशखबरी भी मिल ही चुकी होगी कि ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत अवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत पत्रकारों को आवास ऋण पर अनुदान दिया जाएगा। 30 लाख रुपए तक के आवास ऋण पर पांच वर्षों तक हर महीने 05 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। यह योजना 01 अप्रैल 2023 के बाद खरीदे गए मकानों पर लागू होगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार के पांच वर्ष पूरे होने वाले हैं, इन पांच वर्षों के दौरान हमारी योजनाओं को मीडिया का भरपूर समर्थन मिला है। आप सभी के सहयोग से ही हमारी सरकार ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। मैं इसके लिए आप सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूँ। इन पांच वर्षों के दौरान शासन और मीडिया ने बहुत अच्छे तालमेल के साथ काम किया है। हमने शासन से मीडिया की अपेक्षाओं को भी पूरा किया है, मीडिया से किए गए वादों को भी निभाया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सरकार ने छत्तीसगढ़ की गौरवशाली पत्रकारिता और उसके उच्च आदर्शों को संरक्षण देते रहने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी। इसी के अनुरूप राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून का निर्माण कर विधानसभा में पारित कराया। इस तरह के कानून के निर्माण करने की पहल करने वाला सबसे पहला राज्य छत्तीसगढ़ था।



- कौशल्या माता विहार योजना अंतर्गत 832 एलआईजी बहुमंजिलीय भवनों का भूमिपूजन
- बहुमंजिलीय भवनों की योजना सभी लोगों की आवास की जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार की गई
- पत्रकारों को योजना में मकान खरीदने पर 15 प्रतिशत की छूट

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा अधिनियम 2023 के तहत 'छत्तीसगढ़ मीडिया स्वतंत्रता, संरक्षण एवं संवर्धन समिति' का भी गठन कर दिया गया है। शासन ने कोविड में प्राण गंवाने वाले पत्रकारों के परिजनों को 05- 05 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देकर उनके दुख में अपनी सहभागिता व्यक्त की। पत्रकारों और उनके परिजनों को बीमारियों के उपचार के लिए पूर्व में 50 हजार रुपए तक की सहायता दी जाती थी, हमारी सरकार ने नियमों में संशोधन करते हुए अब इसे 02 लाख रुपए तक कर दिया है। असामयिक मृत्यु के प्रकरणों में 05 लाख रुपए तक आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ मीडिया कर्मियों के लिए वरिष्ठ मीडिया कर्मी सम्मान निधि योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में पूर्व में सम्मान निधि के रूप में 05 हजार रुपए प्रति माह दिए जाने का प्रावधान था, हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रति माह कर दिया है। योजना में संशोधन करते हुए अर्हता की आयु 62 वर्ष से घटाकर अब 60 वर्ष कर दी गई है। इस योजना के लिए पात्र मीडियाकर्मी आजीवन लाभ उठा सकेंगे। पत्रकारों को अधिमान्यता प्रदान करने के नियमों में भी संशोधन करते हुए अब विकासखंड स्तरीय अधिमान्यता का भी प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर काम करने वाले पत्रकारों को भी सुविधाओं का लाभ मिलने लगा है। राज्य में नये अधिमान्यता नियमों के अंतर्गत मीडिया संस्थानों में अधिमान्यता कोटा भी दोगुना कर दिया गया है। कार्यक्रम को वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज कौशल्या माता विहार योजना अंतर्गत हुए कार्य पत्रकारों के हित में अहम साबित होगा। इस अवसर पर रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के दिशा-निर्देशन में आरडीए के काम-काज में विशेष गति आई है।

# मासूम बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, मामला दर्ज

**रायपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां छह साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। मासूम ने रोते हुए स्वजन को जानकारी दी। इसके बाद स्वजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफपाक्सो के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल यह मामला उरला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार उरला थाना क्षेत्र में एक किरायेदार के नाबालिग बेटे ने मकान मालिक की बेटी से दरिंदगी की कोशिश की। कुछ समय बाद मासूम रोते हुए घर लौटी। बच्ची के रोने पर स्वजन ने पूछताछ की तो मासूम ने किराएदार के नाबालिग बेटे पर गंदा काम करने की बात बताई। इसके बाद स्वजनों ने इसकी सूचना उरता थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। वहीं नाबालिग के खिलाफपाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

संपादकीय

## अवैध रेत उत्खनन करती ट्रकें रोकने का उदाहरण

*राज्य भर में शायद ही ऐसा कोई शहर, कस्बा या गांव होगा जहां की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन न होता हो। छोटे-मोटे सैकड़ों माफिया सक्रिय हैं जो छत्तीसगढ़ सरकार की कोशिशों के बावजूद नियंत्रण से बाहर हैं। इससे जहां नदियों का स्वरूप बिगड़ रहा है वहीं सड़कें बर्बाद हो रही हैं और किनारों पर हादसे होते रहते हैं। तेज गति होते शहरीकरण के कारण रेत की बहुत मांग है। इसकी खपत में भरपूर फायदा है। इसके कारण कई कारोबारी इस व्यवसाय में हैं। वे छोटे ठेकेदारों की मदद से इस काम को अंजाम देते हैं। इससे राजस्व का नुकसान तो होता ही है, नदियों के किनारे बसी बस्तियों या गांवों में स्थानीय लोगों के साथ टकराव की स्थिति बनी रहती है। रेत निकालने के नाम पर अलग-अलग गुटों के बीच भी टकराव देखने को मिलते हैं जो कई बार हिंसक हो जाते हैं। चूंकि इन माफियाओं को स्थानीय नेताओं का संरक्षण एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग प्राप्त रहता है, इनके खिलाफ कार्रवाई कराना तो दूर आवाज़ उठाना भी सम्भव नहीं होता।*

*बहुत ही कम गांवों में इनके विरूद्ध लोग सामने आते हैं। वे अपनी जीवनदायिनी नदियों को बर्बाद होते देखते रहते हैं। ऐसे में पलारी के भवानीपुर गांव के लोगों ने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्रामीणों ने रेत माफिया की एक-दो नहीं बल्कि 7 ट्रकों को रोक लिया जो गांव में रेत की ढुलाई के लिये पहुंचे थे। ग्राम पंचायत के सदस्यों से लेकर आम नागरिक भी उसमें शामिल हुए। गांव वालों द्वारा माफियाओं के ट्रकों को घंटों तक न छोड़ने से पलारी के तहसीलदार रात को भवानीपुर पहुंचे और उन्होंने उन्हें जब्त कर थाने भिजवाया।*

*गांव वालों का आरोप है कि हर रोज 100 से अधिक ट्रक स्थानीय बम्हनी घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। यह ज्यादातर बगैर रॉयल्टी चुकाए निकालकर बेची जाती है। इससे शासन को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन ट्रकों की आवाजाही से गांव की सड़कें बर्बाद हो गई हैं और दुर्घटनाओं का अंदेशा हमेशा बना रहता है। इनमें हाईवा तक चलते हैं। रेत के कारण इनका वजन इतना बढ़ जाता है कि सड़कें बहुत जल्दी टूट जाती हैं। गांव वालों का आरोप है कि हर रोज तकरीबन एक हजार घनमीटर रेत की चोरी होती है। रेत उत्खनन करने वालों के द्वारा इस कृत्य को लम्बे समय से और निरन्तर अंजाम देने के कारण गांव वाले इस कदर क्षुब्ध थे कि उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। आशा की जाये कि भवानीपुर का यह संदेश प्रदेश के सभी ओर जायेगा और लोग अपने गांवों-शहरों में होने वाले अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाएंगे ताकि उनकी नदियां सुरक्षित बची रहें।*

उल्टा पुल्टा

मच्छर ने आपको काटा ये उसका जूनून था।
अपने खुजाया, ये अपका सुकून था।
आप चाहकर भी उसे मार न सके
क्योंकि-उसकी रगों में आपका ही खून था।

# लंबी प्रतीक्षा के बाद खुला, ठगड़ा बांध का मनोरम पिकनिक स्पॉट

## प्रथम दिवस ही उमड़ी हजारों पर्यटन प्रेमियों की भीड़



**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बहुप्रतिक्षित ठगड़ा बांध पिकनिक स्पाट रंगारंग म्युजिकल कार्यक्रमों के साथ आम जनता के लिये खोल दिया है। पहले ही दिन ठगड़ा बांध माधव वाटिका में स्थानीय पर्यटन प्रेमियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। सेल्फी पाइंट में तस्वीरें सांझा करने की लोगों विशेषकर युवा वर्ग में होड़ लगी रही। मार्निंग और इंवनिंग वाक के लिये भी लोगों ने पहुंचना शुरू कर दिया है। गत 7 अक्टूबर की शाम को विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल ठगड़ा बांध पहुंचे और भारी आतिशबाजी के मध्य इसे शुरू कराने के साथ ही प्रथम सैलानी के रूप में पहुंचे चैतन्य बघेल व क्षितिज चंद्राकर एवं अतिथियों का स्वागत किया।

नवस्थापित ठगड़ा बांध पिकनिक स्थल में चिल्ड्रन पार्क, साफ्ट प्ले जोन, फूट कोर्ट एवं उद्यान की स्थापना की गई है। यहां प्रति सप्ताह नये इवेंटस का भी प्रावधान है जहां लोग मनचाहे कार्यक्रम का लुत्फ उठा सकेंगें। ठगड़ा बांध में एक अभिनव वोटिंग की है। पहली संध्या में यहां विधायक वोरा, महापौर बाकलीवाल, चैतन्य बघेल, क्षितिज चंद्राकर, कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, सभापति राजेश यादव, एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने नौका विहार का आनंद उठाया।

इस अवसर पर उपअभियंता गिरीश दीवान के संचालन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इसी कार्यक्रम के मध्य हुए उद्बोधन कार्यक्रम में विधायक अरूण वोरा, एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने ठगड़ा बांध पिकनिक स्पाट की स्वीकृति और इसके निर्माण में प्रदेश शासन के योगदान के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। साथ ही ठगड़ा बांध के लिये दाऊ माधव प्रसाद चंद्राकर का स्मरण करते हुए उनके परिजनों द्वारा सामाजिक सरोकार की दिशा में किये गये कार्यो के लिये उनका साधुवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि ठगड़ा बांध के रूप में दुर्ग शहर ही बल्कि आसपास के जिलों की जनता को भी एक अच्छा पर्यटन स्थल मिला है। जहां लोग उत्सवों एवं अवकाश पर बाहर से आने वालें अतिथियों को शहर के इस प्रमुख केन्द्र में घुमाने के लिये ला सकते है। यहां नवनिर्मित बाउण्ड्रीवाल पर बनाये गये आकर्षक चित्र, अंदर लगाई गई जीवंत लगती खुबसूरत मूर्तियां जिनसे किसी तरह के संदेश का आभाष होता है पूरे पिकनिक स्पाट पर भीतर बाहर लगी रंगबिरंगी लाइटिंग व आतिशबाजी पूरे पिकनिक स्पॉट पर रंगीनियां बिखेरते रहें वहीं ठगड़ा बांध का जल भी सतरंगे रंग से अत्यंत मनमोहक बन पड़ा है। यहां पर लोगों के घूमने और बैठने के लिये विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा एमआईसी प्रभारीगण अब्दुल गनी, संजय कोहले, हमीद खोखर, दीपक साहू, ऋषभ जैन, भोला महोबिया, जयश्री जोशी, सत्यवती वर्मा, शंकर ठाकुर, अनूप चंदानिया, जमुना साहू, अलताफ अहमद, पार्षदगण, एल्डरमेन, अधिकारी, कर्मचारी और हजारों की तादाद में नागरिकगण उपस्थित थे।

# वोरा ने की सांस्कृतिक मंच निर्माण की घोषणा



**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ठगड़ा बांध माधव वाटिका में बीते कल ग्रैंड ओपनिंग के दौरान छत्तीसगढ़ मंच की मांग पर शहर विधायक अरुण वोरा ने सांस्कृतिक आयोजनों एवं शहर के गायक कलाकारों के लिए स्थायी मंच निर्माण की। महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी इसके लिए सहमति जताई। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, तुलसी सोनी, दिनेश जैन एवं गुलाब चौहान ने ठगड़ा बांध माधव वाटिका के ग्रैंड शुभारंभ के दौरान आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान शहर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाक्लीवाल से स्थाई मंच निर्माण की मांग की। शहर विधायक ने उपस्थित शहरवासियो के समक्ष अपने उद्बोधन में सांस्कृतिक आयोजनों एवं गायक कलाकारों के लिए मंच निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की।

विदित हो कि पूर्व में भी छत्तीसगढ़ मंच ने ठगड़ा बांध, शिवनाथ नदी एवं नगर चौपाटी में ओपन मंच निर्माण की मांग की थी। जिस पर विधायक अरुण वोरा ने ओपन मंच निर्माण कराये जाने की घोषणा की थी। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि ओपन मंच के निर्माण से सैर सपाटे के लिए आने वाले नागरिक यहां पर मनोरंजन हेतु गायन एवं विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठा सकेंगे।

मंच निर्माण स्वीकृति की घोषणा करने पर छत्तीसगढ़ मंच के रमन सिंह, युनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, हरीश सोनी, प्रणव सोनी, संजय खंडेलवाल, तराना म्यूजिकल ग्रुप के शारिक अली मन्नी, साई म्यूजिकल ग्रुप के हाजी मिर्जा साजिद बैग, कोशिश स्टार ग्रुप के संचालक जाहिद अली, सुर धारा म्यूजिकल ग्रुप की संचालिका ज्योति ध्रुव, द वाईस ऑफ दुर्ग सिटी के संजय लारोकर, माधुरी लारोकार, कर स्वरांजली ग्रुप के संचालक संजय दुबे ने उक्त घोषणा का स्वागत करते हुए विधायक एवं महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## युवा संघर्ष समिति ने मनाया प्रेमचंद स्मृति दिवस




**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। युवा संघर्ष समिति ने एक आयोजन कर उपन्यास, कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद स्मृति दिवस पर उनके व्यक्तिव पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने उन्हें विनम्रता पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके कालजयी साहित्य को आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरक बताया। इस अवसर पर युवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश चौरे, आशीष शर्मा एवं वेद प्रकाश साहू ने मुंशी प्रेमचंद की अनेक रचनाओं का उल्लेख करते हुए उनके यथार्थवादी लेखन की चर्चा की।

## कांग्रेस सरकार के झूठ और भ्रम का पर्दाफास करेंगे भाजपा के डिजिटल योद्धा : मनसुख मांडविया



**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के संभागीय सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स मीट कार्यक्रम दुर्ग भिलाई के स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित किया गया। इस वॉलिंटियर्स मीट में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया, अति विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेलए संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा एवं सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक मितुल कोठारी मंचस्थ रहे।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया ने उपस्थित सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि जल्दी ही चुनावी युद्ध शुरू होने वाला हैए जिस प्रकार युद्ध के लिए सभी प्रकार के योद्धाओं की जरूरत होती है उसी प्रकार से डिजिटल योद्धा भी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारतीय जनता पार्टी के डिजिटल योद्धा तैयार हो चुके है। सभी डिजिटल योद्धा कांग्रेस सरकार की नीतियों और जन विरोधी कामों को लेकर तैयार किए गए वीडियो और कंटेंट को जमीनी स्तर पर पंहुचाने में अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएंगे तो कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन जागरण होगा जो कि भाजपा की जीत का आधार बनेगा।

लोकसभा सांसद और भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि सीमित साधनों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपनी बात को बहुत बेहतर ढंग से प्रचारित कर सकते हैं।

संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सोशल मीडिया को अनदेखा करना असंभव हैए सोशल मीडिया के माध्यम से जनता में नॉरेटिव बनता है, कांग्रेस सरकार ने इतने जनविरोधी काम और वादाखिलाफी की है कि भाजपा के सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स बिना संकोच पूरे प्रमाण के साथ पुख्ता तौर पर सोशल मीडिया में अपनी बात रख सकते हैं।

सोशल मीडिया प्रदेश सहसंयोजक मितुल कोठारी ने कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर प्रेजेंटेशन देते हुए टोल फ्री नंबर पर डायल करके भाजपा के डिजिटल योद्धा बनने के अभियान की जानकारी दी।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि अपनी बात को जनता के बीच सबसे आसानी से ले जाने का त्वरित माध्यम सोशल मीडिया है।

संभाग स्तरीय सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स मीट का संचालन जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने किया और आभार प्रदर्शन लोकसभा सोशल मीडिया प्रभारी राजा महोबिया ने किया।

उक्त वॉलिंटियर्स मीट में दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़.गंडई.छुईखदान, मानपुर मोहला के सोशल मीडिया कार्यकर्ता और भाजपा डिजिटल योद्धा उपस्थित रहे।

## वाहन चोरी के दो आरोपी रायपुर से गिरफ्तार, छह वाहन जब्त

**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग के अलग अलग इलाकों से वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों लक्ष्मण वाहले उर्फ दादू गुढ़ियारी व नूतेन साहू उर्फ नितिन साहू गोबरा नयापारा को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे आधा दर्जन दुपहिया वाहन बरामद की गई है। इन जब्तशुदा वाहनों की कीमत 3 लाख रूपये बताई जाती है। रायपुर आमानाका की पुलिस इस सिलसिले में दुर्ग पुलिस से भी संपर्क कर जानकारी सांझा कर रही है। पुलिस के अनुसार रायपुर आमानाका पुलिस को 6 अक्टूबर को सतनामी पारा टाटीबंध में दो युवकों के चोरी का वाहन बेचने की फिराक में होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और मौके पर पहुंचकर मुखबिर द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उक्त दोनों आरोपियों को चोरी के वाहनों के साथ पकड़ा गया। ये दोनों पुलिस के अनुसार ये दोनों आरोपी पूर्व में भी वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुके है।



## बिजली बिल अपडेट कराने का झांसा देकर रिटायर आफिसर से 50 हजार की ठगी

**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिजली बिल अपडेट करने व बिल बकाया होने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने एक रिटायर्ड अफसर राजेन्द्र प्रसाद जैन ऋषभ नगर दुर्ग में आन लाईन 50 हजार रूपये की ठगी कर ली गई। श्री जैन द्वारा कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दुर्ग ने बताया कि शिकायतकर्ता के बैंक खाते की जांच की जा रही है कि उनके खाते से किसने राशि निकाली और कहां ट्रांसफर की।

रिटायर्ड अफसर श्री जैन ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को उनके ऋषभ नगर कालोनी की बिजली बंद थी। शाम 4 बजे बिजली आई। इसी बीच दोपहर 3 बजे उन्हें किसी अज्ञात आरोपी ने उनके मोबाईल पर एसएमएस भेजकर बताया कि बिजली बिल अपडेट न होने के कारण उनके घर की बिजली

- **बिजली बंद होने का फायदा उठाकर दी गई गलत जानकारी**

बंद की गई है। अपडेट कराने के लिये एक नंबर देकर उस पर काल करने का निर्देश भी एसएमएस में दिया गया था। श्री जैन ने जब इस नंबर काल किया तो उन्हें कालर ने 10 रूपये पेमेंट नेट बैकिंग या डेबिट कार्ड से करने पर ही बिल अपडेट होने की जानकारी दी। इसके बाद अज्ञात आरोपी ने श्री जैन को एक अन्य नंबर में वाट्सएप पर एप की लिंक भेजी और एप डाउनलोड करके पेमेंट करने को कहा। उसी अनुसार एक्सिस एटीएम कार्ड से पेमेंट करने कहा और उनसे एप के द्वारा दो नंबरों में एप से ओटीपी शेयक कर लिया। इसके बाद अचानक शिकायतकर्ता राजेन्द्र जैन को मोबाईल पर 50 हजार रूपये कटने का मैसेज आया। श्री जैन ने मैसेज मिलते ही एक्सिस बैंक जाकर शिकायत की और एटीएम ब्लाक करा दिया। उन्होंने इस बारे में संबंधित बैकों व पुलिस को विस्तृत जानकारी दी। जिन नंबरों से उन्हें काल व एसएमएस आये उन नंबरों को पुलिस को देते हुए बताया कि इन्ही मोबाईल नंबर के धारक ने उनके साथ ठगी की है।

## नगर निगम दुर्ग उत्कृष्ट कार्यो के लिये सम्मानित

**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत शहर के 60 वार्डो में स्वच्छता बेहतर बनाये रखने के संबंध में किए गए उत्कृष्ट कार्य और शासकीय योजना मितानएएमएमयू मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मोबाइल मेडिकल यूनिट के अलावा धन्वंतरि योजना के लाभ अधिक से अधिक तक नागरिकों तक पहुंचने के लिए नगर निगम दुर्ग को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रथम पुरस्कार एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया।



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा श्रम मंत्री शिवकुमार डहरिया ने रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को सम्मान पत्र तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए कहा कि स्वच्छता में शहर बेहतर कार्य और शासकीय योजनाओं को जन जन तक पहुचाने में बेहतर कार्य करने के लिए नगर निगम प्रशंसा के पात्र है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को नागरिको तक पहुचने के साथ धन्वंतरि योजनाओं के अधिक लाभ नागरिको तक पहुचने निगम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## 15 से नवरात्रि प्रारंभ होगी

**सौ से ज्यादा स्थानों पर सजेगी झांकियां, मंदिर में तैयारियां जोरों पर**

**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्वांर नवरात्रि की तैयारियां शहर भर में तेजी से चल रही है। सौ से ज्यादा स्थानों पर सार्वजनिक दुर्गोत्सव पर मां दुर्गा की झांकियां सजाई जा रही है। इसी तरह मंदिरों में भी ज्योतिकलश एवं जंवारा स्थापना की तैयारियां करते हुए रंग रोगन, साफ सफाई इत्यादि का कार्य जारी है। प्रमुख रूप से गंजमंडी परिसर, सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय, ग्रीन चौक, पोलसाय पारा से लेकर शहर के भीतरी व बाहरी सभी स्थलों पर सार्वजनिक दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। नगर के सिद्ध स्थल माता चंडिका मंदिर, शीतला मंदिर बैगापारा में भी तैयारियां जोर शोर से प्रारंभ है। नवरात्रि का पर्व 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



## खेलगांव पुरई की तनु ने तैराकी में बनाया रिकार्ड

**दुर्ग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में खेलगांव के नाम से प्रसिद्ध पुरई में रविवार को एक और रिकार्ड बन गया। तैराकी के लिए अपनी विशिष्ठ पहचान बना चुके पुरई गांव में 9 साल की नन्ही बच्ची तनुश्री को सरे ने कमाल कर दिया।

पांच घंटे तक स्वीमिंग कर तनुश्री ने गोल्डन बुक ऑफरिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। स्वीमिंग पूरा होने के बाद गोल्डन बुक ऑफरिकार्ड्स के अधिकारियों ने तनुश्री को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

बता दें खेल गांव पुरई में इससे पहले भी तैराकी के कई रिकार्ड बने हैं। इसी साल 9 अप्रैल को 15 वर्षीय चंद्रकला ने तालाब में लगातार 8 घंटे तैरकर गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह सुबह 5 बजे तालाब में उतरी और लगातार तैरने के बाद दोपहर 1 बजे बाहर आई। इसके बाद उसे वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया गया। चंद्रकला के पहले पुरई गांव के ही ईश्वर ओझा ने दिसबंर 2021 में लगातार 6 घंटे तक तैराकी कर रिकार्ड बनाया था। इस रिकार्ड को चंद्रकला ने तोड़ दिया। हालांकि तनुश्री यहां की रहने वाली चंद्रकला का रिकार्ड नहीं तोड़ पाई लेकिन 9 साल की उम्र में पांच घंटे तैराकी कर उसने कमाल का जज्बा दिखाया है। तनुश्री से आगे जाकर और भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद बंध गई है।

## कांग्रेसियों में हिम्मत नहीं जो साजा जाकर एक जाति के वर्चस्व का विरोध कर सके : शेखु वर्मा

**खैरागढ़,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा में कांग्रेस दावेदारों द्वारा लोधियों के प्रति किए जा रहे विरोध को लेकर अधिवक्ता शेखू वर्मा ने कहा है कि कांग्रेसियों में हिम्मत नहीं जो साज़ा में जाकर एक जाति के वर्चस्व का विरोध कर सके। उन्होंने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में लोधियों की संख्या 14 लाख होने के बाद भी एक विधानसभा के लायक नहीं जबकि कांग्रेस के द्वारा 4 लाख सवर्णों को 8-8 टिकट दिया जाना किसी के मुंह से ऊफ तक नहीं निकलना ये सवर्णो की मानसिकता व बहुजनों की नामर्दी को दर्शाता है। ओबीसी महासभा के महासचिव अधिवक्ता शेखु राम वर्मा ने आगे बताया कि एससी 16फीसदी, एसटी 32 फीसदी, ओबीसी 47 फीसदी, अन्य 5फीसदी इस आधार पर टिकट वितरण किया जाए तो समान्य का अनुपात कितना होगा खुद कांग्रेसी निकाल ले व वितरण करे।



## घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 2 पिपरिया खैरागढ़ के रहने वाले आरोपी पिन्टू उर्फ धर्मराज पटेल पिता राम अवतार पटेल उम्र 29 साल निवासी वार्ड क्रमांक 2 पिपरिया थाना खैरागढ़ जिला केसीजी का रहने वाला है। आरोपी युवक 1 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे प्रार्थिया के घर में घुसकर जबरदस्ती गला दबाकर हाथ बांह स्तन को पकड़कर बेज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करना व शादी नही करोगी तो जान से मारने की धमकी व पूरे गांव में प्रार्थिया को बदनाम करने की धमकी दिया गया एक बार बिलासपुर चलकर हस्ताक्षर करके केश को वापस लेने के लिए दवाब डाल रहा था। इसके पूर्व में भी आरोपी युवक प्रार्थिया के साथ छेड़छाड़ जैसी घटना को अंजाम दिया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक पिन्टू पटेल उर्फ धर्मराज पटेल के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 452,506,354(ख) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। एसपी अंकिता शर्मा एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर विवेचना में लिया गया। आरोपी युवक से पूछताछ करने पर अपना जुर्म करना स्वीकार किया आरोपी युवक को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



- **पूर्व में भी आरोपी छेड़छाड़ के मामले में जेल जा चुका है**

## छुईखदान कबड्डी प्रतियोगिता में युवाओ को संदेश, खेल से निर्णय नेतृत्व क्षमता बढ़ती है

**डोंगरगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगाँव विधान सभा के ग्राम छुईखदान में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम के आज़ाद युवा मंडल समिति के द्वारा किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि शिवम् चौधरी उपस्थित रहे शिवम् चौधरी ने युवाओ को कबबड्डी खेल का महत्व बताते हुए यह संदेश दिया की जो युवा शिक्षा के साथ साथ खेल को भी महत्व देता है वह अपनी जीवन में निर्णय लेने की असीम क्षमता एवं नेतृत्व क्षमता हासिल कर लेता जिससे वह कोई भी कठिनाई को आसानी से निराकरण कर लेता है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कुंदन सोनी गौसेवक, आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत साहू, उपाध्यक्ष मिनेश साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, सदस्य चूड़ामणि साहू, दीपक साहू, भारत साहू, विजय गंधर्व, सूरज साहू, भेम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# मोर जमीन मोर मकान में निगम भिलाई को प्रथम पुरस्कार

## रोहित व्यास हुए मंत्री से सम्मानित



भिलाईनगर, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के क्रियान्वयन मे नगर पालिका निगम भिलाई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्राप्त किया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा श्रम मंत्री शिवकुमार डहरिया ने रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास को सम्मान पत्र तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटकों में बेहतर कार्य करने के लिए भिलाई निगम प्रशंसा के पात्र है उन्होंने कहा कि मोर जमीन मोर मकान योजना के क्रियान्वयन में हितग्राहियों के आवेदन को तेजी से निपटा कर लोगों को आवास उपलब्ध कराने में पूरे छत्तीसगढ़ में निगम भिलाई ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उल्लेखनीय है, कि निगम भिलाई के आयुक्त रोहित ब्यास ने प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य को स्वयं अपनी निगरानी में करवा रहे है। जिसके अच्छे परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

# युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री

## कड़ी मेहनत करने और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित



**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय आज न्यू खुर्सीपार राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं से संवाद कर उनके सवालों के जवाब दियेए साथ ही जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सही दिशा में कड़ी मेहनत से कार्य कर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। संवाद के दौरान युवाओं ने भी क्षेत्र की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए भिलाई के विकास के लिए अपने विचार रखे।

युवा संवाद के दौरान युवाओं ने बताया कि हमारा भिलाई एजुकेशन हब के नाम से जाना जाता था और ध्रुव तारे की तरह पूरे देश में चमकता था लेकिन अब इसकी पहचान धूमिल हो गई है। पूरे प्रदेश में आज शिक्षा में भ्रष्टाचार व्याप्त हो गया है। जिससे सभी मेहनती युवाओं का मनोबल टूट गया है। युवाओं ने कहा कि हमारा खुर्सीपार क्षेत्र भी आज सड़कों की तरह अंधकारमय होता जा रहा है। कांग्रेस सरकार गरीबों के लिए आत्मानंद स्कूल तो खोलती है लेकिन बिना किसी पहचान के वहां दाखिला नहीं मिलता। युवा संवाद के दौरान भिलाई के युवाओं ने भिलाई में आईआईटी, तकनीकी विश्वविद्यालय, दुर्ग में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, खुर्सीपार कालेज की स्थापना के लिए श्री पाण्डेय के प्रयासों पर उन्हें धन्यवाद दिया। युवाओं ने कहा कि आपके प्रयास से भिलाई को पहचान मिली है जो पीढ़ियों तक देश ही नहीं पूरे विश्व में शहर का नाम रोशन करेगा। संवाद के दौरान श्री पाण्डेय ने भी पूरे उत्साह के साथ बातचीत की और उनके प्रश्नों के जबाव दिये। उन्होंने सभी युवाओं को कड़ी मेहनत करने और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सफलता के चार फार्मूला बताते हुए कहा कि लक्ष्य का सही निर्धारण, सही रास्ते का चयन, पूरी क्षमता से प्रयास और धैर्यपूर्वक परिणाम की प्रतीक्षा करना आवश्यक है। तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से मुरलीधर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अनिल सोनी, गुलाब सिंह, दीपक पांचाल, आकाश तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित थे। पीएससी घोटाला हर मेहनतकस युवा के साथ धोखा संवाद के दौरान युवाओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने हमारे सपनों को तोड़ा है। हमारे हौसले को तोड़ा है। सीजीपीएससी घोटाला हर मध्यम वर्गीय मेहनतकश युवा के साथ किया गया धोखा है। पिछले पांच वर्षों में युवाओं के साथ कई तरीकों से छल किया गया। जिससे सरकार पर अब हमारा भरोसा नहीं रहा।

## 'डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान'

**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धुइ। भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 10 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव का नया मरीज मरोदा सेक्टर का रहवासी है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु ग्रामीण, शहरीय की टीम द्वारा कुल 123926 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

# कान्यकुब्ज चेतना मंच का पारिवारिक परिचय 24 दिसम्बर को

**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई दुर्ग दिसम्बर माह के उत्तरार्ध में अपने कान्यकुब्ज ब्राह्मणों के बच्चों के वैवाहिक संबंधों की तलाश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष पारिवारिक परिचय का स्नेह सम्मेलन आयोजित करता है। इस अवसर पर चेतना पत्रिका के माध्यम से विवाह योग्य युवक एवं युवतियों की जानकारी साझा की जाती है। मंच के सदस्य ज्यादा से ज्यादा बच्चों की वैवाहिक जानकारी नीचे दिए गए प्रारूप में एक रंगीन फोटो सहित भरकर व्हाट्स एप नंबर 6264937799 पर अथवा मानव आश्रम सेक्टर-1 के कार्यालय में 30 नवंबर तक जमा करें। वैवाहिक विवरण पत्रिका में निःशुल्क छापा जाएगा। ज्ञात हो कि इस वर्ष 24 दिसंबर को मानव आश्रम सेक्टर-1 के प्रांगण में सुबह 10.30 बजे से इसका आयोजन किया जाएगा। वैवाहिक जानकारी साझा करने का प्रारूप प्रदेश, वैवाहिक स्थिति, अविवाहित, विधुर, विधवा, तलाकशुदा, गोत्र, नाम, लिंग, जन्म तिथि, जन्म समय, जन्म स्थान, राशि, नक्षत्र.चरण, नाड़ी, ब्लड ग्रुप, ऊँचाई, रंग, मांगलिक दोष, शिक्षा अंतिम, जॉब, व्यवसाय, पैकेज, आय रूपये, पिताजी का नाम, व्यवसाय, माताजी का नाम, व्यवसाय, वर्तमान पता, सम्पर्क नंम्बर, प्रेषक का नाम एवं वर, वधू से सम्बंध,.व्हाट्स एप नम्बर, वैवाहिक विवरण भेजने की अंतिम तारीख 30 नवंबर है। यह जानकारी कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई दुर्ग महासचिव ने दी है। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई दुर्ग इसमें सभी स्वजातिय लोगों से सहयोग की अपील की है।

## पत्रकारों पर कार्रवाई की निंदा

**भिलाईनगर।** केंद्रीय कमेटी भाकपा माले ने दिल्ली में कई पत्रकारों के घरों पर छापेमारी और उन्हें हिरासत में लिए जाने की घटना निंद की है। उन्होनें कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पत्रकारिता पर हमला जारी है। जिन पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस द्वारा छापा मारा गया है, वे दशकों से निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं और हमेशा से ही सत्ता को आईना दिखाने का काम करते रहे हैं। भयाक्रांत करने की कोशिश कर रही है। केंद्र की सरकार इन पत्रकारों को निशाना बनाया गया है। पत्रकारों, एक्टिविस्टों और स्टैंड अप कॉमेडियनों पर छापेमारी, केंद्र सरकार की इसी हताशा है। पहले से ही विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में 161 वें स्थान पर है। केंद्र सरकार की इस कार्यवाही के बाद दुनिया भर में प्रेस स्वतंत्रता के मामले में देश की साख और रसातल को जाएगी। हम तत्काल मीडिया की स्वतंत्रता पर हमले की इस कार्यवाही को रोके जाने की मांग करते हैं।

# ठेका श्रमिकों को मिले बेहतर वेतन एवं सुविधाएं : इंटक



**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता संजय साहू द्वारा किया गया। ठेका श्रमिकों ने मांग किया भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन एवं लाभार्जन से जुड़े सभी कार्य जिसे नियमित कर्मचारी करते थे जो स्थाई प्रकृति के हैं उसे ठेका श्रमिकों द्वारा किया जा रहा है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि उन्हें मात्र राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। कई ठेका कंपनियों द्वारा ए डब्ल्यू ए की राशि भी नहीं दी जा रही है। संयंत्र के एसएमएस-2, एसएमएस-3, ब्लास्ट फर्नेस, वाटर सप्लाई एमिल्स, कोको वन, में एक ही प्रकार के कार्य, इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल ऑपरेशन में अलग-अलग कंपनी द्वारा किया जाता है। जिसमें ठेका श्रमिकों को अलग-अलग वेतन दिया जाता है एक कंपनी द्वारा सभी सुविधाएं दी जाती है एवं दूसरे कंपनी द्वारा एलपीपी में ठेका होने के कारण, 320 से 350 रुपए ही दिया जाता है जबकि कम दोनों का समान है। उपाध्यक्ष के राजशेखर ने मांग किया संयंत्र के ठेका पद्धति में सुधार होने से ही ठेका श्रमिकों को पूरा वेतन एवं सुविधा मिलेगी। ठेका होने से अभी भी प्रति श्रमिक प्रतिदिन सभी सुविधाएं मिलकर 500 रुपए के आधार पर ठेका हो रहा है। जिससे श्रमिकों को 290 रुपया से साढे 300 तक उसे ठेके में वेतन दिया जा रहा है। एडब्ल्यूए, एवं अन्य सुविधाएं नहीं दिये जाने का आरोप लगाया। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन वर्तमान इंजीनियरिंग एस्टीमेट के आधार पर ही ठेका पद्धति को लागू करें जिससे श्रमिकों को पूरा वेतन एवं सुविधाएं मिल सके जो ठेकेदार कम में ठेका लेते हैं उनकी पूरी वेतन प्रणाली एवं पूरे दस्तावेज की वास्तविक जांच की जाए। एनएसपीसीएल की तरह बीएसपी में भी हो ठेका पद्धति जिससे श्रमिकों को उनका पूरा हक मिलेगा। उपाध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने कहा सेल एक महारत्न कंपनी है ठेका श्रमिक नियमित कर्मचारियों की भांति सीधे उत्पादन और लाभार्जन में काम करते हैं, इन्हें सामाजिक सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं दिया जाता इन्हें भी रात्रि भत्ता, साइकिल भत्ता, आवास भत्ता, शिक्षा एवं बेहतर चिकित्सा व्यवस्था दिया जाए। जिससे कि श्रमिकों का मनोबल बढ़ेगा एवं कुशल श्रमिक संयंत्र में लंबे समय तक कार्य कर सकेंगे जिससे उत्पादन एवं उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी। उप महासचिव इंद्रमणि द्वारा मांग किया गया ठेका कंपनियों द्वारा ठेका श्रमिकों को कम वेतन दिया जाता है एवं सुरक्षा का सामान नहीं दिया जाता दिया जाता है। उन्होनें आरोप लगाया कि जिसकी शिकायत अधिकारियों से करने पर ठेका कंपनियों द्वारा या तो गेट पास वापस ले लिया जाता है यह तो काम से निकलने की धमकी दी जाती है श्रमिकों का कहना है कि हम लोग संयंत्र के लिए काम करते हैं तो हमें पूरा वेतन एवं सुरक्षा का सामान मिलना चाहिए यह सुनिश्चित करना संयंत्र प्रबंधन का कार्य है। अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि सेल के उत्पादन में नियमित कर्मचारियों की तरह ठेका श्रमिकों का पूर्ण योगदान है। अधिकांश कार्य ठेका श्रमिकों द्वारा किया जा रहा है सभी विषयों को सेल प्रबंधन के संज्ञान में लाया जा रहा है सेल प्रबंधन को राजहरा माइंस की तरह यहां भी ठेका पद्धति में सुधार करना चाहिए। बैठक में सी पी वर्मा, के राजशेखर, दीनानाथ सिंह, आर दिनेश, मनोहर लाल, जसवीर सिंह, गुरुदेव साहू, रिखी राम साहू, कान्हा जयकुमार, नारायण, दमन लाल, बलराम वर्मा, कामता पटेल, दाऊ लाल साहू, सुरेश कुमार टंडन एवं अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

## धारदार हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर।** सुपेला पुलिस प्रार्थी रोहित नायक की रिपोर्ट पर गाली गलौच करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी हरीश द्वारा गांजा शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने पर प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा मारपीट करते हुए ट्रक के कांच को क्षतिग्रस्त करते हुए चाकू दिखाकर धमकाने लगा। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला आज रविवार को को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए लोहे का धारदार चाकू पुलिस को बरामद कराया। आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपी के विरूद्ध थाना सुपेला में कई अपराध दर्ज है। इस कार्यवाही में दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, प्र.आर. प्रहलाद बाजपेयी, आर. नागेश्वर राव का विशेष योगदान रहा। आरोपी के खिलाफ घारा 294, 506, 323, 327, 427, 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

# श्रीमद्भागवत भगवान का ही स्वरुप ब्रह्मचारी : सुबुद्धानंद

**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। गहोई वैश्य समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत की दिव्य अमृतमयी कथा को संबोधित करते हुए ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के निजी सचिव तथा वर्तमान ज्योर्तिमठ व द्वारका शारदामठ के सचिव तथा तथा राजराजेश्वरी सेवा ट्रस्ट, कोलकाता परमहंसी गंगा आश्रम के अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान कृष्ण का ही स्वरुप है। भगवान जब अपनी लीला का संवरण करके नित्य गोलोक धाम जाने लगे तो उद्धव जी ने भगवान से प्रार्थना की, कि महाराज कलयुग का प्रवेश हो रहा है आप ऐसे समय में अपने भक्तों को छोड़कर के जा रहे हैं। आपके कलयुग के भक्तों का उद्धार कैसे होगा, किसका आलंबन करके कलयुगी भक्त रहेंगे अभी तो आपका आलंबन था इसलिए महाराज आप मत जाइ, उद्धव जी की प्रार्थना को सुनकर भगवान अंतर्ध्यान हुए और श्रीमद्भागवत रुपी ज्ञान सागर में में समाहित हो गए। अंत: श्रीमद् भागवत भगवान का साक्षात वाड्मय स्वरूप है। साक्षात श्रीमद्भागवत के रूप में भगवान आपके सामने विराजमान है उनका दर्शन श्रवण सर्वदा आपका कल्याण करेगा। कथा व्यास डॉ इन्दुभवानन्द महाराज ने आज की कथा में समुद्र मंथन, देवदानव संवाद, वलि बामन प्रसंग, गंगा अवतरण आदि विविध प्रसंगों का विस्तार करते हुए बताया कि भगवान के अवतार के अनेक हेतु होते हैं, श्री कृष्ण तो अवतारों के भी हेतु हैं। भगवान श्री कृष्ण श्रीमद्भागवत के प्रतिपाद्य देवता है। भगवान श्री कृष्णा अवतार नहीं अवतारी है, नारायण के अंशों द्वारा भगवान के अनेक अवतार होते हैं किंतु श्री कृष्ण स्वयं परंब्रह्म परमात्मा है श्रीमद् भागवत में श्री कृष्ण अवतार के बाद फिर अवतारों की चर्चा नहीं होती है इससे यही सिद्ध होता है कि श्री कृष्ण ही पूर्ण परमब्रह्म परमात्मा है ।

# सेंट थॉमस द्वारा नशा मुक्ति पर कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई और एमओयू पार्टनर शासकीय कमला देवी राठी महिला पीजी कॉलेज राजनांदगांव ने समग्र के सहयोग से नशामुक्ति पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन डॉ. आभा शशि कुमार और संयोजक समग्र परिवार विकास केंद भिलाई थीं। उन्होंने छात्रों को नशा मुक्ति और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भावनात्मक बुद्धि मत्ता, व्यसनी व्यवहार और नशा मुक्ति के बीच संबंध समझाकर स्वास्थ्य के महत्व को समझाया। कार्यशाला में नशामुक्ति और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न नवीनतम रुझानों के बारे में भी बताया गया। मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों और अवधारणाओं के संबंध में लचीलेपन की कमी, स्वास्थ्य की उपेक्षा के नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में स्वास्थ्य बढ़ाने के विभिन्न तरीकों को शामिल किया गया। कॉलेज के प्रशासक रेव्ह फादर डॉ.जोशी वगीस न विभाग के शिक्षकों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य डॉ.एमजी रॉयमन ने अपनी शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से छात्र को एक अच्छा नैदानिक मनोवैज्ञानिक बनने में लाभ मिलता है। पीजी मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. देबजानी मुखर्जी ने रिसोर्स पर्सन का परिचय दिया और इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को रिसोर्स पर्सन द्वारा पेश किए गए शिक्षण को आत्मसात करना चाहिए क्योंकि सीखने की प्रक्रिया में ज्ञान का अनुप्रयोग बहुत महत्वपर्णू है। डॉ. समिुता सिहं, डा. अकिंता देशमखु और सचंना साहू सहायक प्रोफेसर ने इस सीखने के अनुभव में छात्रों का मार्गदर्शन किया और कार्यक्रम का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया। डॉ. बसंत कुमार सोनबर, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, शासकीय के.डी.आर कॉलेज कार्यक्रम राजनांदगांव ने छात्रों को व्यसन मुक्त जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. आलोक मिश्र, प्राचार्य शासकीय कमला देवी राठी महि ला पी.जी. कॉलेज, राजनांदगांव ने दोनों विभागों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम मिश्रित मोड में आयोजित किया गया था। केडीआर कॉलेज राजनांदगांव के छात्र ऑनलाइन मोड मेंकार्यक्रम मेंशामि ल हुए। कार्यक्रम का संचालन एमए की छात्रा मुस्कान खान, हरमेन्द्र ने किया।

# भूपेश के नेतृत्व में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार : निर्मल



**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम उरला के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। अब तक भाजपा के पक्ष में काम करने वाले इन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की रीति-नीति और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए गए उपलब्धि पूर्ण कार्यों से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। इन सभी को जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष एवं भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे के समक्ष कांग्रेस प्रवेश कराया गया। भिलाई-चरोदा नगर निगम के वार्ड-30 उरला के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रवेश किया है। कांग्रेस प्रवेश करने वालों की सूची में चरोदा मंडल भाजपा के पूर्व कार्यालय प्रभारी दीपक साहू एवं भाजपा की पूर्व पार्षद के पुत्र रविकांत मानिकपुरी प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा और भी अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेकर आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में फिर से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष एवं भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में आने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए उनके निर्णय की सराहना करते हुए बधाई दी। श्री कोसरे ने कहा कि आम जनमानस के साथ साथ कार्यकर्ताओं का भी भाजपा से मोहभंग हो चुका है। भाजपा को छोड़ कार्यकर्ताओं का कांग्रेस प्रवेश करना इस बात का ताजा उदाहरण है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का जिस तरीके से विकास हुआ और जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया है। उससे कांग्रेस पार्टी के प्रति जनमानस में विश्वास बढ़ा है।

# संयंत्र में स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन



**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के तत्वधान में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विगत दिनों एसएमएस-2 में, स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक शीर्षक नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक में स्वच्छता से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के संदेश दिए गए। यह लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया। साथ ही इसका उद्देश्य अपने आसपास के आलावा कार्यक्षेत्र में भी सफाई का महत्व बताना था। इस कार्यक्रम में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक एन श्रीकांत, महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक आलोक माथुर, महाप्रबंधक, बिनितोष बाला, महाप्रबंधक बालम सिंह, महाप्रबंधक, गौरव सिंघल, महाप्रबंधक, के राजकुमार, महाप्रबंधक, एस के मल्लिक उपस्थित थे। नाटक का मंचन हेमंत जगम, राजेश वर्मा, के के बंसोडे, प्रवीण कालमेघ, राजेश वैद्य की टीम ने किया।

# विधायक की पहल, बालक नाथ तालाब का सौंदर्यीकरण



**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। खुर्सीपार क्षेत्र में बाबा भोलेनाथ का मंदिर में बाबा बालक नाथ के रूप में बिराजे है। इस मंदिर परिसर में भव्य तालाब है। जिसका सौंदर्यीकरण भिलाई नगर विधायक की पहल से की गई है। और अब इस तालाब की खूबसूरती में 4 चांद लग गया है। क्योंकि यहां भिलाई नगर विधायक श्री यादव की पहल से म्यूजिकल फाउंटेन भी लगाया जाएगा। जिसका आज लोकार्पण किया गया। विधायक श्री यादव ने वार्डवासियों के साथ मिलकर इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। लोगों में काफी उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने इसके लिए विधायक श्री यादव का दिल से आभार जताया। वासियों ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव के पहले से क्षेत्र की तस्वीर बदल गई है। अब पहले जैसा खुर्सीपार नहीं रहा आज के खुर्सीपार में खेल मैदान से लेकर गार्डन ओपन जीम, साफ सुथरी सड़को की सर्व सुविधा है। वार्ड में मूलभूत सुविधाएं लोगों को मिल रही है। पीने के लिए शुद्ध पानी और गलियों की नियमित साफ सफाई से आज लोगों के जीवन में काफी बदलाव हुआ है। मंदिर के तालाब और आसपास का सौंदर्यीकरण करने से रात में यहां की सुंदरता काफी बढ़ गई है। साथ ही मंदिर परिसर की सुंदरता भी बढ़ गई। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री यादव, मेयर नीरज पाल सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

## वेल बेबी स्पर्धा 15 को

**भिलाईनगर।** कालीबाड़ी सेक्टर 6 में वेल बेबी कॉम्पिटिशन का आयोजन 15 अक्टूबर को किया गया है। विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। सेक्टर 6 कालीबड़ी के संजय दत्ता ने बताया कि सेक्टर 6 कालीबाड़ी में वेल बेबी शो कंपटीशन का आयोजिन किया गया है। स्पर्श अस्पताल के शिशु विशेषज्ञ शिविर में मौजूद रहेंगे। जांच के बाद स्वस्थ बच्चों के नाम की घोषणा के साथ ही विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने कुछ शर्ते हैं जिसे पलकों द्वारा पूर्ण करना आवश्यक है। कंपटीशन को 3 भागों में डिवाइड किया गया है। कैटेगरी में 8 महीने से डेढ़ महीने तक के बच्चों को शामिल किया गया है। कैटेगरी में 2 साल से 3 वर्ष तथा कैटेगरी में 3 वर्ष से 4 वर्षों के बच्चों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने बच्चों के पिता. माता का नाम, बच्चों के नाम सहित डेट ऑफ बर्थ देना होगा।

# मरोदा में स्वास्थ्य शिविर में 350 लोग हुए लाभांवित



**भिलाईनगर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। इस वाक्य को चरितार्थ करते हुए मूलचंद जैन ने अपने पिता व माता स्व. सुल्तान्मल, सजना बाई जैन एवं सुरेश जैन ने अपने पिता व माता स्व, चिरंजीलाल दिल्लो देवी जैन की पुण्यतिथि पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टर्स के सहयोग से आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोड़ा स्टेशन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं निःशुल्क दवा वितरण का आयोजन किया गया। शिविर में 350 विद्यार्थियों, पालकों एवं क्षेत्र के निवासियों को निःशुल्क सेवा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ शरद पाटनकर, डॉ कोशलेंद्र ठाकुर, राजीव चंद्राकर, डॉ एम.के.सराफ, डॉ राकेश चौबे, डॉ रवि शुक्ला, डॉ संजय दानी, डॉ अजय गुप्ता, डॉ श्रीमती अर्चना चौहान, डॉ श्रीमती संगीता सिन्हा, डॉ नितीश जैन, डॉ सानिध्य सुराना, डॉ श्रीमती पुर्वा सुराना, श्रीमती कमला जायसवाल, शुभम जायसवाल शाला प्राचार्य श्रीमती रूमा भट्टाचार्य, शिक्षक पोषण लाल साहू ने अपनी सेवा प्रदान की।

**कुम्हारी भाजपा मंडल का धरना प्रदर्शन आज**

**कुम्हारी,** 8 अक्टूबर। कुम्हारी भाजपा मंडल द्वारा आज सुबह 11 बजे बाजार चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष के मुताबिक नगरपालिका के खिलाफ यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमे सांसद विजय बघेल सभा को संबोधित करेंगे।



# सूची वायरल के बाद भाजपा व कांग्रेस में कशमकश की स्थिति

**कवर्धा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव 2023 होने वाला है। इस चुनाव को लेकर सभी पार्टियों में तैयारी जोरों पर है। वही भाजपा के संभावित उम्मदीवारो की सूची जारी होने के बाद जो अन्य दावेदार है भाजपा की ओर से उनकी धड़कने तेज हो गई है। अभी भी ये टिकट के लिए पसीना बहाने का काम कर रहे है। कवर्धा में अगर कांग्रेस पार्टी की बात की जाए तो मंत्री अकबर का नाम बतौर प्रत्याशी फाइनल हो चुका है। तो वहीं आम आदमी पार्टी (आप) से सहसपुर लोहारा रियासत के राजा खड्गराज सिंह कवर्धा विधासनसभा से चुनाव लड़ने वाले है।हालांकि अगर आम आदमी पार्टी की बात करे तो पार्टी में पूरी तरह से फूट नजर आ रहा है आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में बनने के बाद आम पार्टी राष्ट्रीय पार्टी में शामिल हो चुका है वही दो दिन से आम आदमी पार्टी के पंजाब में परिवहन मंत्री का पद संभाल रहे लालजीत सिंह भुल्लर कवर्धा दौरे पर रहे इस दौरान प्रेस वार्ता में पत्रकारों ने जब परिवहन मंत्री सवाल किया कि आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कौन है? तो मंत्री सवालों के जवाब को घुमाते हुए नजर आए। अगर अभी वर्तमान की बात करे तो आम आदमी पार्टी में जिलाध्यक्ष का पद लगभग खाली है और इधर राजा खड्ग राज सिंह को टिकट मिलने के बाद पार्टी के पुराने कार्यकर्ता चुनाव से दूरी बनाते हुए भी नजर आ रहे है जिनको साथ लेकर चलने में राजा नाकाम साबित होते हुए दिख रहे है।वही अगर दूसरी ओर पंडरिया में कांग्रेस और भाजपा में कश्मकश की स्थिति बरकरार है। आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों को अपने ही पार्टी से टिकट लेने के लिए एड़ी-चोटी की मेहनत करना पड़ रहा है। अगर हम वर्तमान समय की बात करे तो कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र कवर्धा व पंडरिया से कांग्रेस के विधायक है। हालांकि, वर्ष 2018 से पहले के चुनाव में इन दोनों विधानसभा से भाजपा के विधायक ही थे। लेकिन, 2018 के चुनाव में कांग्रेस के जीत के लहर के बीच भाजपा को अपने दोनों सीट गंवाने पड़ गए थे। इस बार फिर से दोनों विधानसभा में परचम लहराने के लिए भाजपा भी कड़ी टक्कर देने वाली है। वही भाजपा उम्मीदवारों की सूची वायरल होने बाद, पंडरिया की जनता का मानना है की अगर सही उम्मीदवार भाजपा नही दे पाती है तो पुनः 2018 जैसी हार का सामना करना पड़ सकता है।

**एक नजर वर्तमान स्थिति पर**

कवर्धा विधानसभा - यह विधानसभा प्रदेश का सबसे बड़ा हाईप्रोफाइल विधानसभा माना जाता है। क्योंकि, बीते 15 साल तक यहां से भाजपा के विधायक ही चुनकर ही भेजे जाते रहे है।इसके साथ पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह इसी विधानसभा से आते है। साल 2018 के चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब कांग्रेस के मोहम्मद अकबर ने अशोक साहू को करीब 59 हजार के वोट से हराया था। इस बार कांग्रेस की ओर से फिर से मोहम्मद अकबर चुनाव लड़ने वाले है। वहीं भाजपा की तरफ से कई लोगों के नाम का चर्चा है। हाल में वायरल सूची के अनुसार विजय शर्मा को टिकट फाइनल बताया गया था। लेकिन, भाजपा के दावेदारों में विजय शर्मा के अलावा सियाराम साहू, विरेन्द्र साहू, अशोक साहू,रामकृष्ण साहू,राजेंद्र चंद्रवंशी,संतोष पटेल समेत अन्य कई लोग शामिल है। चूंकि अगर कवर्धा विधानसभा की बात की जाए तो कवर्धा विधानसभा का साहू समाज का गढ़ माना जाता है चूंकि साहू समाज के वोटर इस विधानसभा में सबसे ज्यादा है और भाजपा की ओर से भी अब तक साहू समाज के प्रत्याशियों को मौका दिया जाता रहा है इस बार भी साहू समाज अपने ही समाज के प्रत्याशी को टिकट देने की मांग पर अड़े हुए है।

**पंडरिया विधानसभा** - हाल में वायरल सूची के अनुसार भाजपा की ओर से पूर्व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेषर पटेल का नाम सामने आया था। इसके बाद इस विधानसभा क्षेत्र में कई भाजपा नेताओं के नाम भी सामने आए थे। इसमें प्रमुख रूप से भावना बोहरा, दिनेश चन्द्रवंशी,नरेश साहू समेत अन्य भाजपा नेता के नाम शामिल है। पंडरिया में संभावित सूची में नाम आने के बाद से वहा भी स्थिति भाजपा के लिए बिगड़ते हुए नजर आ रहा है कई कार्यकर्ताओ ने नाराजगी देखने को मिल रहा है पंडरिया में संभावित सूची से जनता के बीच नाम चर्चा में है पंडरिया में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 35000 वोटो से शिकस्त का सामना करना पड़ा था जहा पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर ने भाजपा के मोतीराम चंद्रवंशी को 35000 वोटो से मात दी थी।एक बार फिर भाजपा वही गलती दोहराने में लगी हुई नजर आ रहा है पंडरिया की जनता की बात करे तो लगातार चर्चाओं में बने रहने वाले चेहरो को प्रत्याशी घोषित करने की मांग कर रही है जिससे भाजपा वहा अपना विधायक बना पाए। वहीं कांग्रेस की बात करे तो वर्तमान विधायक ममता चन्द्राकर को स्थिति थोड़ा खराब नजर आ रहा है लेकिन प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इसके अलावा नीलू चन्द्रवंशी,घनश्याम साहू, समेत कई कांग्रेस नेता टिकट के लिए दावेदारी कर रहे है। इसी तरह यहां जोगी कांग्रेस भी एक्टिव है, जिसमें रवि चन्द्रवंशी और अश्वनी यदू का नाम काफी चर्चा में है।

**भाजपा की संभावित प्रत्याशियों के नाम से कांग्रेसियों ने खुशी की लहर**

भाजपा की जो संभावित प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद से कांग्रेसियों में खुशी देने को मिल रहा है जब हमने एक युवा कांग्रेस के नेता से संभावित प्रत्याशियों को लेकर पूछा तो उनका कहना था कि भाजपा की जो संभावित सूची जारी हुआ है उसमे में पंडरिया में एक बार फिर भारी मतों से कांग्रेस की सरकार बनने जा रहा है चाहे पंडरिया विधानभसा से कांग्रेस की ओर से कोई भी प्रत्याशी हो।हालाकि कवर्धा विधानसभा से काटे की टक्कर होने की बात कही।

## भेंट मुलाकात में मुख्यमंत्री का घोषणा अधुरा विधायक जनता को जवाब दें : हेमलाल



**डोंगरगढ़,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार पिछले वर्ष सभी विधानसभा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में आकर स्वयं मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने बहुत सारी घोषणाएं किया लेकिन बहुत से बड़े घोषणा अभी भी अधुरे है। इसपर प्रतिक्रिया देते हुए डोंगरगांव विधानसभा के युवा किसान नेता हेमलाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहु के ऊपर जनता से क्षल करने का आरोप लगाया है। हेमलाल वर्मा ने कहा कि 12 नवंबर 2022 लाल बहादुर नगर में मुख्यमंत्री जी ने क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहु एंव क्षेत्र की जनता के उपस्थिति में लाल बहादुर नगर को नगर पंचायत बनाने का घोषणा किया था। वैसे ही भेंट मुलाकात कार्यक्रम 22 नवंबर को सुकुल दैहान में ग्राम पंचायत- मुसरा में क्षेत्र के किसानों के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा खोलने की घोषणा भरे मंच से किया था, अब कांग्रेस सरकार और विधायक का कार्यकाल खत्म होने की कगार पर है, एक दो दिन में शायद आचार संहिता भी लागू हो जाएगा ,तो क्या यह घोषणा सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए किया गया था। हेमलाल ने कहा कि जनता को गुमराह करना किसी के बस की बात नहीं है, जनता समझदार है इन दोनों बड़े घोषणा के बारे में विधायक दलेश्वर साहु को जवाब देना चाहिए लाल बहादुर नगर एवं मुसरा क्षेत्र की जनता से आव्हान किया कि ऐसे लबरा मुख्यमंत्री और विधायक को आईना दिखाने का समय बहुत जल्दी आने वाला है,जनता को गुमराह करके झुठ बोलना किसे कहते हैं आगामी विधानसभा चुनाव में दिखा दें।

## अंडी शीतला मंदिर पहुंच मार्ग की 10 वर्ष लंबी मांग हुई पूरी



**डोंगरगढ़,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम पंचायत अंडी में ग्रामीणों द्वारा विगत 10 वर्षों शीतला मंदिर जाने हेतु सीसी रोड निर्माण की मांग लगातार किए जा रहे थे जिस मांग को आज जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू जिला पंचायत विकास निधि से सुकृति प्रदान कर आज जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा एवं समस्त ग्राम वासियों के साथ मिलकर भूमि पूजन किया गया और विकास की कड़ी में एक नया अध्याय लिखा गया सीसी रोड निर्माण हो जाने से शीतला मंदिर जाने में ग्रामीणों को अब असुविधा नहीं होगी तथा उनकी लंबी मांग पूरी होने पर ग्राम वासियों को ढेर सारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू जी जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा सरपंच जसबीर सिंह चौहान उप सरपंच जीवन निषाद ग्राम प्रमुख श्याम सिंह कनौजिया हीरू पटेल शंभु निषाद पंच दीपक राजपुत शत्रुघ्न पटेल पुनाराम पटेल भोला पटेल युवराज चंद्रवंशी मुकेश वर्मा गोपाल पटेल युवराज पटेल मनीष साहू ढोला निषाद एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## विधायक बघेल ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर शोभाराम बघेल द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विधायक श्री बघेल ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैंसरा के आश्रित ग्राम कटली में भवन भूमिपूजन ,ग्राम पंचायत देवकट्टा में जलाशय नहर नाली , ग्राम पंचायत कनहारगांव में आईटीबीटी कैंप तक सड़क निर्माण कार्य लागत 1.50 करोड़ , बालोदयांन कार्य 3 लाख , कंवर समाज भवन निर्माण कार्य 5 लाख , ग्राम पंचायत ढारा में साहू समाज व महोबिया भवन व सी सी रोड निर्माण कार्य एवम ग्राम पंचायत सलोनी में लोधी समाज भवन भूमिपूजन एवं छपारा पहुंच मार्ग लागत 2 करोड़ का विधिवत भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने गांव गांव में सभी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं और विगत 15 साल की अपेक्षा 5 साल में प्रदेश का विकास तेज गति से हो रहा है। प्रदेश में संस्कृति सभ्यता व हमारी परंपरा को सवारे रखने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में भवन निर्माण से लेकर सड़क निर्माण व सांस्कृतिक मंच सहित अन्य विकास कार्यों को गति मिली है। जिस प्रकार ताली एक हाथ से नहीं बजती उसी प्रकार अब बारी जनता की है आने वाले चुनाव में कांग्रेस को जिताकर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पा गोकर्ण वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, वरिष्ठ नेता फिरंगी पटेल, महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष लता साहू, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री राजू सिंह राजपूत, देवकट्टा सरपंच हेमीन वर्मा, कनहारगांव सरपंच सरला साहू, ढारा सरपंच राजेंद्र जघेल ,शिवपुरी सरपंच राजकुमार द्विवेदी ,सलोनी सरपंच लेखराम वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि पूरन वर्मा गंगाधर साहू, अनिल वर्मा कनक पटेल मिश्रीलाल कीर्तन, सतीश कवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 172 लोगों ने उठाया लाभ



**गुण्डरदेही,** 8 अक्टूबर। रविवार को तहसील युवा साहू समाज प्रकोष्ठ के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्त दान शिविर का आयोजन गुण्डरदेही मे किया गया। जिसमे 172 मरीजों ने स्वास्थ्य शिविर का का लाभ उठाया एवं 50 लोगों ने रक्त दान किया शिविर में आकांक्षा परगनिहा डॉ एसआर प्रसाद शिशु रोग विशेषज्ञ फिजियो थेरेपिस्ट डॉ कमलेश साहू दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ गुलाब साहू नेत्र जांच विशेषज्ञ एवं डॉ अजीत साहू बीएएमएस देवेन्द्र बोरकर जनरल फिजिशियन के डॉक्टर उपस्थित थे।

### सार-संक्षेप

## नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट में स्थानीय प्रथम टूर्नामेंट

**कुम्हारी,** 8 अक्टूबर। नगर के वार्ड क्रमांक 15 में नवनिर्मित बेडमिंटन कोर्ट में प्रथम स्थानीय बैडमिटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र में माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नागेश, इन्दजीत वर्मा और द्वितीय स्थान अंकित बघेल, मनीष गुप्ता को प्राप्त हुआ। नगर के युवाओं को इस खेल के प्रति आकृष्ट करने और प्रेरित करने वाले इस टूर्नामेंट के प्रथम आयोजन को सफल बनाने में जय हनुमान व्यायाम शाला प्रशिक्षक प्रदीप झा का अनुभवी मार्गदर्शन और अभूतपूर्व योगदान आयोजकर्ताओं को मिला।



## छग से भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार के जाने का समय आ चुका : देवलाल ठाकुर



**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 8 अक्टुबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी देवलाल ठाकुर इन दिनों विधानसभा क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ दौरा कर रहे है। उन्हे ग्राम के प्रमुख, मुख्या व युवा वर्ग महिलाओं सहित वरिष्ठजनो का भरपूर सहयोग मिल रहा है। देवलाल ठाकुर ने बताया कि प्रचार प्रसार के दौरान विधानसभा क्षेत्र की कई कमिया खुलकर सामने आई। वर्तमान में कांग्रेस सरकार में मंत्री व विधायक अनिला भेड़िया अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास लाने में असफल साबित हुई है। डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के कई ग्राम अब भी मूलभूत सुविधाएं से वंचित है, न ही गांव में उचित बिजली है और न ही सड़क और पानी व रोजगार।भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार सिर्फ अपनी जेब गर्म करने में मग्न है और डीएमएफ मद से भी करोड़ों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। देवलाल ठाकुर ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता अब जान चुकी है और छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचारी और निकम्मी कांग्रेस सरकार के जाने का समय आ चुका है। देवलाल ठाकुर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने को है। लगभग 2 वर्षो तक करोना बीमारी के प्रकोप के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ है। आज भारत के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर एक आदिवासी महिला पदस्थ है यह सब अनेकों जनकल्याणकारी कार्य भारतीय जनता पार्टी के शासन कार्य में हो रही है साथ ही उन्होने कहा की जिन आदीवासी समाज के बदौलत प्रदेश में कांग्रेस की सरकार स्थापित हुई है उन्ही आदीवासियों का हक छीन रही है। उनकी संस्कृति मिटाने धर्मान्तरण को संरक्षण और बढ़ावा दे रही है। उन्होने यह भी कहा आप सभी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में भाजपा पार्टी की सरकार बनी तो विकास कार्य डबल इंजन की तरह तेज रफ्तार से होगी। देवलाल ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कड़ी निन्दा करते हुए कहा की भूपेश बघेल ने पूरी तरह से छत्तीसगढ़ को खोखला कर प्रदेश की जनता को बेहिसाब कर्ज से लाद दिया है।

## नपाध्यक्ष ने किचन सेड निर्माण का किया भूमिपूजन

**दल्लीराजहरा,** 8 अक्टुबर (देशबन्धु)। तहसील साहू संघ द में किचन सेड निर्माण के लिए मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं समाज कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन अनिला भेड़िया के सहयोग से 5 लाख रुपये की राशि का आबंटन हुआ है द्य आज सुबह 11ः00 बजे तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा में एक सादा समारोह में भूमि पूजन किया गया द्य कार्यक्रम का मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष दल्ली राजहरा शिबू नायर रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता तहसील साहू संघ राजहरा अध्यक्ष युवराज साहू ने किया द्य विशेष अतिथि लैलन साहू मोहनलाल साहू तोरण लाल साहू थे द्य स्वागत भाषण में युवराज साहू ने कहा कि मंत्री द्वारा हमारे समाज के किचन सेड निर्माण के लिए जो राशि स्वीकृत की गई है उसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं द्य अतिथि उद्बोधन में शिबू नायर ने कहा कि आज मैं नगर पालिका अध्यक्ष के पद में हूं। यह साहू समाज की मुझ पर बहुत बड़ी सहयोग है द्य मैं सदैव साहू समाज का आभारी रहूंगा द्य उन्होंने पीने की पानी की व्यवस्था के बारे में कहा है द्य आचार संहिता के बाद जब भी बोर खनन के लिए टेंडर होगा द्य मैं सबसे पहले साहू सदन में पीने की शुद्ध पानी की व्यवस्था अवश्य किया जाएगा। अध्यक्ष नायर ने यह भी कहा की साहू समाज की पहचान अनुशासन से होता है,इन्ही अनुशासन से साहू समाज आज नये भारत के विकास में अपना योगदान दे रहा है। साहू समाज द्वारा प्रारंभ किए गए अनेक कार्यो का अनुसरण अन्य समाज भी करता है। कार्यक्रम में मंच संचालन तहसील संघ उपाध्यक्ष रेखु राम साहू ने किया द्य आभार प्रदर्शन तहसील साहू संघ सचिव घनाराम साहू ने किया।कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष दामिनी साहू द्रौपदी साहू चंपा देवी साहू संगीता साहू कुंती साहू राधा साहू निर्मला साहू मंजू साहू रूपलाल साहू गोविंदराम साहू किशन साहू किशोर साहू खूब लाल साहू नवीन साहू संत राम साहू गंगाधर साहू हेमलता साहू संतोष साहू नारद साहू अजीत साहू देवेंद्र साहू एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।



### निधन

**पुष्पा साहू**



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 8 अक्टूबर। ग्राम अमेरा निवासी पुष्पा साहू का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में हुआ। वे भागवत साहू की पत्नी, रवि की मां, खोरबाहरा साहू की बहु थी।

**आशकरण पींचा**



**महासमुंद,** 8 अक्टूबर। स्थानीय गांधी चौक निवासी शांतिविजय क्लाथ स्टोर्स के संचालक आशकरण पींचा 80 वर्ष का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जसवंत उर्फ गोलू, राजकुमार के पिता,पुखराज, मनोहर, पूनम पींचा के बड़े भाई व विजय, मनीष, जयंत, प्रिंस, प्रखर पींचा के बड़े पिता थे।

**कुसुम पालंदुरकर**



**दुर्ग,** 8 अक्टूबर। न्यू दीपक नगर निवासी कुसुम पालंदुरकर (74 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश पालुंदरकर व दीपक पालुंदरकर की माता जी थी।

### प्रादेशिकी का शेष...

**15 से नवरात्रि प्रारंभ...**

शीतला मंदिर बैगापारा : मां शीतला मंदिर बैगापारा में नवरात्रि की तैयारियां पूर्णता पर है। श्री शीतला सेवा समिति के सदस्य मनोज चंद्राकर ने बताया कि शीतला मंदिर में ज्योतिकलश स्थापना के लिये श्रद्धालुगणों से राशि जमा करनी शुरू कर दी है। जय शीतला यंग क्लब द्वारा मिनी स्टेडियम में दशहरा की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

शीतला मंदिर के आचार्य राजेश मणि शर्मा ने बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह ज्योति कलश प्रज्वलित किये जाएंगे। वेदी पूजन घंट स्थापना की जायेगी। पंचमा 19 अक्टूबर को अष्टमी हवन 22 अक्टूबर को 23 अक्टूबर को शाम 6 बजे शोभायात्रा निकालकर कलश विसर्जन किया जायेगा।

**घर में घुसकर छेड़छाड़ ...**

को दिया गया। बाद में न्यायालय के आदेश पर ज्यूडिसियल रिमांड पर भेजा गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना खैरागढ़ स्टाप उप निरीक्षक शक्ति सिंह, सउनि बिरेंद्र चंद्राकर, प्रआर गजाधर भुआर्य, आर रमाकांत उपाध्याय, प्रदीप यादव, शैलेन्द्र पटेल, शिवलाल वर्मा, परमेश्वर वर्मा, लक्ष्मण साहू सहित अन्य समस्त थाना स्टाप की सराहनीय भूमिका रही है।

**छुईखदान कबड्डी प्रतियोगिता में ...**

गन्दर्व सलाहकार, कमल साहू , ग्राम सरपंच पति प्रीतम साहू , ग्राम समिति अध्यक्ष यादराम साहू, ग्राम पटेल ठकुरी साहू , डोमेशवर साहू, नेतराम साहू , विभिन्न ग्राम से आये खिलाड़ीगण, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जनपद सदस्य ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**दल्लीराजहारा/डौण्डी,** 8 अक्टुबर (देशबन्धु)। आदीवासी ब्लाक के सबसे बड़ा पंचायत ग्राम कुसुमकसा में लाखो रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन सरपंच शिव राम सिंदरामे उप सरपंच दीपक यादव व ग्रामिणों के उपस्थित में जनपद सदस्य संजय बैस ने किया। सर्व प्रथम पूजा अर्चना कर आंगन बाड़ी भवन लगभग 8 लाख रुपए की लागत का भूमिपूजन किया जनपद सदस्य बैस ने कहा की आंगन बाड़ी बहुत ही जर्जर स्थिति में पहुंच गई थी आंगन बाड़ी किराए के भवन में चलता रहा था जिससे कार्यकर्ता शिक्षिका व बच्चों को परेशानी का सामना कररना पड़ता था अब नया आंगन बाड़ी भवन बनने से बच्चे अब अपने नए भवन में शिक्षा ग्रहण करेंगे। वही समरसता भवन में अहाता निर्माण दो लाख रुपए का भी भूमिपूजन किए समरसता भवन में अहाता नही होने के साथ समतलीकरण नही होने से वार्डवासियों को सामाजिक आयोजन करने में दिक्कत होती थी मोहल्ले के लोगो ने अपनी समस्या जनपद सदस्य संजय बैंस के पास रखी और उस समस्या के समाधान के लिए जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपनी निधि से दो लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर गांव को एक कदम विकास की और ले गए। साथ ही वार्ड 15 में सामुदायिक शौचालय लगभग 4 लाख रुपए का भूमिपूजन किये । वार्ड 15 में साहू समाज भवन और यादव समाज भवन के साथ गौठान भी है और इन भवनों में भी शौचालय नही है इनको सामाजिक आयोजन में शौचालय की परेशानी होती थी इस समस्या को समझते हुए अपनी निधि से जनपद सदस्य बैंस ने राशि स्वीकृति कराई और साथ ही बजार क्षेत्र में पिंक शौचालय का भूमिपूजन भी किए। कुसुम बजार के साथ महिलाओ को मुख्य मार्ग पर शौचालय और प्रशाधन जाने में दिक्कत होता थी पिंक शौचालय सिर्फ महिलाओ के लिए बन रहा है जो की एक अच्छी मिशाला है। भूमिपूजन में सरपंच शिव राम सिंदरामे ने कहा की हम गांव के विकास के लिए संकल्पित है और विकास हो भी रहा है। जो धरातल में फलिभूत हो रहा है। उप सरपंच दीपक यादव ने कहा की आज ये बात सिद्ध हो गया की संजय है तो विकास संभव है। साथ ही यह भी कह की जनपद सदस्य राजनीति से उपर उठ कर सर्व समाज के लोगों की नीजि समस्याओं का निराकरण कर गांव में लाखो रुपए देकर कुसुमकसा ग्राम पंचायत की विकास की गौरव गाथा लिख रहे है। भूमिपूजन में सचिव नेम सिंग अलेंद्र गौतम साहू रवि यादव लोकेश सिन्हा पिंटू जगनायक सुरेंद्र मंडावी के साथ गांव के गणमान्य जन उपस्थित रहे इस अवसर में साहू व यादव समाज के सदस्य सरपंच सहित ग्रामिणों ने संजय बैस का आभार व्यक्त किया है।



## अछोली में किसानों का सम्मान

**डोंगरगढ़,** 8 अक्टूबर। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला किसान मोर्चा के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन ग्राम अछोली में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री कोमल सिंह राजपूत जी उपस्थित रहे। जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र साहू जिला मीडिया प्रभारी अमर लालवानी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा मनीष कुमार सोनी एवं जिला मंत्री उपकार साहू जिला किसान मीडिया रवि सिन्हा जी डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम लाल बहादुर मंडल अध्यक्ष बोधिराम साहू किसान मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हेमकुमार साहू ,शहर अध्यक्ष खोरबहार सिन्हा ,रेवा वर्मा मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष तामेश्वर साहू मंडल महामंत्री कचरू साहू एवं लखन जंघेल कमलेश उजवने मुरली गेडाम, धर्म वर्मा, श्यामलाल कवर, पूरण वर्मा, मिश्रीलाल पटेल, मनोहर गेडाम कमल किशोर साहू, लेखराज वर्मा, धर्मेंद्र यादव ,मानिक सेन, जीवन वर्मा, रामरतन नेगी, बहल देवांगन, हरि निषाद, कामेश वर्मा,कन्हैया वर्मा, महेंद्र वर्मा, लखन वर्मा, रोशन वर्मा, रेवा वर्मा सहीत ग्रामवासीयो एवं क्षेत्र के किसानो की उपस्थिति रही तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा क्षेत्र के उपस्थित किसानों को श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में भी बताया गया ।



**कुम्हारी भाजपा मंडल का धरना प्रदर्शन आज**

**कुम्हारी,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुम्हारी भाजपा मंडल द्वारा आज सुबह 11 बजे बाजार चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष के मुताबिक नगरपालिका के खिलाफ यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमे सांसद विजय बघेल सभा को संबोधित करेंगे।



# किसान नेता योगेश भाजपा में हुए शामिल

■ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने समारोह में की शिरकत
■ राजधानी रायपुर के रावण भाटा में आयोजित समारोह में 10 हजार से अधिक लोग हुए शामिल





**बेमेतरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी ने राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में आयोजित समारोह में भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजीव लोचन महाराज, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, सुभाष तिवारी, संजय वास्तव की मौजूदगी में किसान नेता ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। किसान नेता ने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। कुछ नहीं बस आजकल समझ में बेमेतरा विधानसभा से 10 हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे।

### योगेश के भाजपा में शामिल होने से पार्टी की बढ़ेगी ताकत

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने संबोधन में कहा आज योगेश तिवारी के साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थक आए हैं, सबसे अच्छी बात इतनी बड़ी संख्या में बुजुर्ग भी दिख रहे हैं, युवा भी दिख रहे हैं। मगर सबसे बड़ी उपलब्धि इतनी बड़ी संख्या में हमारी बहन आई है, उनका मैं विशेष स्वागत करता हूं। अब नहीं सहीबो, अब नहीं सहीबो, बदल के रहिबो 2023 में छत्तीसगढ़ में कमल खिलाना है, योगेश तिवारी जैसा हजारों साथियों सहित भाजपा में आता है तो पार्टी की ताकत बढ़ जाती है।

### योगेश भाई व उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत

समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया ने कहा योगेश भाई और विशाल संख्या में उपस्थित सभी युवा और बहनों को पार्टी में स्वागत करता हूं। ऐसी पार्टी में प्रवेश कर रहे हैं, जो भारत माता की जय करने के लिए बनी है। जिस पार्टी में इस नेशन फर्स्ट और व्यक्ति को तीसरे क्रम में माना जाता है। जिस पार्टी का नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहा है, उस पार्टी का सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

### भाजपा में शामिल होकर लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे करीबी नेता मनसुख भाई मांडवीया हम लोग को आशीर्वाद देने आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के 15 साल की सरकार में हर वर्ग खुश था। आज भी पूर्व मुख्यमंत्री को चाउर वाले बाबा के नाम से जाना जाता है। किसान नेता ने कहा कि कहा 30 साल से राजनीति में हूं और पिछले 8 साल से किसान नेता के रूप में संघर्ष कर रहा हूं। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो पूरे देश की सेवा कर रही है, उस पार्टी में शामिल होकर लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा।

# कलेक्टर ने ली निर्वाचन अधिकारियों की बैठक, अधिकारियों को लगाई फटकार



**खैरागढ़,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव निर्वाचन की तैयारी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने अपने सभा कक्ष में सभी निर्वाचन व नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गोपाल वर्मा ने कहा कि अभी तक वर्तमान में की गई कार्रवाई की गहन समीक्षा की जाए और आवश्यक सुधार के लिए अपने कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया गया कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को सभी निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य सजगता पूर्वक करें। उन्होंने आगे कहा कि सभी अधिकारियों को सौंपे गए जिम्मेदारियों को समय पर पूरा कर ले रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सर्व नोडल अधिकारी को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया आचार संहिता लागू होते ही ईवीएम प्रदर्शन को तत्काल रोकने के निर्देश दिया गया रिटर्निंग अधिकारी कक्ष के लिए फाईवर लाईन इंटरनेट कनेक्शन एवं साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष के लिए फाईवर लाईन इंटरनेट कनेक्शन तत्काल व्यवस्था करने का निर्देश दिया आईटी टीम का गठन एवं बैठक व्यवस्था के आवश्यक निर्देश दिया गया

आचार संहिता लागू होते ही सम्पत्ति विरूपण दल की तैयारी एवं अन्य व्यवस्था तथा प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में जानकारी समय पर उच्च कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा बैठक में व्यय मानिटरिंग दल ( उड़नदस्ता टीम / स्थैतिक दल / वीडियो अवलोकन टीम) को तत्काल निर्धारित स्थानों पर सक्रिय कराना आब्जर्वर के लिए आवश्यक व्यवस्था स्ट्रांग रूम आवश्यक व्यवस्था की जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर के लिए आवश्यक कक्ष की व्यवस्था सेक्टर अधिकारी, उड़नदस्ता टीम, स्थैतिक दल अनुपस्थित का संशोधित आदेश ,प्रशिक्षण विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण साथ ही मतदान दल का गठन एमसीएमसी का गठन एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चत कराना आईटी सेल के लिए कम्प्यूटर, स्केनर, प्रिंटर की व्यवस्था रिटर्निंग अधिकारी कक्ष के लिए कम्प्यूटर, स्केनर, प्रिंटर की व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया

उक्त बैठक में अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएस राजपूत, रिटर्निंग आफिसर प्रकाश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी नेहा कपूर, आभा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू, एसडीओपी लालचंद मोहले, सहायक रिटर्निंग आफिसर व तहसीलदार प्रीति लारोकर, नेहा ध्रुव, मोक्षदा देवांगन सहित अन्य नोडल अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे

# विभिन्न विकास कार्य का विधायक ने किया भूमि पूजन



**गुरुर,** 8 अक्टूबर (देशबंधु)। गुरुर नगर के शिव चौक में विधायक संगीता सिन्हा ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 5 में विवेकानंद गार्डन का उन्नयन, वार्ड क्रमांक 1 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य, वार्ड क्रमांक 5 में कर्मचारी आवास निर्माण कार्य, नगर पंचायत गुरुर क्षेत्र के अंतर्गत कर्मचारी आवास निर्माण कार्य, नगर के धनेली चौक से पेट्रोल पंप तक डिवाइडर निर्माण कार्य, धनेली चौक से पेट्रोल पंप तक स्ट्रीट लाइट एवं रोप लाइट कार्य, वार्ड क्रमांक 6 में सांस्कृतिक कलामंच निर्माण, मनराखन घर से देउर मंदिर तक सीसी रोड, बाजार परिसर से ललित मेडिकल तक आईसीसी नाली निर्माण, अंबेडकर चौक से कोलिहामार रोड तक डिवाइडर निर्माण, वार्ड क्रमांक 15 में फूलसिंह घर से पुराणिक साहू घर तक नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 11 के टिकरापारा कला मंच के पास सीसी मरम्मत कार्य, जोगिया तालाब का उन्नयन एवं सौंदर्यकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 5 अंबेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण, तहसील निषाद समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण, नगर पंचायत गुरुर के खेल मैदान का उन्नयन कार्य, ऑडिटोरियम निर्माण कार्य, इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 की सामुदायिक भवन एवं जिम भवन का उन्नयन कार्य, अंबेडकर चौक गुरुर से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्य करण कार्य, जोगिया तालाब का उन्नयन एवं सौंदर्यकरण कार्य शामिल है। भूमि पूजन के दौरान नगर पंचायत सीएमओ वार्ड के पार्षद गण एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शासन की फ़्लैशिप योजनाओं में जिले के दो निकाय हुए पुरस्कृत

■ मंत्री डहरिया ने नगर पंचायत बेरला को मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और नगर पंचायत मारो को धनवंतरी जेनेरिक दवाई विक्रय के हेतु किया सम्मानित



**बेमेतरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फ़्लैशिप योजनाओं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एवं धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स स्कीम में बेमेतरा जिले के दो नगरीय निकाय नगर पंचायत बेरला और नगर पंचायत मारो को उत्कृष्ट कार्य हेतु बीते शनिवार को राजधानी रायपुर में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री डॉक्टर शिव डहरिया ने सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष सचिव नगरीय प्रशासन डॉक्टर अय्याज तांबोली सहित नगरीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर पी.सॉ.एल्मा ने दोनों नगर पालिका अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी। आगे भी ऐसे ही कार्य करते रहने की अपेक्षा की।

शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना का संचालन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से यह योजनाएं संचलित है। इन योजनाओं ने अस्पतालों और शासकीय कार्यालयों में लाइन में खड़े होने और अनावश्यक खर्चों से लोगों को राहत पहुंचाई है। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों की झुग्गी बस्तियों में निवासरत गरीब लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं पहुंचाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से नि:शुल्क परामर्श, इलाज, दवाइयो एवं पैथोलॉजी लैब की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें नगर पंचायत बेरला को अच्छे काम के लिए पुरस्कृत किया गया ।वही धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में जेनेरिक दवाएं, 28 सर्जिकल आइटम आदि कम दाम पर उपलब्ध है। यह योजना आमजनों को ब्रांडेड जेनेरिक दवाईयां और सर्जिकल आइटम्स की सस्ती दरों पर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है

नगर पंचायत बेरला को मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वन हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष चंद्र दुबे एवं धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में सर्वाधिक विक्रय हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामवन नेताम को पुरस्कार प्रदान किया गया है।

दोनो मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर पी एस एल्मा द्वारा मुख्यमंत्री जी की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी ली जाती है । जिसमें बेहतर कार्य संचालन हेतु प्राप्त सुझाओ पर कार्य करने हेतू प्रेरणाओं को हमने धरातल पर लाने का प्रयास किया है। नगर पंचायत बेरला में प्रत्येक शिविर में 100 से अधिक हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है वही नगर पंचायत मारो के धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में जेनेरिक दवाइयां 50 लाख से अधिक राशि का विक्रय किया गया है।

# रामधुनी झांकी प्रतियोगिता में सांसद ने भेंट की रामायण



**गुरुर,** 8 अक्टूबर (देशबंधु)। ग्राम सांगली में तीन दिवसीय रामधुनी झांकी प्रतियोगिता आयोजित है, यह कार्यक्रम समस्त ग्राम वासियों की सहयोग से आयोजित है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मोहन मांडवी पहुंचे थे जिन्होंने टीन सेड का लोकार्पण किया साथ ही उन्होंने रामसत्ता संचालकों को रामायण भेंट किया।

सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि वर्तमान में सभी ग्रामीण अपने बच्चों को भगवान श्री राम के आदर्शों के बारे में बताकर घर, परिवार, गांव, समाज को संस्कारवान बना रहे हैं, यह एक सराहनीय पहल है। गांव में इस तरह धार्मिक आयोजन होने से गांव का माहौल भी शांत एवं धार्मिक बनता है।

जानकारी के मुताबिक सांसद मोहन मांडवी विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचकर अब तक 4500 रामायण बाट चुके हैं। ग्राम सांगली में पिछले 26 वर्षो से पितृ पक्ष में तीन दिनों का राम सत्ता झांकी प्रतियोगिता होता है।

समारोह में अजेंद्र साहू महामंत्री युवा मोर्चा गुरुर, संदीप सिन्हा जिला संयोजक भाजपा सोसल मीडिया, युवा मोर्चा के प्रमोद सिन्हा, रवि साहू, ग्राम सरपंच नम्रता उज्ज्वल साहू, रामसत्ता संरक्षण किशन लाल साहू, डोमार साहू देवलाल पटेल, जीवराखन साहू सहित ग्रामीण जन भी उपस्थित थे।

# भावना बोहरा द्वारा संचालित निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब से अब तक 10,000 से अधिक लोगों को मिली स्वास्थ्य जांच की सुविधा

**कवर्धा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वस्थ समाज और बेहतर स्वास्थ्य जांच की सुविधा के लक्ष्य के साथ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं कबीरधाम जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा द्वारा संचालित निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब से आज क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य जांच की नि:शुल्क सुविधा का लाभ मिल रहा है। 10 फरवरी 2023 को राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम रणवीरपुर में ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय गोवर्धनमठ जगन्नाथपुरी के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों से भावना बोहरा द्वारा संचालित इस मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का शुभारम्भ कर जनता की सेवा में समर्पित किया गया था। केवल आठ माह में इस मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से अब तक कबीरधाम जिले के पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत लगभग 100 से अधिक गांव में 10,000 से अधिक क्षेत्रवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध की जा चुकी है।



हमर गाँव,स्वस्थ गाँवज्ज के लक्ष्य के साथ भावना बोहरा द्वारा सराहनीय प्रयास करते हुए आमजनों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का नि:शुल्क संचालन किया जा रहा है। जिन स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहले क्षेत्रवासियों को जिला चिकित्सालय अथवा निजी अस्पतालों व लैब में जाना पड़ता था, अब वही सुविधा स्वयं उनके गांव तक पहुंच रही है।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि क्षेत्र स्वस्थ समाज का उद्देश्य एवं जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता ही हमारा प्रथम लक्ष्य है। अपने इसी उद्देश्य और लक्ष्य के प्रति एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमने एक प्रयास किया और आमजनों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इस मोबाइल हेल्थ पैथ लैब की शुरुआत की। आज हमारे उस प्रयास का परिणाम देखकर मन को बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। पंडरिया क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल रहा तथा उन्हें बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध हो रही है यही तो हमारा उद्देश्य है। आज उनके गांव में उन्हें यह सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्रवासियों को लम्बी दूरी तय करने की समस्या से भी निजात मिल रही है और उनके समय एवं पैसो दोनों की बचत हो रही है जिससे उन्हें मानसिक व आर्थिक संबल मिल रहा है।

# मंदिर ट्रस्ट की जमीन के अंतरण के मामले की जांच के आदेश, तीन सदस्यी जांच टीम का गठन

**बेमेतरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। राम मंदिर ट्रस्ट की जमीन के अंतरण के मामले में बेमेतरा कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने तीन सदस्यी जांच टीम का गठन किया है। मामले में कलेक्टर ने जांच कर प्रतिवेदन मांगा है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे की अध्यक्षता में जांच होगी। जांच दल में बेमेतरा तहसीलदार परमानंद बंजारे व भू-अभिलेख अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को शामिल किया गया है। कलेक्टर ने प्रकरण की जांच कर जांच अधिकारियों को स्पष्ट अभिमत देने का निर्देश दिया है। जांच के आदेश बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की मांग पर हुआ है। उन्होंने बेमेतरा कलेक्टर को पत्र लिखकर मामले की जांच कर कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।



**विधायक के पत्र के आधार पर कलेक्टर ने जांच टीम का किया गठन**- शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने बताया कि राम मंदिर भूमि हस्तांतरण विवाद की जांच को लेकर विधायक ने 3 अक्टूबर को कलेक्टर बेमेतरा को पत्र लिखकर प्रकरण की जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया। जो प्रमाणित करता है कि इस भूमि हस्तांतरण में उनका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नहीं है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर बेमेतरा की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन कर दिया, जो दस्तावेजों का परीक्षण कर रहे हैं।

**विधायक के विकास कार्यो को भाजपाई पचा नहीं पा रहे** -पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश राघव ने कहा कि भाजपा अपनी मूल विचारधारा से परे होकर बिखराव के कगार पर है। आम लोगों को दिगभ्रमित कर शहर में आमरण अनशन, पुतला दहन और नगर बंद जैसे कृत्य किया जा रहा हैं। भगवान राम के नाम का सहारा लेकर राजनीति पर उतारू है ।5 वर्षों में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार और विधायक आशीष छाबड़ा के विकास कार्यो को भाजपाई पचा नहीं पा रहे हैं।

**व्यापारियों व आमजनों को परेशान करने किया बंद का आहवान**- सुमन गोस्वामी के अनुसार भाजपा पार्षद ने राम मंदिर ट्रस्ट का रुपए गबन किया है। इसी प्रकार भाजपा का पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गरीबों से राशि लेकर मकान दिलाने के नाम से भ्रष्टाचार मे लिप्त रहा है। बेमेतरा विधायक ने अपना नाम इस प्रकरण में घसीटने वाले लोगों के विरुद्ध मानहानि का दावा भी किया है। सोमवार को भाजपा व हिंदू संगठनों ने बेमेतरा बंद का आहवान किया है। कांग्रेस ने बंद के आहवान को शहर के व्यापारियों व आम लोगों को परेशान करना बताया।

# छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब और किसानो की है हितैषी: छाबड़ा

■ सिंगारडीह में 38.64 लाख एवं गाड़ामोड में 55.80 लाख के विकास कार्यों की सौगात सहित नवीन कार्य हेतु 11 लाख की घोषणा

**बेमेतरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गाड़ामोड़ एवं सिंगारडीह में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र में माल्यार्पण कर सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख,शीतला मंदिर के पास भवन निर्माण 02 लाख रुपए,बस्ती पहुंच सीसी रोड 19.60 लाख,स्कूल/बस्ती पहुंच सीसी रोड 19.90 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण 6.30 लाख,ज्योति कक्ष निर्माण 02 लाख, पूर्व माध्यमिक शाला में आहता निर्माण 05 लाख,का लोकार्पण सहित मंडी बोर्ड से सी.सी.रोड निर्माण 10.02 लाख, पीडब्ल्यूडी से बस्ती पहुंच मार्ग 19.94 लाख,कुर्मी समाज भवन 03 लाख रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए..

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में लोक कल्याणकारी सरकार पूरी संकल्पबद्धता से कार्य कर रही है,राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश के लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है, गाँव से लेकर शहरो से तक विकास के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई बानकार गांव, गरीब और किसानों को लाभ पहुंचा रही है,इन पौने 5 सालों में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव से लेकर शहरो की तस्वीर बदली है यह काम सिर्फ और सिर्फ आप सभी कांग्रेस पार्टी जबाज साथियों/ग्रामीणों के सहयोग के बदौलत ही संभव हुआ है. गांव ङ्कगांव का विकास होने के साथ एक एक ग्रामीण तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने से सभी खुशहाल है,आप अभी जाबाज कार्यकर्ताओ के कड़ी मेहनत, कड़ी परिश्रम के दम पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार 2018 के विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को 68 सीटे देकर सरकार बनाने का मौका दिया,सबसे पहले सरकार के किसानों से वादा किया था की किसानों का कर्जा माफ करेंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रालय में जाकर सबसे पहले 19 लाख किसानों का लगभग 10 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया। दूसरा वादा था की किसानों का धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपये में खरीदेंगे,प्रदेश कांग्रेस की सरकार ने 2500 रूपयें में धान खरीदा,साथ ही 20 क्विंटल धान खरीदनें का ऐतिहासिक निर्णय लिया। हमारी सरकार आने के बाद किसानों को बहुत लाभ हुआ है,पहले 16 लाख किसान साथी धान बेचते थे,अब 24 लाख किसान धान बेचते है, किसानों की चिंता अगर कोई करता है तो वह किसान के बेटा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करते है,,कृषि क्षेत्र , व्यापार क्षेत्र, बहुत बढ़ा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रोजगार के अवसर भी प्रदान किये है। सभी विभागों में बहुत सारी नौकरिया निकाली गयी है। मजदूर, जनता, महिलाये, युवा सभी वर्ग बहुत खुश है, प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति क्विंटल 2660 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है,प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है,सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है,आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है,प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है,प्रदेश में गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कराकर जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर छत्तीसगढ़ को जैविक खेती की ओर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है,गौ संरक्षण की दिशा में भी बहुत बड़ा कदम उठाया है। प्रत्येक गावों में गोठान निर्माण के साथ गौधन,गौ उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के द्वार खोले हैं। छत्तीसगढ़ एक मात्र राज्य है जो 0 2 रुपए किलों की दर से गोबर खरीदी कर रही है,इससे गौ पालन करने वाले हमारे भाईयो को लाभ पहुँच रहा है,राज्य सरकार की सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना जैसीयोजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा, प्रदेश में रीपा योजना की शुरुआत हुई, जिससे महिलाओं को अच्छा खासा फायदा मिल रहा है। गांव में ही रूरल इंडस्ट्रियल पार्क खोले जाने से अब महिलाओं को घर के पास ही रोजगार मिल रहा है। साथ ही उनकी आमदनी भी दोगुनी हो रही है,महिलाएं अब अत्याधुनिक मशीन चला रही हैं ।महिलाएं चूल्हे चौके से बाहर निकली हैं और अब अत्याधुनिक मशीन चला रही हैं। महिलाओं को मशीन चलाने के बकायदा ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद आज महिलाएं पेंट, ईंट, दोना-पत्तल समेत 100 से ज्यादा प्रकार के सामान का उत्पादन कर रहीं हैं ।कांग्रेस सरकार ने संस्कृति को धरोहर को सुदृढ़ किया। सच्चाई कांग्रेस पार्टी के साथ है दोबार हम छत्तीसगढ़ में फिर से सरकार बनायेंगे इस बार हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो नारा दिया है, अब की बार 75 पार को साकार करना है,साथ ही ग्रामवासियों के मांग अनुरूप ग्राम सिंगारडीह में। मंच निर्माण 03 लाख,ग्राम गाड़ामोड़ में सामुदायिक भवन निर्माण (महिला समूह) 05 लाख,मंच निर्माण 03 लाख रुपए के नवीन कार्य की घोषणा इस अवसर पर हीरादेवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, कवल साहू सभापति जनपद पंचायत बेरला, आशीष परगनिया अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,विनोद परगनिया अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, रामस्वरूप परगनिया अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,शिवा चंद्रवंशी अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, चंद्रशेखर परगनिया, कन्हैया नायक, बली परगनिया,कुशाल नायक, बली साहू, खेमलाल वर्मा,खोरबहरा यादव,शंकर साहू, गुरमीत सिंह पामां, लोकंनाथ यादव,नोहर देवांगन,बाला पाटिल, उमेंदी यादव, दिलहरन वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा,अनिल वर्मा, अर्जुन वर्मा,शकुन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित ।



# प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान व परिचय सम्मेलन कर कांग्रेस ने लिया 75 पार का संकल्प

**राजनांदगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के प्रवक्ता खिलेस्वर पाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मार्गदर्शन कर उत्साह बढ़ाया। वहीं आयोजन की सर्वत्र हो रही प्रशंसा। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी जल्द घोषित होने से जिले के कांग्रेसजनो में उत्साह का संचार हुआ है। साथ ही प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान एवं जिला पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन से पार्टी की मजबूत संगठनात्मक सामंजस का संदेश भी नजर आया है।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात प्रथम सम्मेलन में प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान एवं जिला पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन आयोजित कर पार्टी संगठन एवं पदाधिकारियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रमाण दिया है और जिले के सभी विधानसभा सहित पार्टी के 75 पार के संकल्प को दोहराया है।

सम्मेलन के स्वागत उद्बोधन में जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पार्टी का सेवा करने का मौका मिला है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिले के वरिष्ठ कर्मठ कांग्रेसजनों को प्रदेश पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी है, उनका सम्मान करने का एवं जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी के परिचय सम्मेलन के माध्यम से वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन प्राप्त हो अत: यह आयोजन किया गया है।



पूर्व मंत्री अंतव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए राज्य सरकार की योजनाओं से जनता को लाभ पहुंचा कर उन्हें कांग्रेस विचारधारा से जोड़ने का काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है, वह अपने योजनाओं के कारण भरोसे की सरकार के रूप में स्थापित है और उस भरोसे को बरकरार रखते हुए हमें आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 75 पार के संकल्प के पूरा करने का दायित्व मिला है, जिस पर हम सबको खरा उतरना है। 5 वर्षीय कार्यकाल में भूपेश बघेल के नेतृत्व में जो कार्य हुए हैं, वह अपने आप में रोल मॉडल है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री लोकसभा राजनांदगांव प्रभारी शाहिद भाई ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल के नेतृत्व में जो कार्य कर रही है, उसका परिणाम यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने भी छत्तीसगढ़ सरकार को 65 पुरस्कारों से नवाजा है, जो कांग्रेस सरकार की बेहतर योजनाओं का ही प्रमाण है सत्ता और संगठन के जबरदस्त सामंजस्य से हम सबको अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर के छग की जनता की सेवा करनी है। सभा को संबोधित करते हुए खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी ने आप लोगों को जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करना है और भाजपा के दुष्प्रचार का मजबूत जवाब हम सबको देना है।

सम्मेलन में राजनांदगांव महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने महिला सशक्तिकरण की बात को मजबूती से रखते हुए भाजपा के महिला आरक्षण विधेयक पर राजनीतिकरण की तथ्यों के साथ पूरी पोल खोली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री पदम सिंह कोठारी, भारत यात्री क्रांति बंजारे, पूर्व विधायक भोलाराम साहू ने भी संबोधित कर प्रदेश पदाधिकारी को सम्मान के लिए बधाई ज्ञापित किया। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के प्रवक्ता खिलेश्वर पाल ने कहा संगठन की मजबूती और छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं को धरातल में लाने के लिए कांग्रेस के योद्धाओं को रणभूमि में उतारा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी व सब राजनांदगांव जिले की चारों विधानसभा जितवाने के लिए संकल्पित एवं तैयार है। श्री पाल ने जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस के महामंत्री महेंद्र यादव ने किया। आयोजन में विशेष रूप से सम्मान प्राप्त पदाधिकारीयों के साथ प्रदेश महामंत्री डा थानेशवर पाटिला, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, मंडी अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख, प्रदीप शर्मा, मोती साहू, अंगेश्वर देशमुख, हिमानी वासनिक, हर्षिता स्वामी, चुम्मन साहू, दुर्गेश द्विवेदी, वीरेंद्र बोरकर, इकरामुद्दीन सोलंकी, नरेश शुक्ला, रवि साहू, उर्मिला साहू, पुष्पा वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य कमलजीत सिंह पिंटू, रमादेवी वर्मा, अरुणा देवांगन, एकता चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम देवांगन, अब्दुल खान, प्रवक्ता खिलेश्वर पाल, विष्णु सोनी, शिशुपाल भारती, योगेंद्र वैष्णव, कमलेश वर्मा, रवि साहू, राम साहू, देवेंद्र दुबे, महेंद्र वैष्णव, गौतम वर्मा, बबलू कसार, अगनू साहू, नरेंद्र देवांगन, जितेंद्र देवांगन, महेंद्र साहू, महेश्वर साहू, दिलीप चंद्राकर, ठाकुर राम साहू, प्रतिमा साहू, शैलेंद्री सिन्हा, गणेश पाटीदार, मदन साहू, प्रभात साहू, राजू सिंह राजपूत, भारत भूषण मेश्राम, शरद चंद्राकर, अगनू राम साहू, रवि निषाद, पुरन नेताम, लक्ष्मण वर्मा, प्रियंक जैन, राकेश साहू, प्रदीप शर्मा, गिरधर निषाद, महेश कुमार दिवाकर, उदासीराम ढीमर, टींकू राम साहू, प्रकाश सिंह ठाकुर, तेजस्वी वर्मा, ऋषि शर्मा, चंद्रशेखर साहू, शंकर लाल देशलहरा सहित कांग्रेस मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थे।

# सीबीआई जांच की नौटंकी छोड़ शौचालय राशि गबन की जांच कराएं रमन सिंह : रूपेश दुबे

**राजनांदगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने डॉ रमन सिंह जी के द्वारा पीएससी मामले की सीबीआई जांच के पत्र को नौटंकी करार देते हुए कहा कि सीबीआई जांच के लिखे पत्र में सीबीआई से निष्पक्ष जांच की मांग पूरी तरह से हास्यास्पद है इस शब्द से यह प्रमाणित हो रहा कि डा साहब को भरोसा नही है की सीबीआई भी निष्पक्ष जांच करेगी ?



■ पूर्व मुख्यमंत्री के पत्र में सीबीआई से निष्पक्ष जांच की मांग भी हास्यास्पद

प्रवक्ता दुबे ने कहा कि डॉ रमन सिंह जी मात्र राजनैतिक उपस्थिति दर्ज कराने के साथ साथ पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर के प्रति पूर्वाग्रह ही दर्शित कर रहे है क्योंकि ननकी राम जी ने स्वयं मंत्री रहते डा रमन सिंह के कार्यकाल को प्रशासनिक आतंकवाद निरूपित किया था। आरक्षण के मामले में ननकी राम कंवर कमेटी की रिपोर्ट को तात्कालिक डा रमन के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष सुनवाई प्रकरण में प्रस्तुत नही कराया और आरक्षण मामले में सरकार का निर्णय निरस्त हुआ जिसका दुष्परिणाम सबके सामने है अब जब पीएससी का मामला उच्च न्यायालय में लंबित है तो ऐसी स्थिति में भी डा रमन सिंह इस मामले पर सीबीआई जांच की मांग करते दिख रहे हैं यदि डॉ रमन सिंह में थोड़ी भी नैतिकता है तो अपने कुशासित 15 वर्षीय कार्यकाल में जिले के हितग्राहियों को शौचालय के 12 हजार से वंचित कराकर अपने प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट की धज्जी उड़ाई थी। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव जी को 15 मार्च 2023 से इस मामले की केंद्रीय एजेंसी से जांच करने के लिए दस्तावेज सहित पत्र सौंपा गया है उसके बाद भी वे जांच कराने से बच रहे हैं। राजनांदगांव जिले के शौचालय के हितग्राहियों को ?12 हजार की राशि उनके खाते के माध्यम से हस्तांतरित ना कर सत्ता का दुरुपयोग करते हुए पंचायतो को बीच में लाकर दबाव में शौचालय निर्माण करा कर सरपंचों को धारा 40 और गबन के आरोपी बनाने की साजिश भी किए थे योजना के क्रियान्वयन की नीति के विपरीत डॉ रमन सिंह के कुशासित कार्यकाल में स्वच्छ भारत मिशन योजना ग्रामीण की जो धज्जी उड़ाई गई है वह अपने आप में शर्मनाक है और इसीलिए इस मामले की जांच किया जाना आवश्यक है ऐसी स्थिति में डॉक्टर रमन सिंह पीएससी मामले की बात ना कर शौचालय की राशि के संबंध में जांच करने की कार्यवाही करे जिससे जनता के प्रति जवाबदेही नजर आ सके।

# साढ़े तीन करोड़ के नहर लाईनिंग कार्य से हजारों किसानों को मिलेगा लाभ, विधायक छन्नी साहू ने किया शिलान्यास

**राजनांदगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के प्रयास रंग लाए हैं। विधायक छन्नी चंदू साहू ने रविवार को दो महत्वपूर्ण जलाशयों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया है। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के गोंदानाला जलाशय और गुंडरदेही जलाशय के नहर लाईनिंग कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इनके नहर लाईनिंग कार्य से क्षेत्र की हजारों एकड़ कृषि भूमि सिंचित होगी जिससे फसलों का उत्पादन मजबूत होगा। हजारों किसानों को इस सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा जिसे लेकर क्षेत्र में हर्ष है। इस दौरान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी भी मौजूद थे।



विधायक छन्नी साहू ने आज क्रमश- गोंदानाला जलाशय और गुंडरदेही जलाशय के नहर लाईनिंग कार्य का शुभारंभ किया है। गोंदानाला के लिए शासन से एक करोड़ 76 लाख 54 हजार और गुंडरदेही जलाशय के लिए एक करोड़ 71 लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। ग्रामीण किसानों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कार्य की शुरुआत की। इससे पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक का स्वागत किया और इस बहुप्रतिक्षित विकास कार्य को मूर्तरुप देने के लिए उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साढ़े तीन करोड़ के इन नहर लाईनिंग कार्यों का भूमिपूजन करने के बाद विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि बरसों से इस इलाके में सिंचित क्षेत्र का रकबा बढ़ाने और इसके समुचित विकास की आवश्यकता थी। क्षेत्र के किसानों ने इस विषय को हमारे संज्ञान में लाया था। किसानों के उत्थान के लिए समर्पित कांग्रेस सरकार तक हमने इस मांग को पहुंचाया। उच्चस्तरीय प्रयास किए गए। ध्येये था कि यह कार्य करने ही हैं। मैं खुद किसान परिवार से आती हूं इसलिए जानती हूं कि, इन विकास कार्यों के क्या मायने हैं। क्षेत्र के किसानों और हमारे मिलेजुले प्रयासों को आज सफलता मिली है और मेरा सौभाग्य है कि मैं इन कार्यों का शिलान्यास कर रहीं हूं। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द यह कार्य पूरे किए जाएंगे ताकि अगली फसल से पहले किसानों को कृषि के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इस दौरान मौजूद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कांग्रेस सरकार और विधायक छन्नी साहू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ङ्क हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए ये बड़ी सौगात है। इसका श्रेय विधायक को भी मिलना चाहिए। उन्होंने अपने अथक प्रयासों से इन करोड़ों के कार्यों की स्वीकृति दिलाई है।

यह बहुप्रतिक्षित मांग थी जो अब पूरी हो चुकी है। इसके सार्थक परिणाम से हजारों किसान लाभान्वित होंगे। इस दौरान तहसीलदार दिनेश कुमार, जल संसाधन विभाग के ईई आफताब आलम, एसडीओ जीएस लदरे, एसडीओ अजीश मंसूरी, एडीएम जीएस धवड़े, रमेश त्रिपाठी, अवधेश त्रिपाठी, मिर्जानबी बेगम, मो. सरीफ कुरैशी, देव सिंह कंवर, चतुर सिंह, अरूण यादव, सुरेश देशमुख, बिशे साहू, रामकिशोर देवांगन, पार्षद मुकेश सिन्हा, बसंत मंडावी, इंदिरा बाई उइके, शोभा राम धागेश, खेमचंद शांडिल्य, बालमुकुंद भुआर्य, रामदास, वहल निषाद, रोहन सहित अन्य मौजूद थे।

**विधायक की प्रशंसा, कहा आगे भी विकास में सहभागी बनेंगे**

छुरिया विकासखंड के ग्राम भोलापुर में भी शनिवार को निर्माण के क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाते हुए विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने हाइस्कूल से मुख्यमार्ग तक 10 लाख के सुगम सड़क, 13 लाख रुपये की लागत से किसान कुटीर और देवांगन समुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने 13 लाख रुपये के सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर ग्राम पटेल मोहित सिन्हा ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक छन्नी साहू ने हमारे गांव सहित क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता में लिया और हमारे गांव में समस्त मदों से 3 करोड़ से ज्यादा के कार्य बीते चार वर्षों में कराए हैं जो कि अभूतपूर्व है। आगे समय में हम उनको सहयोग करते हुए विकास में और सहभागी बनेंगे। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन, प्रवक्ता राहुल तिवारी, सरपंच रुखमा पांडे, देवधर सिन्हा, हेमलता बंजारे, भगत राम धृतलहरे, पूना राम सिन्हा, हेमलाल साहू, शिशुपाल साहू, छन्नू लाल साहू, टीकम देवांगन सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# झुग्गी झोपड़ी के लोगो को नहीं मिला स्थाई पट्टा : शिव वर्मा

**राजनांदगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगते हुए कहा कि झुग्गी झोपड़ी के लोगो को गुमराह करने का काम किया है। और क ?हा की कांग्रेस सिर्फ झूठ बोल कर वोट की राजनीति करती है। सरकर में आने के पहले अपनी लोक लुभावना जान घोषणा पत्र में। सबको स्थाई पट्टा देने के बात। कही थी और यह भी कहा कि सरकार बनाने के 10 दिनो के भीतर सबको स्थाई पट्टा दिया जाएगा तथा पूर्व पट्टा का नवीनीकरण किया जायेगा पर हुआ कूछ नहीं झुग्गी झोपड़ी के लोगो 5 साल तक पटा की मांग करते रहे धरना प्रदर्शन आन्दोलन भी किया गया पर सरकार के कानों में जूं तक नहीं चला। गुगी व बहरी सरकार का दिन अब रवत्म होने को है। नरवा, गरुवा, घूरवा, बारी के सरकार के दिन अब रवत्म होने को है। छत्तीसगढ़ राज्य के जनता अब ऊब चुके हैं। इनके कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य भारत के नक्शे में धूल खा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार झुग्गी झोपड़ी के लोगो से फिर से वोट लेने के लिए सबको फिर स्थाई पट्टे देने के बात कर रहे हैं तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता फिर झुग्गी बस्ती में निवास करने वाले लोगों को गुमराह करने में लगे हुए हैं। तथा अब अधिकारी एवं पटवारी को झुग्गी बस्ती में बुलाकर नाटक नौटंकी कर उनके सामने हीरो बनाने में लगे हुए हैं।



श्री वर्मा ने आगे कहा कि सरकार के 5साल में कांग्रेस के कार्यकर्ता को कभी भी याद नहीं आया कि हमारे सरकार चुनाव के पहले झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले परिवार को 30 साल का स्थाई पट्टा तथा पूर्व पट्टा का नवीनीकरण किया जाना। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में झुग्गी झोपड़ी के लोग निवासरत है। जैसे बजरंग नगर, संतोषी नगर, बैगा परा, राहुल नगर, संजय नगर, लखोली, इंदिरा नगर, कन्हारपुरी, नवागांव, हल्दी, आशा नगर, ढाबा, गौरी नगर, रटेशनपारा, नया पुराना ढांब, रेवाड़ीह, पेंडी, मोहरा नवागांव, ठाकुर दैय्या, जोगी नगर, बसंतपुर, सिन्दाई, मोहड़, सागर नगर, शिव नगर, राजीव नगर शंकर नगर, कैलाश नगर, रामनगर, जैसे क्षेत्रों में लोग अपनी परिवार के लिए झुग्गी झोपड़ी बनाकर लम्बे समय से निवास करते हैं। परंतु कांग्रेस के सरकार अपनी घोषणा पत्र में कहे गए वादे से मुकर गए हैं में झुग्गीवासी को अभी तक सरकार के 5 साल बीत जाने के बाद भी स्थाई पट्टा नसीब नहीं हुआ है। सरकार गंगाजल को लेकर जो कुछ कहा था उसे पूरा कर पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। तथा यह सरकार गरीबों का नहीं है। यह सरकार अपने कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए है।

# ध्वजारोहण से अग्रसेन जयंती महोत्सव शुरु



**राजनांदगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती महोत्सव रविवार दिनांक 08 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्थानीय अगसेन भवन में मना रहा है। इसी कडी में रविवार दिनांक 08 अक्टूबर के सुबह 10.00 बजे अग्रसेन भवन के प्रचीर पर अग्रध्वजा फहरा कर शुभारंभ किया गया। अग्र ध्वजारोहण के मुख्य अतिथि राजनांदगांव निवासी समाजसेवी श्री संतोष सिंघल द्वारा किया गया। ध्वजारोहण पश्चात भगवान अग्रसेन जी के सामने दीप प्रज्जवलन कर पूजा अर्चना व आरती की गई, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में पुरुष, महिलायें, युवक एवम् युवतियां शामिल हुये।

अग्रवाल सभा के सचिव लोकेश अग्रवाल ने एक जानकारी में बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव में दिनांक 12 अक्टूबर दिन गुरूवार को अखिल भारतीय अग्रवाल युवा सम्मेलन के द्वारा ब्लड द्वारा फुल बॉडी चेकअप का कार्यक्रम सुबह 07 बजे 10 बजे तक अग्रसेन भवन में रखा गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के टेस्ट मात्र 400 रू में किये जावेगें। उक्त चेकअप केवल समाजिक बंधुओं के लिये है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रथम दिन अग्र ध्वजारोहण के मुख्य अतिथि श्री संतोष सिंघल ने अपने उदबोधन में कहा किसमाज को एकजुट होकर कार्य करना चाहिये, समाज की एकता हर जगह दिखनी चाहिये। अध्यक्षीय उदबोधन देते हुये सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि समाज अपने प्रणेता की जयंती धुमधाम से मना रहा है, साथ ही आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि आगामी जनवरी 2024 में छत्तीसगढ प्रांतीय अग्रवाल सम्मेलन का 16वां प्रांतीय अधिवेशन एवं 08वां अग्रअलंकरण समारोह राजनांदगांव में आयोजित है। इसमें भी समाज के बंधु बडी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायेगें।

**आज की प्रतियोगितायें**

अग्रवाल महिला मंडल की सचिव श्रीमती राखी मनीश अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रम के अतर्गत 09 अक्टूबर को विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित है जो इस प्रकार है - (1) बिंद बनूगीं घोडी चढूगीं (2) स्वीटकॉर्न का मीठा व्यजन बनाओ (3) फैसीं ड्रेस प्रतियोगिता, अ. बच्चों के लिये धार्मिक जोडी बनो, ब. बहू बेटियों के लिये आजकल की मशहूर हिरोईनों के किरदार, स. बडों के लिये 50 वर्ष के ऊपर श्री कृष्ण बनो सुंदर से सुंदर, अग्रसेन भवन में आयोजित है। अग्रवाल नवयुवक मंडल कोशाध्यक्ष दिव्यांश अग्रवाल एवं हर्ष लोहिया ने बताया की आज आयोजित होने वाली प्रतियोगितायें उदयाचल प्रागंण में रखी गई है। 1. 100 मीटर दौड. 2. 200 मीटर दौड. 3. नीबुं दौड 4. स्लो स्कुटी महिला. 5. स्लो साईकल।

अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष विमल अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष संजय लोहिया ने समाज के स्वजाति बंधुओ से अपील की है कि सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागीता देकर कार्यक्रम को सफल बनायेगें। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# मतदाता सूची में अनुभाग स्तर पर कमेटी गठन करे : मेहुल मारू



**राजनांदगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन से आज डोंगरगांव विधानसभा के अर्जुन जोन की बैठक पीसीसी सचिव और विधानसभा प्रभारी मेहुल मारू की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में जोन के अंतर्गत आने वाले रामपुर और अर्जूनी सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी और प्रमुख कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

पीसीसी सचिव मेहुल मारू ने कहा किसमाज के हर वर्ग का भरोसा जीता है कांग्रेस ने वही भाजपा हर वर्ग को सिर्फ़ ठगने का काम करती रही थी, दूसरी ओर जब रमन सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था. भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था, इसीलिए रमन सिंह को कहना पड़ा था, च्एक साल कमीशनखोरी छोड़ दो सत्ता से कोई नहीं हटा सकता।

मतदाता सूची में अनुभाग स्तर पर समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर डोंगरगांव विधानसभा तीसरी बार विजय का परचम लहराना है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस की सयुक्त सचिव श्रीमती विभा साहू, डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू, समाज सेवी वरिष्ठ नेता हुकुमचंद जैन, जोन प्रभारी वारेंद्र साहू, रामपुर सेक्टर प्रभारी संतोष ठाकुर, अर्जुनी सेक्टर प्रभारी देवेंद्र साहू, जनपद सदस्य मोहसिन साहू, सरपंच रतन बोरकर, अमरलाल साहू सरपंच घनश्याम साहू, लिखन साहू, शैलेंद्र साहू, विष्णु राम, दमन लाल, लोकनाथ, प्रकाश पटेल, जीवराखन धनकर, जीवन देवदास, दुष्यंत कुमार, आत्माराम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल घोषणा पत्र में बच्चों के मुद्दों के समर्थन में प्रदेश के सभी राजनैतिक दल

**राजनांदगांव,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सभी राजनीतिक दलों को च्20 सूत्रीय च्बाल घोषणापत्रज्सौंपा गया। इसके तहत सीसीआरओ और यूनिसेफ के वरिष्ठ सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने राजनीतिक दलों के राज्य और जिला अध्यक्षों के साथ व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और पार्टी के घोषणापत्र में गुणवत्तापूर्ण स्कूल, पारंपरिक खेल और पुस्तकालय के लिए बच्चों की मांग को शामिल करने का अनुरोध किया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव ने पहल की सराहना की और कहा कि च्पार्टी अपने घोषणापत्र में बच्चों के हितों को सबसे आगे रखेगी। कांग्रेस घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर ने कहा कि राज्य के भविष्य के लिए बच्चों का एजेंडा महत्वपूर्ण है। हम बच्चों द्वारा उठाए गए बिंदुओं को पार्टी के घोषणापत्र में शामिल करेंगे।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने घोषणा पत्र प्राप्त कर खुशी जाहिर की और बच्चों के हितों के लिए इस पहल का स्वागत किया। जॉब जकरिया प्रमुख यूनिसेफ छत्तीसगढ़ ने कहा कि च्बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन बच्चों को उन नीतियों और कार्यक्रमों पर राय व्यक्त करने का अधिकार देता है जो उनके जीवन को प्रभावित करते हैं। उन्होंने बच्चों के घोषणा पत्र को मिली जबरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए छत्तीसगढ़ के राजनीतिक दलों की सराहना की। डॉ बाल परितोष दॉस, यूनिसेफ सामाजिक नीति विशेषज्ञ, जो कि बाल घोषणापत्र तैयार करने में परामर्शदाता एवं मार्गदर्शक की महत्वपूर्ण भूमिका में थे, उन्होंने कहा कि, बच्चों के द्वारा बच्चों के अनकूल घोषणा पत्र, अब तक का एक सर्वश्रेष्ठ घोषणा पत्र है जिसमे प्रदेश के बच्चों ने अपने अधिकारों को लेकर एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाई है। इस घोषणा पत्र को राजनैतिक दलों द्वारा जो सम्मान और समर्थन मिला है, उससे वो अभिभूत हैं। मनोज भारती सीसीआरओ राज्य सचिव, के नेतृत्व में सीसीआरओ प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के सभी राजनीतिक दलों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों की आवाज सुनने के लिए सभी राजनीतिक दलों को धन्यवाद दिया। गौतम बंदोपाध्याय, सचिव मध्य छेत्र ने सभी दलों से अपील की कि वे अपने घोषणा-पत्र में बच्चों के एजेंडे को प्रतिबिंबित करें।



यूनिसेफ के सहयोग से छत्तीसगढ़ चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी (सीसीआरओ) ने 500 बाल सभाओं का आयोजन किया जिसमें तकरीबन 25,000 बच्चों से परामर्श करने के बाद घोषणापत्र तैयार किया गया।

घोषणापत्र में बच्चों द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगों को अधिकारों के चार प्रमुख समूहों में वर्गीकृत किया जा सकता है, अर्थात् जीवित रहने का अधिकार, विकास, संरक्षण और भागीदारी। इन चार मदों के तहत, बच्चों द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगों में मुफ्त उच्च शिक्षा, कैरियर परामर्श, पार्क और उद्यान, पाइप के पानी के साथ लड़कियों के लिए अलग शौचालय, नशा-मुक्त छत्तीसगढ़, स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक-सामाजिक सहायता, निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ बाल सभा, आदि शामिल हैं।

उल्टा पुल्टा

अगर कोई सबह-सुबह उठने में नखरें दिखाए, तो बस एक तरीका आजमाना है, वह अपने आप उठ जाएगा, उसके कान में जाकर धीरे से कह दो, तेरे पापा तेरा मोबाइल चेक कर रहे हैं।

## संपादकीय

### अवैध रेत उत्खनन करती ट्रकें रोकने का उदाहरण

राज्य भर में शायद ही ऐसा कोई शहर, कस्बा या गांव होगा जहां की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन न होता हो। छोटे-मोटे सैकड़ों माफिया सक्रिय हैं जो छत्तीसगढ़ सरकार की कोशिशों के बावजूद नियंत्रण से बाहर हैं। इससे जहां नदियों का स्वरूप बिगड़ रहा है वहीं सड़कें बर्बाद हो रही हैं और किनारों पर हादसे होते रहते हैं। तेज गति होते शहरीकरण के कारण रेत की बहुत मांग है। इसकी खपत में भरपूर फायदा है। इसके कारण कई कारोबारी इस व्यवसाय में हैं। वे छोटे ठेकेदारों की मदद से इस काम को अंजाम देते हैं। इससे राजस्व का नुकसान तो होता ही है, नदियों के किनारे बसी बस्तियों या गांवों में स्थानीय लोगों के साथ टकराव की स्थिति बनी रहती है। रेत निकालने के नाम पर अलग-अलग गुटों के बीच भी टकराव देखने को मिलते हैं जो कई बार हिंसक हो जाते हैं। चूंकि इन माफियाओं को स्थानीय नेताओं का संरक्षण एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग प्राप्त रहता है, इनके खिलाफ कार्रवाई कराना तो दूर आवाज़ उठाना भी सम्भव नहीं होता।

बहुत ही कम गांवों में इनके विरूद्ध लोग सामने आते हैं। वे अपनी जीवनदायिनी नदियों को बर्बाद होते देखते रहते हैं। ऐसे में पलारी के भवानीपुर गांव के लोगों ने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्रामीणों ने रेत माफिया की एक-दो नहीं बल्कि 7 ट्रकों को रोक लिया जो गांव में रेत की ढुलाई के लिये पहुंचे थे। ग्राम पंचायत के सदस्यों से लेकर आम नागरिक भी उसमें शामिल हुए। गांव वालों द्वारा माफियाओं के ट्रकों को घंटों तक न छोड़ने से पलारी के तहसीलदार रात को भवानीपुर पहुंचे और उन्होंने उन्हें जब्त कर थाने भिजवाया।

गांव वालों का आरोप है कि हर रोज 100 से अधिक ट्रक स्थानीय बम्हनी घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। यह ज्यादातर बगैर रॉयल्टी चुकाए निकालकर बेची जाती है। इससे शासन को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन ट्रकों की आवाजाही से गांव की सड़कें बर्बाद हो गई हैं और दुर्घटनाओं का अंदेशा हमेशा बना रहता है। इनमें हाईवा तक चलते हैं। रेत के कारण इनका वजन इतना बढ़ जाता है कि सड़कें बहुत जल्दी टूट जाती हैं। गांव वालों का आरोप है कि हर रोज तकरीबन एक हजार घनमीटर रेत की चोरी होती है। रेत उत्खनन करने वालों के द्वारा इस कृत्य को लम्बे समय से और निरन्तर अंजाम देने के कारण गांव वाले इस कदर क्षुब्ध थे कि उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। आशा की जाये कि भवानीपुर का यह संदेश प्रदेश के सभी ओर जायेगा और लोग अपने गांवों-शहरों में होने वाले अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाएंगे ताकि उनकी नदियां सुरक्षित बची रहें।

# नवापारा के वार्ड 16 एवं 17 के लोगों ने विधानसभा और पालिका चुनाव बहिष्कार करने का लिया निर्णय

## मामला 45 वर्षों से निवासरत लोगों को नहीं मिला भूमि स्वामी हक का पट्टा, जबकि बाद में निवासरत 400 लोगों को दिया गया पट्टा





**नवापारा राजिम,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूरा मामला भू-स्वामी हक या पट्टा नहीं मिलने को लेकर है। दरअसल, नगर में कुछ दिन पहले नवापारा के 400 से अधिक परिवारों को पट्टा वितरण किया गया। वहीं 45 वर्षों से रह रहे वार्ड क्र. 16 एवं 17 के अनेक परिवारों को भू-स्वामी हक या पट्टा नहीं मिलने से नाराज है। जिसे लेकर वे लोग विधायक, पालिका अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधयों को पूर्व में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी समस्याएं दूर नहीं हुई है।

वार्डवासियों ने तहसीलदार गोबरा नवापारा के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कलेक्टर रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें वार्ड के लोगों ने कहा कि वे लगभग 45 वर्षों से नगर के किसान राइस मिल एवं सिंधी कालोनी के पीछे वार्ड नं. 16 एवं 17 के तिरंगा चौक, संघर्ष चौक एवं देवार पारा में निवासरत हैं। उनके कच्चे एवं पक्के मकानों पर पालिका प्रशासन द्वारा लगाए गए समेकित करो एवं संपत्ति करो को नियमित रूप से भुगतान करते आ रहे हैं। लेकिन आज तक उन्हें उक्त जमीन का पट्टा या भू-स्वामी हक नहीं मिला है।

जनप्रतिनिधियों को पहले भी करा चुके है अवगत: शिकायतकर्ता रामेश्वर देवांगन, रमेश कंसारी, चरण साहू, रवि साहू, रघुवीर निर्मलकर आदि लोगों का कहना है कि वे इन समस्याओं को लेकर पूर्व में विधायक धनेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रख चुके हैं। परंतु आज तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया न ही कोई निर्णय लिया गया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अन्य वार्डों में जमीन का पट्टा वितरण किया जा रहा है, हमें क्यों नहीं मिल रहा है। इसी सब समस्याओं से नाराज लगभग 200 परिवार के लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव व नगर पालिका चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन होगी।

# भगवान की लीलाओं से मिलती है प्रेरणा : अदिति



**बलौदाबाजार,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम केवतरा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के प्रवचनकर्ता पं रामकुमार शर्मा जी मजरकटा (गरियाबंद) का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक है। जिस प्रकार हर गांव में भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है इससे हमारे सनातन धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी है। ऐसे आयोजन होने से हमारे युवा पीढ़ियों को संस्कार तथा नेक कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। वहीं धर्म-अधर्म, नीति-अनीति इन सभी बातों का वर्णन भागवत कथा के माध्यम से हम सभी तक पहुंचती है।

उन्होने सभी से अनुरोध किया की स्कूल के बाद अपने बच्चो को जरूर भगवत कथा सुनने के लिए लेकर जाएं ताकि उन्हें अपने धर्म के प्रति जुड़ाव रहे। इस आधुनिक युग के दौर में हमारे आंतरिक विकास के लिए भौतिक ज्ञान के साथ साथ आध्यात्मिक समरसता की भी मुख्य भूमिका रहती है जो हमे ऐसे आयोजनों के माध्यम से श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता हैं। अदिति बघमार ने आयोजनकर्ता चंद्रिका प्रसाद वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवकुमार वर्मा, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# महिला आरक्षण बिल से घबरा गई है कांग्रेस : श्याम बाई साहू



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया है। भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कहा कि कांग्रेस नेताओं और आम आदमी पार्टी के नेता का बयान उनकी पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। इस बिल के संसद के दोनों सदनों में पारित होने से कांग्रेस पूरी तरह घबरा गई है उन्हें पता चल गया है कि उनकी जमीन अब खिसक गई है। नारी हूँ, लड़ सकती हूं, जैसे जुमलों से देश की आधी आबादी को अब भरमाया नहीं जा सकता। नारी शक्ति का सम्मान सनातनी परंपरा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पारित कराकर न केवल सनातनी परंपरा का सम्मान किया है बल्कि विश्व में भारत की बढ़ती गरिमा को एक कदम और आगे बढ़ाया है।

भाजपा नेत्री श्रीमती साहू ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने भी संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार का चुनावी जुमला कहा था। झूठ और आडंबर के सागर में डुबकी लगाने वाले छत्तीसगढ़ के भी कुछ नेताओं की इस बिल को लेकर ऐसी ही प्रतिक्रियाएं आई है, जो एक कहावत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे, से ज्यादा कुछ भी नहीं है। प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कहा कि जनता जानती है कि झूठे वायदे करके सत्ता पाने का हथकंडा कांग्रेस अपनाती है। 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले बड़े-बड़े वायदे कर सत्ता पाने वाली भूपेश सरकार अपने वादे पांच साल बाद भी पूरा नहीं कर पाई है। ये वही कांग्रेस है जो केंद्र में 10 साल के अपने शासनकाल में महिला आरक्षण का झुनझुना देश की बहनों को दिखाती रही, और षड्यंत्रपूर्वक बिल को संसद में रोके रखी। अब जो लोग महिला आरक्षण बिल को जुमला कह रहे हैं उनको जान लेना चाहिए कि मातृ वंदन के नाम से महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों में पारित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मचेवा में 7.83 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से सीसी रोड की सौगात मिली है। रविवार को जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस दौरान श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कार्य के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। रविवार को ग्राम पंचायत मचेवा में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर थे। अध्यक्षता बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में सोसाइटी अध्यक्ष किशन देवांगन मौजूद रहे। मुख्य अतिथि वनोपज संघ के अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद विधानसभा में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास कराया जा रहा है। शहर के साथ ही गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर द्वारा सीसी रोड के लिए राशि स्वीकृत कराई गई है। जिससे उचित मूल्य दुकान मचेवा से परसकोल मार्ग तक सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा। सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों को आवाजाही में सहुलियत हो सकेगी। अध्यक्षीय संबोधन में बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# निगम उपायुक्त सार्वा ने ली राजस्व विभाग की बड़ी बैठक



## कम वसूली तथा कमजोर परफॉर्मेंस वाले कर्मचारियों का रुकेगा वेतन, फील्ड में सत प्रतिशत वसूली के दिए निर्देश

**धमतरी,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम धमतरी के उपायुक्त पीसी सार्वा ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बड़ी बैठक ली है। उन्होंने राजस्व वसूली में लगे राजस्व विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में बढ़ोतरी लाए। लक्ष्य के अनुरूप सत प्रतिशत वसूली करे। इसके लिए उन्होंने सभी को डिमांड नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। संपत्तिकर, समेकितकर, यूजर चार्ज, शिक्षा उपकर, जलकर एवं अन्य करो के दायरे में आने वाले कर दाताओं से घरों, दुकानों, भवनों में संपर्क कर वसूली के निर्देश उपायुक्त ने दिए हैं। उन्होंने सभी 40 वार्ड क्षेत्र में लगे राजस्व वसूली के लिए सभी कर्मचारियों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। सभी से उनके द्वारा मिले हुए लक्ष्य एवं उसके अनुरूप हुई वसूली के बारे में एक-एक करके जानकारी ली। कमजोर परफॉर्मेंस और टैक्स वसूली की कमी को लेकर उन्होंने ऐसे कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए तथा उन्हें समझाइस देते हुए कहा कि इस प्रकार के कर्मचारियों का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि आयुक्त विनय पोयाम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं इसी तारतम्य में उपायुक्त पीसी सार्वा ने बैठक लेकर टैक्स वसूली पर पूरा फोकस करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए। बता दे की 8 करोड़ 90 लाख की वसूली नगर निगम धमतरी को किया जाना है। जिसको लेकर गहन समीक्षा डिप्टी कमिश्नर श्री सार्वा के द्वारा किया गया। उन्होंने राजस्व विभाग के सभी कर्मचारियों को अपने वार्ड क्षेत्र में सतत भ्रमण करते हुए राजस्व वसूली में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष के लक्ष्य को पूरा करने के लिए केवल 6 माह शेष है जिसको देखते हुए उपायुक्त ने सभी राजस्व विभाग के कर्मचारियों को अपने परफॉर्मेंस में सुधार करते हुए टैक्स वसूली में वृद्धि करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने भी करदाताओं से भी अपील की है कि वह समय पर अपना टैक्स जमा कर दें। टैक्स के पुराने बकाएदारों की सूची भी उपायुक्त ने बनाने कहा है, ताकि इस आधार पर पुराने बकाएदारों पर लगाम कसने की कार्रवाई >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संसदीय सचिव ने हरी झंडी दिखाकर किया मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना



**महासमुंद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आज रविवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यूनिट को मिलाकर अब शहरी क्षेत्र में तीन मोबाइल यूनिट वार्डों में पंहुचकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराएगी। रविवार को नगरपालिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा शहरी स्लम बस्तियों में रहने वाले नागरिकों तक निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरूआत की गई है। शासन द्वारा समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत शहरी स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा चिन्हांकित स्थानों पर पहुंचकर लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जरूरतमंद व्यक्ति तक घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो रही है। साथ ही अब लोगों को छोटी.छोटी बीमारियों के लिए अस्पताल तक जाने, डॉक्टरों की फीस और दवाइयों के खर्च से भी राहत मिल रही है। इसी तारतम्य में महासमुंद शहर के लिए एक और मोबाइल मेडिकल यूनिट की सौगात मिली है। इसे मिलाकर अब तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट की सेवाएं सुलभ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क के दौरान युवा नेता का मनाया जन्मदिवस



**नवापारा-राजिम** 08 अक्टूबर देशबंधु। आज अभनपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू के द्वारा गोबरा नवापारा में जनसंपर्क के दौरान उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं के द्वारा युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन व इमरान सोलंकी का जन्मदिन मनाया गया। सोनकर पारा के निवासियों के द्वारा आतिशबाजी कर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं, नेताओं व अंचलवासियों ने युवा नेता देवांगन को उज्ज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दिए। उक्त कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ पार्षद प्रसन्न शर्मा, मायाराम साहू, अजित चौधरी सहित अनेको कार्यकर्ता शामिल थे।

# विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन व लोकार्पण



**धमतरी,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक रंजना साहू द्वारा आदर्श आचार सहिंता लगने से पूर्व लगातार विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के कार्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे हैं, इसी कड़ी में शुक्रवार को धमतरी शहर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया जिसमें महात्मा गांधी वार्ड में व्यायाम शाला भवन निर्माण एवं शीतला माता मंदिर में ज्योति कक्ष निर्माण, साल्हेवार पारा वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, दानीटोला वार्ड में साहू समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, हटकेश्वर वार्ड में विराजमान प्राचीन नागदेव मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण कार्य एवं साहू समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण, जोधापुर वार्ड में विराजमान आदिशक्ति मां जगदम्बा मंदिर के प्रांगण में शेड निर्माण कार्य, अम्बेडकर वार्ड में आमा तालाब के पास जिला यादव समाज भवन में आहता निर्माण, बांसपारा वार्ड में किचन शेड निर्माण, विंध्यवासिनी वार्ड में बैला बाजार के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन जनप्रतिनिधियों, मंडल पदाधिकारियों, वार्डवासियों की उपस्थिति में किया गया। वार्डों में भूमिपूजन के समय बाजे-गाजे के साथ हर्षोल्लास से विधायक का स्वागत अभिनंदन किया गया। विधायक रंजना साहू ने कहा कि धमतरी का विकास करना मेरा सबसे पहला दायित्व है, जिसके लिए निरंतर प्रयास किया है, और आगे भी निरंतर जनसेवा के लिए कार्य करती रहूंगी। नगर निगम धमतरी के नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने बताया कि विधायक रंजना साहू ने विपक्ष में होने के बावजूद निगम क्षेत्र के विकास में अविस्मरणीय कार्य किया है, यह उनकी सक्रियता व उत्कृष्टता का प्रमाण है। तो वहीं शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि जिस गति से आज वार्डों में विकास कार्य हो रहा है हमारी सरकार आने के बाद इसकी रफ्तार कई गुना बढ़ेगी, विधायक ने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर क्षेत्र विकास कार्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नगर विकास हेतु सर्वसमाज की बैठक संपन्न



## एक जुट होकर कार्य करने का लिया गया निर्णय

**बलौदाबाजार,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला सर्वब्राह्मण समाज बलौदाबाजार के अध्यक्ष श्याम शुक्ला द्वारा गार्डन चौक स्थित विप्र भवन में सर्व समाज के प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई। आयोजन का उद्देश्य था नगर के विकास में समाज की भूमिका। अपने स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज श्याम शुक्ला ने बताया कि जिला मुख्यालय में लोगों की बुनियादी जरूरतों से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि आदि अनेक क्षेत्रों में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है जो यद्यपि शासन स्तर पर ही होना है फिर भी शासन तक बात पहुचाने के लिए सभी समाज को एकजुट होना जरूरी है।

इस बैठक में 16 समाजों के पदाधिकारी पहुँचे तथा अपने अपने विचार उन्होंने साझा किए। वैष्णव समाज के अध्यक्ष संतोष वैष्णव ने पर्यावरण व स्वच्छता अभियान में शासन की योजनाओं पर निगरानी रखने की बात कही। बद्रीधर दीवान की बात से सभी सहमत रहे कि सर्व समाज का एक संघ के रूप संगठन किया जाय जो यह संगठन पंजीकृत हो। ऐसे संगठनों से सरकार पर कार्य का दबाव बनाया जा सकता है। इससे सहमत होकर साहू समाज के अध्यक्ष प्रेम नारायण साहू ने सुझाव दिया कि सर्व समाज की टीम बनाई जाय जो नगर में हो रहे शासकीय कार्यों की निगरानी करे। मसीही समाज के सेमुअल समशेर ने विकास की दृष्टि से मेडिकल कॉलेज खोले जाने की बात कही। उन्होंने कब्रिस्तान के लिए बाउंड्री वाल की आवश्यकता बताई। उन्होंने शार्ट टर्म व लांग टर्म प्रोग्राम में समाज की भागीदारी पर जोर दिया। कुर्मी समाज के नरसिंह वर्मा नगर विकास समिति के गठन की बात कही। उन्होंने भय मुक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता बताई। सतनामी समाज के देवेंद्र चतुर्वेदी ने नगर को बुराइयों से मुक्त करने को पहली प्राथमिकता बताई और कहा कि तभी विकास की कल्पना की जा सकती है। गणेश बघेल ने सामाजिक समरसता को आवश्यक बताया। नशे पर लगाम व अपराध पर नियंत्रण व असामाजिक तत्वों पर लगाम कसना जरूरी बताया। अग्रवाल समाज के योगेश अग्रवाल ने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भ्रष्टाचार का नया तरीका पुराने कार्यों में नया पेच 2022 को किया 2023

**गोबरा नवापारा,** 8 अक्टूबर देशबंधु । केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है । इसके प्रचार प्रसार के लिए स्वच्छ भारत मिशन के रूप में केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं।स्वच्छता को लेकर सरकार की अनेकों योजना बनाई गई है साथ ही स्वच्छता की जागरूकता को लेकर प्रचार प्रसार के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं लेकिन इन्हीं उपाय में किस तरह भ्रष्टाचार बरती जा रही है ,इसे अगर देखना हो तो नगर पालिका गोबरा नवापारा मे देखा जा सकता है । नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण में अगर नजर डाले तो आपको नजर आएगा की स्वच्छता सर्वेक्षण में जागरूकता के लिए किये गये वाल पेंटिंग में नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता सर्वेक्षण से सम्बन्धित पुरानी पेंटिंग में वर्ष 2022 को सुधार कर 2023 कर दिया गया । पेटिंग मे जो चित्र या शब्द लिखे हुए हैं वो मिट चुके हैं या फिर गंदगी देखाई दे रही है। ऐसे में प्रचार प्रसार जागरूकता के लिए केवल खानापूर्ति का काम किया गया है।नयी पेटिंग मे उस स्थान पर ही पेटिंग में पुरानी गंदगी हो ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है, आखिर वाल पेंटिंग के लिए जो राशि का व्यय किया गया है उसका कही ना कही दुरुपयोग हुआ हे ऐसा प्रतीत होता नजर आ रहा है स पुराने पेंटिग में केवल वर्ष को बदलकर स्वच्छता का आखिर कौन सा संदेश दिया जा रहा है..? नया सर्वेक्षण वर्ष के हिसाब से नया पेटिंग आखिर क्यों नहीं करवाया गया .. ?यह समझ से परे है स ऐसा कारनामा आपको गोबरा नगर पालिका क्षेत्र में दिखाई देगा।



**मामला गोबरा नवापारा नपा का**

## पूर्व नपा अध्यक्ष ने केंद्रीय रेलमंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

**नवापारा-राजिम,** 8 अक्टूबर देशबंधु। पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गोयल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के निर्देश पर आज रविवार को भोपाल में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे नवापारा में रेल्वे के निर्माणाधीन राजिम रैकयार्ड के अंतर्गत नवापारा नगरवासियों के हित से जुड़े 3 और अभनपुर नगरवासियों के हित से जुड़े 1 समस्या पर आधारित, अभनपुर भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू और स्वयं के द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया गया है कि राजिम रैक यार्ड के साथ ही गुड्सशेड (रैक प्वाइंट) की स्वीकृति की जाय, जिससे नवापारा स्थित एफसीआई और वेयरहाउस के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों को भी सुलभ लाभ प्राप्त हो सके । इसी प्रकार निर्माणाधीन रैक यार्ड के एक ओर गोबरा नवापारा का सदर रोड अत्यंत महत्वपूर्ण व्यावसायिक क्षेत्र है, जबकि दूसरी ओर गोबरा नवापारा का वार्ड क्रमांक 03 और 04 स्थित होने के साथ-साथ राजिम रोड हैं, जहां से चंपारण और राजिम के ग्रामीण इलाकों के लोग, सदर रोड में खरीददारी करने आते हैं । रैक यार्ड बन जाने से वार्ड क्रमांक 03 और 04 के लोगों के साथ-साथ चंपारण और राजिम क्षेत्र के लोगों को सदर रोड आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । लिहाजा जनहित के मद्देनजर पुराने रेलवे स्टेशन के समीप (श्याम जी राइस मिल के सामने) ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जाय । वहीं रैक यार्ड निर्माण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 05 इंदिरा मार्केट में वर्षों से निवासरत परिवारों को रेलवे द्वारा 6 अक्टूबर को नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर अपना कब्जा हटाने कहा गया है, जिससे उक्त परिवारों के समक्ष निवास की समस्या उत्पन्न हो जाएगी । इन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासकीय भूमि पर निवास बनाकर व्यवस्थापित किया जाए । इसी प्रकार अभनपुर में निर्माणाधीन अंडरब्रिज के चलते अभनपुर का व्यापार खत्म होने की संभावना को देखते हुए उक्त अंडरब्रिज निर्माण पर रोक लगाने की मांग की गई है ।



श्री गोयल ने बताया कि नवापारा अभनपुर के लोगों से जुड़े जनहित के उक्त चार मुद्दों पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन जी से चर्चा करते हुए उनसे पहल करने का आग्रह किया, जिस पर उन्होंने तत्काल केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से फोन पर चर्चा कर इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की अपील की । साथ ही मुझे, आज रविवार को भोपाल प्रवास पर आ रहे श्री वैष्णव से प्रत्यक्ष मिलकर, विस्तारपूर्वक संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने कहा गया था । केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव से चर्चा सकारात्मक रही और उन्होंने तत्काल छत्तीसगढ़ रेल्वे के उच्च अधिकारी से बात कर उक्त चारों ही बिंदुओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के लिए उचित पहल करने निर्देशित किया है ।

# हाथी ने तीन ग्रामीणों पर किया हमला

## एक की मौत, दो ने भागकर जान बचाई

**पिथौरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। समीप के अर्जुनी वन परिक्षेत्र में बीती रात अकेले घूम रहे हाथी ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया जिसमें एक ग्रामीण की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी ।जबकि दो ग्रामीणों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

ग्रामीण सूत्रों के अनुसार विगत तीन दिनों से पिथौरा वन परिक्षेत्र के खैरखुटा ग्राम की गलियों में विचरण करता हुआ बार अभ्यारण्य पहुचा हाथी बीती रात अर्जुनी वन परिक्षेत्र एवम गिरौदपुरी पुलिस चौकी के तहत कक्ष क्रमांक 369 दलदली परिसर पंहुचा था ।यहाँ कुछ ग्रामीण बगैर किसी कारण के जंगल गए थे ।जिन्हें देखकर अकेला भूख से परेशान होकर घूम रहा हाथी भड़क गया और उक्त ग्रामीणों को दौड़ाने लगा। दो ग्रामीण तेज रफ्तार से दौड़ते भाग गए परन्तु एक ग्रामीण गरीबलाल पिता बाबूलाल सतनामी (45) हाथी की पकड़ में आ गया ।जिससे गरीब लाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी ।मृतक के शव की क्षत विक्षत हालत देखने से इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि हाथी ने गुस्से में किस तरह गरीब लाल को पटक पटक कर मारा है। ज्ञात हो कि अभी तीन दिन पूर्व ही उक्त अकेला हाथी पिथौरा वन परिक्षेत्र के ग्राम खैरखुटा की गलियों में सुबह सुबह चहल कदमी करते दिखा था। जिसे खदेड़ने व ग्रामीणों को एलर्ट करने के लिए भी कोई वन अफसर एवम कर्मी नही पहुचे लिहाजा यहां मौत के साये के बीच ग्रामीण बच्चे एवम युवा हाथी के पीछे भागते दिखे थे ।इसके बाद उक्त हाथी बार अभ्यारण्य पहुच गए थे ।जहां वन अधिकारी हाथी को सुरक्षित स्थान की ओर खदेड़ने जूटे थे परन्तु उक्त हाथी अर्जुनी परिक्षेत्र की ओर बढ़ गया था ।इसी स्थान पर अंतत: उक्त हाथी ने एक खूनी घटना को अंजाम देते हुए एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। बहरहाल वन विभाग द्वारा समीप के ग्राम सिंघीखार के मृतक के शव को पंचनामा के पश्चात गिरौदपुरी चौकी के सुपुर्द किया है। पुलिस द्वारा शव के पोस्टमोर्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। वन विभाग द्वारा मृतक परिवार को अंतिम संस्कार हेतु 25 हजार की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की है। शेष 5 लाख 75 हजार रुपए प्रकरण के बाद दिए जाएंगे।



# अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित



**खरोरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रसेन जयंती की संध्या पर अग्रवाल समाज की सभी महिलाओं, बच्चों व बहुओं ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर अग्रसेन जयंती , विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे माचिस की तिल्ली से डाइज वाला गेम ,सर पर थाली रखकर चूड़ी वाला , ताश पत्ती वाला लकी गेम, कुर्सी प्रतियोगिता इत्यादि और भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें सभी महिलाओं ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में प्रथम व द्वतिया स्थान पर विजय प्राप्त की जिसमें सुधा अग्रवाल , पृषा अग्रवाल, तनु अग्रवाल विधि अग्रवाल , आराध्या युग ,मोनिका, सुनीता, दीपिक, घानी माया, राघव अग्रवाल ने। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष- श्रीमती कृष्णा अग्रवाल, सुधा अग्र0, रीना अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल ,माया अग्रवाल, माया अग्रवाल , अंगुरी अग्रवाल ,अनिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल ,लक्ष्मी सोनी, विजयलक्ष्मी अग्रवाल, सुचीता अग्र., नीलम अग्रवाल , कृष्ण अग्रवाल ,उर्मिला अग्रवाल, रंजना अग्रवाल ,कुसुम जोशी सभी ने अपना भरपुर सहयोग दिया व पुरे अग्रवाल समाज ने अपना योगदान दिया।

# गनौद में विकास कार्यों का जनपद अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**आरंग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग विकासखंड के ग्राम गनौद को करोड़ों के विकास कार्यों का सौगात मिला है। रविवार को ग्राम पंचायत के अंतर्गत होने वाले इन विकास कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरंग जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश्वर देवांगन ने एक करोड़ 34 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों के अंतर्गत ग्राम गनौद में आंतरिक मार्ग आरसीसी ड्रेन, विधायक मद से धोबी समाज के लिए भवन, 5- 5 लाख की लागत से सतनाम और निर्मलकर समाज का भवन का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष खिलेश्वर देवांगन ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार गांव, गरीब, किसान और ग्रामीण युवाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। राजीव गांधी मितान क्लब माध्यम से सरकार साल में ग्रामीण युवाओं को ?1लाख प्रदान कर रही है ताकि वे गांव में परंपरागत खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन दे सके। प्रदेश सरकार किसानों का दाना-दाना अनाज देश में सबसे ज्यादा दर पर खरीद रही है जिससे किसानों के आय में इजाफा हुआ है। इसी प्रकार कांग्रेस सरकार भूमिहीन मजदूरों को साल में ?7000 उनके खाते में जमा कर रही है ताकि उनके जीवन सुगम हो। उन्होंने कहा 15 साल तक बीजेपी की सरकार ने प्रदेशवासियों को विकास के नाम पर ठगा। बीजेपी ने किसानों के धान के समर्थन मूल्य और बोनस के नाम पर पर ठगा। लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सरकार ने पहले किसानों को कर्ज माफ किया। और उनके फसलों का सही दाम उनको दे रही है। उन्होंने कहा कि 15 साल भाजपा ने राम के नाम पर लोगों को ठगा है लेकिन कांग्रेस की सरकार ने चंदखुरी में माता कौशल्या और राम वनगमन पथ का विकास कर वास्तव में धर्म का काम कर रही है। इस अवसर पर विशिष्ट तिथि जिला पंचायत सदस्य माखन कुर्रे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल सिंह साहू, पोषण साहू सरपंच ग्राम खमतराई, सरपंच भुनेश्वरी डागेश्वर साहू -सरपंच ग्राम गनौद, डोमन साहू -उप सरपंच, सुरेंद्र यादव-गौठान समिति अध्यक्ष, निर्मलकर समाज से विश्वनाथ निर्मलकर, भगवानी निर्मलकर सतनामी समाज से अनुज भट्ट, दुलेश गिलहरे, हिमेश्वरी ढ़ीढ़ी, सुरेश गिलहरे, बिकेश गिलहरे, दर्शन राम बांधे सहित दोनों समाज के लोग उपस्थित थे। इसके अलावा प्रेमलाल साहू, घनश्याम साहू, कुंज लाल चंद्राकार, संतोष तारक, सहदेव तारक, रमेश चौहान शाला विकास समिति और मितान युवा क्लब के अध्यक्ष सालिक तारक, जितेंद्र कोसले, दिनेश ध्रुव, मोनिका ध्रुव, भुवनेश्वरी साहू पंच मोतिम पटेल चित्रलेखा निर्मलकर पिंकी तारक नारायण साहू बागेश्वर साहू पार्वती निषाद रुपौली निषाद देव कुमारी साहू दीपक तारक भारतीय ध्रुव दिनेश्वर निर्मलकर नीरा तारक पुष्यंत यादव भारती गिलहरे पिंकी बांधे, सरोज बांधे, दुलेश गिलहरे, कृष्णा निर्मलकर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



# 1 नवंबर से आमगांव में खुलेगा धान खरीदी केन्द्र

**बागबाहरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में बनी कांग्रेस पार्टी की सरकार की राज में किसानों की खुशी का ठिकाना ही नहीं है। यह छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद प्रदेश की पहली ऐसी सरकार हैए जो किसान की हर छोटी से छोटी समस्या का ध्यान रखती है। और उनके चौमुखी विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आमगांव और सोनदादर के किसानों को धान बेचने के लिए दूसरे गांव में जाना पड़ता था। जिसके कारण उन्हें बहुत ज्यादा समस्याएं होती थी। इस गांव के किसानो ने आमगांव में धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग अपने विधायक और राज्य के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के समक्ष रखी थी। जिसे प्राथमिकता के आधार पर संसदीय सचिव ने राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के के समक्ष किसानों की समस्या को रखा। जिस पर किसान हितैषी छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किसानों की सुविधा को ध्यान रखते हुए आमगांव में उप धान खरीदी केंद्र खोलने आदेश जारी कर दिए हैं। और इसी वर्ष से आमगांव में उप धान खरीदी केंद्र प्रारंभ हो जाएगा। आमगांव में धान खरीदी केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों में हर्ष का माहौल है। और उन्होंने अपने राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अपने विधायक व शासन के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए इस गांव के किसान बड़ी संख्या में क्षेत्र के विधायक कार्यालय बागबाहरा पहुंचे थें।

## सार-संक्षेप

### अंडर-19 में सिमगा के दो खिलाड़ी का चयन

**सिमगा,** 8 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ अंडर 19 एवम् अंडर 16 में सिमगा के 2 खिलाडी अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। इन खिलाडियों का छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर 19 व अंडर 16 टीम में चयन हुआ है। परिश्रम वह चाबी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। यह वाक्य सिद्ध किया हैं हमारे सिमगा के वार्ड-7 कर्मचारी कॉलोनी के प्रतिभावान खिलाड़ी सूर्यकांत कृष्णकांत तिवारी व राहुल रवींद्र वर्मा ने । ज्ञात हो कि 12 अक्टूबर को पॉण्डिचेरी में आयोजित विनु मनकड़ ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा हुई जिसमें छत्तीसगढ़ अंडर 19 से सूर्यकांत कृष्णकांत तिवारी का चयन हुआ हैं। तत्पश्चात् 1 दिसंबर से पुणे महाराष्ट्र में आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर 16 की 16 सदस्यीय टीम राहुल रवींद्र वर्मा का चयन हुआ हैं।



# सुपर गर्ल छुपी प्रतिभा को तराशने का अच्छा मंच : टिकेन्द्र यदु

**फिंगेश्वर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिभा किसी परिचय का मोहताज नही होती जिसके अन्दर प्रतिभा छुपी होती हैं वह निकलकर एक न एक दिन सामने आ ही जाती हैं ऐसे ही प्रतिभा को तराशने का पहल जिला बाल संरक्षण ईकाई महिला एवं बाल विकास समिति एवं शिक्षा विभाग गरियाबंद जिला शिक्षा विभाग कलेक्टर आकाश छिकारा, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्याम , डीएमसी खेल सिंग नायक की सफल नेतृत्व एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी विकासखंड श्रोत समन्वयक टिकेन्द्र कुमार यदु मेघा संकुल स्तरीय सुपर गर्ल प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केन्द्र हायर सेकेण्डरी स्कूल गुण्डरदेही में रामाधीन ध्रुव जनपद सदस्य, कुमार सिंह ध्रुव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही,कुमान सिंह ध्रुव संकुल प्राचार्य,साधू राम ध्रुव संकुल प्राचार्य सोनासिल्ली,कृषलाल साहू पूर्व सरपंच गुण्डरदेही की उपस्थिति के बीच मेघा संकुल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया उक्त आयोजन में पांच संकुल केन्द्र गुण्डरदेही, परसदाकला, जामगांव, सोनासिल्ली और बोरिद के प्रतिभागी छात्राएं जो अपने संकुल केन्द्र में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतियोगिता में सहभागी थी जो अलग-अलग विधाओं में पेंटिंग, स्वरचित कविता, भाषण, नृत्य, वाद्य यंत्र,गायन शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात राजकीय गीत के साथ शुभारंभ हुआ ।इस अवसर पर संकुल श्रोत समन्वयक टिकेन्द्र कुमार यदु फिंगेश्वर ने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सुपर गर्ल शिक्षा विभाग का एक अनुकरणीय पहल है इस आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा सकता है इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बेटियों के अन्दर छुपी प्रतिभा निखारना जिन्हें उचित मंच प्रदान करना जो आगे चलकर स्वालम्बी एवं आत्मनिर्भर बनकर अपने माता पिता एवं समाज का नाम रोशन करते हुए अपनी एक विशेष पहचान मिले बेटियों के अन्दर छुपी प्रतिभा निखारने का अच्छा मंच साबित हो रहा जिसके तहत अलग अलग विधाओं में अपने अन्दर छुपी प्रतिभा को दिखलाने का अच्छा मंच साबित हो रहा है। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्रथम नृत्य संकुल केन्द्र बोरिद गायन संकुल केन्द्र बोरिद, भाषण संकुल केन्द्र गुण्डरदेही, चित्रकला संकुल केन्द्र परसदाकला माध्यमिक स्तर पर नृत्य संकुल केन्द्र बोरिद ,गायन संकुल केन्द्र जामगांव, भाषण संकुल केन्द्र परसदाकला, चित्रकला संकुल केन्द्र परसदाकला कविता पाठ संकुल केन्द्र जामगांव, वाद्ययंत्र संकुल केन्द्र बोरिद हायर सेकेण्डरी स्कूल से नृत्य संकुल केन्द्र परसदाकला, भाषण संकुल केन्द्र बोरिद,गायन संकुल केन्द्र गुण्डरदेही कविता पाठ संकुल केन्द्र गुण्डरदेही चित्रकला संकुल केन्द्र बोरिद, वाद-विवाद संकुल केन्द्र परसदाकला पूरे आयोजन को सफल बनाने में संकुल समन्वयक दिनेश सोनी ,छगन दीवान, चुम्मन लाल सिन्हा, जामगांव, पोषण सोनकर टोकेश साहू, नरेंद्र ध्रुव,जी एफ खान रामचरण दीवान का विशेष सहयोग रहा पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक थानू राम निषाद ने किया।



# मेरी मिट्टी मेरा देश की तरह हुआ विविध आयोजन

**बिलाईगढ़,** 8 अक्टूबर (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल डोकरीडीह में मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।इसके तहत स्कूल में बच्चों द्वारा दीपक जलाकर जलते दीपक हाथ में लेकर प्रतिज्ञा किया गया ।स्कूल में प्राथमिक एवं मिडिल के बच्चों द्वारा रंगोली बनाकर मेरी मिट्टी मेरा देश का संदेश दिया गया। छात्र छात्राओं ने मिट्टी से बने खिलौने का प्रदर्शन किया गया ।स्कूल के बच्चों द्वारा मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत प्रभात फेरी निकाली गई जो स्कूल से प्रारंभ होकर डोकरीडीह के विभिन्न गलियों से होते हुए वापस स्कूल में आकर प्रभात फेरी का समापन हुआ ।प्रभात फेरी के दौरान कलश में घरों से मिट्टी एकत्र किया गया ।उक्त मिट्टी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दिया जाएगा जो दिल्ली में बनने वाले अमृत गार्डन हेतु भेजा जाएगा ।शासकीय मिडिल स्कूल के शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा मेरी मिट्टी मेरा देश की तहत विकासखंड बिलाईगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार के सदस्यों का सम्मान किया गया जिसके तहत बिलाईगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व परमेश्वर दयाल मिश्रा की पुत्री उषा किरण मिश्रा को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल में हुए मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के आयोजन एवं इसके महत्व के बारे में शिक्षकों द्वारा बच्चों को बताया गया ।इस कार्यक्रम में श्रीमती अमीका खूंटे सरपंच ग्राम पंचायत डोकरीडीह धनीराम खूंटे एसएमसी अध्यक्ष साधमति मेरी प्रधान पाठक मिडिल स्कूल, चौथ राम केवट प्रधानपाठक प्राथमिक,कमल कुमार देवांगन शिक्षक, कोमल साहू , महेत्तर लाल देवांगन शिक्षक सहित शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी पालक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## निधन


### पुष्पा साहू

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 8 अक्टूबर। ग्राम अमेरा निवासी पुष्पा साहू का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में हुआ। वे भागवत साहू की पत्नी, रवि की मां, खोरबाहरा साहू की बहु थी।



### आशकरण पींचा

**महासमुंद,** 8 अक्टूबर। स्थानीय गांधी चौक निवासी शांतिविजय क्लाथ स्टोर्स के संचालक आशकरण पीचा 80 वर्ष का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जसवंत उर्फ गोलू, राजकुमार के पिता,पुखराज, मनोहर, पूनम पींचा के बड़े भाई व विजय, मनीष, जयंत, प्रिंस, प्रखर पींचा के बड़े पिता थे।



### कुसुम पालंदुरकर

**दुर्ग,** 8 अक्टूबर। न्यू दीपक नगर निवासी कुसुम पालंदुरकर (74 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश पालुंदरकर व दीपक पालुंदरकर की माता जी थी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### भगवान की लीलाओं ...

प्रेमलाल वर्मा, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, कुंती वर्मा, देवजानी वर्मा, सरपंच रजनी ओमप्रकाश वर्मा, उपसरपंच कुंती ध्रुव, शोभा वर्मा, गंगा प्रसाद वर्मा, विश्राम वर्मा, मोहन संगीता वर्मा, शिवकुमार यदु, रितेंद्र चेतना वर्मा, मुंगेलाल मार्कण्डेय, गोविंद कुर्रे, श्यामा यादव, एवम् बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### महिला आरक्षण बिल...

हो चुका है और यह मोदी सरकार के कार्यकाल में ही लागू भी होकर रहेगा। इस बार छत्तीसगढ़ की जनता जान गई है अब और कांग्रेस के छलावे में नही आने वाली। आने वाले विधानसभा चुनाव में इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को हटाकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाएगी।

### सीसी रोड निर्माण के...

चंद्राकर ने कहा कि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर द्वारा प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पौने पांच साल के कार्यकाल में सभी क्षेत्रों में समुचित विकास कराया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ठेकेदार सोमेश दवे, गेमन साहू, विश्राम साहू, सखाराम साहू, हीरामन साहू, दीनदयाल साहू, किशोर ध्रुव, सेवकराम साहू, परदेशी देवांगन, परशुराम ध्रुव, संतराम देवांगन, छन्नू साहू, मिलता साहू, अशोक ध्रुव, परमानंद साहू, विकास साहू, भीखम देवांगन, हितेश यादव, रामशरण यादव, नंदनी साहू, होमेश्वरी देवांगन, अश्वनी देवांगन, सीता साहू, द्रोपति साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### निगम उपायुक्त सार्वा ने ली...

की जा सके और उनसे टैक्स वसूला जा सके। बैठक में सहायक राजस्व निरीक्षक सत्यमूर्ति, नितिन बनवासी, संजय गुप्ता, कामता चौबे, हेमंत यादव, रेखा कृदत, खिलेश्वर राम, छबिलाल प्रजापति, रमेश कुमार ध्रुव, छबिलाल प्रधान, शेरखान, पुष्पा ठाकुर, कंचन, आकाश किरण, सन्नी कुमार, कन्हैया मंडावी, सरिता सोना, खिलावन रजक, गिरधर साहू, इशहाक खान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### संसदीय सचिव ने हरी झंडी...

हो सकेगी। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांगए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, पार्षद रिंकू चंद्राकर, डमरूधर मांझी, जनपद सदस्य आरीन चंद्राकर, रहीम खान सहित पालिका के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।

### विकास कार्यों का विधायक...

के लिए अनेक कार्य किए हैं। निगम क्षेत्र में भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से साहू समाज जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, प्रदेश यादव समाज उपाध्यक्ष भगत यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल, पार्षद धनीराम सोनकर, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय मोटवानी, जिला युवा मोर्चा महामंत्री जय हिंदूजा, पार्षद हेमंत बंजारे, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, आमदी मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, भाजपा वरिष्ठ लक्ष्मीनारायण साहू, भाजपा वरिष्ठ ज्ञानीक रामटेके, शहर मंडल महामंत्री अखिलेश सोनकर, पार्षद ईश्वर सोनकर, पार्षद दीपक गजेंद्र, शहर मंडल उपाध्यक्ष दमयंती गजेंद्र, भाजपा वरिष्ठ मुकेश शर्मा, संतोषी साहू, रुकमणी सोनकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### नगर विकास हेतु सर्वसमाज...

रेल लाइन पर शीघ्र कार्य करने, मेडिकल कॉलेज, बी एड कॉलेज, हार्टीकल्चर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय खोलने, ट्रांसपोर्ट नगर बनाने, गृह निर्माण मंडल का कार्यालय खोलने, नया बस स्टैंड व सब्जी बाजार को व्यवस्थित करने की आवश्यकता बताई। सिंधी समाज के अशोक पंजवानी ने सर्व समाज का गठन करने व इसकी नियमित बैठक करने से ही नगर के विकास पर जोर दिया। पटेल समाज के हेमंत पटेल व कन्नौजे समाज के तिलक राम कनौजे ने भी संगठित समाज की वकालत की। इस अवसर पर पटेल समाज के लवन राज अध्यक्ष मनोज पटेल, बलौदाबाजार नगर प्रमुख संतोष पटेल सहित अन्य समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित थें।

# मुख्यमंत्री का गायत्री परिवार ने आभार व्यक्त किया

**सरायपाली,** 8 अक्टूबर। मुख्यमंत्री निवास रायपुर में समाज प्रमुखों सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया था सभी आमंत्रित सदस्यों का तिलक लगाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया गायत्री परिवार सरायपाली के प्रमुख ट्रस्टी प्रदीप गुप्ता सहायक प्रमुख ट्रस्टी कन्हैया पटेल ट्रस्टी गण तुलसी बारिक सी डी प्रधान वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र खोडियार भी कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदीप गुप्ता ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके जैसे सहृदय मुख्यमंत्री का गायत्री परिवार सदैव आभारी रहेगा आपने हम 15 लाख रुपये कीं आर्थिक सहायता प्रदान किया इसके लिए धन्यवाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया ज्ञात हो कि 7 दिसंबर को सरायपाली में आयोजित मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम गायत्री परिवार का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग की मांग की थी भूपेश बघेल ने सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए तत्काल 15लाख रुपये की स्वीकृति दी इसी प्रकार अन्य सामाजिक जनों को भी विभिन्न कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की सहायता प्रदान की है।



# छिंद रीपा की बेकरी यूनिट लघु उद्योग के रूप में हो रहा विकसित



**बिलाईगढ़,** 8 अक्टूबर (देशबंधु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दूरगामी परिणाम को मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योग की स्थापना के लिए शुरू की किया गया महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का परिकल्पना धरातल पर साकार हो रहा है। सारंगढ़ विकासखंड के छिंद रीपा में दिशा आदर्श स्वसहायता समूह ने बेकरी यूनिट का प्रारंभ अप्रैल 2023 में प्रारंभिक तौर पर शुरू किया है। आधुनिक बेकरी मशीन मई 2023 में प्राप्त होने और स्थापना के बाद से निरंतर बेकरी उत्पादन हो रहा है। इसमें कई प्रकार के बिस्किट, केक, ब्रेड आदि शामिल हैं। दिशा आदर्श स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला रात्रे ने बताया कि इस रीपा यूनिट से 7 लोगों को रोजगार मिला है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 लाख का बेकरी यूनिट मशीन और का कच्चा उत्पाद खरीदी के लिए एक लाख रूपए मिला है। शासन द्वारा दी गई इस राशि का भुगतान समूह को 10 साल में किश्तों में करना है। समूह ने बेकरी के लिए सांचा की खरीदी डेढ़ लाख में की है और आवश्यक पॉलीथीन की खरीदी 75 हजार में की है। उन्होंने बताया कि छिंद के आसपास के गांव सहित दूरदराज क्षेत्रों के व्यापारीगण इस बेकरी यूनिट का उत्पाद खरीद रहे हैं और सारंगढ़ के सारबिला सी-मार्ट में भी उत्पादन को बिक्री के लिए भेजा जाता है।


जीवेत शरदः शतम्
कहो दिल से...
प्रमोद शर्मा फिर से,
बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के
लोकप्रिय युवा सम्राट
यशस्वी विधायक श्रीमान्
प्रमोद कुमार शर्मा जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
प्रमोद कुमार शर्मा
विधायक, बलौदा बाजार
सुरेन्द्र साहू
विधायक प्रतिनिधि
संजय शर्मा
प्रसन्न दीवान
जितेन्द्र महाले
देवाशीष यदु
पारसमणि साहू
ईशान वैष्णव
मनोज तिवारी
मनीष दुलानी
बुद्धि
दिलहरण चंदेल
संजय केशरवानी
कन्हैया सेन
संजय पाण्डेय
मनीष मांडले
भोला वर्मा
राकेश वाधवानी
मनीष वर्मा
रामू साहू
हेम कुमार साहू
कृष्णा वर्मा
कृष्ण टंडन
मनोज टंडन